मन्दिरों के व्यवस्थापकों व पुजारियों आदि का भी इस संग्रहमें सहयोग रहा है। लेखों के लेने में अनेकव्यक्तियों ने यत्किंचित भाग लिया है। जैसे चिंतामणि मन्दिर के गर्भगृहस्थ मूर्तियों के लेखोंके लेनेमें स्व० हरिसागरसूरिजी, उ० कवीन्द्रसागरजी, महो० विनयसागरजी, श्रीताजमलजी बोथरा, रूपचन्दजी सुराना आदि ने साथ दिया है। अन्यथा इतने थोड़े दिनोंमें इतने लेखों को लेना कठिन होता। सती स्मारकों के लेखों के लेने में हमारे भ्राता मेघराजजी नाहटा का भी सहयोग उल्लेखनीय रहा है। कई दिनों तक बड़ी लगन के साथ श्मसानों को छानने में उन्होंने कोई कमी नहीं रखी। नौहर व भादरा के लेख भी उन्हींके लाये हुए हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

इस ग्रन्थ की प्रस्तावना माननीय डा० वासुदेवशरणजी अग्रवाल ने लिखनेकी कृपा की है इसके लिये हम हृदय से उनके आभारी हैं इस ग्रन्थ के प्रकाशन में श्री मूलचन्दजी नाहटा ने समस्त व्ययभार वहन किया। उनकी उदारता भी स्मरणीय है।

मन्दिरों के फोटो लेने में पहले श्री हीराचन्दजी कोठारी फिर श्री किशनचन्द बोथरा आदि का सहयोग मिला। सुजानगढ़ के फोटो श्री बछराजजी सिंघी से प्राप्त हुए। भांडासर व सरस्वती मूर्तिके कुछ ब्लाक सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीच्यूट से प्राप्त हुए। कुछ अन्य जानकारी भी दूसरे व्यक्तियों से प्राप्त हुई। उन सब सहयोगियों को हम धन्यवाद देते हैं।

बीकानेर राज्य के समस्त दिगम्बर मन्दिरोंके भी लेख साथ ही देने का विचार था। पर सब स्थानोंके लेख संग्रह नहीं किये जा सके अतः बीकानेर व रिणी के दिगम्बर मन्दिरके लेख ही दे सके हैं। बीकानेर में एक नशियांजी भी कुछ वर्ष पूर्व निर्मित हुई है एवं राज्यमें चूरू, लालगढ़, सुजानगढ़ एवं दो तीन अन्य स्थानों में दि० जैन मन्दिर हैं, उनके लेख संग्रह करनेका प्रयत्न किया गया था पर सफलता नहीं मिली। इसी प्रकार श्वेताम्बर जैन मन्दिर विगा, सेरुणा, ददरेवा आदि के लेखों का संग्रह नहीं किया जा सका। इस कमी को फिर कभी पूरा किया जायगा।

इस ग्रन्थमें और भी बहुतसे चित्र देनेका विचार था पर कुछ तो लिए हुए चित्र भी अस्तव्यस्त हो गए व कुछ अस्पष्ट आये। अतः उन्हें इच्छा होते हुए भी नहीं दिया जा सका।

ग्रन्थके परिशिष्ट में लेखों की संवतानुक्रमणिका, गच्छ, आचार्य, जाति, नगर नामादि की सूची दी गयी है। श्रावक श्राविकाओं के नामों की अनुक्रमणिका देने का विचार था पर उसे बहुत ही विस्तृत होते देखकर उस इच्छा को रोकना पड़ा। इसी प्रकार सम्वत् के साथ मिती और वार का भी उल्लेख देना प्रारंभ किया था पर उसे भी इसी कारण छोड़ देना पड़ा। इन सब बातों के निर्देश करने का आशय यही है कि हम इस ग्रन्थ को इच्छानुरूप उपस्थित नहीं कर पाये हैं और जो कमी रह गयी हैं वे हमारे ध्यानमें हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ बहुत ही विलम्ब से प्रकाश में आ रहा है इसके अनेक कारण है। तीन चार प्रेसों में इसकी छपाई करानी पड़ी। अन्य कार्यों में व्यस्त रहना भी विशेष कारण रहा। करीब ७-८ वर्ष पूर्व इसकी पांडुलिपि तैयार की। पहले राजस्थान प्रेस में ही एक फर्मा छपा जो वहीं पड़ा रहा, फिर सर्वोदय प्रेस तथा जनवाणी प्रेसमें काम करवाया। अन्तमें सुराना प्रेस में छपाया गया। इतने वर्षोंमें बहुतसे फर्मे खराब हो गये, कुछ कागज काले हो गये, परिस्थिति ऐसी ही रही। इसके लिये कोई अन्य चारा नहीं। हमारी विवशताओं की यह संक्षिप्त कहानी है।

हमारे इस ग्रन्थ का जैन एवं भारत के इतिहास निर्माण में यत्किंचित् भी उपयोग हुआ व अन्य प्रदेशों के जैन लेख संग्रह के तैयार करने की प्रेरणा मिली तो हम अपना श्रम सफल समझेंगे।

ऋषभदेव निर्वाण दिवस
माघकृष्णा १३
कलकत्ता

अगरचन्द नाहटा
भँवरलाल नाहटा

"Aho Shrut Gyanam"

श्री मूलचन्दजी नाहटा का जीवन परिचय

श्रीमूलचन्दजी नाहटा कलकत्ता के छत्तों के बाजार में एक प्रतिष्ठित व्यापारी होनेके साथ-साथ उदार, सरल, धर्मिष्ठ और निश्छल व्यक्तिहैं। साधारण परिवारमें जन्म लेकर अपनी योग्यताके बलपर संघर्षमय जीवन यापन करते हुए आप अपने पैरोंपर खड़े होकर उन्नत हुए, यही इनकी उल्लेखनीय विशेषता है। इन्होंने सं० १९५० में बीकानेरमें मार्गशीर्ष शुक्ला १ को श्री सैंसकरणजी नाहटा के घर जन्म लिया, इनकी माता का नाम छोटाबाई था। बाल्यकाल में हिन्दी व लेखा गणितादि की सामान्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद सं० १९५८ में बाबाजी हीरालालजी के साथ कलकत्ता आये पर सं० १९५९ में पिताजी का स्वर्गवास होनेसे वापस बीकानेर चले गये। पिताजी की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, उन्होंने सब कुछ सौदेमें स्वाहा कर दिया, यावत जेवर गिरवी व माथे कर्ज छोड़ गए थे। अंधी मां एवं दो दो बहिनें, मामाजी सुगनचंदजी कोचरसे आपको सहारा मिला। अजितमलजी कोचर के पास रिणी, सरदारशहर में तीन वर्ष रह कर लिखापढी व काम काज सीखे। सं० १९६४ में कलकत्ता आये, लालचंद प्रतापचंद फर्म में मगनमलजी कोचर से चलानी व खाता बही का काम सीखा। पहले वासाखर्च पर रहे फिर १२५) की साल और सं० १९६८ तक ४००) तक वृद्धि हुई। सं० १९६९ में बीकानेर आकर नेमचंदजी सेठिया के साझेदारी में "नेमचंद मूलचंद" नाम से कपड़े की दुकान की। इसी बीच सं० १९६७ में एक बहिन का व्याह हुआ सं० १९७० तक कोचरों के यहां थे फिर पूर्णतः स्वावलंबी होनेपर सं० १९७० में अपना विवाह किया व छोटी बहिन छगनमलजी कातेला को व्याही। दुकान चलती थी, प्रतिष्ठा जम गई। सं० १९७२ में युरोपीय महायुद्ध छिड़ने पर दुकान बंदकर आप कलकत्ता आये। पनालाल किशनचंद बांठिया के यहां ४५०) की साल में रहे ६ मास बाद ६५०) दूसरे वर्ष १०००) की साल हुई। इस प्रकार उन्नति कर ऋण परिशोध किया। फिर श्री अभयराजजी नाहटा के साझे में एक वर्ष काम किया जिससे १०००) रुपये का लाभ हुआ। गंभीरचंद राठी के साझे में १॥ वर्ष में ७०००) पैदा किये। सं० १९७६ से चार वर्ष तक प्रेमराज हजारीमल के साझे में काम किया फिर हमीरमल बहादुरमल के साथ काम कर मूलचंद नाहटा के नाम से स्वतंत्र फर्म खोला। १९९० में बाबाजी हीरालालजी के गोद गये। सं० १९९९ में युद्धकालीन परिस्थितिवश बीकानेर जा कर कपड़े की दुकान की।

"Aho Shrut Gyanam"

सं० २००२ में बीकानेर की दुकान उठाकर कलकत्ता आये और व्यापार प्रारम्भ किया। सं० २००४ से हमारे नाहटा ब्रदर्स फर्म के साथ व्यापार चालू किया जिससे पर्याप्त लाभ हुआ, आज भी हमारे सीरसाझे में व अपनी स्वतन्त्र दुकान चलाते हुए सुखमय व सन्तोषी जीवन बिता रहे हैं। यों आप निःसंतान है, एक लड़की हुई जो चल बसी पर 'उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्' के अनुसार अपने कुटुम्बी जनोंके भरण पोषण का सर्वदा लक्ष्य रखा। भाणजा भाणजी और उनकी संतानादि के विवाह-सादी में आपने हजारों रुपये व्यय किये। आप ऋण को बड़ा पाप समझते हैं और कभी ऋण लेकर काम करना पसन्द नहीं करते। अपना व अपने पूर्वजों का ऋण कानूनन अवधि बीत जानेपर भी अदा करके ही सन्तुष्ट हुए। आपमें संग्रह वृत्ति नहीं है, ज्यों पैदा होता जाय खर्च करते जाना, दलाल, गुमास्तों को बांट देना एवं सुकृत कार्योंमें लगाते रहना यही आपका मुख्य उद्देश्य है। अपने विश्वस्त भाणजा पीरदान पुगलिया को बाल्यकालसे काम काज में होशियार कर अपना साझीदार बना लिया व उसी पर सारा व्यापार निर्भर कर संतोषी जीवन यापन कर रहे हैं।

आपको ऋण देना भी पसन्द नहीं, यदि दिया तो सुकृत खाते समझ कर, यदि वापस आया तो जमा कर लिया, नहीं तो तकादा नहीं कर अपनी बर्षगांठपर उसे माफ कर दिया।

श्री मूलचन्दजी चित्त के उदार हैं, उन्हें भाइयों और स्वधर्मियों को उत्तमोत्तम भोजन कराने में आनन्द मिलता है। लोभवृत्तिसे दूर रहकर आयके अनुसार खर्च करते रहते हैं। बीकानेरस्थ नाहटों की बगीची व मन्दिर में ११००० व्यय किये, वहां पानी की प्रपा चालू है। सुकृत कार्यों में महीनेमें सौ दो सौ का तो व्यय करते ही रहते हैं। बीकानेरमें आदीश्वर मण्डल की स्थापना कर प्रथम २०००) फिर प्रति वर्ष पांच सात सौ देते रहते हैं। कलकत्ता के जैन भवन को ५००) दिये थे। तीर्थयात्रादि का भी लाभ लेते रहते हैं। प्रस्तुत "बीकानेर जैन लेख संग्रह' के प्रकाशन का अर्थ व्यय वहन कर आपने जैन साहित्य की अपूर्व सेवा की है।

शासनदेव से प्रार्थना है कि आप दीर्घायु होकर चिरकाल तक ज्ञानोपासना एवं शासनोन्नति के नाना कार्यों में योगदान करते रहें।

"Aho Shrut Gyanam"

प्राक्कथन

श्री अगरचन्द नाहटा व भंवरलाल नाहटा राजस्थान के अति श्रेष्ठ कर्मठ साहित्यिक हैं। एक प्रतिष्ठित व्यापारी परिवारमें उनका जन्म हुआ। स्कूल कालेजी शिक्षासे प्रायः बचे रहे। किन्तु अपनी सहज प्रतिभा के बल पर उन्होंने साहित्य के वास्तविक क्षेत्रमें प्रवेश किया, और कुशाग्र बुद्धि एवं श्रम दोनों की भरपूर पूंजीसे उन्होंने प्राचीन ग्रन्थों के उद्धार और इतिहास के अध्ययन में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। पिछली सहस्राब्दी में जिस भव्य और बहुमुखी जैन धार्मिक संस्कृति का राजस्थान और पश्चिमी भारत में विकास हुआ उसके अनेक सूत्र नाहटाजीके व्यक्तित्वमें मानों बीज रूपसे समाविष्ट हो गए हैं। उन्हींके फलस्वरूप प्राचीन ग्रन्थ भण्डार, संघ, आचार्य, मन्दिर, श्रावकों के गोत्र आदि अनेक विषयों के इतिहास में नाहटाजी की सहज रुचि है और उस विविध सामग्री के संकलन, अध्ययन और व्याख्या में लगे हुए वे अपने समय का सदुपयोग कर रहे हैं। लगभग एक सहस्र संख्यक लेख और कितने ही ग्रन्थ* इन विषयों के सम्बन्ध में वे हिन्दी की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित करा चुके हैं। अभी भी मध्याह्न के सूर्यकी भांति उनके प्रखर ज्ञानकी रश्मियां बराबर फैल रही हैं। जहां पहले कुछ नहीं था, वहां अपने परिश्रम से कण-कण जोड़कर अर्थका सुमेरु संगृहीत कर लेना, यही कुशल व्यापारिक बुद्धिका लक्षण है। इसका प्रमाण श्री अभय जैन पुस्तकालय के रूपमें प्राप्त है। नाहटाजी ने पिछले तीस वर्षोंमें निरन्तर प्रयत्न करते हुए लगभग पन्द्रह सहस्र हस्त-लिखित प्रतियां वहां एकत्र की है एवं पांच सौ के लगभग गुटकाकार प्रतियों का संग्रह किया है। यह सामग्री राजस्थान एवं देशके साहित्यिक एवं सांस्कृतिक इतिहास के लिये अतीव मौलिक और उपयोगी है।

जिस प्रकार नदी प्रवाह में से बालुका धोकर एक-एक कण के रूपमें पौपीलिक सुवर्ण प्राप्त

* हर्ष है कि अनेक पत्र-पत्रिकाओं में बिखरे हुए इन निबन्धों की सुचित सूची विद्वानों के उपयोगार्थ नाहटाजी ने प्रकाशित करा दी है।

"Aho Shrut Gyanam"

किया जाता था, कुछ उसी प्रकार का प्रयत्न 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक प्रस्तुत ग्रन्थ में नाहटाजी ने किया है। समस्त राजस्थान में फैली हुई देव-प्रतिमाओंके लगभग तीन सहस्र लेख एकत्र करके विद्वान् लेखकों ने भारतीय इतिहास के स्वर्णकणों का सुन्दर चयन किया है। यह देखकर आश्चर्य होता है कि मध्यकालीन परम्परा में विकसित भारतीय नगरों में उस संस्कृति का कितना अधिक उत्तराधिकार अभीतक सुरक्षित रह गया है। उस सामग्री का उचित संग्रह और अध्ययन करनेवाले पारखी कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। अकेले बीकानेर के ज्ञान-भण्डारों में लगभग पचास सहस्र हस्तलिखित प्रतियों के संग्रह विद्यमान हैं। यह साहित्य राष्ट्रकी सम्पत्ति है। इसकी नियमित सूची और प्रकाशन की व्यवस्था करना समाज और शासन का कर्तव्य है। बीकानेर के समान ही जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, बूंदी, आदि बड़े नगरों की सांस्कृतिक छानबीन की जाय तो उन स्थानोंसे भी इसी प्रकार की सामग्री मिलने की सम्भावना है। प्रस्तुत संग्रह के लेखोंसे जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सामग्री प्राप्त होती है, उसका अत्यन्त प्रामाणिक और विस्तृत विवेचन विद्वान लेखकों ने अपनी भूमिका में किया है। उत्तरी राजस्थान और उससे मिला हुआ जांगल प्रदेश प्राचीनकाल में साल्व जनपद के अन्तर्गत था। सरस्वती नदी वहां तक उस समय प्रवाहित थी। पुरातत्त्व विभाग द्वारा नदीके तटोंपर दूर तक फैले हुए प्राचीन टीलोंके अवशेष पाए गए हैं। किन्तु मध्यकालीन इतिहास का पहला सूत्र संवत् १५४५ से आरम्भ होता है, जब जोधपुर नरेश के पुत्र बीकाजी ने जोधपुर से आकर बीकानेर की नींव डाली। कई लेखों में बीकानेर को विक्रम-पुर कहा गया है, जो उसके अपभ्रंश नामका संस्कृत रूप है। बीकानेर का राजवंश आरंभ से ही कला और साहित्य को प्रोत्साहन देनेवाला हुआ, फिर भी बीकानेर के सांस्कृतिक जीवन की सविशेष उन्नति मन्त्रीश्वर कर्मचन्द ने की। नगर की स्थापना के साथ ही वहां वैभवशाली मन्दिरों का निर्माण आरंभ हो गया। सर्व प्रथम आदिनाथ के चतुर्विंशति जिनालय की प्रतिष्ठा संवत् १५६१ में हुई। यह बड़ा देवालय इस समय चिन्तामणि मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह विचित्र है कि इस मन्दिर में स्थापना के लिए मूलनायक की जो प्रतिमा चुनी गई वह लगभग पौने दो सौ वर्ष पूर्व संवत् १३८० में स्थापित मन्डोवर से लाई गई थी। इस मन्दिर की दूसरी विशेषता यहांका भूमिगृह है, जिसमें लगभग एक सहस्र से ऊपर धातुमूर्तियां अभी तक सुरक्षित हैं। ये मूर्तियां सिरोही के देवालयों की लूटमें अकबर के किसी सेनानायक ने प्राप्त करके बादशाह के पास आगरे भेज दी थीं। वहां से मन्त्रीश्वर कर्मचन्दने बीकानेर नरेश द्वारा संवत् १६३६ में सम्राट् अकबर से इन्हें प्राप्त किया और इस मन्दिर में सुरक्षित रख दिया। श्रीनाहटाजीने सं० २००० में इनके लेखों की प्रतिलिपि बनाई थी जो इस संग्रहमें पहली बार प्रकाशित की गई है (लेख संख्या ५६-११५४।) इनमें सबसे पुराना लेख—संवत् १०२० का है और उसके बाद प्रायः प्रत्येक दशाब्दीके लिये लेखों का लगातार सिलसिला पाया जाता है। भारतीय धातुमूर्तियोंके इतिहासमें इस प्रकार की क्रमबद्ध प्रामाणिक सामग्री अन्यत्र दुर्लभ है।

"Aho Shrut Gyanam"

इन मूर्तियों की सहायता से लगभग पांच शती की कला शैली का साक्षात् परिचय प्राप्त हो सकता है। इस दृष्टिसे इनका पृथक् अध्ययन और सचित्र प्रकाशन आवश्यक है।

विक्रम की सोलहवीं शती में चार बड़े मन्दिर बीकानेर में बने और फिर चार सत्रहवीं शती में। इस प्रकार संवत् १५६१ से संवत् १६७० तक सौ वर्ष के बीच में आठ बड़े देवालयों का निर्माण भक्त श्रेष्ठियों द्वारा इस नगर में किया गया। उस समय तक देश में मन्दिरों का वास्तु-शिल्प जीवित अवस्था में था। जगती, मंडोवर और शिखर के सूक्ष्म भेद और उपभेद शिल्पियों को भलीभाँति ज्ञात थे। जनता भी उनसे परिचित रहती थी और उनके वास्तु का रस लेने की क्षमता रखती थी। आज तो जैसे मन्दिरों का अस्तित्व हमारी आँख से एकदम ओझल हो गया है। उनके वास्तु की जानकारी जैसे हमने बिलकुल खो दी है। भद्र, अनुग, प्रतिरथ, प्रतिकर्ण, कोण, इनमें से प्रत्येक की स्थिति, विस्तार निर्गम और उत्सेध या उदय के किसी समय निश्चित नियम थे। भद्रार्ध और अनुग और कोण के बीच में प्रासाद का स्वरूप और भी अधिक पल्लवित करने के लिये कोणिकाओं के निर्गम बनाए जाते थे, जिन्हें पल्लविका या नन्दिका कहते थे। इन कई भागों के उठान के अनुसार ही ऊपर चलकर शिखरमें रथिका और शृङ्ग एवं उरु शृङ्ग बनाते थे, तथा प्रतिकर्ण और कोण के शिखर भागों को सजाने के लिये कितने ही प्रकार के अण्डक, तिलक और कूट बनाए जाते थे। अण्डकों की संख्या ५ से लेकर ४-४ के क्रम से बढ़ती हुई १०१ तक पहुंचती थी। इनमें पांच अंडकवाला प्रासाद केसरी और अन्तिम १०१ अंडकों का प्रासाद देवालयों का राजा मेरु कहलाता था। एक सहस्र अण्डकों से सुशोभित शिखरवाले प्रासाद भी बनाए जाते थे। इस प्रकार के १५० से अधिक प्रासादों के नाम और लक्षण शिल्प-ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं। ऐसे प्रासाद जीवन के वास्तविक तथ्य के अंग थे, शिल्पियों की कल्पना नहीं। अतएव यह देखकर प्रसन्नता होती है कि भांडाशाह द्वारा निर्मित सुमतिनाथ के मन्दिर में संवत् १५७१ विक्रमी के लेख में उसे त्रैलोक्यदीपक प्रासाद कहा गया है, जिसका निर्माण सूत्रधार गोदा ने किया था—

१ संवत् १५७१ वर्षे आसो
२ सुदि २ रवौ राजाधिराज
३ श्री लूणकरणजी विजय राज्ये
४ साहभांडा प्रासाद नाम त्रैलो—
५ क्यदीपक करावितं सूत्र०
६ गोदा कारित

शिल्परत्नाकर में त्रैलोक्यतिलक, त्रैलोक्यभूषण और त्रैलोक्यविजय तीन प्रकार के विभिन्न प्रासादों के नाम और लक्षण दिये हुए हैं। इनमें से त्रैलोक्यतिलक प्रासाद में शिखर के चारों ओर ४२५ अंडक और इन अंडकों के साथ २४ तिलक बनाए जाते थे। वास्तुशास्त्र की दृष्टि से यह बात छान बीन करने योग्य है कि सूत्रधार गोदा के त्रैलोक्यदीपक प्रासाद के

"Aho Shrut Gyanam"

वर्तमान लक्षण शिल्प ग्रन्थों के किस त्रैलोक्यप्रासाद के साथ ठीक ठीक घटते हैं। भांडासरजी के मंदिर की जगती में बनी हुई वाद्ययन्त्रधारिणी पुत्तलिकाएँ विभिन्न नाट्य मुद्राओं में अति सुन्दर बनी हैं।

बीकानेर अपने सहयोगी नगरों में 'आठ चैत्ये बीकानेरे' इस विरुद से प्रसिद्ध हुआ, मानो नगर की अधिष्ठात्री देवता के लिए इस प्रकार की कीर्ति संपादित करके बीकानेर के श्रीमन्त श्रेष्ठियों ने नगर देवता के प्रति अपने कर्तव्य का उचित पालन किया था। उसके बाद और भी छोटे मोटे मन्दिर वहां बनते रहे, जिनका नाम परिचय प्रस्तुत ग्रन्थमें दिया गया है। यथार्थ में बीकानेर के नागरिकों के कर्तव्य पालन का यह आरम्भ ही है।

जिस दिन हम अपने नगरों के प्रति पर्याप्त रूप में जागरूक होंगे, और उनके सांस्कृतिक उत्तराधिकार के महत्त्व को पहचानेंगे, उस दिन इन देव-प्रसादों के सचित्र वर्णन और वास्तु-शैली और कोरणी के सूक्ष्म अध्ययन से संयुक्त परिचय ग्रन्थों का निर्माण किया जायगा। पर उस दिन के लिये अभी प्रतीक्षा करनी होगी। प्रासाद-निर्माताओंका स्वर्णयुग तो समाप्त हो गया, पर वास्तु और शिल्प के सच्चे अनुरागी और पारखी उनके उत्तराधिकारियोंने अभी जन्म नहीं लिया। पाश्चात्य शिक्षा की लपटोंने जिनके सांस्कृतिक मानसको झुलसा डाला है, ऐसे विद्रूप प्राणी हम इस समय बच रहे हैं। कला के अमृत जल से प्रोक्षित होकर हमारे सांस्कृतिक जीवन का नवावतार जिस दिन सत्य सिद्ध होगा, उसी दिन इन प्राचीन देव प्रासादों के मध्य में हम सन्तुलित स्थिति प्राप्त कर सकेंगे।

लेखकों ने बीकानेर नगर के १३ अन्य मन्दिर एवं राज्य के विभिन्न स्थानों में निर्मित लगभग ५० अन्य जैन मन्दिरों का भी उल्लेख किया है। उनके वास्तु-शिल्प का भी विस्तृत अध्ययन उसी प्रकार अपेक्षित है। इनमें सुजानगढ़ में बना हुआ जगवल्लभ पार्श्वनाथका देव-सागर प्रासाद उल्लेखनीय है जिसकी प्रतिष्ठा अभी चालीस पचास वर्ष पूर्व सं० १९७१ में हुई थी और जिसका निर्माण साढ़े चार लाख रुपये की लागत से हुआ था। भांडासर के त्रैलोक्यदीपक प्रासाद की भांति यह भी वास्तु प्रासाद का सविशेष उदाहरण है।

मन्दिरों की तरह जैन उपाश्रय भी सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र थे। इनमें तपस्वी और ज्ञान-साधक यति एवं आचार्य निवास करते थे। आज तो इस संस्था का मेरुदण्ड झुक गया है। बीकानेर का बड़ा उपाश्रय जहां बड़े भट्टारकों की गद्दी है, विशेष ध्यान देने योग्य है, क्योंकि वर्तमान में इसके अन्तर्गत बृहत् ज्ञानभण्डार नामक हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह है, जिसमें हितवल्लभ नामके एक यतिने अपनी प्रेरणा से नौ यतियोंके हस्तलिखित ग्रन्थोंका (संवत् १९५८ में) एकत्र संग्रह करा दिया था। इस संग्रह में १०००० ग्रन्थ हैं, जिनका विशेष विवरण युक्त सूचीपत्र श्री नाहटाजी ने स्वयं तैयार किया है। अवश्य ही वह सूचीग्रन्थ मुद्रित होने योग्य है। इसी प्रसंगमें बीकानेर की अनूप संस्कृत लायब्रेरी की ओर भी ध्यान जाता है, जो संघ प्रवेश से पूर्व बीकानेर का राजकीय पुस्तकालय था, किन्तु अब महाराज श्रीके निजी स्वत्त्व में है।

"Aho Shrut Gyanam"

इस संग्रह में १२००० ग्रंथ एवं ५०० के लगभग गुटके हैं तथा अनेक महत्त्वपूर्ण चित्र हैं। स्वनामधन्य बीकाजी के वर्तमान उत्तराधिकारी से हम इतना निवेदन करना चाहेंगे कि इनके पूर्वजों की यह ग्रन्थराशि भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। संपूर्ण राष्ट्रको और विशेषतः समस्त राजस्थानी प्रजा को इस निधिमें रुचि है। यह उनके पूर्वजोंका साहित्य और कला भाण्डार है, अतएव उदार दृष्टिकोण से जनताके लिए इसकी सुरक्षा का प्रबन्ध होना चाहिए। इस संबन्धमें भारतीय शासन से भी निवेदन है कि वे वर्तमान उपेक्षावृत्तिको छोड़कर इस ग्रंथ संग्रह की रक्षा के लिये पर्याप्त धन की व्यवस्था करें जिससे ग्रंथोंका प्रकाशन भी आगे हो सके और योग्य पुस्तकपाल की देख-रेख में ग्रन्थों की रक्षा भी हो सके। विद्वान् लेखकोंने जैन ज्ञान-भाण्डारोंका परिचय देते हुए भूमिका रूपमें श्वेताम्बर और दिगम्बर ज्ञानभाण्डारों की उपयोगी सूची दी है। हमारा ध्यान विशेष रूपसे संवत् १५७१ और संवत् १६७८ के बीच में निर्मित हिन्दीके अनेक रास और चौपाई ग्रन्थों की ओर जाता है, जिनकी संख्या ५० के लगभग है। हिन्दी साहित्य की यह सब अप्रकाशित सामग्री है। संवत् १६०२ की मृगावती चौपाई और सीता चौपाई ध्यान देने योग्य हैं।

श्री नाहटाजी ने इस सुन्दर ग्रंथ में ऐतिहासिक ज्ञान संवर्द्धनके साथ-साथ अत्यन्त सुरभित सांस्कृतिक वातावरण प्रस्तुत किया है, जिसके आमोदसे सहृदय पाठकका मन कुछ काल के लिये प्रसन्नतासे भर जाता है। सचित्र विज्ञप्तिपत्रोंका उल्लेख करते हुए १८६८ के एक विशिष्ट विज्ञप्ति पत्रका वर्णन किया गया है, जो बीकानेर के जैन संघ की ओर से अजीमगंज बंगाल में विराजित जैनाचार्य की सेवामें भेजने के लिये लिखा गया था। इसकी लम्बाई ६७ फुट है, जिसमें ५५ फुट में बीकानेरके मुख्य बाजार और दर्शनीय स्थानोंका वास्तविक और कलापूर्ण चित्रण है। लेखकोंने इन सब स्थानों की पहचान दी है। इसी प्रकार पल्लू से प्राप्त सरस्वती देवी की प्राचीन प्रतिमा का भी बहुत समृद्ध काव्यमय वर्णन लेखकोंने किया है। सरस्वती की यह प्रतिमा राजस्थानीय शिल्पकला की मुकुटमणि है, वह इस समय दिल्लीके राष्ट्रीय संग्रहालय में सुरक्षित है। इस मूर्तिमें जिन आभूषणोंका अंकन है उनका वास्तविक वर्णन सोमेश्वरकृत मानसोल्लास में आया है। सरस्वतीके हाथोंकी अंगुलियों के नख नुकीले और बढ़े हुए हैं, जो उस समय सुन्दरता का लक्षण समझा जाता था। मानसोल्लास में इस लक्षणको 'केतकी-नख' कहा गया है (३। ११६२)।

इस पुस्तक में जिस धार्मिक और साहित्यिक संस्कृतिका उल्लेख हुआ है, उसके निर्माण कर्ताओंमें ओसवाल जातिका प्रमुख हाथ था। उन्होंने ही अपने हृदय की श्रद्धा और द्रव्य राशि से इस संस्कृतिका समृद्ध रूप संपादित किया था। यह जाति राजस्थान की बहुत ही धर्मपरायण और मितव्ययी जाति थी, किन्तु सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यों में वह अपने धनका सदुपयोग मुक्तहस्त होकर करती थी। बीकानेर में ओसवालों के किसी समय ७८ गोत्र थे, जिनमें ३००० परिवारों की गणना थी। आरम्भ में ये परिवार अपने मन से बस

"Aho Shrut Gyanam"

गए थे। कहा जाता है कि पीछे मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र ने प्रत्येक जाति और गोत्रों के घरों को एक जगह बसा कर उनकी एक-एक गुवाड़ प्रसिद्ध कर दी। गुवाड़ का अर्थ मुहल्ला है। यह शब्द संस्कृत गोवाट से बना है, जिसका अर्थ था गायोंका बाड़ा। इस शब्दसे संकेत मिलता है कि प्रत्येक मुहल्ले की गाएँ एक-एक बाड़े में रहती थीं। प्रातःकाल वे गाएँ उसी बाड़े से जंगल में चरने के लिए चली जातीं और फिर सायंकाल लौटकर वहीं खड़ी हो जाती थीं। गायों के स्वामी दुहने और खिलाने के लिए उन्हें अपने घर पर ले आते थे। पुराने समयमें गायों की संख्या अधिक होती थी और प्रायः उन्हें इसी प्रकार बाड़े में छुट्टा रखते थे। गोवाट, गुवाड़ शब्द की प्राचीनता के विषय में अभी और प्रमाण ढूँढ़ने की आवश्यकता है, किन्तु इस प्रथाके मूलमें वैदिक गोत्र जैसी व्यवस्था का संकेत मिलता है। गोत्रकी निरुक्तिके विषय में भी ऐसा ही मत है कि समान परिवारों की गायों को एक स्थान पर रखने या बांधने की प्रथा से इस शब्द का जन्म हुआ। बीकानेर में ओसवाल समाज की २७ गुवाड़ें थीं। यह जानकर कुतूहल होता है कि नगरमें प्रत्येक जाति अपने अपने घरों की संख्या का पूरा लेखा जोखा रखती थी। सं० १६०५ के एक बस्तीपत्रक में घरों की संख्या २७०० लिखी है। अपने यहां की समाज-व्यवस्था में इस प्रकार से परिवारों की गणना रखना जातिके सार्वजनिक संगठन के लिए आवश्यक था। प्रत्येक परिवारका प्रतिनिधि व्यक्ति वृद्ध या स्थविर कहलाता था, जिसे आजकल 'बड़ा बूढ़ा' कहते हैं। बिरादरी की पंचायत या जाति सभा में अथवा विवाह आदि अवसरों पर वही कुल वृद्ध या 'बड़ा बूढ़ा' उस परिवार का प्रतिनिधि बनकर बैठता था। इस प्रकार कुल या परिवार जाति की न्यूनतम इकाई थी। कुलोंके समूहसे जाति बनती थी। जातिका सामाजिक या राजनैतिक संगठन नितान्त प्रजातन्त्रीय प्रणाली पर आश्रित था। इसे प्राचीन परिभाषा में 'संघप्रणाली' कहा जाता था। पाणिनिने अष्टाध्यायीमें कुलोंकी इस व्यवस्था और उनके कुलवृद्धों के नामकरण की पद्धति का विशद उल्लेख किया है। व्यक्ति के लिये यह बात महत्त्वपूर्ण थी कि परिवार के कई पुरुष-सदस्यों में गोत्र-वृद्ध या 'बड़ा बूढ़ा' यह उपाधि किस व्यक्ति विशेषके साथ लागू होती थी, क्योंकि वही उस कुलका प्रतिनिधि समझा जाता था। प्रति परिवार से एक प्रतिनिधि जातिकी पंचायत में सम्मिलित होता था। जातिके इस संघ में प्रत्येक कुलवृद्धका पद बराबर था, केवल-कार्य निर्वाहके लिये कोई विशिष्ट व्यक्ति सभापति या श्रेष्ठ चुन लिया जाता था। बौद्ध ग्रंथोंसे ज्ञात होता है कि वैशालीके लिच्छवि क्षत्रियोंकी जातिमें ७७०७ कुल या परिवार थे। क्योंकि वे राजनीतिक अधिकार से संपन्न थे इस वास्ते प्रत्येककी उपाधि 'राजा' होती थी। वैश्यों या अन्य जातियों की बिरादरी के संगठनमें राजा की उपाधि तो न थी किन्तु और सब बातोंमें पंचायत या जातीय सभा का ढांचा शुद्ध संघ प्रणाली से संचालित होता था। इस प्रकार के जातीय संगठनमें प्रत्येक जाति आन्तरिक स्वराज्यका अनुभव करती थी और अपने निजी मामलोंको निपटाने में पूर्ण स्वतन्त्र थी। इस प्रकारके स्वायत्त संगठन समाजके अनेक स्तरों पर प्रत्येक जातिमें विद्यमान थे, और जहां वे टूट नहीं गए हैं

"Aho Shrut Gyanam"

वहां अभी तक किसी न किसी रूपमें जीवित हैं। इस प्रकार की व्यवस्था में परिवारोंकी गिनती लोगोंको कंठ रहती थी। घर-घरसे एक व्यक्ति को निमन्त्रित करने की प्रथा के लिए मेरठ की बोलीमें 'घर पते' यह शब्द अभीतक जीवित रह गया है। श्रीनाहटाजी के उल्लेखसे ज्ञात होता है कि लाहणपत्र के रूपमें भी बिरादरी के घरों की संख्या रखी जाती थी, किन्तु लाहणपत्र* का यथार्थ अभिप्राय हमें स्पष्ट नहीं हुआ।

ग्रन्थ में संगृहीत लेखों को पढ़ते हुए पाठक का ध्यान जैन संघ की ओर भी अवश्य जाता है। विशेषतः खरतरगच्छ के साधुओं का अत्यन्त विस्तृत संगठन था। बीकानेर के राजाओं से वे समानता का पद और सम्मान पाते थे। उनके साधु अत्यन्त विद्वान् और साहित्य में निष्ठा रखनेवाले थे। इसी कारण उस समय यह उक्ति प्रसिद्ध हो गई थी कि 'आतम ध्यानी आगरै पण्डित बीकानेर'। इसमें बीकानेर के विद्वान् यतियों का उल्लेख तो ठीक ही है; साथ ही आगरे के 'आध्यातमी' संप्रदाय का उल्लेख भी ध्यान देने योग्य है। यह आगरे के

---

* 'लाहण' शब्द संस्कृत लभ् धातु से बना, लभ् से लाभ संज्ञा हुई। लाभ का प्राकृत और अपभ्रंश रूप 'लाह' है। उसके 'ण' प्रत्यय लगने से 'लाहण' शब्द हो गया। जयपुर, दिल्ली की ओर लाहणा कहते हैं गुजरात आदि में लाहणी शब्द प्रचलित है। महाकवि समयसुन्दर ने अपनी 'कल्पलता' नामक कल्पसूत्र वृत्ति में 'लाहणी' का संस्कृतरूप 'लंभनिका' शब्द लिखा है यतः—"गच्छे लंभनिका कृता प्रतिपुरे रुक्मादिमेकं पुनः"। 'लाहण' शब्द की व्युत्पत्ति से फलित हुआ कि लाभ के कार्य में इस शब्द का प्रयोग होना चाहिए अपने नगर, गांव, या समग्र देश में अपने स्वधर्मियों या जाति के घरों में मुहर, रुपया, पैसा मिश्री, गुड़, चीनी, थाली, चुंदड़ी इत्यादि वस्तुओंको बांटने की प्रथा प्राचीनकाल से चली आ रही है। यह लेनेवाले को प्रत्यक्ष लाभ तथा देनेवाले को फलप्राप्तिरूप लाभप्रद होने से इसका नाम लाहण सार्थक है। पूर्वकालके धनी-मानी प्रभावशाली श्रावकों, संघपतियों के जीवनचरित्र, शिलालेख ग्रंथ-प्रशस्तियों में इसके पर्याप्त उल्लेख पाये जाते हैं। आज भी यह प्रथा सर्वत्र वर्त्तमान है। बीकानेर में इस प्रथा ने अपना एक विशेष रूप धारण कर लिया है। बीकानेर के ओसवाल समाज में प्रायः प्रत्येक व्यक्ति पूर्वकाल में 'लाहण' करना एक पुण्य कर्त्तव्य समझकर यथा शक्ति अवश्य किया करता था। मृत्यु के उपरान्त अन्त्येष्टि के हेतु उसी व्यक्ति की श्मशान यात्रा मंडपिका (मंढी) युक्त निकाली जाती थी जिसकी लाहण-लावण हो चुकी हो।

लाहण की प्रथा यों है कि जो व्यक्ति अपनी या अपनी पत्नी आदि की 'लाहण' करता हो उसे प्रथम अपनी गुवाड़ व सगे सम्बन्धियोंमें निमंत्रण देना होता है फिर गुवाड़ या घर के दस पाँच सदस्य मिलकर सत्ताइस गुवाड़ में 'टोली' फिरते हैं, तीसरी टोली में रुपयों की कोथली साथ में रहती है। प्रत्येक मुहल्ले की पंचायती में जाकर जितने घरों तथा बगीची, मन्दिर आदि की लाहण लगती हो जोड़कर रुपये चुका दिये जाते हैं। इन रुपयों का उपयोग पंचायती के बासण-बरतन, सामान इत्यादि में किया जाता है। संध्या समय घर के आगे या चौक में सभी आमंत्रित व्यक्तियों की उपस्थिति में चौधरी (जाति-पंच) के आने पर श्रीनामा डालकर लाहणपत्र लिखा जाता है फिर सगे-संबधियों की पारस्परिक मिलनी होने के बाद 'लाहण' उठ जाती है।

—सम्पादक

"Aho Shrut Gyanam"

ज्ञानियों की मण्डली थी, जिसे शैली कहते थे। 'अध्यातमी' बनारसीदास इसीके प्रमुख सदस्य थे। ज्ञात होता है अकबर की दीन इलाही प्रवृत्ति इसी प्रकार की आध्यात्मिक खोज का परिणाम थी। बनारस में भी अध्यात्मियों की एक शैली या मण्डली थी। किसी समय राजा टोडरमल के पुत्र गोवर्द्धनदास उसके मुखिया थे। बनारस में आज भी यह उक्ति बच गई है – 'सब के गुरू गोबरधनदास'। अवश्य ही अकबर और जहाँगीर के काल में आगरा और बीकानेर जैसी राजधानियों के नागरिकों में निजी विशेषताओं के आधार पर कुछ होड़ रहती होगी।

भारत के मध्यकालीन नगर संख्या में अनेक हैं। प्रायः प्रत्येक प्रदेश में अभी तक उनकी परम्परा बची है। सांस्कृतिक दृष्टि से उनकी छानबीन, उनकी संस्थाओं को समझने का प्रयत्न और उनके इतिहास की बिखरी हुई कड़ियों को जोड़कर उनका सचित्र वर्णन करने के प्रयत्न होने चाहिएं। वह नगर बड़भागी है, जहाँ के नागरिकों के मन में इस प्रकार की सांस्कृतिक आराधना का संकल्प उत्पन्न हो। बीकानेर के नाहटा की भांति चाँपानेर, माण्डू, सूरत, धोलका, चन्देरी, बीदर, अहमदाबाद, आगरा, दिल्ली, बनारस, लखनऊ आदि कितने ही नगरों को अपने अपने नाहटाओं की आवश्यकता है।

प्रस्तुत संग्रह में जो तीन सहस्र के लगभग लेख हैं उनमें से अधिकांश ११ वीं से सोलहवीं शती के बीचके हैं। उस समय अपभ्रंश भाषा की परम्परा का साहित्य और जीवन पर अत्यधिक प्रभाव था, इसका प्रमाण इन लेखोंमें आये हुए व्यक्तिवाची नामोंमें पाया जाता है। जैन आचार्यों के नाम प्रायः सब संस्कृत में हैं, किन्तु गृहस्थ स्त्री-पुरुषों के नाम जिन्होंने जिनालय और मूर्तियों को प्रतिष्ठापित कराया, अपभ्रंश भाषामें हैं। ऐसे नामों की संख्या इन लेखोंमें लगभग दस सहस्र होगी। यह अपभ्रंश भाषाके अध्ययन की मूल्यवान् सामग्री है। इन नामोंकी अकारादि क्रमसे सूची बनाकर भाषा शास्त्रकी दृष्टिसे इनकी छान बीन होनी आवश्यक है। उदाहरण के लिये 'साहु पासड़ भार्या पाल्हण दे' में 'पासड़' अपभ्रंश रूप है। मूल नाम 'पार्श्वदेव' होना चाहिए। उसके उत्तर पद 'देव' का लोप करके उसका सूचक 'ड' प्रत्यय जोड़ दिया गया, और पार्श्वके स्थान में 'पास' आदेश हुआ। इस प्रकार 'पासड' यह नाम का रूप हुआ। 'पाल्हण दे' संस्कृत 'पालन देवी' का रूप है। इसी प्रकार जसा, यह संस्कृत यशदत्त का संक्षिप्त अपभ्रंश रूप था। नामोंको संक्षिप्त करने की प्रवृत्ति अत्यन्त प्राचीन थी। पाणिनि ने भी विस्तार से इसका उल्लेख किया है और उन नियमों का विश्लेषण किया है जिनके अनुसार नामोंको छोटा किया जाता था। इनमें नामके उत्तर पदका लोप सबसे मुख्य बात थी। लुप्त पदको सूचित करने के लिये एक प्रत्यय जोड़ा जाता था, जैसे—'देवदत्त' को छोटा करने के लिये 'दत्त' का लोप करके 'क' प्रत्ययसे 'देवक' रूप बनता था। इस प्रकार के नामोंको अनुकम्पा नाम (दुलारका नाम) कहा जाता था। नामोंको छोटा करने की प्रथा पाणिनि के पीछे भी बराबर जारी रही, जैसा कि भरहुत और सांचीमें आए

"Aho Shrut Gyanam"

हुए नामोंसे ज्ञात होता है। गुप्तकालमें नामोंके संस्कृत रूप की प्रधानता हुई। उस समय की जो मिट्टी की मुहरें मिली हैं उनपर अधिकांश नाम शुद्ध संस्कृत में और अविकल रूपमें मिलते हैं, जैसे—'सत्यविष्णु, चन्द्रमित्र, धृतिशर्मा आदि। गुप्तकाल के बाद जब अपभ्रंश भाषा का प्रभाव बढ़ा तब लगभग ८ वीं शतीसे नामोंके स्वरूप ने फिर पलटा खाया। जैसे राष्ट्रकूट नरेश गोविन्द का नाम 'गोइज्ज' मिलता है। १० वीं शतीके बाद तो प्रायः नामों का अपभ्रंश रूप ही देखा जाता है, जैसे नागभट्ट वाग्भट्ट और त्यागभट्ट जैसे सुन्दर नामोंके लिये नाहड़, बाहड़ और चाहड़ ये अपभ्रंश रूप शिलालेखोंमें मिलते हैं। इस प्रकार के मध्यकालीन नामोंकी मूल्यवान सामग्री के चार स्रोत हैं—शिलालेख, मूर्ति प्रतिष्ठा लेख, पुस्तक प्रशस्तियां और साहित्य। चारों ही प्रकार की पर्याप्त सामग्री प्रकाशित हो चुकी है। मुनि पुण्यविजयजी द्वारा प्रकाशित जैन पुस्तक प्रशस्ति संग्रह में और श्री विनयसागरजी द्वारा प्रकाशित 'प्रतिष्ठा लेख संग्रह' में अपभ्रंश कालीन नामोंकी बृहत् सूचियां दी हुई हैं।

बीकानेर के प्रतिष्ठा लेखोंमें आए हुए नाम भी उसी शृङ्खला की बहुमूल्य कड़ी प्रस्तुत करते हैं। इनकी भी क्रम बद्धसूची बननी चाहिए। इन नामोंसे यह भी ज्ञात होता है कि कुमारी अवस्था में स्त्रियों का पितृ-नाम भिन्न होता था किन्तु पतिके घरमें आने पर पतिके नाम के अनुसार स्त्री के नाम में परिवर्तन कर लिया जाता था। जैसे—साहु तेजा के नामके साथ भार्या तेजल दे, अथवा साहु चापा के साथ भार्या चापल दे। फिर भी इस प्रथाका अनिवार्य आग्रह न था, और इसमें व्यक्तिगत रुचिके लिये काफी छूट थी। इन नामोंके अध्ययन से न केवल भाषा सम्बन्धी विशेषताएँ ज्ञात हो सकेंगी किन्तु धार्मिक लोक प्रथाओं पर भी प्रकाश पड़ सकता है। जैसे 'साहु दूला पुत्र छीतर' इस नाममें (लेख संख्या १६१६) दुर्लभ राजका पहले दुल्लह अपभ्रंश रूप और पुनः देश-भाषामें उसका उच्चारण दूला हुआ। 'छीतर' नामसे ज्ञात होता है कि उसकी माताके पुत्र जीवित न रहते थे। देशी भाषामें 'छीतर' टूटी हुई टोकरी का वाचक था, ऐसा हेमचन्द्र ने लिखा है। जब पुत्रका जन्म हुआ तो माताने उसे छीतरी में रखकर खींचकर घूरे पर डाल दिया, जहाँ उसे घरकी मेहतरानी ने उठा लिया। इस प्रकार मानों पुत्रको मृत्युके लिये अर्पित कर दिया गया। मृत्युका जो भाग बच्चेमें था उसकी पूर्ति कर दी गई। फिर उस बच्चे को माता-पिता निष्क्रय देकर मोल ले लेते थे; वह मानों मृत्युदेव के घरसे लौटकर नया जीवन आरम्भ करता था। इस प्रकार के बच्चों को 'छीतर' नाम दिया जाता था। अपभ्रंश में 'सोल्लू' या सुल्ला' नाम भी उसी प्रकार का था। सुल्, धातु फेंकने के अर्थमें प्रयुक्त होती थी। हिन्दी फिक्कू खचेडू आदि नाम उसी परम्परा या लोक विश्वास के सूचक हैं। मध्यकालीन अपभ्रंश नामों पर स्वतन्त्र अनुसंधान की अत्यन्त आवश्यकता है। उसके लिये नाहटाजी ने इन लेखोंमें मूल्यवान् सामग्री संगृहीत कर दी है। यह भी ज्ञातव्य है कि पुरुष नामोंके साथ श्रेष्ठी, साहु, व्यावहारिक आदि सम्मान सूचक पदोंका विशेष अर्थ था। अब वे संस्थाएँ धुंधली पड़ गई हैं। अतएव

"Aho Shrut Gyanam"

इन पदोंके अर्थ भी स्पष्ट नहीं रहे। प्राचीन परम्परा के अनुसार सोने चांदी के बजार में जो सर्राफे के सदस्य होते थे वे ही श्रेष्ठी कहलाते थे। प्रत्येक नगर की सोनहटी या सराफे में उनकी संख्या नियत होती थी और विधिपूर्वक चुनाव के बाद ही वे लोग सर्राफे के सदस्य बनाए जाते थे। इन्हींको उत्तर भारत में महाजन कहने लगे। एक लेख में श्रेष्ठी आना के पुत्र नायक को व्यवहारिक लिखा गया है (लेख ३१८)। इसकी संगति यही है कि पिता के बाद पुत्र को श्रेष्ठिपद प्राप्त नहीं हुआ और वह केवल व्यवहारिक अर्थात् रुपये के लेन-देन का काम ही करता रहा। इस प्रकार इन लेखों की सामग्री से कई मध्यकालीन संस्थाओं को नई आंख से देखने में सहायता मिलती है।

काशी विश्वविद्यालय
ज्येष्ठ शुक्ल ११, सं० २०१२

वासुदेवशरण

"Aho Shrut Gyanam"

भूमिका

बीकानेरके जैन इतिहास पर एक दृष्टि

राजस्थान प्रान्तमें बीकानेर राज्य (वर्त्तमान डिवीजन) का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है ।इस राज्यका प्रधान अंश प्राचीन कालमें जांगल देशके नामसे प्रसिद्ध रहा है। वीरवर बीकाजी के पूर्व इस राज्यके कई हिस्सों पर सांखले-परमारोंका, कुछ पर मोहिल-चौहानोंका, कुछ पर भाटी-यादवोंका एवं कुछ पर जोहिये व जाटोंका अधिकार था। बीकाजीने अपने पराक्रमसे उन सब पर विजय प्राप्त कर अपना शासन स्थापित किया और अपने नामसे इस बीकानेर राज्यकी नींव डाली। परवर्त्ती नरेशोंने भी इसे यथाशक्य बढ़ाया, जिसके फलस्वरूप इसका क्षेत्रफल २३३१७ वर्गमील तक पहुंचा। इसकी लंबाई चौड़ाई लगभग २०८ मील है।

बीकानेर राज्यके अनेक प्राचीन स्थान ऐतिहासिक दृष्टिसे बड़े महत्त्वपूर्ण हैं। सूरतगढ़ के निकटवर्त्ती रंगमहलसे कुछ पकी हुई मिट्टीकी मूर्त्तियां आदि प्राप्त हुई थीं। गतवर्ष सरस्वती और दृषद्वतीकी घाटियोंमें खुदाई हुई थी जिससे प्राप्त वस्तुओंका प्रागैतिहासिक हड़प्पा कालीन संस्कृतिसे सिलसिला जोड़ा गया है। यहां अनेक प्रागैतिहासिक स्थान हैं जिनकी परिपूर्ण खुदाई होनेपर भारतीय प्राचीन संस्कृति पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़नेकी संभावना है।

मध्यकालीन महत्त्वपूर्ण स्थान भी इस राज्यमें अनेक हैं, जिनमें बड़ोपल, पलू, भटनेर, नोहर, रिणी, द्रोणपुर, चरलू, रायसीसर, जांगलू, मोरखाणा, भादला, दद्रेवा आदि उल्लेखनीय हैं। पलूसे प्राप्त जैन-सरस्वती मूर्त्तिद्वय अपने कला सौन्दर्य्यके लिए विश्व-विख्यात हैं। कोलायत-तीर्थका धार्मिक दृष्टिसे बड़ा माहात्म्य है। कार्तिक पूर्णिमाको यहां हिन्दू समाजका बहुत बड़ा मेला भरता है। गोगा मैड़ी आदिके मेले भी प्रसिद्ध हैं। देसनोककी करणी माता भी राजवंश एवं बहुजन मान्य है।

खाद्यान्न उत्पादनकी दृष्टिसे बीकानेर डिवीजनका नहरी इलाका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। स्वर्गीय महाराजा गंगासिंह ने गंगानहर लाकर इस प्रदेशको बड़ा उपजाऊ बना दिया है। जो बीकानेर राज्य खाद्यान्नके लिये परमुखापेक्षी रहता था, आज लाखों मन खाद्यान्न उत्पन्न कर रहा है। इस प्रदेशके खनिज पदार्थ यद्यपि अभी तक विशेष प्रसिद्धिमें नहीं आये, फिर भी पलाणेकी कोयलेकी खान, दुलमेराकी लाल पत्थरकी खान, जामसरका मीठा चूना, मुलतानी मिट्टी (मेट) आदि अच्छी होती है। यहांकी बालू आदिसे कांचके उद्योग भी विशेष पनप सकते हैं। आर्थिक दृष्टिसे भी यहांके अधिवासी समग्र भारतमें ख्याति प्राप्त हैं। इस दृष्टिसे बीकानेर धनाढ्योंका देश माना जाता रहा है और अपनी प्रजाके लिये स्वर्गीय शासक गंगासिंहजीको

"Aho Shrut Gyanam"

बड़ा गौरव था। आसाम, बंगाल आदि देशोंके व्यापारकी प्रधान बागडोर यहींके व्यापारियोंके हाथमें है।

साहित्यिक दृष्टिसे भी बीकानेर राज्य बड़ा गौरवशाली है। अकेले बीकानेर नगरमें ही ६०-७० हजार प्राचीन हस्तलिखित प्रतियां सुरक्षित हैं। इनमें राजकीय अनूप संस्कृत लाइब्रेरी विश्व-विश्रुत है, जहाँ सैकड़ोंकी संख्यामें अन्यत्र अप्राप्य विविध विषयक ग्रन्थरत्न विद्यमान हैं। बड़ा उपासरा आदिके जैन ज्ञान भण्डारोंमें भी २० हजारके लगभग हस्तलिखित प्रतियाँ हैं। हमारे संग्रह—श्री अभय जैन ग्रन्थालयमें अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विविध सामग्री संग्रहीत है ही। राज्यके अन्य स्थानोंमें चूरूकी सुराणा लाइब्रेरी आदि प्रसिद्ध है इन सबका संक्षिप्त परिचय आगे दिया जायगा।

कलाकी दृष्टिसे भी बीकानेर पश्चात्पद नहीं, यहाँकी चित्रकलाकी शैली अपना विशिष्ट स्थान रखती है और बीकानेरी कलम गत तीन शताब्दियोंसे सर्वत्र प्रसिद्ध है। बीकानेर के सचित्र विज्ञप्तिपत्र, फुटकर चित्र एवं भित्तिचित्र इस बातके ज्वलन्त उदाहरण हैं। शिल्पकला की दृष्टिसे यहांका भांडासरजीका मंदिर सर्वत्र प्रसिद्ध है। इस विषयमें "बीकानेर आर्ट एण्ड आर्चिटेक्चर" नामक ग्रन्थ द्रष्टव्य है।

इस प्रकार विविध दृष्टियोंसे गौरवशाली बीकानेर राज्यके जैन अभिलेखोंका संग्रह प्रस्तुत ग्रन्थमें उपस्थित किया जा रहा है इस प्रसंगसे वहाँके जैन इतिहास सम्बन्धी कुछ ज्ञातव्य बातें दे देना आवश्यक समझ आगेके पृष्ठोंमें संक्षिप्त प्रकाश डाला जा रहा है।

बीकानेर राज्य-स्थापन एवं व्यवस्थामें जैनोंका हाथ

जोधपुर नरेश राव जोधाजीने जब अपने प्रतापी पुत्र श्री बीकाजीको नवीन राज्यकी स्थापना करनेके हेतु जांगल देशमें भेजा तब उनके साथ चाचा कांधल, भाई जोगा, वीदा और नापा सांखलाके अतिरिक्त बोथरा वत्सराज एवं वैद लाखणसी आदि राजनीतिज्ञ ओसवाल भी थे। बीकानेर राज्यकी स्थापनामें इन सभी मेधावी व्यक्तियोंका महत्त्वपूर्ण हाथ रहा है। वच्छावत वंशके मूल पुरुष वच्छराजजी—जो राव बीकाजीके प्रधान मंत्री थे—ने अपने बुद्धि वैभवसे शासन तंत्रको सुसंचालित कर राज्यकी बड़ी उन्नति की। राज्य स्थापनासे लगाकर महाराजा रायसिंह के समय पर्य्यन्त शासन प्रबन्धमें वच्छावत वंशका प्रमुख भाग रहा। यहां तक कि सभी राजाओंके प्रधान मंत्री इसी गौरवशाली वंशके ही होनेका उल्लेख "कर्मचन्द्र मंत्रि वंश प्रबन्ध" में पाया जाता है यथा—

राव बीकाजीके मन्त्री वत्सराज, राव लूणकरणजीके मंत्री कर्मसिंह, राव जयतसीजीके मंत्री वरसिंह और नगराज, राव कल्याणमल्लके मंत्री संग्रामसिंह व कर्मचन्द्र तथा राजा रायसिंहके मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र थे।

इन बुद्धिशाली मंत्रियोंने साम, दाम, दण्ड और भेद नीति द्वारा समय-समयपर आनेवाली विपत्तियोंसे राज्यकी रक्षा करनेके साथ-साथ उसकी महत्त्व वृद्धि और सीमा विस्तारके लिये पूर्ण

"Aho Shrut Gyanam"

प्रयत्न किया। बीकानेरके दुर्ग-निर्माण एवं गवाड़ों (मुहल्लों) को मर्यादित कर बसानेमें उन्होंने बड़ी दूरदर्शितासे काम लिया। इन्होंने संधिविग्राहक और रक्षासचिव व सेनापति आदि पदोंको भी दक्षतासे संभाला। मंत्री कर्मसिंह राव लूणकरणजी के समय नारनौलके युद्धमें काम आये थे। राव जयतसीजीके समय मंत्री नगराजने शेरसाहका आश्रय लेकर खोये हुए बीकानेर राज्यको मालदेव (जोधपुर नरेश) से पुनः प्राप्त किया। उन्होंने अपनी दूरदर्शितासे शत्रुकी चढ़ाईके समय राजकुमार कल्याणमल्लको सपरिवार सरसामें रखा और राज्यको पुनः प्राप्तकर बादशाहके हाथसे राव कल्याणमल्लको राजतिलक करवाया। मंत्रीश्वर कर्मचन्द्रने राव कल्याणमल्लजीके दुसाध्य मनोरथ—जोधपुरके राजगवाक्षमें बैठकर कमलपूजा (पूर्वजोंको तर्पण) करने—को सम्राट अकबरसे कुछ समयके लिए जोधपुर राज्यको पाकर, पूर्ण किया। राव कल्याणमल्लने सन्तुष्ट होकर मंत्रीश्वरसे मनोवांछित मांगनेकी आज्ञा दी तो धर्मप्रिय मंत्रीश्वरने अपने निजी स्वार्थके लिए किसी भी वस्तुकी याचना न कर जीवदयाको प्रधानता दी और बरसातके चार महीनोंमें तेली, कुम्हार और हलवाइयोंका आरंभ वर्जन, "माल" नामक व्यवसायिक कर के छोड़ने एवं भेड़, बकरी आदिका चतुर्थांश कर न लेनेका वचन मांगा। राजाने मंत्रीश्वरकी निष्पृहतासे प्रभावित होकर उपर्युक्त मांगको स्वीकार करनेके साथ बिना मांगे प्रीतिपूर्वक चार गांवोंका पट्टा दिया और फरमाया कि जबतक तुम्हारी और मेरी संतति विद्यमान रहेगी तब तक ये गांव तुम्हारे वंशजोंके अधिकृत रहेंगे।

मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र सन्धि विग्रहादि राजनीतिमें अत्यन्त पटु थे। उन्होंने अपने असाधारण बुद्धि वैभवसे सोजत सियाणाको अधिकृत किया, जालौरके अधिपति को वशवर्त्ती कर अर्बुद-गिरिको अधिकृत कर लिया। महाराजा रायसिंह से निवेदन कर चतुरंगिणी सेनाके साथ हरप्पामें रहे हुए बलोचियों पर आक्रमण कर उन्हें जीता[1]। बच्छावत वंशावलीमें लिखा है कि मन्त्रीश्वरने शहरको उथल कर जाति व गोत्रोंको अलग अलग मुहल्लोंमें बसाकर सुव्यस्थित किया। रायसिंहजीके साथ गुजरातके युद्धमें विजय प्राप्त करके सम्राट् अकबरसे मिले। जब सम्राटने प्रसन्न होकर मनचाहा मांगनेका कहा तो इन्होंने स्वयं अपने लिए कुछ भी न मांग अपने स्वामी राजा रायसिंहको ५२ परगने दिलाए।

सं० १६४७ के लगभग महाराजा रायसिंहजी की मनोगत अप्रसन्नता जानकर मंत्री कर्मचन्द्र अपने परिवारके साथ मेड़ता चले गए। इसके पश्चात् वैद मुहता लाखणसीजी के वंशज मुहता ठाकुरसीजी दीवान नियुक्त हुए। दक्षिण-विजयमें ये महाराजाके साथ थे, महाराजा ने प्रसन्न होकर इन्हें तलवार दी और भटनेर गांव बख्शीस किया[2]।

महाराजा सूरसिंहजीने मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्रके पुत्र भाग्यचन्द्र लक्ष्मीचन्द्रको बड़े अनुरोधसे बीकानेर लाकर दीवान बनाया, कई वर्ष तक तो वे यहाँ सकुशल रहे पर सं० १६७६ के फाल्गुनमें

१—कर्मचन्द मंत्रिवंश प्रबन्ध देखिए।

२—"ओसवाल जातिका इतिहास" ग्रन्थमें विशेष ज्ञातव्य देखना चाहिए।

"Aho Shrut Gyanam"

महाराजाने कुपित होकर १००० आदमियोंकी सेनाका घेरा इनकी हवेलीके चारों तरफ डाल दिया जिससे इनका सारा परिवार काम आ गया इस सम्बन्धमें विशेष जाननेके लिए हमारी "युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि" पुस्तक देखनी चाहिए।

इसके पश्चात् महाराजा कर्णसिंहजीके समय कोठारी जीवणदास सं० १७०१ में पूगल विजयके अनन्तर वहाँके प्रबन्धके लिए रहे थे। महाराजा अनूपसिंहजीका मनसब (दिल्ली जाकर) दिलानेका उद्योग कोठारी जीवणदास और वैद राजसीने ही किया था[1]। कोठारी नैणसीके इनके समयमें मंत्री होनेका उल्लेख विज्ञप्तिपत्रमें[2] आता है। सं० १७३६ में लाभवर्द्धनने लीलावती गणितकी चौपाई इन्हींके पुत्र जयतसीके अनुरोधमें बनाई थी जिसमें इन्हें राज्याधिकारी लिखा है। महाराजा अनूपसिंहजी की मृत्युके अनन्तर स्वरूपसिंहकी बाल्यावस्थाके कारण राजव्यवस्थाके संचालनमें मान रामपुरिया, कोठारी नयणसी[3] के सहयोग देनेका उल्लेख बीकानेर राज्यके इतिहासमें पाया जाता है।

महाराजा सूरतसिंहके समय वैदों और सुराणों का सितारा चमक उठा। सं० १८६० में चूरू पर दीवान अमरचन्दजी सुराणा व खजाञ्ची मुलतानमल के नेतृत्वमें सेना भेजी गई। वहाँ पहुंच कर इन्होंने २१०००) रुपये चूरूके स्वामीसे वसूल किये। सं० १८६१ में जाब्तार खाँ भट्टीने, जो कि भटनेर का किलेदार था, सर उठाया तो महाराजा ने अमरचन्दजी के नेतृत्व में ४००० सेना भटनेर भेजी। इन्होंने जाते ही अनूपसागर पर अधिकार कर लिया और पांच महीने तक घेरा डाले रहने से जाब्तारखाँ को स्वयं किला इन्हें सुपुर्द कर चला जाना पड़ा। इस वीरतापूर्ण कार्यके उपलक्ष में महाराजाने इन्हें पालकी की इज्जत देकर दीवानके पदपर नियुक्त किया। सं० १८६५ में जोधपुर नरेश मानसिंह ने दीवान इन्द्रचन्द्र सिंघीके नेतृत्व में ८०००० सेनाके साथ बीकानेर पर चढ़ाई की, तब राजनीतिज्ञ अमरचन्दजी सेना लेकर उलटे आक्रमणार्थ जोधपुर गये और बड़ी बुद्धिमानी और वीरतासे जोधपुरी सेनाके माल-असबाब को लेकर बीकानेर लौटे। जोधपुरी सेना २ महीने तक छोटी-छोटी लड़ाइयाँ लड़ती हुई गजनेर के पास पड़ी रही। इसके बाद ४००० सेनाको लेकर जोधपुर से लोढा कल्याणमल आया। अमरचन्दजी उसका सामना करने के लिये ससैन्य गजनेर गये। उनका आगमन सुनकर लोढाजी कूच करने लगे पर अमरचन्दजीने उनका पीछा करके युद्धके लिए बाध्य किया और बन्दी बना लिया। सं० १८६६ में बागी ठाकुरोंका दमन कर अमरचन्दजी ने उन्हें कठोर दण्ड दिया। एवं सांडवे के विद्रोही ठाकुर जैतसिंह को पकड़ कर ८००००) रुपये जुर्मानेका लिया। सं० १८६६ में मैणासर के बीदावतों पर आक्रमण कर वहाँके ठाकुर रतनसिंहको रतनगढ़ में पकड़ कर

१—रा० ब० पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा लिखित बीकानेर राज्यका इतिहास।

२—यह विज्ञप्तिपत्र सिंघी जैन ग्रन्थमालासे प्रकाशित विज्ञप्ति लेख संग्रहमें छपा है।

३—अनूप संस्कृत लाइब्रेरीमें आपके लिए लिखा हुआ एक गुटका है, जिसमें आपके पुत्रादिकी जन्मपत्रियां व स्वाध्यायार्थ अनेक रचनाओंका संग्रह है।

"Aho Shrut Gyanam"

फांसी दी। इसी प्रकार सीधमुख आदिके विद्रोही ठाकुरों को भी दमन कर मरवा डाला। सं० १८७१ में चूरूके ठाकुर के बागी होनेपर अमरचन्दजी ने ससैन्य आक्रमण किया और चूरू पर फतह पाई। इन सब कामोंसे प्रसन्न होकर महाराजा ने इन्हें रावका खिताब, खिलअत और सवारीके लिये हाथी प्रदान किया।

इनके पश्चात् इनके पुत्र केशरीचन्द सुराणाने महाराजा रतनसिंह के समय राज्यकी बड़ी सेवाएं की। इन्होंने भी अपने पिताकी तरह राज्यके बागियों का दमन किया, लुटेरों को गिरफ्तार किया। ये राज्यके दीवान भी रहे थे। महाराजा ने इनकी सेवासे प्रसन्न होकर इन्हें समय समय पर आभूषण, ग्राम आदि देकर सन्मानित किया। अमरचन्दजी के ज्येष्ठ पुत्र माणिकचन्दजी ने भी राज्यकी अच्छी सेवा की और सरदारशहर बसाया। माणकचन्दजी के पुत्र फतहचन्दजी भी दीवानपद पर रहे और राज्यकी अच्छी सेवाएं की।

बैद परिवार में मुहता अबीरचन्दजी ने डाकुओं को वश करनेमें बुद्धिमानी से काम लिया और बीकानेर राज्यकी ओरसे देहली के कामके लिए वकील नियुक्त हुए। सं० १८८४ में डाकुओंके साथ की लड़ाई में लगे घावोंके खुल जानेसे उनका शरीरान्त हो गया। इसके पश्चात् मेहता हिन्दूमल ने राज्यकी वकालत का काम संभाला और बड़ी बुद्धिमानीसे समय-समय पर राज्यकी सेवाएं की। इन्होंने सं० १८८८ में महाराजा रतनसिंहजी को बादशाह से 'नरेन्द्र (शिरोमणि)' का खिताब दिलाया, भारत सरकार को सेनाके लिए जो २२०००) रुपये प्रति वर्ष दिये जाते थे, उन्हे छुड़वाया, एवं हनुमानगढ़ और बहावलपुर के सरहदी मामलों को बुद्धिमानी से निपटाया। सं० १८९७ में महाराजा रतनसिंहजी व महाराणा सरदारसिंहजी ने इनके घरपर दावतमें आकर इनका सम्मान बढ़ाया। स्व० महाराजा श्री गंगासिंहजी ने आपकी सेवाओं की स्मृतिमें 'हिन्दूमल कोट' स्थापित किया है। इनके लघु भ्राता छौगमलजीने सरहदी मामलों को सुलझा कर राज्यकी बड़ी सेवाएं की।

बैदों और सुराणोंमें और भी कई व्यक्तियोंने राज्यके भिन्न-भिन्न पदोंपर रहकर बड़ी सेवाएं की। जिनके उपलक्ष में राज्यकी ओरसे उन्हें कई गांवोंकी ताजीमें और पैरोंमें सोनेके कड़े मिलना, राज्यकी ओरसे विवाहादि का खर्च पाना, मातमपुरसी में महाराजाका स्वयं आना आदि कार्यों द्वारा सम्मानित होना उनके अतुलनीय प्रभावका परिचायक है। हिन्दूमलजीको व उनके पुत्र हरिसिंहजीको भी 'महाराव' का खिताब राज्यकी ओरसे प्रदान किया गया। हरिसिंहजी ने भी राज्यकी ओरसे वकालत आदिका काम किया। इसी बैद परिवारके वंशज राव गोपालसिंहजी कुछ वर्ष पूर्व तक आबूमें बीकानेर की ओरसे वकील रहे हैं। ये हवेलीवाले बैद कहलाते हैं। इस परिवार को ताजीम आदि-गांव मिले हुए हैं।

बीकानेर के बैद परिवारमें 'मोतियों के आखावाले' बैदोंका भी राज्यकी सुव्यवस्था में अच्छा हाथ रहा है। इस परिवारके प्रमुख पुरुष राव प्रतापमलजी व उनके पुत्र राव नथमलजी ने महाराजा सूरतसिंहजी व रतनसिंहजी के राज्यकालमें अच्छी सेवायें की। इन पिता-पुत्रको भी

"Aho Shrut Gyanam"

महाराजा साहबने 'राव'का खिताब, गांव ताजीम, सिरोपाव आदि प्रदान किये। राव प्रतापमलजीका केवल बीकानेर में ही नहीं किन्तु जोधपुर, जयपुर और जैसलमेर आदिके दरबारमें भी अच्छा सम्मान था। इनको कई खास रुक्के भी मिले हुए हैं। राव प्रतापमलजी ने प्रतापसागर कुँआ, प्रतापेश्वर महादेव, प्रताप बारी आदि बनवाये। महाराजा रतनसिंहजी स्वयं इनके घर पर गोठ अरोगने आते थे। महाराजा ने इनके ललाट पर मोतियों का तिलक किया था, इसीलिये ये 'मोतियों के आखा (चावल) वाले बैद कहलाते हैं[1]।

महाराजा सरदारसिंहजी व डूंगरसिंहजी के राज्यकालमें मानमलजी राखेचा, शाहमलजी कोचर, मेहता जसवन्तसिंहजी, महाराव हरिसिंहजी बैद, गुमानजी बरड़िया, साह लक्ष्मीचन्दजी सुराणा, साह लालचन्दजी सुराणा, साह फतेहचन्दजी सुराणा, राव गुमानसिंह बैद, धनसुखदासजी कोठारी आदिने सैनिक, आर्थिक राजनैतिक आदि क्षेत्रोंमें अपूर्व सेवाएँ की तथा इनमेंसे कई राज्यकी कौंसिलके सदस्य भी रहे। महाराजा गंगासिंहजी के राज्यकालमें मेहता मंगलचन्दजी राखेचाने कौंसिलके सदस्य रहकर राज्यकी सेवायें की। महाराजा डूंगरसिंहजीको महाराजा सरदारसिंहजी के गोद दिलवानेमें गुमानजी बरड़िया का प्रमुख हाथ था। इन्हें भी कई खास रुक्के एवं गांव आदि मिले हुए हैं।

महाराजा गंगासिंहजी के राज्यकालमें मंगलचन्दजी राखेचा के अलावा सेठ चांदमलजी ढड्ढा सी० आई० ई० रायबहादुर शाह मेहरचन्दजी कोचरने रेवेन्यु कमिश्नर रहकर, शाह नेमचन्दजी कोचर ने बड़े कारखानेमें अफसर रहकर खजानेमें शाह मेघराजजी खजान्ची मेहता लूणकरणजी कोचरने नाजिम रहकर, मेहता उत्तमचन्दजी कोचर एम० ए० एल० एल० बी० डिप्यूटी जज हाईकोर्ट ने राज्यकी सेवा की। बीकानेर राज्यकी सेवा करनेमें विद्यमान उल्लेखनीय व्यक्ति ये हैं—मेहता शिवबक्षजी कोचर रिटायर्ड अफसर जकातमंडी, शाह लूणकरणजी कोचर अफसर बड़ा कारखाना, मेहता चम्पालालजी कोचर बी० ए०, एल० एल० बी० नायब अफसर कन्ट्रोलर ऑफप्राइसेज, सरदारमलजी धाडीवाल अफसर खजाना, लहरचंदजी सेठिया एम० एल० ए० बुधसिंहजी बैद रिटायर्ड अफसर देवस्थान कमेटी आदि इनके अतिरिक्त और भी कई ओसवाल सज्जन तहसीलदार, लेजिस्लेटिव एसेम्बलीके सदस्य आदि हैं[2]।

बीकानेर नरेश और जैनाचार्य

राठौड़ वंशसे खरतर गच्छका सम्पर्क बहुत पुराना है। वे सदासे खरतरगच्छाचार्योंको अपना गुरु मानते आये हैं अतः बीकानेर के राजाओं का खरतर गच्छाचार्यों का भक्त होना स्वाभाविक ही है। साधारणतया राजनीति में हरेक धर्म और धर्माचार्यों के प्रति आदर दर्शाना आवश्यक होता है अतः अन्य गच्छोंके श्रीपूज्यों एवं यतियोंके प्रति भी बीकानेर

---

१ राव प्रतापमलजी के वंशजों की बहोमें इसका विस्तृत वर्णन है।

२ अब बीकानेर राज्यका राजस्थान प्रान्तमें विलय हो गया है। इसमें श्रीयुक्त चम्पालालजी कोचर शिखरचन्दजी कोचर, भंवरलालजी बैद आदि विभिन्न पदोंपर राजस्थान की सेवा कर रहे हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

नरेशोंका उचित आदर भी सब समय रहा है। अपनी व्यक्तिगत सुविधाओं एवं अन्य कई कारणोंसे भी उन्होंने कई यतियोंको अधिक महत्व दिया है। यहाँ इन सब बातोंका संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है।

बीकानेर नरेशोंमें सर्वप्रथम महाराजा रायसिंहजी के युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजीके भक्त होनेका उल्लेख पाया जाता है। सं० १६३६ में मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र की प्रार्थनासे सम्राट अकबरके पाससे सीरोहीकी १०५० जैनमूर्त्तियें आप ही लाए थे। सं० १६४१ में युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजीका लाहोरमें मंत्री कर्मचन्द्रजी ने युगप्रधान पदोत्सव आपकी आज्ञा प्राप्त करके किया था इसका उल्लेख आगेके प्रकरणमें किया जायगा। इस उत्सवके समय कुंवर दलपतसिंह के साथ महाराजाने कई ग्रन्थ सूरिजी महाराज को वहरा कर उनके प्रति अपनी आदर्श भक्तिका परिचय दिया था। इनमें से अब भी कई प्रतियाँ भण्डारोंमें प्राप्त हैं। कविवर समयसुन्दरजी आचार्यश्री के प्रमुख भक्त नरेशोंमें आपका उल्लेख इस प्रकार करते हैं—

"रायसिंह राजा भीम राउल सूर नइ सुरतान।
बड़-बड़ा भूपति वयण मानै दियै आदर मान। गच्छपति०।"

उनके पट्टधर श्रीजिनसिंहसूरिजी का भी महाराजा से अच्छा सम्बन्ध था। इसके पश्चात् महाराजा करणसिंहजी के दिए हुए बड़े उपासरे आदि के परवाने पाये जाते हैं। विद्या-विलासी महाराजा अनूपसिंहजी का तो श्रीजिनचन्द्रसूरिजी एवं कविवर धर्मवर्द्धन आदिसे खासा सम्बन्ध था। कविवर धर्मवर्द्धनजी ने महाराजा के राज्याभिषेक होनेके समय अनूप-सिंहजीका राजस्थानी भाषामें गीत बनाया था। श्री जिनचन्द्रसूरिजीने अनूपसिंहजी को कई पत्र दिये थे जिनमें से कुछ पत्रोंकी नकल हमारे संग्रहमें है[1]। महाराजा अनूपसिंहजी के मान्य यतिवर उदयचन्द्रजी का "पाण्डित्य दर्पण" ग्रन्थ उपलब्ध है। महाराजा अनूपसिंहजी के पुत्र राजकुमार आनन्दसिंहजीने बहुत आदरसे खरतर गच्छके यति नयणसीजीसे अनुरोध कर सं० १७८६ विजयादशमीको भर्तृहरिकृत शतकत्रयका हिन्दी गद्य-पद्यानुवाद कराया जिसकी प्रति हमारे संग्रहमें व "अनूप संस्कृत लाइब्रेरी" में विद्यमान है। सं० १७५२ में महाराजा अनूपसिंहजी ने सगरगढ़से खरतर गच्छीय संघको श्रीपूज्यजी की भक्ति करने के प्रेरणात्मक निम्नोक्त पत्र दिया :—

स्वस्ति श्री महाराजाधिराज महाराजा श्री अनूपसिंहजी वचनात् महाजन खरतरा ओस-वाल जोग्य सुप्रसाद वांचजोजी तथा श्रीपूज्यजी श्री बीकानेर चौमासे छै सो थे घणी सेवा भगत करजो काण कुरब राखजो सं० १७५२ आषाढ़ सुदि १ मुकाम गढ़ सगर।

महाराजा अनूपसिंहजी समय-समय पर श्री जिनचन्द्रसूरिजी को पत्र दिया करते थे जिनमेंसे २ पत्र हमारे संग्रहमें विद्यमान है जिनकी नकल यहाँ दी जाती है :—

१—इन पत्रोंकी नकलें हम जैन सिद्धान्त भास्करमें प्रकाशित कर चुके हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

(१)

स्वस्ति श्रीमहाराजाधिराज महाराज श्रीमदनूपसिंहप्रभुवर्याणां श्रीमज्जिनदेवभजनावाप्तसकल-जिनेन्द्र ज्ञानवैभवेषु तृणीकृतजगत्सु सकल जैनाभिवंदितचरणेषु श्रीपूज्यजिनचन्द्रसूरेषु वंदनाततिनिवेदकमदः पत्रं विशेषस्तु पूर्वं सर्वदैव भवदीयः कश्चित् यतिवरः अस्माकं सार्थे स्थितः इदानीमत्र भवदीयः कोपि नास्ति भवद्भिरपि तूष्णीं स्थितमस्ति तत्किमिति अतः परं एकः उपाध्यायः पांचाख्यः अथवा जयतसी एतयो र्मध्ये यः कश्चिदायाति सत्वरं प्रेषणीयः चातुर्मास्यं अत्रागत्य करोति तथा विधेयं अस्मिन्नर्थे विलंबो न विधेयः किमधिक मिती पोष शु० ८

(२)

श्री लक्ष्मीनारायणजी

स्वस्ति श्री मन्महाराजाधिराज महाराज श्रीमदनूपसिंह प्रभुवर्याणां श्रीमत्सकल कार्य करण निपुणता पराङ्मुख वैराग्यपवमान संदोह वशंवद वशीकार संज्ञ वैराग्य भोग्य कैवल्येषु विषम विषय दोष दर्शन दूषित प्रपंच रचना चुलुकी करण कुम्भ संभव विभवेषु समस्त विद्या विद्योतमान विग्रहेषु श्री मद्भट्टारक जिनचन्द्रसूरिषु वन्दनाप्रणाम सूचकोयं जांबिकः। शमिह श्री रमेश करुणा कटाक्ष सन्दोहैः विशेषस्तु माला श्रीमद्भिः प्रेषिता सा अस्मत्करगता समजनि अन्यदपि यत्समीचीनं वस्तु अस्मद् योग्यं भवति चेदवश्यं प्रेषणीयं। अन्यच्च श्रीमतां प्रावरणार्थं वस्त्रं दापितमस्ति तद्ग्राह्यं किं च इन्द्रभाण मुद्दिश्य भवद्विषयिकोदंताः लिखिताः संति सोप्य स्मत्पत्रानुसारेण श्रीमतां समाधानं करिष्यति। श्रीमतां महत्वं मानोन्नतिं च विधास्यति। तथा च श्रीमदीयः कश्चित्कार्य्य विशेषो ज्ञाप्यः। श्रा० व० ३

महाराजा सुजाणसिंहजी भी श्रीपूज्य श्रीजिनसुखसूरिजी व तत्कालीन विद्वान यतिवर्य्यों को बड़ी श्रद्धासे देखते थे। हमारे संग्रहमें आपके श्री जिनसुखसूरिजी को दिये हुए दो पत्र हैं जिनकी नकल नीचे दी जा रही है :—

श्री लक्ष्मीनारायणो जयति

श्रीमत्तपः शाल विशाल वाचः सौजन्य धन्य द्युति कीर्त्तिभाजः। प्रताप संतापितपो विधाता राजन्ति राजयति वृन्द राजाः ॥१॥ षड्भारती भृज्जिनसौख्यसूरि नामान अत्यद्भुत शोभमानाः। श्री धर्मसिंहै परितः पुराणै र्मुनीशमुख्यैः प्रसरन्मनीषैः ॥२॥ श्री राजसागरै र्विद्वद्धंस सेवित सागरैः। अन्यैः सत्कविभिः शास्त्र कला संकुल कोविदैः ॥३॥ त्रिभिर्विशेषकम्।

तदुचितं प्रहितं छदनंमुदा मरु महीश सुजाणनरेश्वरैः।
सपरिवार सुमन्त्रि सुतैर्हितत्प्रणति संततयस्त्ववधार्य्यताम् ॥४॥

आर्या :—सदा स्वीय सुसेवकानां कार्यो परिष्टात्प्रचुरानुकम्पा।
संपालनीया सरसाभृशं सुच्छश्व हृदि स्नेह सुधा प्रपूर्णैः ॥५॥
कुशल मत्र सदवहि वर्त्तते शुभवतां भवता मनुकम्पया।
मनसि कामयते भवतां हितं भविक मेव सुसेवक सज्जनः ॥६॥

"Aho Shrut Gyanam"

अत्रोचितं कार्यं वरं सु पत्रेऽविचार्य्य चोत्साय्यं समग्र शंकाम् ।
विलिख्य संप्रेषणतो स्मदीये स्वान्ते भृशंतोष भृतो भवन्तु ॥७॥
अथान्येषां श्रीमतां सेवकानां प्रीतिपूर्वं प्रणति पद्यानि लिख्यन्ते ।
खवासः सुपद्मेन चानन्दरामोऽलिखत् संनतिं सन्नतः सद्दलेस्मिन् ।
पर प्रेम पूरेण पूरेणुकाद्राक्पुनः पाद शुद्धा सु संपादनीया ॥८॥

अतिशय मृदुभावाच्छोभने प्रीति पत्रे लिखति च बुध पाण्डे प्रेमरामः प्रणामम् ।
निज हृदि इति कृत्वा सेवकः शोभनस्त्यादयमपि मयि शस्वत्सुप्रसादो विधेयः ॥९॥
नृपमनुगतो जात्या यो सौश्रितः पडिहारतां लिखति च दले लक्ष्मीदासोलसल्ललिताक्षरैः ।
विमल मनसा ग्रही भावो ममाप्यवधार्य्यतां स्वहृदिचमुदाज्ञेयः स्वामिन्सदा निज सेवकः॥१०॥
संवन्नवर्षि स्वर सोम युक्ते मासे शुभे हैमन मार्गशीर्षे ।
दलेऽमले पञ्चमके तिथौ सद्दिने रवौ विष्णुगिरि विपश्चित् ॥११॥
नृपाज्ञया काव्य वरैः पलाशं यतीश योग्यं सविलासमेतत् ।
लिपी चकार क्रमतोत्र पत्रे सर्वैर्हि तत्संनतयोवधार्याः ॥१२॥ युग्मम् ।

अन्योपियोमत्समारको भवेत्तं प्रति प्रणतिर्वक्तव्या । अत्राहर्दिवमस्मदादिभिर्भवदीय स्मरण मनुष्ठीयतेऽलं विदुषां पुरः प्रचुर जल्पनेन । यतिवर नयनसिंहान् प्रति पुनरभिवादये ।

श्री : । श्री : । श्री : ।

(२) श्री रामो जयति तराम्

स्वस्ति श्रीमत्सकल गुण गण गरिष्ठ विशिष्ट वरिष्ट विद्या विद्योतितानां षद्भारती भाना च्छादिताज्ञान तिमिर विभातानां भ्राजमान भूरि भूमीश पाणि पल्लव सपल्लव पादपद्मानां विविधोत्तम मुकुटमणि निकरातप नीराजित चरण कमलानामनेक सेवकलोक वृन्द मौलि स्तवक स्तुतार्चित क्रम युगलानां विविध कीर्ति मूर्त्ति संमोहित भूमंडलाखण्ड तलानां विमल कला-कलित ललित मतिमत्पुरःसराणां नाना यतिवर निकर निषेवित पूर्वापर पार्श्व भागानां श्री वंदारु यतीश वृन्द वृन्दारकेन्द्राणाम्म्म् श्री श्री श्री श्री श्री जिनसुखसूरीणां पादपद्मोचितंपत्रमदः श्री विक्रम-पुरतः प्रेषितवंत श्रीमन्महाराजाधिराज महाराज श्रीसुजाणसिंहास्तदनारताहर्दिव प्रणति तयोऽवधार्याः परा प्रीतिः पार्या नवरतानुकम्पा संपालित तरांग संदोहा कार्या । अन्यत्याः समाचाराः श्रीमतां सदा सानुग्रह दृष्ट्या विशिष्ट शुभ युताः श्रीमतास्मदत्र भवतां सर्वदा सुख सेवधि भूता भूतयो भवंत्विति नित्यं मन्यामहे । भवंतः पूज्या स्था स्मदुपरि सर्वदा कृपा रक्षणतो-धिका रक्षणीया । अत्रोचितं कार्य जातं पत्रेलिखित्वा प्रेषणीयं । । श्रीः ॥

चौपई ॥ सबगुण ज्ञान विशेष विराजै, कविगण ऊपरि घन ज्यों गाजै
धर्मसीह धरणीतल मांही, पंडित योग्य प्रणति दल तांही ॥ १ ॥
दोहा—गुणसागर गणि प्राज्ञ पणि पंडित जोतिष हीर ।
अवर कलायुत राज कवि सागर राज गभीर ॥ १ ॥

"Aho Shrut Gyanam"

खवास आणंदराम रौ नमस्कार वाचिज्यौ अपरं च पांडे पेमराजजी रौ नमस्कार अवधारिजो। गोसाइं विष्णुगिरि कौ वन्दन अवधारिजो कृपा स्नेहौ रक्षणीयौ। अत्र भवता मत्र भवतामा जिगिमिषेच्छुभिरभिध्यानं विधीयते स्माभिः।

॥ संवत्सप्तदश शताधिकै कोनाशीति (१७७६) तमे माघासित दल दुर्गा तिथाविदं लिपि कृतं पत्रम्। श्री :।

पत्रं महाराजान्तिके त्वरयालिखितं ततोत्रा तंत्रं निरस्यं।

इनके पश्चात् महाराजा जोरावरसिंहजी उत्तराधिकारी हुए. वे भी अपने पूर्वजों की भांति खरतराचार्यों के परम भक्त थे। उन्होंने नवहर से निम्नोक्त पत्र बीकानेर में स्थित यति लक्ष्मी चन्द्रजी को दिया :—

स्वस्ति श्रीमंत मियत्तयाऽप्रमित महिमानं परमात्मानमानम्य मनसा श्री नवहराज्जोरावर सिंहो विक्रमपुर वास्तव्य यति लक्ष्मीचन्द्रेषु पत्रमुपढौकयते स्वकुशलोदंतमुदाहरति तत्रत्यं च कामयतेऽथ भवद्भि र्विसृष्टंयति प्रकृष्टैरुत्कृष्ट गुण निकर भृद्भि शिष्टैः श्लदन मंतःकरणे मामकीने भवत्संगममिव शर्म समुत्पादय हृद्य सत्पद्यै रलंकृतं शस्त शंसि नयन गोचरी कृत्य सत्पद्य योजन कला कुशलान् भवतोऽजी गणम् तद्गत रहस्य च दवीयद्गमनं रूपं कर्ण जाह मानीय चिन्ता पारावारे मन्मनो निमग्नं तथात्र भवतां स्थिति रभि विश्च्चेत्तर्हि कर्हि चिदावयो स्संगममप्यभविस्यत् सांप्रतंतु तद् व्यवधानितं दृष्यते परं पत्र प्रत्यर्पणे दवीयसि तिष्टतां निरालस्येन भवतायतितव्यं तथोप प्राप्त रूपे ग्रन्थाभ्यासे वासक्तं प्रत्यहं भवितव्यं मन्तव्यं मिति च मिति मधु कृष्ण त्रयोदशी कर्मवाट्यां ॥

इन महाराजाने उपर्युक्त यति लक्ष्मीचन्द्रजी के गुरु यति अमरसीजी[1] की सुख सुविधाके लिए जो आज्ञापत्र भेजा उसकी नकल इस प्रकार है :—

छाप—

॥ महाराजाधिराज महाराजा श्री जोरावरसिंहजी वचनात् राठौड़ भीयासिंहजी कुशलसिंहजी मुंहता रघुनाथ योग्य सुप्रसाद वांचजो तिथा सरसै में जती अमरसीजी छै सु थानै काम-काज कहै सु कर दीज्यो ऊपर·····(सरौ) घणौ राखज्यो फागुण सुदि ४ सं० १७६६

इसके पश्चात् महाराजा गजसिंहजी का भी जैन यतियों से सम्बन्ध रहा है। उपाध्याय हीरानन्दजी के महाराजा को दिये हुए पत्र की नकलका अर्द्धभाग हमारे संग्रहमें है। उनके पुत्र महाराजकुमार राजसिंह जो पीछे से सं० १८४४ में बीकानेर की राजगद्दी बैठे थे, उन्होंने सं० १८४० में श्रीपूज्य श्रीजिनचन्द्रसूरिजी को एक पत्र दिया जिसकी नकल इस प्रकार है :—

१—ये उदयतिलक जी के शिष्य थे, आपका दीक्षा नाम अमरविजय था। आप सुकवि थे, आपकी कई रचनाएं उपलब्ध है। इन्हींकी परम्परामें कुछ वर्ष पूर्व स्वर्गवासी हुए उपाध्याय श्री जयचन्द्रजी यति थे।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री लक्ष्मीनारायणजी भगत
राजराजेश्वर महाराजा शिरोमण
माहाराजाधिराज माहाराज
कुंवार श्रीराजसिंहजीस्य मुद्रका ।

श्रीरामजी

॥ स्वस्ति श्री जंगम जुगप्रधान भट्टारक श्री जिणचन्दसूरिजी सूरेश्वरान् महाराजाधिराजा म्हाराज म्हाराज कुंवार श्री राजसिंघजी लिखावतुं निमस्कार वांचजो अठारा समाचार श्री जौरे तेज प्रताप कर भला छै थांहरा सदा भला चाहीजै अप्रंच थे म्हारे पूज्य छौ थां सिवाय और कोई बात न छै सदा म्हांसूं कृपा राखौ छौ जिणसुं विशेष रखाजो और थे चौमासो ऊतरियां सताब बीकानेर आवजो म्हानुं थांसुं मिलणरी चाहा छै अठारी हकीकत सारी गुरजी तेजमाल नाहटै मनसुख रे कागद सुं जाणजो सं० १८४० रौ मिती काती बद १ मुकाम गांव देसणोक ऽ ऽ

१ जंगेम जुगे प्रध.....जिणचन्दसूरजी सूरेश्वरान् ।

महाराजा सूरतसिंह जैनाचार्यों व साधु-यतियोंके परम भक्त थे। श्रीमद् ज्ञानसारजी को तो आप नारायण-परमात्माका अवतार ही मानते थे। उनको दिये हुए आपके स्वयं लिखित पत्रों में से २० खास रुक्के हमारे संग्रहमें हैं, जिनमें श्रीमद्के प्रति महाराजाकी असीम भक्ति पद पद पर झलक रही है पाठकोंकी जानकारीके लिए दो एक पत्रोंका अवश्यक अंश यहां उद्धृत किया जाता है :—

"स्वस्तिश्री सर्व ओपमा विराजमान बाबैजी श्री श्री श्री श्री श्री १०८ श्री नारायण देवजी सुं सेवग सूरतसिंहरी कोड़ एक दण्डोत नमोनारायण वन्दणा मालुम हुवै अप्रंच कृपापत्र आपरौ आयौ वांचियां सुं बड़ी खुशवखती हुई आपरे पाये लागां दरसण कियां रौ सौ आणंद हुवो आपरी आज्ञा माफक मनसा वाचा कर्मणा कर कही बातमें कसर न पड़सी आपरी इग्या माफ (क) सारी बात रो आणंद खुसी छै। नारायण री आग्यामें फेर सन्देह करसी तौ बाबाजी ऊतो नारायण रे घर रो चोर हराम हुसी जैरो अठे उठै दोयां लोकां बुरो हुसी वैनै पछै त्रिलोकीमें ठौर न छै आपरो सेवग जाण सदा कृपा महरवानी फुरमावै छै जैसुं विशेष फुरमावणरो हुकम हुसी दूजी अरज सारी धरमैनुं कही छै सु मालुम करसी सं० १८७० मिती मिगसर सुदि ६"

"आपरो दरसण करसुं पाए लागसुं ऊ दिन परम आणदरो नारायण करसी"

"आप इतरै पहला कठैइ पधारसी नहीं आ अरज छै। दूजी तरह तौ सारा मालम छै सेवगटाबररी तो सरम नाराय (ण) नुं था आपनुं छै हूंतौ आपथकां निचिंत छु"

"आपरै उबारियां हमें खबरसुं"

महाराजा सूरतसिंहजी की भांति उनके पुत्र महाराजा रतनसिंहजी जैनाचार्यों व यतियोंके परम भक्त थे। एक बार ज्ञानसारजी महाराज जेसलमेरके महारावलजीके बार-बार आग्रह करने पर वहां जानेका विचार करते थे तब महाराजाने उन्हें रोकनेके लिए कितना भक्तिभाव

"Aho Shrut Gyanam"

प्रदर्शित किया जिसका श्रीमद् स्वयं अपने पत्रमें—जो कि जेसलमेरमे मुंहता जोरावरमलको दिया गया था—इस प्रकार लिखते हैं—

'श्री लालचन्दजी साहिबांरे कथन सुं करनै म्हांरौ पिण मनसोबो हुंतो जेसलमेर रो आदेश इणे पिण सर्वतरै सुं करनै जेसलमेर रो ठहिरायौ इणां रो कहणै सुं म्हें पिण उठैहीज आवणो ठहरायौ। राजाधिराज काती बदि १ रे दिन को० भीमराज हस्तू मने इसो फुरमायो एक हूं तें कनै वस्तु मांगसुं सो जरूर मनै दैणी पड़सी। मैं आ कई मैं कांगै खनै आप कंइ मांगसी पछै काती सुदि १० रे दिन हजूर पधार्या खड़ा रहि गया विराजै नहीं जदमैं अरज कीनी महाराज विराजे क्युं नहीं जद फरमायो हुं मांगू सो मनै दै तो बैसुं। जद मैं अरज करी साहिब फुरमावो सो हाजर जद फुरमायो तूं अठै सुं विहार रा परणाम करै छै सो सर्वथा प्रकार विहार कांई करण देवुं नहीं। जद मैं अरज कीनी हूं तौ बीकानेर इणहीज कारण आयौ छौ सो मने बीस वरस उपरंत अठै हुय गया सो म्हांरी चिट्ठी आज तांई कोई नीकली नहीं जद फुरमायो म्हांरौ इ पुण्य छै। जिण सुं म्हांरा विहारा रा परणाम हुवा छै सो एकबार फलोधी जासुं सो मैं आठबार अरज करी परं न मानी उपरंत मैं कह्यौ साहिबांरी सीख विना कोई जावूं नहीं जद विराज्या। पछै ओर बातां घड़ी ४ तांई बतलाई उठतां खड़ा रहि गया फेर फुरमायौ जौ फेर बैठ जाऊं जद मैं अरज कीनी साहिबां री सीख बिना कोई जाऊं नहीं। पछै आप पधार्या। सो माहरौ दाणौ पाणी बलवान छै तौ एकबार तौ इण बात नै फेर उथेलेसुं पछै जिसौ दाणौ पाणी इति तत्त्वम्'

इस पत्रसे स्पष्ट है कि महाराजाके आग्रहसे श्रीमद् बीकानेरमें ही रुक गये थे। इस पत्रके लगभग ८ वर्ष पश्चात् श्रीमद्का स्वर्गवास हुआ था। श्रीजिनहर्षसूरिजीके पट्टधर श्रीजिनसौभाग्यसूरिजीको महाराजा रतनसिंहजीने ही पाट बैठाया था, व जयपुर गादीके श्रीजिनमहेन्द्रसूरिजी से गच्छभेद होने पर आप श्रीजिनसौभाग्यसूरिजीके पक्षमें रहे थे। इन्होंने बड़ी दृढ़ताके साथ अपने पक्षको प्रबल कर श्रीपूज्यजीके मान-महत्त्वको बढ़ाया। महाराजाके एक परवानेकी नकल यहां दी जाती है।

छाप श्री रामजी

"श्री दीवाण वचनात् बड़े उपासरै रे श्रीपूजजी श्री श्री १०८ श्री सौभाग्यसूरजीने गुरु पदवी देय दीवी छै सु बड़ै उपासरै री पीढी सुं मरजाद रा परवाणा वा छाप रा कागद सींव रा वा सामग्री रा धरणे रा कर दिया छै तिके परवाणा मुजब सही छै और नया मरजाद मों बांध दीवी छै बड़ै उपासर री साध साधवीमें चूक पड़ जावै उण रो दुसमण मां सुं अरज करै ते सुणै नहीं श्रीपूज्यजी उवां ने दण्ड प्रायश्चित देर सुध कर लेसी कदास श्रीपूजजी री इग्या नहीं मानसी आप मुराद वेसतां फेर उवां नै परस्पर समझासी समझयां लागसी नहीं तो उव दरबार सुं अरज करासी अै साध साधवी म्हारी इग्यामें नहीं चालै छै आप मुराद वेवै छै तारा दरबार सुं वानै वठाय सिजा देसी तार वा श्रीपूजजी नै कवासी अम आपरी इग्या ओलंगा नहीं ओलंगा तो जिन इग्या रो लोपी हुवां तारां अरज कर छोडासी और साध साध्वी सहरमें भगवान रो मींदर

"Aho Shrut Gyanam"

करासी वा गांवमें करासी तारै श्री दरबार रो हुकम छै फेरूं सुं अरज करावण रो काम नहीं मास १ रु० १) चनण केसर धूप दीप रो दीया जासी जिके दिन सुं मिंदर कराया जिके दिन सुं लेखो कर दिराय देसी और बड़े उपासरे री सीरणी री मरजाद बांध दीवी छै। सो राज रो दोसवारी वा० लणायत सुं डरनो वा और गुनह वालो मुसदी सहुकार और दी कोई दुजो उपासरै शरणै जाय बेठसी तेनै श्री दरबार सुं वा० लेणायत न उठासी। उठासी तेनै दरबार सिजा देसी और श्री बीकानेर रौ वसीवात सहूकार वा० दुजी पटवां श्रीपूज कीया है ते नै न मानसी जो कोई मानसी तारा श्री दरबार और किसी नै बी मानणौ पूरो साबित हुय जासी तो वानै सिजा दी जासी इयै मरजाद मेटण री कोई चाकर अरज करसी तो परम हरामखोर हुसी इयैमें कसर नहीं पड़सी म्हांरो वचन छै। द० मुंहतो लीलाधर सं० १८ ६७ मीती माघ सुद १३।

महाराजा सूरतसिंहजी और रत्नसिंहजी अनेक वार श्रीमद् ज्ञानसारजी[1] के पास आया करते थे। सं० १८८६ के पत्रमें महाराजा रत्नसिंहजीने श्री पूज्यजीको लिखा है

"थे म्हांरा शुभचिंतक छौ। पीढियां सुं लगाय थां सवाय और न छै।"

महाराजा सूरतसिंहजीका जीवराजजीको दिया हुआ खास रुक्का हमारे संग्रहमें है। उन्होंने अमृतसुन्दरजी को उपाश्रय के लिए जमीन और विद्याहेमजी को उपाश्रय बनवाकर दिया था, जिनके शिलालेख यथास्थान छपे हैं। यति वसतचन्दजी को महाराजा के रोगोपशांति के उपलक्षमें प्रतिदिन ।।) आठ आना देनेका ताम्रपत्र बड़े उपाश्रय के ज्ञानभंडारमें है। महाराजा दादासाहब के परम भक्त थे। उन्होंने नाल ग्राममें दादासाहब की पूजाके लिए ७५० बीघा जमीन दान की थी जिसका ताम्रशासन बड़े उपाश्रयमें विद्यमान है। महाराजा सरदारसिंहजी गौड़ी पार्श्वनाथजी में नवपद मंडलके दर्शनार्थ स्वयं पधारे और ५०) रुपया प्रति वर्ष देनेका फरमाया जिसका उल्लेख मन्दिरोंके प्रकरणमें किया जायगा। जैन मन्दिरों की पूजाके लिए राजकी ओरसे जो सहायता मिलती है उसका उल्लेख भी आगे किया जायगा।

महाराजा सरदारसिंहजीका भी जैनाचार्यों के साथ सम्बन्ध चालू था। उनके दिया हुआ एक पत्र श्रीपूज्यजीके पास है। महाराजा डूंगरसिंहजी ने मुनिराज सुगनजी महाराजके उपदेश से शिवबाड़ीके जैन मन्दिरका निर्माण करवाया था। महाराजा गंगासिंहजीने जुबिलीके उपलक्षमें श्री चिन्तामणिजी और श्री महावीरजीमें चांदीके कल्पवृक्ष बनवाकर भेंट किये थे। खरतर गच्छके श्रीपूज्योंको राजकी ओर से समय-समय पर हाथी, घोड़ा, पालकी, वाजित्रादि, लवाजमा तथा उदरामसर, नाल, आदि जानेके लिए रथ भेजा जाता है। श्रीपूज्यजीकी गद्दी नशीनीके समय महाराजा स्वयं अपने हाथसे दुशाला भेंट करते रहे हैं।

खरतर गच्छकी वृहद् भट्टारक शाखाके श्रीपूज्योंका बीकानेर महाराजाओं से सम्बन्ध पर ऊपर विचार किया गया है। खरतर गच्छकी आचार्य शाखाके श्रीपूज्यों एवं यतियोंकी भी राज्यमें मान मर्यादा और अच्छी प्रतिष्ठा थी पर इस विषयकी सामग्री प्राप्त न होनेके कारण

१—आपके सम्बन्धमें हमारी सम्पादित "ज्ञानसार ग्रंथावली" में विशेष देखना चाहिए।

"Aho Shrut Gyanam"

विशेष प्रकाश नहीं डाला जा सका। कंवला गच्छ और पायचन्द गच्छके श्रीपूज्यादि से राजाओंके सम्बन्धके विषयमें भी हमें कोई सामग्री नहीं मिली अतः अब केवल लौंका गच्छकी पट्टावली में उनके आचार्यों के साथ राजाओं के सम्बन्ध की जो बातें लिखी है, वे संक्षेप से लिखते हैं :—

नागौरी लुंका गच्छके स्थापक आचार्य हीरागररूपजी सं० १५८६ में सर्व प्रथम बीकानेर आये। चोरड़िया श्रीचन्दजी की कोटड़ीमें वे ठहरे। इसके पश्चात् इस गच्छका यहाँ प्रभाव जमने लगा। आचार्य सदारंगजीसे महाराजा अनूपसिंह मिले थे। औरङ्गाबाद के मार्गवर्त्ती बोर ग्राममें मिलने पर महाराजा को सन्तति विषयक चिन्ता देख कर इन्होंने कहा था कि आपके ५ कुंवर होंगे, उनमें दो बड़े प्रतापी होंगे। महाराजा अनूपसिंहजीने अपने कुंवरोंकी जन्मपत्री के सम्बन्धमें सं० १७५३ में खास रुक्का भेज कर पुछवाया। और महाराजाकी मृत्युके सम्बन्धमें पूछने पर इन्होंने सं० १७५५ के ज्येष्ठ सुदि ६ को देहपात होनेका पहिले से ही कह दिया था। सं० १७५५ में सुजाणसिंहजी को २४ महीनेमें बीकानेर का राजा होनेका कहा था और वैसा ही होने पर इनका राज्यमें प्रभाव बढने लगा। महाराजाने इनके प्रवेशके समय राज प्रधान मन्दिर लक्ष्मीनारायणजी से संघ भेजा था। इनके पट्टधर जीवणदासजीने सं० १७७८ में महाराजा से अपने दोनों उपाश्रयका परवाना प्राप्त किया। सं० १७८४ के आसपास महाराजा सुजाणसिंहजी के रसोली हो गई थी, औषधोपचार से ठीक न होने पर श्रीपूज्यजी भटनेरसे बुलाए गए और उन्होंने मंत्रित भस्म दी जिससे वे रोगमुक्त हो गए। महाराजा रत्नसिंहजीने चांदीकी छड़ी व खास रुक्का भेज कर श्रीपूज्य लक्ष्मीचन्दजी को बीकानेर बुलाया। सं० १७६५-६७ में भी महाराजा श्रीपूज्यजीसे मिले और उन्हें खमासमण (विशेष आमन्त्रपूर्वक आहार बहराना) दिया।

बीकानेरमें ओसवाल जातिके गोत्र एवं घरोंकी संख्या

बीकानेर बसनेके साथ-साथ ओसवाल समाजकी यहाँ अभिवृद्धि होने लगी। वच्छावतों की ख्यातके अनुसार पहले जहां जिसे अनुकूलता हुई, बस गये और मंत्रीश्वर कर्मचन्द्रके समय के पूर्व यहां की आबादी अच्छे परिमाणमें होगई थी इससे उन्होंने अपनी दूरदर्शिता से शहरको व्यवस्थित रूपमें बसानेका विचार किया फलतः मंत्रीश्वरने नवीन विकास योजनाके अनुसार प्रत्येक जाति और गोत्रोंके घरोंको एक जगह पर बसाकर उनकी एक गुवाड़ प्रसिद्ध कर दी। इस प्रकारकी व्यवस्थामें ओसवाल समाज २७ गवाड़ोंमें विभक्त हुआ जिनमें से १३ गुवाड़ें खरतर गच्छ एवं प्रधान मन्दिर श्रीचिन्तामणिजी को और १४ गुवाड़ें उपकेश (कंवला) गच्छ और प्रधान मन्दिर श्रीमहावीरजी को मान्य करती थी इन २७ गुवाड़ोंमें पीछेसे गोत्रों आदि का काफी परिवर्तन हुआ और एक-एक गुवाड़में दूसरे भी कई गोत्र बसने लग गये जिनका कुछ आभास लगभग ५०-६० वर्ष पूर्वकी लिखित हमारे संग्रहस्थ १३-१४ गुवाड़के (मामलों की) बिगत (वही) से होता है उसकी नकल यहां दी जा रही है।

"Aho Shrut Gyanam"

अथ चिन्तामणजी खरतर गच्छ की १३ गुवाड़के नाम

१—गोलछा, खजानची, गुलगुलिया, मोणोत, रांका, छाजेड़, खटोल एक गुवाड़ छै।

२—आदु गुवाड़ भमाणी अब नाहटा, भुगड़ी, कोठारी, सुखानी, रांका, गोलछा, खटोल गुवाड़ १

३—रांगड़ीमें बोथरा, माल्लू गुवाड़ १

४—सुखाणी, भदाणी गुवाड़ १

५—पुगलिया, बोथरा, सांढ, मिनीया, छोरिया, मुकीम, सीपाणी, बडेर, साह गुवाड़ १

६—मरोटी, बुचा, बडेर, सुखलेचा, सेठी, नाडवेद, साह एक गुवाड़ बजै छै।

७—आदु गुवाड़ सिरोहिया, बांठिया, मलावत अब सेठिया, पारख, डागा, सीपानी एक गुवाड़ सेठियां री बजै छै।

८—कोठारी, कातेला, सावणसुखा, पारख, ढढा एक गुवाड़ कोठार्यांरी बजै छै।

९—वेगाणी, पारख, कावड़िया, झाबक, मिश्रप गुवाड़ एक बजै वेगाण्यांरी।

१०—डागा, राजाणी गुवाड़ एक ही छै दूसरी जातवी नहीं।

११—आदु गुवाड़ वेगड़ा, बाफणा, अब दसाणी, सुखाणी, लालानी, पटवा, मोणोत, लोढा, सोनावत, तातेड़, ढढा गुवाड़ १ जात ९ भेली बसै।

१२—डागा पूजांणी प्रोलवाला गुवाड़ १ छै।

१३—वच्छावत, डागा गुवाड़ १ बजै छै। ये तेरह गुवाड़ का नाम जानवा।

अथ महावीरजी कवलै गच्छकी १४ गुवाड़ां के नामः।

१—गवाड़ आदु छाजेड़ छजलानी, अब सुराणा, चोरड़िया, एक गुवाड़ सुराणारी बजै छै

२—जेठावत, गीडी गुवाड़ एक ही छै और इसी भी केवैलैके पेली अठै भी छजलानी भी रहते थे और अब बजै तो फकत सुराणां की है पिण सब भेलै हैं और गुवाड़ दो है।

३—गवाड़ दांती सुराणा की।

४—गवाड़ सुनावत, मलावत, आदु अब अचारज विरामण रहते हैं कई सुनावत भी है।

५—गवाड़ अभाणी, दफतरी, बगसी, भुगड़ी गुवाड़ १ अभाण्यांरी।

६—गवाड़ आंचलियां की आदु अब कावड़िया, वगसी गुवाड़ एक बजैछै वीरामण वहोत है उसमें।

७—गवाड़ वेद मुंहता की एक ही गुवाड़ छै।

८—गवाड़ सैसै बावै पासै पुगलिया, सीपाणी, आदु अब कंदोई मेसरी ढूँढनी।

९—सीपाणियां री।

१०—गवाड़ चोधरी आदु अब बांठिया, बरडिया, पुगलिया और मेसरी कोठारी।

११—गवाड़ आसाणी, झवर्यां की।

"Aho Shrut Gyanam"

१२—गवाड़ आदु धाड़ेवाल, रामपुरिया, राखेचा, मोणोत अभी है और गुवाड़ रामपुरियां राखेचांरी बजै छै।

१३—गुवाड़ वैद वागचारांरी प्रोल जिण मांयसुं कोचर निकल कै जाय गूजरां में बस्या और न्यारो कराय कै अपनी गुवाड़ बसाई। इण प्रोलमांहे सुं नीकल्योड़ा है सो जानना।

१४—गुवाड़ सींगीयां री चोकरी आदु अब सुराणा, चोरड़िया, सीपाणी इत्यादिक है।

ये चवदै गुवाड़ का नाम जानना

इन सूचियों में ओसवाल समाज के गोत्रोंकी नामावली संक्षेप से उपलब्ध होती है, इनमें से वर्त्तमान में भमाणी, बेगड़ा, आंचलिया, लालाणी, छजलाणी, चौधरी, बागचार के एक भी घर अवशेष नहीं है। शिलालेख आदि अन्य साधनों के अनुसार यहाँ लिगा, रीहड़, फसला आदि गोत्रोंके घर भी थे, पर उनमेंसे अब एक भी नहीं रहा। वर्त्तमान समयके गोत्रोंकी सूची यह है :—

१ अभाणी	२१ झाबक	४० बांठिया	५९ रामपुरिया
२ आरी	२२ डागा	४१ बेगाणी	६० लसोक
३ आसाणी	२३ ढढ्ढा	४२ बैद	६१ लूणिया
४ करणावट	२४ तातेड़	४३ बोथरा	६२ लूणावत
५ कातेला	२५ दफ्तरी	४४ बुचा	६३ लोढा
६ कावड़िया	२६ दस्साणी	४५ बोरड़	६४ श्रीश्रीमाल
७ कोचर	२७ दूगड़	४६ भणसाली	६५ सांड
८ कोठारी	२८ धाड़ीवाल	४७ भांडावत	६६ सावणसुखा
९ खटोल	२९ नाहटा	४८ भुगड़ी	६७ सिंघी
१० खजाञ्ची	३० पटवा	४९ भूरा	६८ सिरोहिया
११ गिड़ीया	३१ पारख	५० भोपाणी	६९ सीपाणी
१२ गैलड़ा	३२ पुगलिया	५१ मरोटी	७० सुखलेचा
१३ गुलगुलिया	३३ फलोधिया	५२ माल्हू	७१ सुखाणी
१४ गोलछा	३४ बगसी	५३ मिन्नी	७२ सुराणा
१५ गंग	३५ बच्छावत	५४ मुकीम	७३ सेठी
१६ चोपड़ा कोठारी	३६ बडेर	५५ मुणोत	७४ सेठिया
१७ चोरड़िया	३७ बधाणी	५६ मुसरफ	७५ सोनावत
१८ छाजेड़	३८ बरढ़िया	५७ रांका	७६ हीरावत
१९ छोरिया	३९ बहुरा	५८ राखेचा	७७ ललवाणी
२० झंवरी			७८ दुधेड़िया

घरोंकी संख्या

ओसवालोंका धर्म प्रेम शीर्षकमें दिये हुए पौषध आदि धर्मकृत्य करनेवाले श्रावकों की संख्यासे तत्कालीन जनसंख्या एवं घरोंकी संख्या का कुछ अनुमान किया जा सकता है। निश्चित

"Aho Shrut Gyanam"

रूपसे तो लाहणी-पत्रक से तत्कालीन घरोंकी संख्या ज्ञात होती है लाहण-पत्रकके अनुसार घरोंकी संख्या तीन हजारके लगभग है और वस्तोपत्रक जो कि संवत् १६०५ पोष वदि १ को सोजत निवासी सेवक कस्तूरचन्दने लिखाया है उसमें घरोंकी संख्या २७०० लिखी है पर वर्त्तमानमें उसका बहुत कुछ ह्रास होकर अब केवल १५०० के लगभग घर ही रह गये हैं।

बीकानेरमें रचित जैन-साहित्य

बीकानेरके वसानेमें ओसवाल--जैन-समाजका बहुत महत्त्वपूर्ण हाथ रहा है यह बात हम पहले लिख चुके हैं। ओसवालोंके प्रभुत्त्वके साथ साथ यहां उनके धर्मगुरुओंका अतिशय प्रभाव होना स्वाभाविक ही था, फलतः यहां खरतर गच्छके दो बड़े उपाश्रय (भट्टारक, आचार्योंकी गद्दी), उपकेश गच्छका उपाश्रय (जिनके माननेवाले वैद होनेके कारण प्रधानतः बैदोंका उपाश्रय भी कहलाता है) एवं कँवला गच्छके नामसे भी इसकी प्रसिद्धि है, पायचन्दगच्छके दो उपाश्रय यहां विद्यमान हैं। जिनमें उस गच्छके श्रीपूज्यों-गच्छनेताओंकी गद्दी है। अब उनमें से केवल खरतर गच्छके श्रीपूज्य ही विद्यमान हैं अवशेष गद्दियें खाली हैं, ये सब उपाश्रय संघके हैं जिनमें यतिलोग रहते हैं। सिंघीयोंके चौकमें सीपानियोंके बनवाया हुआ तपा गच्छका उपाश्रय है पर कई वर्षोंसे इसमें कोई यति नहीं रहता। कहनेका तात्पर्य्य यह है कि यहां इन सभी गच्छों का अच्छा प्रभाव रहा है फिर भी साहित्यिक दृष्टिसे यहांके यतियोंमें संख्या और विद्वतामें खरतर गच्छके यति ही विशेष उल्लेखनीय हैं। उनके रचित साहित्य बहुत विशाल है क्योंकि उनका सारा जीवन धर्मप्रचार, परोपकार और साहित्य साधनामें ही व्यतीत होता था, उनके पाण्डित्य की धाक राजदरबारोंमें भी जमी हुई थी। उन्हीं यतियों और कुछ गोस्वामी आदि ब्राह्मण विद्वानोंके विद्याबल पर ही "आतमध्यानी आगरै, पण्डित बीकानेर" लोकोक्ति प्रसिद्ध हुई थी। यद्यपि यहांके जैन यतियोंने बहुत बड़ा साहित्य निर्माण किया है पर हम यहां केवल उन्हीं रचनाओंकी सूची दे रहें हैं जिनका निर्माण उन रचनाओंमें बीकानेरमें होनेका निर्देश है या निश्चतरूपसे बीकानेरमें रचे जानेका अन्य प्रमाणोंसे सिद्ध है। यह सूची संवतानुक्रमसे दी जा रही है, जिससे शताब्दीवार उनकी साहित्य सेवाका आभास हो जायगा। यद्यपि बीकानेरमें रचे हुए ग्रंथ सं० १५७१ से पहलेके संवत् नामोल्लेखवाले नहीं मिलते तो भी यहां जैन साधुओंका आवागमन तो बीकानेर वसनेके साथ साथ हो गया था, निश्चित है। अनूप संस्कृत लायब्रेरीमें सप्तपदार्थी वस्तु प्रकाशिनी वृत्ति पत्र १७ की प्रति है जो कि बीकानेर वसनेके साथ साथ अर्थात् प्राथमिक दुर्ग निर्माणके भी दो वर्ष पूर्व लिखी गई थी, पुष्पिका लेख इस प्रकार है :—

इति श्री वृहद्गच्छ मण्डन पूज्य वा० श्री श्री विनयसुन्दर शिष्येन वा० मेघरत्नेन लेखि स्व पठनार्थं सप्तपदार्थी वृत्तिः॥ संवत् १५४३ वर्षे आश्विन वदि ११ दिने श्री विक्रमपुरवरे श्री विक्रमादित्य विजयराज्ये॥ ग्रंथाग्र सर्व संख्या १८४८ अक्षर ११।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेरमें लिखी हुई प्रतियोंकी संख्या प्रचुर है, वे हजारोंकी संख्यामें होनेके कारण उनकी सूची देना अशक्य है।

रचनाकाल	ग्रंथ नाम	रचयिता
सं० १५७१	लघुजातक टीका	भक्तिलाभ (ख०)
सं० १५७२	उत्तमकुमार चरित्र	चारुचन्द्र (ख०) स्वयं लिखित प्रति
सं० १५८२	आचारांग दीपिका	जिनहंससूरि (ख०)
सं० १५८३ मार्गशिर	आरामशोभा चौपाई	विनयसमुद्र उपकेश ग०
सं० १६०२ वै० सु० ५ सोम	मृगावती चौपाई	विनयसमुद्र ,,
सं० १६०२ फाल्गुन	सीता चौपाई (पद्मचरित्र)	विनयसमुद्र ,,
सं० १६०२ लगभग	संग्रामसूरि चौपाई	विनयसमुद्र ,,
सं० १६०० लगभग	निश्चय व्यवहार स्तवन	पासचन्दसूरि नागपुरी तपा
सं० १६०४	सुख-दुःख विपाक सन्धि	धर्ममेरु (ख०)
सं० १६११ दीवाली	सप्तस्मरण बालावबोध	साधुकीर्त्ति[1] (ख०)
सं० १६१८ माघ वदि ७	मुनिपति चौपाई	हीरकलश (ख०)
सं० १६२२ चैत्र सुदि १५	ललितांग कथा	हर्षकवि[2] (ख०)
सं० १६३६ का० सु० ५	अमरकुमार चौपाई	हेमरत्न[3] पूर्णिमागच्छ
सं० १६४०	प्रश्नोत्तर शत्तक वृत्ति, आदिस्त०	पुण्यसागर (ख०)
सं० १६४३ मार्गसिर	जीभदांत सम्वाद	हीरकलश ,,
,,	हीयाली	,, ,,
सं० १६४३ फा० व० ८	गजभंजन चौपाई	मुनिप्रभ ,,
सं० १६४३	वच्छराज देवराज चोपाई	कल्याणदेव ,,
सं० १६४४	नेमिदूत वृत्ति	गुणविनय ,,
सं० १६४६	रघुवंश वृत्ति	गुणविनय ,,
सं० १६४६	बारह भावना संधि	जयसोम ,,
सं० १६५१	आरामशोभा चौपाई	समयप्रमोद ,,
सं० १६५४	शब्दप्रभेद वृत्ति	ज्ञानविमल ,,
सं० १६५४	शीलोंच्छ नाम को० टीका	श्रीवल्लभ ,,
सं० १६५५	उपकेश शब्द व्युत्पत्ति	श्रीवल्लभ ,,
सं० १६६२ चैत्र	शुकराज चौपाई	सुमतिकल्लोल ,,
सं० १६६२ चैत्र सुदि १०	धर्ममंजरी चौपाई	समयराज ,,

१—बच्छावत मन्त्री संग्रामसिंहके आग्रहसे

२—हीरकलशके अनुरोधसे

३—मन्त्री कर्मचन्द्रके आग्रहसे

"Aho Shrut Gyanam"

रचनाकाल	ग्रन्थ नाम	रचयिता	
सं० १६६६ माघ सुदि ४	साधुसमाचारी बालावबोध	धर्मकीर्त्ति	(ख०)
सं० १६७७ वैशाख सुदि ५	रामकृष्ण चौपाई	लावण्यकीर्त्ति[1]	,,
सं० १६७५	सागरसेठ चौपाई	सहजकीर्त्ति	,,
सं० १६७७ लगभग	चन्दनमलयागिरि चौपाई	भद्रसेन	,,
सं० १६८३ मार्गसिर	श्रावक कुलक	समयसुन्दर	,,
	अष्टकत्रय	समयसुन्दर	,,
	आदिनाथ स्तवन	,,	,,
सं० १६८६	पृथ्वीराजकृत कृष्णरुक्मिणीवेलि बालावबोध	जयकीर्त्ति	,,
सं० १६६२ माघ सुदि ५	नेमिनाथ रास	कनककीर्त्ति	,,
सं० १६६६ कार्तिक सुदि ११	रघुवंश टीका	सुमतिविजय	,,
	मेघदूत टीका	,,	,,
	पच्चक्खाण विचार गर्भित	क्षेम	,,
	पार्श्व स्तवन		,,
सं० १७०३ (७१) माघ सुदि१३ सोम	थावच्चासुकोशल चौपाई	राजहर्ष	,,
सं० १७०५	ऋषिमण्डल वृत्ति	हर्षनन्दन	,,
सं० १७०७	दशवैकालिक गीत	जयतसी	,,
सं० १७११	उत्तराध्ययन वृत्ति	हर्षनन्दन	,,
सं० १७२१	कयवन्ना चौपाई	जयतसी	,,
सं० १७२६ विजयदशमी	अजापुत्र चौपाई	भावप्रमोद	,,
सं० १७३६ आषाढ़ बदि ५	लीलावती चौपाई	लाभवर्द्धन[2]	,,
सं० १७३८ वै० सु० १०	रात्रिभोजन चौपाई	लक्ष्मीवल्लभ	,,
सं० १७३६ माघ सु० २	सुमति नागिला चौपाई	धर्ममन्दिर	,,
सं० १७४२	चित्रसंभूति सझाय	जीवराज	,,
सं० १७४८	सुबाहु चौढालिया	बच्छराज	(लों०)
	पाण्डित्य-दर्पण	उदयचन्द्र	(ख०)
सं० १७५३ श्रा० सु० १३	छप्पय बावनी	धर्मवर्द्धन	,,
	शीलरास	धर्मवर्द्धन	,,

१—मणशाली करमघर आग्रहसे रचित

२—कोठारी जैतसीके आग्रहसे रचित

"Aho Shrut Gyanam"

रचनाकाल	ग्रन्थका नाम	रचयिता	
सं० १७५६	आदिनाथ स्तवन	दयातिलक	(ख०)
सं० १७६३ पोष वदि १३	द्रव्यप्रकाश	देवचन्द्र	,,
सं० १७६५ चैत्र	बीकानेर गजल	उदयचन्द्र	,,
सं० १७८४ चौमास	सीता चौढालिया	दौलतकीर्ति	(तपा)
सं० १७८६ विजयदशमी	भर्तृहरि शतकत्रय हिन्दीपद्य	नयणसिंह[1]	(ख०)
सं० १८०८ फाल्गुण ११	चौवीसी	जिनकीर्तिसूरि	,,
सं० १८१४ भा० व० ३	चतुर्विंशति जिनपंचाशिका	रामविजय	,,
सं० १८१४ पो० सु० १०	चित्रसेनपद्मावती चौपाई	रामविजय	,,
सं० १८३४ भा० सु० ६	गौतम रास	रायचन्द्र	
	चेलना चौपाई	रायचन्द्र	
सं० १८४० सुदि १०	मौनएकादशी कथा	जीवराज	
सं० १८४३ कार्तिक सुदि १५	धन्ना चौपाई	गुणचन्द्र	
सं० १८४७	मौनएकादशी कथा	जीवराज	
सं० १८५०	१६ स्वप्न चौढालिया	गुणचन्द्र	
सं० १८५० श्रा० सु० ७	जीवविचार वृत्ति	क्षमाकल्याण	(ख०)
सं० १८५३ वै० व० १२	प्रश्नोत्तर सार्द्ध शतक	क्षमाकल्याण	,,
सं० १८६० फा० सु० ११	मेरुत्रयोदशी व्याख्यान	क्षमाकल्याण	,,
सं० १८६७	जिनपालित जिनरक्षित चौपाई	उदयरत्न	,,
सं० १८६६ विजयदशमी	श्रीपालचरित्र वृत्ति	क्षमाकल्याण	,,
	प्रतिक्रमण हेतवः	क्षमाकल्याण	,,
सं० १८७१ मा० शुदि १	सुपार्श्वप्रतिष्ठा स्त०	क्षमाकल्याण	,,
सं० १८७१ भा० वदि १३	नवपद पूजा	ज्ञानसार	,,
सं० १८७५ मार्गसिर सुदि १५	चौवीसी	ज्ञानसार	,,
सं० १८७८ कार्तिक शु० १	विरहमानवीसी	ज्ञानसार	,,
सं० १८८० आषाढ़ शु० १३	आध्यात्मगीता बालावबोध	ज्ञानसार	,,
सं० १८७६ फा० कृ० ६	मालापिंगल	ज्ञानसार	,,
सं० १८८१ मार्ग० कृ० १३	निहालबावनी	ज्ञानसार	,,
सं० १८८२ भा० वदि १	राम लक्ष्मण सीता चौ०	शिवलाल	(लों०)
सं० १८६४ वै० व० १	षट्दर्शन समुच्चयबालावबोध	कस्तूरचंद्र	(ख०)

१—राजकुमार आनन्दसिंह के आग्रह से

"Aho Shrut Gyanam"

रचनाकाल	ग्रन्थनाम	रचयिता
सं० १८६८ फा० शु० ७	मदनसेन चौपई	सांवतराम (लौं०)
सं० १६१३ श्रा० सुदि ५	पंचकल्याणक पूजा	बालचंद्र (ख०)
सं० १६३० आषाढ़ वदि ११	४५ आगम पूजा	रामलालजी ,,
सं० १६३० ज्येष्ठ सुदि १३	सिद्धाचल पूजा	सुमतिमंडन ,,
सं० १६३६	बारहव्रत पूजा	कपूरचंद ,,
सं० १६४० श्रा० सु० १२	अष्टप्रवचनमाता पूजा	सुमतिमंडण ,,
सं० १६४० आ० सु० १०	पांचज्ञान पूजा	,, ,,
सं० १६४० मि० सु० ५	सहस्रकूट पूजा	,, ,,
सं० १६४०	वीसस्थानक पूजा	आत्मारामजी (तपा)
सं० १६४०	आबू पूजा	सुमतिमंडण (ख०)
सं० १६४५ लिखित	विविध बोल संग्रह	बलदेव पाटणी दिगम्बर
सं० १६४७	चौवीस जिन पूजा	हर्षचंद्र (पायचंदगच्छीय)
सं० १६५३	चौदहराज लोकपूजा	सुमतिमंडन (ख०)
सं० १६५३ माघ सुदि १४	पंच परमेष्टि पूजा	,, ,,
सं० १६५३ मिगसर सुदि २	दादाजी की पूजा	रामलालजी ,,
सं० १६५५	११ गणधर पूजा	सुमतिमंडन ,,
सं० १६५८ श्रावण वदि १०	जम्बूद्वीप पूजा	सुमतिमंडन ,,
सं० १६६१ माघ वदि ३	संघ पूजा	सुमतिमंडन ,,
सं० १६७८	ज्ञान दर्शन पूजा	विजयवल्लभसूरि (त०)

अब बीकानेर रियासत के भिन्न भिन्न स्थानों में जो साहित्य निर्माण हुआ है, उसकी सूची दी जा रही है :—

(१) रिणी

रचनाकाल	ग्रंथका नाम	रचयिता
सं० १६३६	मुनिमालिका	चारित्रसिंघ (ख०)
सं० १६८५	कल्पलता	समयसुन्दर ,,
सं० १६८१	यति आराधना	,, ,,
सं० १७२३	उत्तराध्ययन दीपिका	चारित्रचंद्र ,,
सं० १७२५ का० व० ६	धर्मबावनी	धर्मवर्द्धन ,,
सं० १७४६ माघ व० १३	पंचकुमारकथा	लक्ष्मीवल्लभ ,,

"Aho Shrut Gyanam"

(२) लूणकरणसर

रचनाकाल	ग्रंथका नाम	रचयिता	
सं० १६८५	विशेष संग्रह	समयसुंदर	(ख०)
सं० १६८४	संतोष छत्तीसी	,,	,,
सं० १६८४ श्रावण	दुरियर वृत्ति	,,	,,
सं० १६८४	कल्पलता प्रारंभ	,,	,,
सं० १६८५	विसंवाद शतक	,,	,,
सं० १७२२ मेरु तेरस	२८ लब्धिस्तवन	धर्मवर्द्धन	,,
सं० १७३२ मिगसर	३४ अतिसय स्तवन	जयवर्द्धन	,,
सं० १७४२	कुलध्वज चौपाई	विद्यविलास	,,
सं० १७५० मिगसर	रात्रिभोजन चौपाई	कमलहर्ष	,,
सं० १७८० आश्विन सुदि ३ रवि	मानतुंग मानवती रास	पुण्यविलास	,,
सं० १८४०	पार्श्वनाथ सलोका, पार्श्व स्तवन	दौलत	,,

(३) कालू

सं० १८१६ नेमिजन्म दिन	रत्नपाल चौपाई	रघुपत्ति	,,

(४) घड़सीसर

सं० १६८२ भादवा सुदि ६	धर्मबुद्धि पापबुद्धि चौपई	चन्द्रकीर्त्ति	,,
सं० १८०६ प्र० भादवा सुदि १५	श्रीपाल चौपाई	रघुपत्ति	,,

(५) नोखा

सं० १७१०	दामन्नक चौपाई	ज्ञानहर्ष	,,
सं० १७१५	श्रावकाराधना	राजसोम	,,

(६) भटनेर

सं० १७५० अषाढ सुदि १५	वनराजर्षि चौपाई	कुशललाभ	,,
	मेघदूत वृत्ति	लक्ष्मीनिवास	,,

(७) नौहर

सं० १७११ कार्तिक	मूलदेव चापाई	रामचन्द्र	,,

(८) महाजन

सं० १७३७ फा० सु० १०	ऋषभदत्तरूपवती चौपाई	अभयकुशल	,,

(९) नापासर

सं० १७४० जे० सु० १३	धर्मसेन चौपाई	यशोलाभ	,,
सं० १७८७ द्वि० भा० व० १	रात्रिभोजन चौपाई	अमरविजय	,,
सं० १७६८ भा० सु० ५	सुदर्शन चौपाई	अमरविजय	,,

"Aho Shrut Gyanam"

रचनाकाल	ग्रंथका नाम	रचयिता	
सं० १८०३ माघ सुदि १५	जैनसार बावनी	रघुपत्ति	(ख०)
(१०) गारबदेसर			
सं० १८०६ विजयादशमी	केशी चौपाई	अमरविजय	,,
(११) रायसर			
सं० १७७०	अरहन्ना सज्झाय	अमरविजय	,,
सं० १७७५	मुंछ माखण कथा	,,	,,
सं० १८०३ धनतेरस	धर्मदत्त चौपाई	अमरविजय	,,
(१२) केसरदेसर			
सं० १८०३ प्रथम दिवस	नन्दिषेण चौपाई	रघुपत्ति	,,
(१३) तोलियासर			
सं० १८२५ फाल्गुन	सुभद्रा चौपाई	रघुपत्ति[1]	,,
सं० १८२५ ऋषि पंचमी	प्रस्ताविक छप्पय बावनी	रघुपत्ति	,,
(१४) देशनोक			
सं० १८६१ माघ सुदि ५	सुविधि प्रतिष्ठा स्तवन	क्षमाकल्याण	,,
सं० १८८३	खंदक चौढालिया	उदयरत्न	,,
(१५) देसलसर			
सं० १८०८ लगभग	४२ दोषगर्भित स्तवन	रघुपत्ति	,,
(१६) बिगयपुर (बिगा)			
सं० १६७६ प्र० आश्विन सुदि १३	गुणावली चौपाई	ज्ञानमेरु	,,
(१७) बापड़ाऊ (बापेऊ)			
सं० १६५० लगभग	विजयतिलककृत आदि स्त०बालावबोध	गुणविनय[2]	,,
(१८) रतनगढ़			
सं० १६६५	तेरापन्थी नाटक	यति प्रेमचन्द	,,
(१६) राजलदेसर			
सं० १६२२ भादव सुदि ५	सोलहस्वप्न सज्झाय गा०२०	हर्षप्रभ शि०हीरकलश[3]	,,
(२०) सेरूणा			
सं० १६४७	वैराग्यशतक वृत्ति[4] पत्र २२	गुणविनय	,,
सं० १६५७	विचार रत्न संग्रह हुंडिका	गुणविनय	,,
(२१) पूगल			
सं० १७०७	दुर्जन दमन चौपाई	ज्ञानहर्ष	,,

१—प्रोहितोंके राज्यमें दीपचन्दके आग्रह से २—ज्ञाननन्दनके आग्रह से ३ संघके आग्रह से

४ - कविके स्वयं लिखित बीकानेर ज्ञानभण्डारकी प्रतिमें :—"सेरुनक नाम्निवर नगरे"

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेर के जैन मन्दिरों का इतिहास

बीकानेर के बसने में जैन श्रावकों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। वीरवर बीकाजी के साथ में आए हुए प्रतिष्ठित व्यक्तियों में बोहित्थरा वत्सराज आदि के नाम उल्लेखनीय है, यह बात हम पूर्व लिख चुके हैं। वह समय धार्मिक श्रद्धाका युग था अतः बीकानेर बसने के साथ साथ जैन श्रावकोंका अपने उपास्य[1] जैन तीर्थङ्करोंके मन्दिर निर्माण कराना स्वाभाविक ही है—कहा जाता है कि बीकानेर के पुराने किलेकी नींव जिस शुभ मुहूर्त्त में डाली गई उसी मुहूर्त्त में श्री आदिनाथ मुख्य चतुर्विंशति जिनालय (चउवीसटा) का शिलान्यास किया गया था। इस मन्दिर के लिए मूलनायक प्रतिमा मण्डोवर से सं० १३८० में श्री जिनकुशलसूरिजी प्रतिष्ठित लायी गई थी। सं० १५६१ में मन्दिर बन कर तैयार हो गया, यह बीकानेर का सब से पहला जैन मन्दिर है और बीकाजी के राज्यकाल में ही बन चुका था। लोकप्रवाद के अनुसार श्री भाण्डासर (सुमतिनाथजी) का मन्दिर पहले बनना प्रारंभ हुआ था पर यह तो स्पष्ट है कि उपर्युक्त मन्दिर श्री चिन्तामणिजी के पीछे प्रसिद्धि में आया है। शिलालेख के अनुसार भांडासाह कारित सुमतिनाथ जी का मन्दिर सं० १५७१ में बन कर तैयार हुआ था यह संभव है कि इतने बड़े विशाल मन्दिर के निर्माण में काफी वर्ष लगे हों पर इसकी पूर्णाहुति तो श्री चिन्तामणि—चौवीसटाजी के पीछे ही हुई है। इसी समय के बीच बीकानेर से शत्रुंजय के लिये एक संघ निकला था जिसमें देवराज—वच्छराज प्रधान थे। उसका वर्णन साधुचंद्र कृत तीर्थराज चैत्य परिपाटी में आता है। उसमें बीकानेर के ऋषभदेव (चौवीसटाजी) मन्दिर के बाद दूसरा मन्दिर वीर भगवान का लिखा है अतः सुमतिनाथ (भांडासर) मन्दिर की प्रतिष्ठा महावीर जी के मन्दिर के बाद होनी चाहिये। मं० वत्सराज के पुत्र कर्मसिंहने नमिनाथ चैत्य बनवाया जिसकी संस्थापना सं० १५५६ में और पूर्णाहुति सं० १५७० में हुई। लौंकागच्छ पट्टावली के अनुसार श्री महावीरजी (बैदों का) के मन्दिर की नींव सं० १५७८ के विजयादशमीको डाली गई थी पर यह संवत् विचारणीय है। श्री नमिनाथ जिनालय के मूलनायक सं० १५६३ में प्रतिष्ठित हैं। सोलहवीं शती में ये चार मन्दिर ही बन पाए थे। सं० १६१६ में बीकानेर से निकले हुए शत्रुंजय यात्रीसंघ की चैत्यपरिपाटी में गुणरंग गणिने बीकानेर के इन चारों मन्दिरों का ही वर्णन किया है :—

"बीकनयरह तणइ संचि उच्छव रली, यात्रा सेत्रुंजगिरि पंथ कीधी वली।
ऋषभ जिण सुमति जिण नमवि नमि सुहकरो, वीर सिद्धत्थ वर राय कुल सुन्दरो।"

अतः संवत् १६१६ तक ये चार मन्दिर ही थे यह निश्चित है। इसके पश्चात् सं० १६३३ में तुरसमखानने सीरोही लूटी और लूटमें प्राप्त १०५० धातु-मूर्त्तिएं फतैपुर सीकरी में सम्राट् अकबरको भेंट की। ५-६ वर्ष तक वे प्रतिमाएं शाही खजाने में रखी रही व अंत में बीकानेर नरेश रायसिंहजी के साहाय्यसे मंत्रीश्वर कर्मचन्द्रजी सम्राटसे प्राप्त कर उन्हें बीकानेर

१—बीकानेरके मन्दिरोंके बननेके पूर्व बोहिथरा देवराजने श्रीशीतलनाथ चतुर्विंशति पट्ट बनवा कर सं० १५३४

"Aho Shrut Gyanam"

लाये उनमेंसे वासुपूज्य मुख्य चतुर्विंशति प्रतिमाको मूलनायक रूपसे अलग मन्दिरमें स्थापितकी। इस प्रकार पांचवां मन्दिर श्री वासुपूज्य स्वामीका प्रसिद्ध हुआ। सं० १६४४ में बीकानेर से निकले हुए यात्री संघकी गुणविनयजी कृत चैत्य परिपाटी में इन पांचों मन्दिरोंका उल्लेख इस प्रकार पाया जाता है :—

"पढम जिण वंदि बहु भाव पूरिय मणं, सुमति जिण नमवि नमि वासुपूज्यं जिनं।
वीर जिण धीर गंभीर गुण सुन्दरं, कुसलकर कुसलगुरु भेटि महिमाधरं ॥२॥"

इससे निश्चित होता है कि सं० १६४४ तक बीकानेर में ये ५ चैत्य थे। इनके बाद सं० १६६२ मिती चैत्र वदि ७ के दिन नाहटों की गवाड़ स्थित विशाल एवं भव्य शत्रुञ्जयावतार ऋषभदेव भगवान्के मन्दिरकी प्रतिष्ठा युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजीके कर कमलोंसे हुई। यद्यपि डागोंकी गवाड़के श्री महावीर जिनालयकी प्रतिष्ठा कब हुई इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता फिर भी युगप्रधान जिनचन्द्रसूरिजीके विहारपत्रमें सं० १६६३ में भी बीकानेर में सूरिजीके द्वारा प्रतिष्ठा होनेका उल्लेख होनेसे इस मन्दिरका प्रति ठा संवत् यही प्रतीत होता है। कविवर समयसुन्दरजी विरचित विक्रमपुर चैत्य परिपाटीमें इन सात मन्दिरोंका ही उल्लेख है। हमारे ख्यालसे यह स्तवन सं० १६६४ ७० के मध्य का होगा। इसी समयके लगभग श्री अजितनाथ जिनालयका निर्माण होना संभव है। नागपुरीतपागच्छके कवि विमलचारित्र, कनककीर्ति, धर्मसिंह और लालखुशाला इन चारों के चैत्य-परिपाटी स्तवनोंमें श्री अजितनाथजीके मन्दिरको अन्तिम मन्दिर के रूपमें निर्देश किया है। समयसुन्दरजी अपने तीर्थमाला स्तवनमें इन आठ चैत्योंका ही निर्देश करते हैं—"बीकानेर ज वंदियै चिरनंदियैरे अरिहंत देहरा आठ" इस तीर्थमालाका सर्वत्र अधिकाधिक प्रचार होनेके कारण बीकानेरकी इन आठ मन्दिरोंवाले तीर्थके रूपमें बहुत प्रसिद्धि हुई। इसी समय दो गुरु मन्दिरोंका भी निर्माण हुआ जिनमेंसे पार्श्वचंद्रसूरि स्तूप सं० १६६९ और यु० जिनचन्द्रसूरि पादुका—स्तूप सं० १६७३ में प्रतिष्ठित हुए। उपलब्ध चैत्य परिपाटियोंमें से धर्मसिंह और लालखुशालकी कृतिएं सं० १७५६ के लगभगकी हैं एवं सं० १७६५ की बनी हुई बीकानेर गजलमें भी इन आठ मन्दिरोंका ही उल्लेख है। सं० १८०१ में राजनगरमें रचित जयसागर कृत तीर्थमाला स्तवन में "आठ चैत्ये बीकानेरे" उल्लेख है। अतः सं० १८०१ तक ये आठ मन्दिर ही थे इसके अनन्तर कविवर रघुपति रचित श्री शान्तिनाथ स्तवन में ९ वें मन्दिर शान्तिनाथजीका (जो चिन्तामणिजीके गढ में हैं) सं० १८१७ मार्गशीष कृष्णा ५ के दिन पारख जगरूप के द्वारा बनवाकर प्रतिष्ठित होनेका उल्लेख है। अर्थात् लगभग १५० वर्ष तक बीकानेरमें उपर्युक्त ८ चैत्य ही रहे। इसके बाद १९ वीं शतीमें बहुत से मन्दिरोंका निर्माण एवं श्री अजितनाथजी (सं० १८५५) और गौड़ी पार्श्वनाथजी (सं० १८८६) के मन्दिरका जीर्णोद्धार हुआ।

में श्री जिनभद्रसूरि पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरिसे प्रतिष्ठा करवाई संभवतः यह प्रतिमा वे बीकानेरमें आते समय साथ लाए और दर्शन पूजन करते थे। श्री महावीरजी (बैदों) के मन्दिरमें एक धातु प्रतिमा सं० १५५५ में विक्रमपुरमें देवगुप्तसूरि प्रतिष्ठित विद्यमान है। बीकानेरमें हुई प्रतिष्ठाओंमें यह उल्लेख सर्व प्रथम है।

"Aho Shrut Gyanam"

शिलालेखोंके अनुसार नाहटोंकी गुवाड़ में श्री आदिनाथजीके मन्दिरके अन्तर्गत श्री पार्श्वनाथजी सं० १८२६, नाहटोंकी गुवाड़में श्रीसुपार्श्वनाथजीका मन्दिर सं० १८७१, नाहटोंकी बगीचीमें पार्श्वनाथजीकी गुफा सं० १८७२ से पूर्व, कोचरोंकी गुवाड़में पार्श्वनाथजी सं० १८८१, श्री सीमंधर स्वामी (भांडासरजीके गढमें) सं० १८८७, गौड़ी पार्श्वनाथजीके अन्तर्गत सम्मेतशिखर मन्दिर सं० १८८६, बेगानियोंकी गुवाड़के श्री चंद्रप्रभुजीका सं० १८६३, कोचरोंकी गुवाड़के श्री आदिनाथजी सं० १८६३, नाहटोंकी गुवाड़के श्री शान्तिनाथजी सं० १८६७ में प्रतिष्ठित हुए। अन्य मन्दिर भी जिनका निर्माणकाल शिलालेखादि प्रमाणोंके अभावमें अनिश्चित है, इसी शताब्दीमें बने हैं। २० वीं शताब्दीमें भी यह क्रम जारी रहा और सं० १६०५ में बैदोंके महावीरजीमें संखेश्वर पार्श्वनाथजीकी देहरी और इसी संवत्में इसके पासकी देहरीमें पंचकल्याणक, सिद्धचक्र व गिरनारजीके पट्टादि प्रतिष्ठा, सं १६२३ में गौड़ी पार्श्वनाथजीके अन्तर्गत आदिनाथजी, सं० १६२४ में सेटूजी कारित श्री संखेश्वर पार्श्वनाथ मन्दिर, सं० १६३१ में रांगड़ीके चौकमें श्री कुथुंनाथजीका मन्दिर, सं० १६६४ में श्री विमलनाथजीका मन्दिर (कोचरोंमें) प्रतिष्ठित हुआ। सं० १६६३ में दूगड़ोंकी बगीचीका गुरु मन्दिर, सं० १६६७ महो० रामलालजीका गुरुमन्दिर प्रतिष्ठित हुआ। सं० १६८७ में रेलदादाजीका जीर्णोद्धार हुआ। उपाश्रयादिके अन्य कई मन्दिर भी इसी शताब्दीमें प्रतिष्ठित हुए हैं पर उनके शिलालेखादि न मिलनेसे निश्चित समय नहीं कहा जा सकता। सं० २००१ वै० सुदी ६ को कोचरोंकी बगीचीमें पार्श्वजिनालय और गुरुमन्दिरकी प्रतिष्ठा हुई है। बौरोंकी सेरीमें भी श्री महावीर स्वामी एक नया मन्दिर निर्माण हुआ जिसकी प्रतिष्ठा सं० २००२ मार्गशीर्ष कृष्णा १० को हुई।

अब उपर्युक्त मन्दिरोंका पृथक्-पृथक् रूपसे संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है—

श्री चिन्तामणिजीका मन्दिर

यह मन्दिर बाजारके मध्यमें कन्दोइयोंके दुकानोंके पास है। जैसा कि पूर्व कहा जा चुका है, बीकानेर दुर्गके साथ-साथ इसका शिलान्यास होकर सं० १५६१ के आषाढ़ शुक्ला ६ रविवार को पूर्ण हुआ। शिलालेखसे विदित होता है कि इसे श्री संघने राव श्रीबीकाजीके राज्यमें बनवाया था। मूलनायक श्री आदिनाथ मुख्य चतुर्विंशति प्रतिमा सं० १३८० में श्री जिनकुशलसूरि प्रतिष्ठित और नवलखा गोत्रीय सा० नेमिचंद्र कारित, जो कि पहले मंडोवरमें मूलनायक रूपमें थी, यहाँ प्रतिष्ठितकी गई। चतुर्विंशति प्रतिमा होनेके कारण इस मन्दिरका नाम "चौवीसटाजी" प्रसिद्ध हुआ। सतरहवीं शतीमें इसका नाम श्रीसार एवं एक अन्य कविने "चउवीसटा चिन्तामणि" लिखा है। १८ वीं शताब्दीके चैत्य परिपाटी स्तवनोंमें "चउवीसटाजी" लिखा है किन्तु अब वह नाम विस्मृत होकर श्री चिन्तामणिजीके नामसे ही इस मन्दिरकी प्रसिद्धि है, जब कि "चिन्तामणि" विशेषण साधारणतया श्री पार्श्वनाथ भगवानके सम्बोधनमें ही प्रयुक्त होता है।

"Aho Shrut Gyanam"

सं० १५९१ में राव जयतसीके समयमें हुमायुंके भाई, कामरां (जो लाहौरका शासक था) ने भटनेर पर अधिकार कर बीकानेर पर प्रबल आक्रमण किया। उसने गढ़ पर अधिकार कर लिया[1]। उस समय उसके सैन्यने इस मन्दिरके मूलनायक चतुर्विंशति पट्ट के परिकरको भग्न कर डाला, जिसका उद्धार बोहित्थरा गोत्रीय मंत्रीश्वर वच्छराज (जिनके वंशज वच्छावत कहलाए) के पुत्र मंत्री वरसिंह-पुत्र मं० मेघा-पुत्र मं० वयरसिंह और मं० पद्मसिंहने किया। शिलालेखमें उल्लेख है कि महं० वच्छावतोंने इस मन्दिरका परघा बनवाया। मूलनायकजीके परिकरके लेखानुसार संवत् १५९२ में श्री जिनमाणिक्यसूरिजीने पुनः प्रतिष्ठा की। इसके पश्चात सं० १५९३, १५९५ और १६०६ में श्री जिनमाणिक्यसूरिजीने कई प्रतिमाओं एवं चतुर्विंशति जिन मातृकापट्टकी प्रतिष्ठा की।

इस मन्दिरमें दो भूमिगृह हैं जिनमेंसे एकमें सं० १६३९ में मंत्रीश्वर कर्मचन्दके लायी हुई १०५० धातु प्रतिमाएँ रखी गईं। सम्भवतः इन प्रतिमाओंकी संख्या अधिक होनेके कारण प्रतिदिन पूजा करनेकी व्यवस्थामें असुविधा देखकर इन्हें भण्डारस्थ कर दी होंगी। इन प्रतिमाओंके यहां आनेका ऐतिहासिक वर्णन उ० समयराज और कनकसोम विरचित स्तवनोंमें पाया जाता है, जिसका संक्षिप्त सार यह है :—

सं० १६३३ में तुरसमखानने सिरोही की लूटमें इन १०५० प्रतिमाओंको प्राप्तकर फतहपुर सीक्रीमें सम्राट अकबरको समर्पण की। वह इन प्रतिमाओंको गालकर उनमेंसे स्वर्णका अंश निकालनेके लिए लाया था। पर अकबरने इन्हें गलानेका निषेधकर आदेश दिया जहां तक मेरी दूसरी आज्ञा न हो, इन्हें अच्छी तरह रखा जाय। श्रावकलोगोंको बड़ी उत्कंठा थी कि किसी तरह इन्हें प्राप्तकी जाय पर ५-६ वर्ष बीत गये, कोई सम्राटके पास प्रतिमाओंके लानेका साहस न कर सका अन्तमें बीकानेर नरेश महाराजा रायसिंहको मंत्रीश्वर कर्मचन्द्रने उन प्रतिमाओंको जिस किसी प्रकारसे प्राप्त करनेके लिये निवेदन किया। राजा रायसिंहजी बहुत-सी भेंट लेकर अकबरके पास गये और उसे प्रसन्नकर प्रतिमायें प्राप्त कर लाए। सं० १६३९ आषाढ़सुदि ११ वृहस्पतिवारके दिन महाराजा, १०५० प्रतिमाओंको अपने डेरेपर लाये, और आते समय उन्हें अपने साथ बीकानेर लाए। जब वे प्रतिमायें बीकानेर आई तो मंत्रीश्वर कर्मचन्दने संघके साथ सामने जाकर बड़े समारोहके साथ प्रवेशोत्सव किया और उनमेंसे श्री वासुपूज्य चतुर्विंशति पट्टको अपने देहरासरमें मूलनायक रूपमें स्थापित किया।

ये प्रतिमायें आज भी उसी गर्भगृहमें सुरक्षित है और खास-खास प्रसंगोंमें बाहर निकाल कर अष्टान्हिका महोत्सव, शान्ति-स्नात्रादिके साथ पूजनकर शुभ मुहूर्त्तमें वापिस विराजमान कर दी जाती हैं। गत वर्षोंमें सं० १९८७ में जैनाचार्य श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजीके बीकानेर

---

१ सं० १५९१ के मिगसर वदि ४ को रात्रिके समय राव जयतसीने अपने चुने हुये १०९ वीर राजपूत सरदारों और भारी सेनाके साथ मुगलोंकी सेना पर आक्रमण किया इससे वे लोग लाहौरकी ओर भाग छूटे और गढ पर राव जैतसी का पुनः अधिकार हो गया।

"Aho Shrut Gyanam"

चातुर्मासमें का० सु० ३ को बाहर निकाली गई थी और मिती मिगसर बदि ४ को वापिस विराजमान की गई उसके पश्चात् सं० १९९५ में श्री हरिसागरसूरिजी के पधारने पर भादवा वदि १ को निकाली जाकर सुदि १० को रखी और सं० २००० में श्री मणिसागरसूरिजी के शुभागमनमें उपधान तप के उपलक्ष्य में बाहर निकाली गई थी। हमने इन प्रतिमाओं के लेख सं० १९९५ में लिए थे पर उनमें से आधे लेखों की नकल खोजाने से पुनः सं० २००० में समस्त लेखोंकी नकल की। मान्यता है कि इन प्रतिमाओं को निकालने से अनावृष्टि महामारी आदि उपद्रव शान्त हो जाते हैं। अभी इन प्रतिमाओं की संख्या ११०१ है। जिसमें जिसमें २ पाषाण की १ स्फटिक की और शेष धातु-निर्मित हैं।

दूसरे भूमिगृह में पाषाण की खंडित प्रतिमायें और चरणपादुकायें रखी हुई हैं जिन के लेख भी इस ग्रन्थ में प्रकाशित किये गये हैं।

सं० १६८३ में समयसुन्दरजी ने चौवीसटा स्तवन में इस मन्दिर की खास-खास प्रतिमाओं के वर्णन में चतुर्विंशति जिन मातृपट्ट, श्री जिनदत्तसूरि और श्री जिनकुशलसूरि मूर्ति का उल्लेख किया है। सहजकीर्ति ने भी पहले मंडप में वाम पार्श्व में मातृ पट्ट एवं जिनदत्तसूरि और जिनकुशलसूरि मूर्तियोंका उल्लेख किया है। कनककीर्ति ने पाषाण, पीतल और स्फटिक की प्रतिमायें मरुदेवी माता, जिनदत्तसूरि और जिनकुशलसूरि मूर्ति का उल्लेख किया है। सं० १७५५ में श्री लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय ने सं० ३५ औ सं० ३६ की प्राचीनतम मूर्तियाँ, शत्रुंजय, गिरनार, समेतशिखर, विहरमान, सिद्धचक्र व समवसरण का पट्ट; कटकड़े में शांतिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर और विमलनाथजी के बिम्ब, प्रवेश करते दाहिनी ओर गौड़ी पार्श्व (सप्त-धातु-मय), संभवनाथजी की श्वेत मूर्ति आदि बाँइ ओर, दोनों तरफ भरत, बाहुबली की काउसग्ग मुद्रा मूर्ति, सप्त धातुमय सत्तरिसय यंत्र, २४ जिन मातृ पट्ट, स्फटिक पाषाण व धातु प्रतिमायें एवं दोनों दादा गुरुदेवों की मूर्तिओं का उल्लेख किया है।

इस मन्दिर के दाहिनी ओर कई देहरियाँ हैं जिनमें श्री जिनहर्षसूरिजी के चरण, श्री जिनदत्तसूरि मूर्ति, मातृपट्ट, नेमिनाथजी की बरात का पट्ट, १४ राजलोक के पट्ट, सप्तफणा पार्श्वनाथजी आदि की मूर्तियाँ है। एक परिकरपर सं० ११७६ मि० ब० ६ को अजयपुर में महावीर प्रतिमा को राण समुदाय के द्वारा बनवाने का उल्लेख है। एक देहरी की पाषाणपट्टिका पर सं० १६२४ आषाढ सुदि १० वृहस्पतिवार को लक्ष्मीप्रधानजी के उपदेश से बीकानेर संघ के द्वारा बनवाने का उल्लेख है। मन्दिर के बाँयी ओर श्री शांतिनाथजी का मन्दिर है जिसका परिचय इस प्रकार है :—

श्री शांतिनाथजी का मन्दिर

बीकानेर के मन्दिरों में यह ६ वाँ मन्दिर हैं। इससे पहिले यहाँ आठ मन्दिर ही थे, यह हम आगे लिख चुके हैं। पाठक श्री रघुपत्तिजी के बनाये हुये स्तवन से ज्ञात होता है कि इसे पारख

"Aho Shrut Gyanam"

जगरूप के वंश में मुहकम, सुरूप, अभयराज और राजरूप ने बनवा कर सं० १८१७ के मिती मिगसर बदि ५ गुरुवार के दिन प्रतिष्ठा करवाई थी किन्तु इस समय श्री पार्श्वनाथ भगवान की बड़ी धातुमय प्रतिमा विराजमान है जो सं० १५४६ जेष्ठ बदि १ गुरुवार ने दिन श्री जिनसमुद्र सूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है, न मालुम कब और क्यों यह परिवर्त्तन किया गया ? इस मन्दिर में पाषाण की मूर्तियाँ बहुत सी हैं पर उनके प्रायः सभी लेख पत्ती में दबे हुए हैं।

भांडाशाह कारित सुमतिनाथ मंदिर-भांडासर

यह मन्दिर (भांडासरजी का मन्दिर) सुप्रसिद्ध राजमान्य श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर के पासमें है। वह मन्दिर ऊँचे स्थान पर तीन मंजिला बना हुआ होनेके कारण २०-२५ मीलकी दूरीसे दृश्यमान इसका शिखर भांडासाह की अमरकीर्त्ति का परिचय दे रहा है। यह मन्दिर बहुत ही विशाल, भव्य, मनोहर और कलापूर्ण है। मन्दिर में प्रवेश करते ही भक्तिभाव का संचार हो जाता है और भमती के विभिन्न सुन्दर शिल्पको देखकर भांडासाह का कला-प्रेम और विशाल हृदय का सहज परिचय मिलता है। तीसरे मंजिल पर चढ़ने पर सारा बीकानेर नगर और आस-पासके गांवोंका सुरम्य अवलोकन हो जाता है। इस मन्दिर के मूलनायक श्री सुमतिनाथ भगवान होने पर भी इसके निर्माता भांडासाह के नामसे इस की प्रसिद्धि भांडासरजी के मन्दिर रूपमें है। शिलालेखसे ज्ञात होता है कि सं० १५७१ के आश्विन शुक्ला २ को राजाधिराज श्री लूणकरणजी के राज्यकाल में श्रेष्ठी भांडासाह ने इस "त्रैलोक्य-दीपक" नामक प्रासाद को बनवाया और सूत्रधार गोदाने निर्माण किया।

संखवाल गोत्रके इतिहास में इन भांडासाह को संखवाल गोत्रीय सा० माना के पुत्र लिखा है। साहमाना के ४ पुत्र थे—१ सांडा, २ भांडा, ३ तोड़ा, ४ चौंडा। जब ये छोटे थे तो इनके सम्बन्धियोंने श्री कीर्त्तिरत्नसूरिजी को इन्हें दीक्षित करने की प्रार्थना की, तब उन्होंने फरमाया – ये भाई लाखों रुपये जिनेश्वर के मन्दिर निर्माणादि शुभ कार्योंमें व्यय कर शासनकी बड़ी प्रभावना करेंगे! वास्तव में हुआ भी वैसा ही, साहसांडा ने सत्तूकार (दानशाला) खोला, भांडाने बीकानेर में यह अनुपम मन्दिर बनवाया, तोड़ेने संघ निकाला और चौंड़ाने भी दानशाला खोली। साहभांडा के पुत्र पासवीर पुत्र वीरम, धनराज और धर्मसी थे। वीरम के पुत्र श्रीपाल पुत्र श्रीमलने जोधपुर में मन्दिर बनवाया। अब इस मन्दिर के विषय में जो प्रवाद सुनने में आये है वे लिखते हैं।

साहभांडा घीका व्यापार करते थे। चित्रावेलि या रसकुंपिका मिल जानेसे ये अपार धनराशिके स्वामी हुए। उनका इस मन्दिर को सात मंजिला और बावन जिनालय बनवाने का विचार था पर इसी बीच आपका देहावसान हो जानेसे साहसांडा या इनके पुत्रादि ने पूर्ण कराया। इनके धर्म-प्रेमके सम्बन्ध में कहा जाता है कि जब मन्दिर की नींव डाली गई तब एक दिन घी में मक्खीके पड़ जानेसे भांडासाह ने उसे निकाल कर अंगुली के लगे हुए घी को जूती पर

"Aho Shrut Gyanam"

रगड़ दिया यह देखकर कारीगरों ने सोचा जो इतनेसे घीके लिए विचार करता है, वह क्या मन्दिर बनवायेगा परीक्षार्थ कारीगरों ने सेठजी को कहा—इस मन्दिर के निरुपद्रव और सुदृढ़ होनेके लिए इसकी नींवमें घी, खोपरे डालना आवश्यक है। भांडासाह ने तत्काल सैकड़ों मन घी मंगवा कर नींवमें डालना प्रारंभ किया। कारीगरों ने विस्मित होकर घीको नींवमें डलवाना बंदकर दिया और कहा कि क्षमा कीजिये, हम तो परीक्षा ही लेना चाहते थे कि जो अंगुली के लगे घी को जूतीके रगड़ देते हैं वे मन्दिर कैसे बनवायेंगे ? भांडासाह ने कहा—हम लोग व्यर्थकी थोड़ी चीज भी न गँवाकर शुभ कार्यमें अपनी विपुल अस्थिर संपत्ति को लगाने में नहीं हिचकते। और घीको यत्र-तत्र पोंछने, गिराने से जीव विराधना की सम्भावना रहती है अब तो यह घी जिस नींवमें डालने के निमित्त आया है उसीमें डाला जायगा। ऐसा कह कर सारा घी नींवमें उंडेल दिया गया। इससे आपकी गहरी मनस्विताका परिचय मिलता है। कहा जाता है कि इस मन्दिरको बनवाने के लिए जल "नाल" गाँवसे और पत्थर जेसलमेर से मंगवाते थे। अतएव इस मन्दिर के निर्माण में लाखों रुपये व्यय हुए थे, इसमें कोई शक नहीं। कई वर्ष पूर्व बीकानेर के संघने जीर्णोद्धार, व रंग व सुनहरे वेल पत्तियोंका काम कराके इसकी शोभामें अभिवृद्धि की है।

राजसमुद्रजीकृत स्तवन में इसे त्रिभूमिया और गुणरंग एवं लालचंद ने स्तवन में चौभूमिया और चौमुखी के रूपमें उल्लेख किया है।

श्री सीमन्धर स्वामीका मन्दिर

यह मन्दिर भांडासरजी के अहाते में सं० १८८७ में बना था। यहाँ मिती अषाढ़ शुक्ला १० को २५ जिन बिंबोंकी प्रतिष्ठा श्री जिनहर्षसूरिजी द्वारा होनेका उल्लेख उदयरत्न कृत स्तवन में पाया जाता है। शिलालेख में इस मन्दिर का निर्माण उ० क्षमाकल्याणजी गणिके शि० धर्मानंदजी के उपदेश से होनेका उल्लेख है। इस मन्दिर की एक देहरी में क्षमाकल्याणोपाध्यायजी की मूर्त्ति व आलोंमें कई साध्वियों की चरणपादुकाएँ हैं।

श्री नमिनाथजी का मन्दिर

श्री भांडासरजी के मन्दिर के पीछे श्री लक्ष्मीनारायण पार्कमें यह मन्दिर अवस्थित है। मंत्रीश्वर वत्सराज के पुत्र मं० कर्मसिंह ने यह मन्दिर सं० १५७० में बनवाया। मूलनायकजी की प्रतिष्ठा सं० १५९३ माघ वदि १ गुरुवार को श्री जिनमाणिक्यसूरिजी ने की, अन्य प्रतिमाओं के लेख पच्चीमें दबे हुए हैं। यह मन्दिर भी विशाल, सुन्दर और कला-पूर्ण है। इस मन्दिर में जलका कुण्ड बंगाल आसाम के संघके द्रव्य सहाय्यसे चोरड़िया सीपानी चुन्नीलाल ने सं० १९२४ में बनवाया। इस मन्दिर के अधिष्ठायक भोमियाजी बड़े चमत्कारी हैं और प्रति बुधवार को बहुत से लोग दर्शन करने आते हैं। कहा जाता है कि ये भोमियाजी मन्दिर निर्माता मंत्री कर्मसिंहजी स्वयं हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री महावीर स्वामीका मन्दिर (बैदोंका चौक)

यह मन्दिर बैदों और अचारजोंके चौकके बीचमें हैं। इसके निर्माणके सम्बन्धमें नागौरी लुंकागच्छकी पट्टावलीमें इस प्रकार उल्लेख पाया जाता है : -

"सं० १५४५ राव बीकैजी बीकानेर वसायौ तठा पछे सं० १५६६ माघ सुदि ५ रयणुजी बीकानेर आया रावश्री बीकाजी राज्ये घरांरी जमीन लीवी। पछै बीकानेरमें रयणुजी आधो चार राख्यो। हिवे सं० १५६२ श्री चउवीसटैजी रो मंदिर वच्छावता तथा सर्व पंचां करायौ"'। पछै काती सुदि १५री पूजा करता रयणुजी कह्यौ आज पूजा पहला म्हे करसां तद वच्छावत कह्यौ साहजी म्हांरौ करायौ मंदिर छै म्हांरी मंडोवर सुं लायोड़ी प्रतिमा छै सो आजरी बड़ी पूजा म्हे करसां. काले थे करजो ! इणतरै मांहोमांह बोलाचाली हुई। तद वच्छावतां कह्यौ साहजी इतरो जोर तो नवो देहरो करायनै करो तद रयणुजी देहरैसुं निकलनै घरेआया मनमें घणा उदास हुयनै विचार्यौ नवो देहरो करायां बिना मूंछ रहै नहीं। द्रव्य तो लगावनरी म्हांरै गिनती छै नहीं पिण उणां रे मेंतफो (?) राखणो नहीं इसो मनमें विचार करने चौइसटैजी जावणो छोड़दियो पछै घणा ही विख्टाला फिर्या पिण रयणुजी गया नहीं तठा पछै रयणुजी नै कमादेनी प्रति मात काल (!) प्राप्त हुआ। तद वले नागोर भाई सांडेजी सोहिलजी बुलाय लीना तठा पछे एक दिवस भायां आगै वच्छावतां सुं बोलाचाली वार्त्ता कही तद भायां' र बेटा कह्यौ आपरी मर्जी हुवे जितरा दाम खरचो पिण नवोदेहरो करावो इण तरै भांयां, बेटां सलाह करीनै रयणुजी नागोरमें रहे छै इणतरै रहतां रावश्री लूणकरणजी रा परवाणा रयणुजीनै आया तिवारै रयणुजी भांडैजी कमैजी नै कबीला समेत लारै लाया नगौजीने पिण सागे लाया रूपचंदजीने कबीले बिना सागै लाया रावश्री लूणकरणजी सुं मिल्या रु० ५००) नजरकर्या श्री दरबारसं बड़ी दिलासा दीवी और कह्यौ थे बड़ा साहूकार छौ सु थे तथा थांरा टाबरांनै म्हांरै शहरमें वसावौ विणज व्यापार करौ थांरै अरज हुवै तो किया करौ थांरौ मुलायजो रहसी इणभांत श्रीदरबार दिलासा देयनै दुसालो दियो पछै घरे आया। इण तरै रहतां आषाढ चौमासो आयो तद रूपचंदजी भोगीभंवर कमोजीनुंभाई पौसाक करनै देहरै जावणनै तैयारी हुवा तद रयणुजी कह्यौ आपांरै वच्छावतांसुं मांहोमांहे बोलाचाली हुई सु देहरो नवो करायनै बीकानेरमें देहरै चालसां। इसो रयणुजी कह्यां थकां रूपचंदजी कमोजी बोल्यां कियोड़ी पौसाक तो उतारां नहीं इण ही पौसाक श्री दरबार चालौ देहरैरी जमी लेवां। तिवारै सिरपेच १ रु० ११००) री किमतरो अर रुपैया हजार एक रोक लेइनै श्री दरबार गया। रुपैया र सिरपेच नजरकीनो तद, रावजी श्री लूणकरणजी फरमायो अरज करौ ! तिवारै रयणुजी अरजकरी—महाराज म्हे नवोमंदिर करावसां सो देहरै वास्तै जागांरी परवानगी दिवरावौ तिवारै श्री दरबार फरमायो आछी जागा सो थांरी, जावो सैहरमें थांरै चहीजे जितरी जमी देहरै वास्तै लेवौ म्हांरो हुकम छै पछै रयणुजी आपरै वल पड़ती जमीन लेयनै सं० १५७८ आसोज

"Aho Shrut Gyanam"

सुदि १० श्री महावीरजी रै देहरै री नीवरो पायो भयो तठा पछै ताकीदसुं रूपचंदजी कमोजी नगोजी देहरै रो काम करावै छै रुपया हजार २५ देहरै वास्ते रयणुजी न्यारा राख दीना छै इणतरै देहरै रो काम हुयरेयो छै तिण समाजोगे सोहिलजी रो पुत्र रूपजी रो भाई खेतसीजी रो विवाह नागौरमें मंड्यौ तिण ऊपरै रयणुंजी, रूपचंदजी, कमाजी, नागौर गया भांडोजी नगोजी बीकानेर रह्या। रयणुंजी नागौर जांवतां रूपचंदजीरे कह्यौ सुं देहरै रे कामरीभोलावण नगैजीने सूंपी रुपैया हजार १५ सौंप्या अर कह्यौ म्हांनै नागोरमें मास १० तथा १२ लागसी सुं देहरैरो काम ताकीद सुं करावजो! इसी भोलावण देनै रयणुजी नागोर गया हिवै नगोजी लारै देहरैरे कमठाणै रो काम करावै छै तिण समाजोगे कोडमदेसर रो वासी वैद सोनो घरमें भूखो छण आयनै नगोजीनै कह्यौ मनै देहरै रे कमठाणै ऊपर राखो! इसो कह्यां ठिकाणैदार जाण नगैजी कमठाणै ऊपर राख्यौ इणतरै राखतां थकां तीन पांती रो देहरो नगौजी सोनै हस्ते करायो तितरै रुपैया हजार १५ रयणुजी सूंप्या हुंता तिके लाग गया तिवारै सोने नगैजीनै कह्यौ कमठाणैनै वले रुपीया देवो तिवारै नगैजी कह्यौ अबार काम ढीलौ करौ बाबोजी आयां वले कमठाणौ करावसां इण तरै तीन पांतीरो देहरो महावीरजी रो करायौ।"

संभव है अवशेष काम बैदोंने करवाके पूर्ण किया हो। समयसुन्दरजीके स्तवनमें "कुंयले चैत्य करावियौ धज दंड कलश प्रधान" लिखा है अतः इसकी प्रतिष्ठा कंवला (उपकेश) गच्छके आचार्यने ही कराई है। इस मंन्दिरमें ५ देहरियां है जिनमें सहस्रफणा पार्श्वनाथजीकी प्रतिष्ठा सं० १६०५ वैशाख सुदि १५ को खरतर गच्छ नायक श्रीजिनसौभाग्यसूरिजीने की थी। उसके पासकी देहरीमें समस्त वैद्य संघकारित गिरनारतीर्थपट्ट, नेमि पंच-कल्याणकपट्ट आदि की प्रतिष्ठा सं० १६०५ माघ शुक्ला ५ को उपकेश गच्छाचार्य श्री देवगुप्तसूरिजीने की है। इस मंदिरके भूमिग्रहमें पहले बहुतसी प्रतिमाएँ होनेका कहा जाता है पर अब तो मूल मंदिरसे निकलते बायें ओरकी देहरीमें भगवानके पब्बासनके नीचे ७५ धातु प्रतिमाएँ सुरक्षित हैं। जिन्हें सं० २००० में उपधान तपके उपलक्ष्यमें बाहर निकाली गई थीं। कहा जाता है कि यह देहरी श्रीयुक्त मुन्नीलालजी वैद (देवावत) ने बनवाई थी। यह मंदिर १४ गुवाड़का प्रधान मंदिर है।

श्री वासुपूज्यजीका मन्दिर

यह मंदिर श्री चिन्तामणिजीके पास जहाँ मत्थेरणोंके घर हैं, अवस्थित है। कहा जाता है कि यह बच्छावतोंका घर देरासर था। सं० १६३६ में सिरोहीकी लूटसे प्राप्त मूर्तियों में से श्री वासुपूज्य मुख्य चर्तविंशति पट्टको मूलनायकके रूपमें स्थापित किया। तभी से यह वासुपूज्यजीके मंदिरके नामसे प्रसिद्ध हुआ। गर्भगृहके दाहिनी और बायीं ओर दो देहरिये हैं। इस मंदिरसे सटा हुआ दिगम्बर जैन मंदिर है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री ऋषभदेवजी का मन्दिर

यह मन्दिर नाहटोंकी गुवाड़ में है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १६६२ के चैत्र बदि ७ को युगप्रधान श्रीजिनचंद्रसूरिजीने की थी। इस समय अन्य ४० मूर्त्तियोंके प्रतिष्ठित होनेका उल्लेख सुमतिकल्लोल कृतस्तवन में है। मूलनायक श्री ऋषभदेवजी की प्रतिमा बड़ी मनोहर, विशाल (६८ अंगुलकी) और सप्रभाव होनेके कारण प्रतिदिन सैकड़ोंकी संख्यामें नरनारी दर्शनार्थ आते हैं। इस मंदिरको सुमतिकल्लोलजीने "शत्रुञ्जयावतार" शब्दोंसे संबोधित किया है। सं० १६८६ मिति चैत्र बदि ४ को चोपड़ा जयमा श्राविकाके बनवाई हुई श्री जिनचन्द्रसूरि मूर्त्ति श्री जिनसिंहसूरि चरण, मरुदेवीमाता व भरत चक्रवर्त्ती (हाथी पर आरूढ़) की मूर्त्तियोंकी प्रतिष्ठा श्री जिनराज-सूरिजीने की थी उसके बाद सं० १६८७ ज्येष्ठ सुदि १० भौमवारको भरत-बाहुबलीकी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा और सं० १६६० फागुण वदि ७ के गणधर श्री गौतमस्वामीके बिम्बकी प्रतिष्ठा श्री जिनराजसूरिजीने की थी। भमतीमें पांच पांडवोंकी देहरी है जिसमें पांच पांडवोंकी मूर्तियां सं० १७१३ आषाढ बदि ६ को स्थापित हुई। कुन्ती और द्रौपदीकी मूर्त्तियों पर लेख देखने में नहीं आते। इस देहरीके मध्यमें श्री आदीश्वरजीके चरण श्राविका जयतादे कारित व सं० १६८६ मार्गशीर्ष महीनेमें श्री जिनराजसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है। उ० श्री धनराजके चरण मूल-नायकजी की प्रतिष्ठाके समय के व एक अन्य चरण सं० १६८५ के हैं।

श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर श्री ऋषभदेवजीके मन्दिरके अहातेमें है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १८२६ आषाढ़ सुदि ६ गुरुवारको श्री जिनलाभसूरिजीनेकी। यह मंदिर बेगाणी अमीचंदजीके पुत्र विभारामजी की पत्नी चितरंग देवी ओर मुलतानके भणसाली चौथमलजी की पुत्री वनीने बनवाया था।

श्री महावीरजी का मन्दिर (डागोंका)

यह मन्दिर श्री वासुपूज्यजी के पीछे और पुंजाणी डागोंकी पोलके सामने है। इस मन्दिर की प्रतिष्ठा का कोई निश्चित उल्लेख नहीं मिला पर श्रीजिनचंद्रसूरिजी के विहारपत्रमें सं० १६६३ में "तत्र प्रतिष्ठा" लिखा है जिससे संभव है कि यह उल्लेख इसी मन्दिर के प्रतिष्ठा का सूचक है। मूलनायकजीकी पीले पाषाण की प्रतिमा है जिस पर कोई लेख नहीं पाया जाता। मन्दिर के दाहिनी ओर देहरी में सं० ११७६ मिती मिगसर वदि ६ को जांगलकूप (जांगलू) के वीर-विधि-चैत्यमें स्थापित श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का विशाल परिकर है जिसमें इसे श्रावक तिल्हक के निर्माण करवाने का उल्लेख है। विधि चैत्यका सम्बन्ध खरतर गच्छ से है, अतः तत्कालीन प्रभावक युगप्रधान श्रीजिनदत्तसूरि प्रतिष्ठित होना विशेष संभव है। लेखका 'गुणरत्न रोहणगिरि' वाक्य श्रीजिनदत्तसूरिजी के गणधर सार्धशतक के "गुण मणि रोहण गिरिणो" आदि पद-से साम्य होनेके कारण भी इस सम्भावना की पुष्टि होती है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री अजितनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर कोचरों की गुवाड़ में सिरोहियों के घरोंके पास है। जैसा कि हम आगे लिख चुके हैं इसका निर्माणकाल सं० १६७० के लगभग का है। मूलनायक श्रीअजितनाथजी की मूर्ति सं० १६४१ की प्रतिष्ठित है पर अन्य स्थान से लायी हुई ज्ञात होती है। इसी मंदिर में सं० १६६४ वैशाख शुक्ला ७ को विजयसेनसूरि प्रतिष्ठित हीरविजयसूरि मूर्ति है। बाह्यमण्डप के शिलापट्ट में सं० १८७४ में दीपविजयजीके उपदेशसे श्रीसंघके द्वारा प्रतिमंडप करानेका उल्लेख है और एक अन्य लेख में सं० १८५५ में इस मंदिर के जीर्णोद्धार बृद्धिविजय गणि के उपदेश से होनेका उल्लेख है। उसके पश्चात् सं० १९९६ में इसका जिर्णोद्धार हुआ।

बीकानेर के प्राचीन एवं प्रधान ८ मंदिरों का परिचय उनके अन्तर्गत मंदिरों के साथ दिया जा चुका है। अब शहर के अन्य मंदिरों का परिचय देकर फिर बाहर के मंदिरों का परिचय दिया जायगा।

श्री विमलनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर कोचरोंकी गुवाड़में अजितनाथजी के मंदिर के पास है। सं० १९६४ माघ शुक्ला १३ शनिवार को कोचर अमीचंद हजारीमल ने इसकी प्रतिष्ठा करवाई। मूलनायक प्रतिमा सं० १९२१ माघ सुदि ७ को राजनगर में खेमाभाई कारित और शांतिसागरसूरि प्रतिष्ठित है। हीरविजयसूरि और सुधर्मास्वामी की चरणपादुका के लेखमें इस मन्दिर के वास्ते सीरोहिया तेजमालजी ने मेहता मानमलजी कोचरके हस्ते २६४ गज और डागा दूलीचंद ने गज ६५॥= डागा पूनमचंद की बहूके द्वारा गज १३८॥= जमीन देनेका उल्लेख मिलता है।

श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह जिनालय सं० १८८१ मिती जेठ सुदि १३ को हंसविजयजी के उपदेश से कोचर—सिरोहिया संघने उपर्युक्त मन्दिर के पास बनवाया।

श्री आदिनाथजी का मन्दिर

उपर्युक्त मन्दिर से संलग्न है इसके निर्माण का कोई शिलालेख नहीं है। मूलनायक जी सं० १८९३ माघ सुदी १० प्रतिष्ठित है।

श्री शांतिनाथजी का देहरासर

यह देहरासर उपर्युक्त मन्दिर के पास कोचरों के उपाश्ररे में है। इसके निर्माण का कोई उल्लेख नहीं मिलता। इसमें सं० १९६४ की प्रतिष्ठित साध्वी चंदनश्री की पादुका और सं० १९७२ की प्रतिष्ठित जैनाचार्य श्री विजयानंदसूरिजी की मूर्त्ति है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री चन्द्रप्रभुजी का मन्दिर

यह मन्दिर बेगाणीयों की पोलके सामने है। शिलापट्ट के लेखमें सं० १८६३ भा० शुक्ला ७ को समस्त बेगाणी संघ द्वारा प्रासादोद्धार करवा कर श्री जिनसौभाग्यसूरिजी से प्रतिष्ठा करवानेका उल्लेख है।

श्री अजितनाथजी का देहरासर

यह रांगड़ी के चौकके पास श्री सुगनजी के उपासरे के ऊपर है। इसके निर्माण का कोई उल्लेख नहीं मिलता। मूलनायक प्रतिमा सं० १६०५ वैशाख शुदी १५ को कोठारी गेवरचंद कारित और श्रीजिनसौभाग्यसूरि प्रतिष्ठित है। इसके पासमें गुरु-मंदिर है जिसमें श्री जिनकुशलसूरिजी की मूर्त्ति सं० १६८८ माघ सुदि १० को नाहटा आसकरणजी कारित और उ० जयचन्द्रजी प्रतिष्ठित है। नीचे की एक देहरी में उ० श्रीक्षमाकल्याणजी की मूर्त्ति प्रतिष्ठित है।

श्री कुंथुनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर रांगड़ी के चौकके मध्यमें है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १६३१ मिति ज्येष्ठ सुदि १० को श्री जिनहंससूरिजी ने की। मूलनायकजी की प्रतिमा मिती वैशाख वदि ११ प्रतिष्ठित है। यह मंदिर उ० श्री जयचंद्रजी के स्वत्वमें है। इनकी गुरु परम्परा के ६ पादुकाओं की प्रतिष्ठा सं० १६५८ अषाढ़ सुदि ११ गुरुवार को हुई थी।

श्री महावीर स्वामीका मन्दिर

रांगड़ी के चौकके निकटवर्त्ती बौहरों की सेरीमें स्थित खरतर गच्छीय उपाश्रय के समक्ष यह सुन्दर और कलापूर्ण नूतन जिनालय श्रीमान् भैरूँदानजी हाकिम कोठारी की ओरसे बन कर सं० २००२ मिती मार्गशीर्ष शुक्ला १० के दिन श्रीपूज्य श्री जिनविजयेन्द्रसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित हुआ। बीकानेरमें संगमर्मर के शिखरवाला यह एक ही जिनालय है। भगवान महावीर के २७ भव, श्रीपाल चरित्र, पृथ्वीचन्द्र गुणसागर चरित्र, आदि जैन कथानकों के भित्ति-चित्र बड़े सुन्दर निर्माण किये गये हैं मन्दिर में प्रवेश करते ही सामने के आलोंमें गौतम स्वामी और दादा साहब श्री जिनकुशलसूरिजी की प्रतिमाएँ विराजमान हैं। पहले यह मंदिर उपाश्रय के ऊपर देहारसर के रूपमें था जहाँ श्रीवासुपूज्य भगवान मूलनायक थे, वे अभी इस मन्दिर के ऊपर तल्लेमें विराजमान हैं।

श्री सुपार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर नाहटों की गुवाड़ में छत्तीबाई के उपासरे से संलग्न है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १८७१ माघ सुदि ११ को श्री जिनहर्षसूरिजी द्वारा करने का उल्लेख जीतरंग गणिकृत स्तवन में पाया जाता है मन्दिर के शिलालेख में भी सं० १८७१ माघ सुदि ११ को श्रीसंघके कराने और श्री जिनहर्षसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठा कराने का उल्लेख है मूलनायक प्रतिमा युगप्रधान श्रीजिनचंद्र-

"Aho Shrut Gyanam"

सूरिजीकी प्रतिष्ठित है। यहाँ सं० १६०४, १६०५, १६१६ में श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी प्रतिष्ठित कई प्रतिमाएँ हैं। दूसरे तल्लेमें दो देहरियां है जिनमें एकमें चौमुखजी हैं। खरतर गच्छ पट्टावली के अनुसार ऊपर तल्लेका मन्दिर श्रीसंघने सं० १६०४ माघ सुदि १० को बनाया और वहाँ श्री जिनसौभाग्यसूरिजी ने बिम्ब प्रतिष्ठा की। बगल की देहरी व ऊपर की कई प्रतिमाएँ सं० १६०४ ज्येष्ठ कृष्ण ८ शनिवार श्रीजिनसौभाग्यसूरि प्रतिष्ठित है। ये प्रतिमाएं यहीं प्रतिष्ठित हुई जिनका उल्लेख श्रीजिनसौभाग्यसूरि व अभय कृत स्तवनों में पाया जाता है।

श्री शांन्तिनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर नाहटों की गुवाड़ में खरतराचार्य गच्छके उपाश्रय के सन्मुख है। इसका निर्माण सं० १८६७ वैशाख शुक्ल ६ गुरुवार को श्रीसंघ ने श्रीजिनोदयसूरि के समय में कराया। मूलनायकजी की प्रतिमा गोलछा थानसिंह मोतीलाल कारित और श्री जिनोदयसूरि प्रतिष्ठित है। बिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव गोलछा माणकचंदजी ने करवाया। इसके दोनों तरफ दो देहरियां हैं। एक अलग देहरी में गौतमस्वामी की मूर्त्ति व जिनसागरसूरि के चरण स्थापित हैं।

श्री पद्मप्रभुजी का देहरासर

यह पन्नीवाई के उपाश्रय में है। इसकी प्रतिष्ठा कब हुई यह अज्ञात है।

श्री महावीर स्वामीका मन्दिर

यह मन्दिर आसानियों के चौकमें संखेश्वर पार्श्वनाथजी के मन्दिर के संलग्न है। इसकी प्रतिष्ठा या निर्माणकाल का कोई उल्लेख नहीं मिलता।

श्री संखेश्वर पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर उपर्युक्त मंदिर और पायचंदगच्छ के उपाश्रय से संलग्न है। यह भी कब बना अज्ञात है।

बीकानेर शहर में परकोटे अन्दर जो मन्दिर हैं उनका परिचय दिया जा चुका है अब परकोटे के बाहर के मन्दिरों का परिचय दिया जा रहा है।

श्री गौड़ी पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर गोगादरवाजा के बाहर बगीचेमें है। सं० १८८६ माघ शुदि ५ को १२०००) रुपये खर्चकर जैन संघ द्वारा श्रीजिनहर्षसूरिजी के उपदेश से प्रासादोद्धार कराने का उल्लेख शिलालेख में है। मन्दिर के मूलनायकजी सं० १७२३ में आद्यपक्षीय खरतर श्री जिनहर्षसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है। मन्दिर की दाहिनी ओर श्री समेतशिखरजी का मन्दिर है जिसमें श्री समेतशिखरजी का विशाल पट्ट सं० १८८६ माघ शुक्ला ६ को सेठिया अमीचंद आदिने बनवाया और श्री जिनहर्षसूरिजी के करकमलों से प्रतिष्ठा करवाई। इस मन्दिरमें दोनों ओर दीवाल पर दो चित्र बने हुए हैं, जिनमें एक चित्र मस्तयोगी ज्ञानसारजी और अमीचंदजी

"Aho Shrut Gyanam"

सेठिया का व दूसरा श्री जिनहर्षसूरिजी का है। इस मन्दिर के सन्मुख खरतर गच्छीय मथेन सामीदास की जीवित छतड़ी और उसकी पत्नीकी छतड़ी सं० १७६० की बनी हुई है। इसके आगे गुरु पादुका मन्दिर है। जिसमें दादा श्री जिनकुशलसूरिजी के चरण और खरतर गच्छाचार्योंका पट्टावली पट्टक है जिसमें ७० चरण है, इसकी प्रतिष्ठा सं० १८६६ वैशाख शुक्ला ७ को उ० क्षमाकल्याणजी ने की थी। इस मन्दिर के दाहिनी ओर श्री आदिनाथजी का मन्दिर है जिसे सं० १६२३ फाल्गुन वदि ७ को खरतर गच्छीय दानसागर गणिके उपदेश से सुश्रावक धर्मचन्द्र सुराणा की पत्नी लाभकुंवर बाईने बनवाया। यहां ओलीजीमें नवपद मंडल की रचना सं० १६१६ से प्रारम्भ हुई, तत्कालीन महाराजा श्री सरदारसिंहजी ने स्वयं समारोह पूर्वक आकर ११) भेंट किये। सं० १६१७ के आश्विन सुदि ७ को पुनः नवपद मंडल रचा गया, महाराजा ने आकर ५०) रु० भेंट किये और प्रति वर्ष पूजाके लिए ५०) देनेका मंत्रीको हुक्म दिया इस मन्दिर के सन्मुख सुन्दर बगीचा लगा हुआ है जिसके कारण मन्दिर की शोभामें अभिवृद्धि हो गई है।

श्री संखेश्वर पार्श्वनाथ (सेढूजीका) मन्दिर

यह मन्दिर उपर्यक्त बगीचे में प्रवेश करते दाहिने हाथकी ओर है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १६२४ में समुद्रसोमजी (सेढूजी) ने स्वयं इस मन्दिर को बनवा कर की। यद्यपि यह मन्दिर पार्श्वनाथ भगवान का है पर यतिवर्य्य सेढूजी के बनवाया हुआ होनेसे उन्हींके नामसे प्रसिद्ध है। मूलनायक श्री पार्श्वनाथजी की प्रतिमा सं० १६१२ प्रतिष्ठित है। इस मन्दिर के दाहिनी ओर शालामें १ सुमतिविशाल २ सुमतिजय ३ गजविनय और समुद्रसोमजी के चरण प्रतिष्ठित थे जो शालाके भग्न हो जानेसे मन्दिर के पार्श्ववर्त्ती श्रीमद् ज्ञानसारजी के समाधिमंदिर में रख दिये गये हैं।

श्री ज्ञानसार समाधिमन्दिर

श्रीमद् ज्ञानसारजी १६ वीं शताब्दी के राजमान्य परम योगी, उत्तम कवि और खरतर गच्छके प्रभावशाली मुनिपुङ्गव थे। उन्होंने अपने अंतिम जीवन के बहुत से वर्ष गौड़ी पार्श्वनाथजी के निकटवर्त्ती ढढोंकी साल आदि में बिताये थे। सं० १८६८ में आपका स्वर्गवास हुआ। उनके अग्निसंस्कार स्थल पर यह मन्दिर बना जिसमें आपके चरण सं० १६०२ में प्रतिष्ठित है।

कोचरोंका गुरु मन्दिर

गौड़ी पार्श्वनाथजीसे स्टेशनकी ओर जाती हुई सड़कपर यह गुरुमंदिर हाल ही में बना है। इसकी प्रतिष्ठा सं० २००१ वैशाख सुदि ६ शुक्रवार को तपागच्छीय आ० श्रीविजयवल्लभसूरिजी ने की है इसमें प्रवेश करते ही सामने कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचंद्रसूरि, जगद्गुरु श्रीहीरविजयसूरि और जैनाचार्य श्री विजयानंदसूरिजी की मूर्तित्रय स्थापित है। उसके पीछे की ओर श्री पार्श्वनाथ स्वामी का मन्दिर है जिसमें सं० २००० वैशाख सुदि ६ को रायकोट

"Aho Shrut Gyanam"

में प्रतिष्ठित पार्श्वनाथ प्रतिमा है। गुरु मन्दिर के आगे पार्श्वयक्ष व मणिभद्र व पद्मावती देवी की मूर्तियाँ है।

नयी दादावाड़ी

यह उपर्युक्त मन्दिर के पास मरोठी एवं दूगड़ों की बगीची में है। इसमें श्री जिनेश्वरसूरि, अभयदेवसूरि, श्री जिनकुशलसूरि और श्री जिनचन्द्रसूरि—पांच गुरुदेवों के चरण दूगड़ मंगलचन्द हनुमानमल कारित और सं० १९९३ मिती ज्येष्ट बदि ९ के दिन श्रीपूज्य श्री जिन—चारित्रसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है।

महोपाध्याय रामलालजीका स्मृतिमंदिर

यह स्थान भी उपर्युक्त गंगाशहररोड पर श्री पायचन्दसूरिजी के सामने है। इसमें सं० १९९७ ज्ये० सु० ५ प्रतिष्ठित श्री जिनकुशलसूरि मूर्त्ति व चरण स्थापित है उसके सामने महो० रामलालजी यतिकी मूर्ति स्थापित है। जिसे उनके शिष्य क्षेमचन्द्रजी और प्रशिष्य बालचन्द्रजी यति ने बनवाकर सं० १९९७ मिती ज्येष्ठ सुदि ५ को प्रतिष्ठित की।

यति हिम्मतविजयकी बगीची

यह भी गंगाशहर रोडपर है इसमें श्री गौड़ी पार्श्वनाथजी, सिद्धिविजय (सं० १९०२) और सुमतिविजय (सं० १८५३ प्रतिष्ठित) के चरण हैं।

श्रीपायचंदसूरिजी

यह मन्दिर श्री गंगाशहर रोडपर है। नागपुरीय तपागच्छ के श्री पार्श्वचन्द्रसूरिजी की स्मृति में सं० १६६२ पोषवदि १ को महं० नबू के पुत्र महं० पोमा ने श्री पार्श्वचन्द्रसूरिजी का स्तूप बनवा कर चरण स्थापित किये। इसके आसपास विवेकचन्द्रसूरि पादुका, लब्धिचन्द्रसूरि, कनकचन्द्रसूरि, नेमिचन्द्रसूरि आदिकी पादुकाएँ व स्तूप-शालादि हैं। पीछे से यहां श्री आदिनाथ भगवान का भव्य और शिखरबद्ध मन्दिर निर्माण किया गया है। इस मन्दिरमें भावचन्द्रसूरिजी की मूर्ति सं०१९९२ की प्रतिष्ठित है।

श्री पार्श्वनाथ मंदिर (नाहटोंकी बगेची)

यह मंडलावतों (हमालों) की बारी के बाहर टेकरी के सामने है। यह स्थान पहले स्थानकवासी यति पन्नालालजी आदिका निवास स्थान था। हनुमान गजलमें जो कि सं०१८७२ में रचित है, इस बगीची के बाहर पार्श्वनाथ गुफा का उल्लेख किया है। मूलनायक श्री पार्श्वनाथजी हैं, जिस पर कोई लेख नहीं है। अभी यह बगीची नाहटों की कहलाती है श्री मूलचन्दजी नाहटा ने अभी इसका सुन्दर जीर्णोद्धार करवाया है।

"Aho Shrut Gyanam"

रेलदादाजी

यह स्थान बीकानेर से १ मील, गंगाशहर रोड पर है। सं० १६७० में युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी का बिलाड़े में स्वर्गवास होनेके पश्चात् भक्तिवश बीकानेर के संघ ने गुरुमन्दिर बनवाकर सं० १६७३ को मिती वैशाख सुदि ३ को स्तूपमें चरण पादुकाओं की प्रतिष्ठा करवाई। उसके पश्चात् सं० १६७४ (मेड़ता) में स्वर्गस्थ श्री जिनसिंहसूरिजी का स्तूप बनवाकर उसमें सं० १६७६ मिती जेठ बदि ११ को चरण स्थापित किए। इसके अनन्तर इसके आसपास यति, श्रीपूज्य, साधु-साध्वियों का अग्निसंस्कार होने लगा और उन स्थानों पर स्तूप, पदुकाएं, चौकियां आदि बनने लगीं। अभी यहां १०० के लभभग स्तूप व चरण पादुकाएं विद्यमान हैं। प्रतिदिन और विशेष कर सोमवार को यहां सैकड़ों भक्त लोग दर्शनार्थ आते हैं। सं० १६८६ में श्री मोतीलालजी बांठिया की ओर से इसका जीर्णोद्धार हुआ है और सं० १६८७ ज्येष्ठ सुदी ५ रविवार को जिनदत्तसूरि मूर्त्ति, श्रीजिनदत्तसूरि, श्रीजिनचन्द्रसूरि, जिनकुशल सूरि और जिनभद्रसूरि के संयुक्त चरण पादुकाओं की प्रतिष्ठा हो कर युगप्रधान श्री जिनचन्द्र-सूरिजीके स्तूप से संलग्न सुन्दर छत्रियों में स्थापित किए गए हैं। यहांके लेखों से बहुत से यति साधुओं के स्वर्गवास का समय निश्चित हो जाता है, इसलिए यह स्थान ऐतिहासिक दृष्टिसे महत्त्व का है। बीचके खुले चौकमें संगमरमरका एक विशाल चबूतरा बना है जिसमें आदर्श साध्वीजी श्री स्वर्णश्रीजी की चरण पादुकाएं स्थापित हैं। चार दीवारी के बाहर आचार्य श्री जयसागरसूरिजी की छतरी भी हाल ही में बनी है।

शिवबाड़ी

यह सुरम्य स्थान बीकानेरसे ३ मील की दूरीपर है। शिवजी (लालेश्वर महादेव) का मन्दिर होनेसे इस स्थान का नाम शिवबाड़ी है यहां के बगीचे में एक सुन्दर तालाब है। श्रावण महीने में तालाब भरजाता है और यहां कई मेले लगते हैं। श्रावण सुदि १० को जैन समाज का मेला लगता है उस दिन वहां पूजा पढाने के पश्चात भगवान की रथयात्रा निकालकर बगीचेमें तालाब के तट पर लेजाते हैं और वहां स्नात्रपूजादि कर वापिस मन्दिर में ले आते हैं।

श्री पार्श्वनाथजीका मन्दिर—इसे उ० श्री सुमतिमंडनगणि (सुगनजी महाराज) के उपदेश से बीकानेरनरेश श्रीडूंगरसिंहजी के बनवाने का उल्लेख मोतीविजयजी कृत स्तवन में है। दादासाहब के चरणों के लेखके अनुसार इसका निर्माण सं० १६३८ में हुआ था। मूलनायकजी की प्रतिमा सं० १६३१ में श्रीजिनहंससूरि द्वारा प्रतिष्ठित है। दादासाहबके चरण व चक्रेश्वरीजी की मूर्त्ति श्री सैंसकरणजी सावणसुखा की ओर से स्थापित है।

ऊदासर

बीकानेर से ६ मील की दूरी पर यह गांव हैं। यहां ओसवालोंके १०० घर हैं।

श्री सुपार्श्वनाथजी का मन्दिर—इस मन्दिर को श्री सदारामजी गोलछा ने बनवाया था

"Aho Shrut Gyanam"

मूलनायक श्री सुपार्श्वनाथजी की प्रतिमा सं० १६३५ में श्री जिनहंससूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित और बीकानेर संघ कारित है। यह मन्दिर सं० १६३५ के आसपास निर्मित हुआ।

गंगाशहर

यह बीकानेर से १॥ मील दूर है यहां ओसवालोंके ७५० घर हैं।

रामनिवास

यह मन्दिर गंगाशहरमें प्रवेश करते ही सड़क पर स्थित श्रीरामचन्द्रजी बांठिया की बगीचीमें है। इसके मूलनायक श्री पार्श्वनाथजी की प्रतिमा सं० १६०५ वैशाख शु० १५ को श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है। इसका प्रबन्ध श्री रामचन्द्रजी के पौत्र श्रीयुक्त फौजराजजी बांठिया करते हैं।

श्री आदिनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर गंगाशहर में सड़क के ऊपर हैं। श्री सुमतिमण्डन गणि (सुगनजी महाराज) कृत स्तवन में प्रभु की प्रतिष्ठा का समय १६०० मि० सु० १५ को होनेका उल्लेख है। पर स्तवन की अशुद्ध प्रति मिलने से संवत् संदिग्ध है। दादासाहब के चरणों पर सं० १६७० ज्येष्ठ बदि ८ को सावणसुखा सैंसकरणजी ने ऋषभमूर्त्ति, दादासाहब के चरण व चक्रेश्वरी देवी की मूर्त्ति को इस मन्दिर में पधराने का लिखा है। इसकी देखरेख श्री सुगनजी के उपाश्रय के कार्यकर्ता करते हैं।

भीनासर

श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह विशाल मन्दिर भीनासर के कूएँ के पास है। इसे सं० १६२६ मिती चैत्र सुदि १ के स्तवन में मंत्रीश्वर कोचर साहमलजी ने बनबाया लिखा है। इसके मूलनायक सं० ११८१ श्री जिनदत्तसूरि प्रतिष्ठित हैं। इसका प्रबन्ध कोचरों के हाथ में है। यहां ओसवालों के १७२ घर हैं। यह स्थान बीकानेर से ३ मील और गंगाशहर से संलग्न है।

श्री महावीर सिनोटरियम

उदरामसर के धोरों पर वैद्यवर श्री भैरवदत्तजी आसोपाने ये आश्रम स्थापित किया है। हिन्दू मन्दिरों के साथ जैन मन्दिर भी होना आवश्यक समझ कर श्री आसोपाजी ने विदुषी आर्या श्री विचक्षणश्रीजी से प्रेरणा की, उनके उपदेश से जैन संघकी ओर से बीकानेर के चिन्तामणिजी के मन्दिरवर्त्ती श्री शान्तिनाथ जिनालय से पार्श्वनाथ प्रभु की मूर्त्ति ले जाकर स्वतन्त्र मन्दिर बनवा कर स्थापित की गई है।

"Aho Shrut Gyanam"

उदरामसर

श्री कुंथुनाथजी का मन्दिर

यह ग्राम बीकानेर से ७ मील दक्षिण में है। यहां ओसवालों के ३० घर हैं। सं० १९८८ में बोथरा हजारीमलजी आदि ने खरतर गच्छीय उपाश्रय के ऊपर इस मन्दिर को बनवा कर माघ सुदि १० उ० जयचन्द्रजी गणि से प्रतिष्ठा करवाई।

श्री जिनदत्तसूरि गुरु मन्दिर

यह दादावाड़ी गांव से १ मील दूरी पर अवस्थित है इसकी चरण पादुकाओं पर सं १७३५ में बीकानेर के संघके बनवाने का लेख है। इसका जीर्णोद्धार जेसलमेर के सुप्रसिद्ध बाफणा बहादुरमलजी आदि ने श्री जिनहर्षसूरिजी के उपदेश से सं० १९९३ मिति आषाढ़ सुदि १ को करवाया था। इस मन्दिर के बाहर नवचौकिये के पास महो० रघुपतिजी और उनके शिष्य जगमालजी के स्तूप है कविवर रघुपतिजी यहां बहुत समय तक रहे थे उन्होंने उदरामसर के सम्बन्ध में इस प्रकार लिखा है :—

प्रथम सुक्ख पोसाल मिष्ट पाणी सुख दूजौ।
तीजौ सुख आदेश पादुका चौथे पूजौ।
पांचमै सुख पारणौ खीर दधि मुगतौ खावौ।
छट्ठै सुख श्री नगर दौड़ता आवौ जावौ।
गुरु ज्ञान ध्यान श्रावक सको नमण करै सिर नामनै।
रघुपति अठै ए सात सुख क्यूं छोड़ां ए गामनै ॥१॥
बूढ़ापैसुखिया रहां उदयरामसर आय।
पूरब पुण्य प्रमाणतें रघुपत्ति ऋद्धि सवाय॥
बाण सितक रूपक्क बास पेलै वरणाया।
सीपाणी श्रावक्क सोखव्या हरख सवाया॥
आहार पाणी अवल प्रघलि बलि परिपाटी॥
आदर खाणी मान अपार खूब जसवारां खाटी॥
पर गच्छ हुता पण प्रेम सुं कथन शुद्ध सेवा करी।
इण रीत आठ दस वरसमें श्री रघुपति लीला करी॥

यहां प्रति वर्ष भाद्रपदशुक्ला १५ को मेला भरता है जिसमें मोटर, गाड़ी, इक्के, ऊँठ, घोड़े आदि सैकड़ों सवारियों पर यात्री लोग एकत्र होते हैं। दादासाहब की पूजा, गोठें आदि होती हैं यह मेला सर्व प्रथम सं० १८८४ में श्रीमद् ज्ञानसारजी के शिष्य सदासुखजी ने चालू किया था जिसका उल्लेख सेवग हंसजी कृत गीतमें पाया जाता है।

"Aho Shrut Gyanam"

सं० १६४४ की शत्रुंजय चैत्यपरिपाटीमें गुणविनय गणि ने लिखा है कि संघने जेठ सुदि ६ को ओसियां पहुंच कर जेठ सुदि १३ को रोहगाम में श्रीजिनदत्तसूरिजी को वन्दन किया फिर जेठ सुदि १५ को भींदासर (वर्त्तमान भीनासर) में स्वधर्मीवात्सल्यादि कर संघ अपने घर-बीकानेर लौटा। ओसियां से ७ दिन और भीनासर से २ दिन के रास्ते का रोहगाम जिसमें श्री जिनदत्त सूरिजी का स्थान था हमारे खयाल से उपरोक्त उदरामसर के निकटवर्ती दादावाड़ी वाला स्थान ही रोहग्राम होना चाहिए।

देशनोक

यह ग्राम बीकानेर से १६ मील दूरी पर है। बीकानेरसे मेड़ता रोड जानेवाली रेलवे लाइन का यह दूसरा स्टेशन है। यहाँ ओसवालों के ६०० घर हैं। यहाँ राजमान्य करणी माता का प्रसिद्ध स्थान है। यहाँ तीन जैन मन्दिर और एक दादावाड़ी है। परिचय इस प्रकार है।

श्री संभवनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर आंचलियों के वासमें है। शिलापट्ट के लेख में इसकी प्रतिष्ठा सं० १८६१ माघ शुक्ला ५ को क्षमाकल्याणजी महाराज ने की लिखा है। वा० श्री कुशलकल्याण गणि के उपदेश से संघ ने इस मन्दिर को बनवाया था। शिलालेख में "पार्श्वनाथ देवगृहकारितं" लिखा है पर इसके मूलनायक सं० १८६ वैशाख शुक्ला ७ को जिनहर्षसूरि प्रतिष्ठित श्री संभवनाथ भगवानकी प्रतिमा है। उ० श्री क्षमाकल्याणजी कृत स्तवनमें भी संभवनाथजी का नाम है।

श्री शांतिनाथजी का मंदिर

यह मन्दिर भूरोंके वास में है। सं० १८६१ माघ सुदि ५ को श्री अभयविशालजी के उपदेश के श्री संघ के शाला बनवाने का उल्लेख है। क्षमाकल्याण जी के स्तवन में देशनोक के सुविधिनाथ मन्दिर की प्रतिष्ठा सं० १८७१ माघ सुदि ५ को होने का उल्लेख है। देशनोक में श्री सुविधिनाथजी का अन्य कोई मंदिर नहीं है अतः संभव है इस मंदिर के मूलनायकजी पीछे से परिवर्त्तित किये गये हैं।

श्री केसरियाजी का मंदिर

यह मन्दिर लौकागच्छ के उपाश्रय के पास है। यह मन्दिर थोड़े वर्ष पूर्व प्रतिष्ठित हुआ है।

दादावाड़ी

यह स्थान स्टेशन के मार्गमें है। इसे सं० १६६५ ज्ये० सुदि १३ को उपाध्याय मोहनलालजीने स्थापित एवंप्रतिष्ठित किया। इसमें श्री अभयदेवसूरिजी, श्री जिनदत्तसूरिजी, मणिधारी श्री जिनचन्द्रसूरिजी एवं श्री जिनकुशलसूरिजी के चरण हैं। दादावाड़ी की शाला में सं० १८६४ आषाढसुदि १ को सुगुणप्रमोदजी के पीछे विनयचंद्र और मनसुख के इसे

"Aho Shrut Gyanam"

कराने का शिलालेख लगा है। इसी समय के प्रतिष्ठित हाथीरामजी के चरण भी स्थापित हैं। इसका प्रबन्ध बीकानेर के उ० श्री जयचन्द्रजी यतिके शिष्य के हस्तगत है।

नाल

यह गाँव बीकानेर से ८ मील दूरी पर है। कोलायत रेलवे लाइन का दूसरा स्टेशन है। गांव स्टेशन से लगभग १ मील दूर है, बीकानेर से प्रतिदिन मोटर-बस भी जाती है। पुराने स्तवनों में इसका नाम गढाला लिखा है। यहाँ अभी २३ घर ओसवालों के हैं। यहाँ की जलवायु अच्छी है। यहाँ दो जैन मन्दिर और श्री जिनकुशलसूरिजी का प्राचीन स्थान है।

श्री जिनकुशलसूरिजी का मन्दिर

कर्मचन्द्र मंत्रि वंश प्रबन्ध के अनुसार मंत्री बरसिंहजी देरावर यात्रा के लिए जाते हुये यहाँ ठहरे। उन्हें आगे जानेमें असमर्थ देखकर रातके समय गुरुदेव ने स्वप्न में दर्शन देकर यहीं उनकी यात्रा सफल करदी थी। अतः उन्होंने यहाँ गुरुदेव का स्थान बनवाकर चरण स्थापित किये। ये चरण बड़े चमत्कारी हैं, दूर होने पर भी कई लोग प्रति सोमवार को दर्शन पूजन करने जाते हैं। यहाँ कार्तिकसुदि १५ को मेला लगता है और फालगुन वदी १५ को भी पूजादि पढ़ाई जाती है। इसका जीर्णोद्धार सं० १९६६ में श्रीयुक्त भरूदानजी हाकिम कोठारी ने बहुत सुन्दर रूप में करवाया है। श्री जिनभक्तिसूरिजी और पुण्यशीलकृत स्तवनों में उल्लेख है कि बीकानेर के महाराजा श्री सुजाणसिंहजी की स्वर्गीय गुरुदेव के शत्रुओं के भय से रक्षा की थी। सं० १८७३ के वैशाखसुदि ६ को महाराजा सूरतसिंहजी ने दादासाहब की भक्ति में ७५० बीघा जमीन भेंट की थी जिसका ताम्रशासन बड़े उपाश्रय में विद्यमान है।

दादासाहब के मन्दिर के पास एक चौकी पर चौमुख स्तूप है जिसमें उ० सकलचन्द्रजी और समयसुन्दरजी के चरण प्रतिष्ठित हैं। अन्य शालाओं में बहुत से चरण व कीर्तिरत्नसूरि जी के स्तूप आदि हैं। पास ही खरतराचार्य शाखा की कोटड़ी में इस शाखा के श्रीपूज्यादिके चरणादि हैं।

श्री पद्मप्रभुजी का मन्दिर

यह जिनालय गुरु मन्दिर के अहाते में है। इसकी प्रतिष्ठा पट्टावलीमें सं० १९१६ वैशाख बदि ६ को श्री जिनसौभाग्यसूरिजी द्वारा होना लिखा है।

श्री मुनि सुव्रतजी का मन्दिर

यह गुरु मंदिर के गढ़ से बाहर है। इसका निर्माण काल अज्ञात है। मूलनायकजी सं०१९०८ में श्री जिनहेमसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित हैं।

श्री जिनचारित्रसूरि स्मृति मन्दिर

श्री जिनकुशलसूरिजी के मंदिर के बाहर दाहिनी ओर श्री दीपचंदजी गोलछा ने यह मंदिर बनवा कर श्रीपूज्य श्री जिनचारित्रसूरिजी की मूर्ति प्रतिष्ठित करवायी है।

"Aho Shrut Gyanam"

जांगलू

देशनोक से १० मील है, यह गाँव बहुत प्राचीन है। सं० ११७६ का जांगलकूप के उल्लेखवाला परिकर बीकानेर के डागों के श्री महावीरजी के मन्दिर में है। यहां अभी ओसवालों का केवल १ घर है।

श्री पार्श्वनाथजी का मंदिर

सं० १८६० मिती कार्तिक वदि १३ को बनाये जानेका उल्लेख शिलापट्ट पर है। मूलनायक पार्श्वनाथजी और दादासाहब श्री जिनकुशलसूरिजी के चरण सं० १८८७ मिती आषाढसुदि १० को श्री जिनहर्षसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित हैं। सिद्धचक्रजी के यंत्र पर सं० १८८५ मिती आसोजसुदि ५ को जांगलू के पारख अजयराजजी के पुत्र तिलोकचन्दजी द्वार बनवाकर श्री जिनहर्षसूरिजी से प्रतिष्ठा कराने का उल्लेख है। यह मन्दिर भी पारखों का बनवाया हुआ है।

पांचू

ये देशनोक से लगभग २० मील की दूरी पर है, यहाँ श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर है जिसका निर्माण काल अज्ञात है।

नोखा-मंडी

यह मंडी बीकानेर से मेड़ता जानेवाली रेलवे का (४० मील दूरी पर) चौथा स्टेशन है। यहाँ ओसवालों के ७० घर हैं।

श्री पार्श्वनाथजी का मंदिर

इस मन्दिर के मूलनायकजी व गुरूपादुकादि जेसलसर के मन्दिर से लाये गये हैं। सं० १९९७ मिती माघसुदि १४ को श्री विजयलक्ष्मणसूरिजी ने इसकी प्रतिष्ठा की।

झज्झू

यह गाँव बीकानेर से २७ मील पश्चिम और कोलयत रेलवे स्टेशन से ६ मील है। यहां ओसवालों के २५ घर हैं। यहां दो मन्दिर और दो उपाश्रय हैं।

श्री नेमिनाथजी का मन्दिर

यह बेगानियों के बासमें है, इसके निर्माण कालका कोई उल्लेख नहीं मिलता और न मूलनायकजी पर ही कोई लेख है। इस मन्दिर में सप्तफणापार्श्वनाथजी की धातु मूर्त्ति पर सं० १०२१ "क्लिप्त्यकूप चैत्ये स्नात्र प्रतिमा" का लेख है। श्रीजिनदत्तसूरि और श्रीजिनकुशलसूरिजी के चरण झज्झूके श्री संघ कारित, और सुमतिशेखरगणि द्वारा प्रतिष्ठित हैं। पं० सदारंग मुनिके चरण सं० १९०४ के हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री नेमिनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर सेठियों के वासमें लुंकागच्छ के उपाश्रय में है। मूलनायक सं० १६१० में श्रीजिनसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित हैं।

नापासर

यह बीकानेर से १७ मील है, दिल्ली जानेवाली रेलवे लाइन का दूसरा स्टेशन है। स्टेशन से लगभग १ मील गांवमें यहाँ मन्दिर है। यहाँ अभी ओसवालों की बस्ती नहीं है। पूजाका प्रबन्ध बीकानेरके श्री चिन्तामणिजी के मन्दिर की पेढीसे होता है।

श्री शान्तिनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर सेठिया अचलदास* ने सं० १७३७ से पूर्व बनवाया था सं० १७३७ मिती चैत बदि १ को प्रतिष्ठित श्रीजिनदत्तसूरिजी, श्रीजिनकुशलसूरिजी और सेठ अचलदास की पादुका इस मन्दिर में विद्यमान है। कविवर रघुपत्ति के उल्लेखानुसार यहाँ सं० १८०२ में मूलनायक अजितनाथ भगवान थे। सं० १७४० में कवि यशोलाभ ने धर्मसेन चौपाई में अजितनाथ व शांतिनाथ लिखा है। पर अभी सं० १५७५ प्रतिष्ठित श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा मूलनायक है। १६५६ में हितवल्लभगणि के उपदेश से बीकानेर के संघकी ओरसे इसका जीर्णोद्धार हुआ था। कुछ वर्ष पूर्व इस मन्दिर उपाश्रय और कुण्डका जीर्णोद्धार बीकानेर संघने पुनः करवाया है।

डूंगरगढ़

यह उपर्युक्त रेलवे लाइन का छठा स्टेशन है। बीकानेर से ४६ मील है। स्टेशन से १ मील दूर शहर में ओसवालों के ४० घर हैं। मन्दिर का प्रबन्ध स्थानीय पंचायती के हाथमें है।

श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर ऊँचा बना हुआ है। इसके निर्माणकाल का कोई पता नहीं। मूलनायक श्री पार्श्वनाथजी की लघु प्रतिमा है।

विगा

यह भी उपर्यक्त रेलवे लाइन का ७ वां स्टेशन तथा डूंगरगढ़ से ८ मील है। यहाँ ओसवालों के ३ घर हैं।

---

* दायय सुख देहरौनगर सखरै नापासरं। मां है मोटे मंडाण जागती मूरति जिनवर॥ पासैहिज पौसाल साधतिण बहुसुख पावै। भल श्रावक भावीक दीपता चढ़ते दावै॥ अचलेश सेठ हुवो अमर, जिणे सुत पंच जनम्मिया। जीतव्व धन्न रघुपति जियां, कलिनामा अविचल किया॥ १॥

"Aho Shrut Gyanam"

श्री शांतिनाथजी का मन्दिर

कुछ वर्ष पूर्व मूलनायक भगवान की मूर्त्ति सेवक के घरमें थी। अभी बीकानेर के संघ और स्थानीय चतुर्भुजजी डागाने अलग मन्दिर बनवा कर इस मूर्त्तिको स्थापित किया है।

राजलदेसर

यह विगा से दूसरा स्टेशन है और यहां से २१ मील है। यहां ओसवालों के ४०० घर हैं। स्टेशन से गांव १ मील दूर है। बाजार के मध्यमें श्री आदिनाथजी का मन्दिर है।

श्री आदिनाथजी का मन्दिर

यह सं० १५८४ में प्रतिष्ठित है, सं० १७२१ में वैद मुंहता शेरसिंह ने इसका जीर्णोद्धार कराया था।

रतनगढ़

यह दिल्ली लाइन का मुख्य जंकसन और बीकानेर से ८५ मील है। वहां ओसवालों के २०० घर हैं। बाहर में श्री आदिनाथजी का मन्दिर और बाहर दादाबाड़ी है। मंदिर से संलग्न खरतर गच्छका उपाश्रय है।

श्री आदिनाथजी का मन्दिर

इसका निर्माण समय अज्ञात है। पट्टे के अनुसार सं० १६५७ के लगभग मन्दिर का निर्माण हुआ मालूम होता है।

श्री दादाबाड़ी

इसमें श्रीजिनकुशलसूरिजी के चरण सं० १८६६ माघ वदि ५ के प्रतिष्ठित हैं। श्रीजिनदत्तसूरिजी के छोटे चरणों पर कोई लेख नहीं है।

बीदासर

यह रतनगढ़ से सुजानगढ़ जानेवाली रेलवे के छापर स्टेशन से कुछ मील दूर है। इस गांवमें ओसवालों के ४७० घर हैं। खरतर गच्छके उपाश्रय में देहरासर है जिसमें श्री चन्द्रप्रभुजी की मूर्ति विराजमान है। दादासाहब के चरण सं० १६०३ के प्रतिष्ठित हैं।

सुजानगढ़

यह इस लाइन में बीकानेर रियासत का अन्तिम स्टेशन है। यहां ओसवालों के ४५० घर हैं। लौंका गच्छ और खरतर गच्छके २ उपाश्रय, २ मन्दिर और दादाबाड़ी है।

श्री पार्श्वनाथजी का मंदिर

यह सौधशिखरी विशाल जिनालय श्री पनाचंदजी सिंघीके अमर कीर्ति कलाप का परिचायक है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १६७१ माघ सुदि १३ को श्रीजिनचारित्रसूरिजी ने की। इस

"Aho Shrut Gyanam"

मन्दिर की नींव सं० १९६२ में डाली गई थी, इस मन्दिर के बनवाने में "जेसराज गिरधारीलाल" फर्मकी ओरसे द्रव्य व्यय हुआ जिसके ३ हिस्सेदार थे १ पनाचंदजी २ इन्द्रचंदजी ३ व वच्छराज जी सिंघी। यह मंदिर ऊँचे स्थान पर दो मंजिला बना हुआ है। दोनों तरफ श्रीजिनदत्तसूरिजी और श्रीजिनकुशलसूरिजी के मन्दिर हैं जिनमें सं० १९३३ माघ शुक्ला ३ को प्रतिष्ठित चरण पादुकाएँ विराजमान हैं। इस मन्दिर के पीछे कई मकानात आदि जायदाद है।

श्री आदिनाथजी का मन्दिर

यह खरतर गच्छके उपाश्रय से संलग्न है। इसकी प्रतिष्ठा सं० १८८४ अषाढ़ सुदि १० बुधवारको होनेका उल्लेख यति दूधेचंदजी के पासकी बही में पाया जाता है।

दादाबाड़ी

यह सिंघीजी के मन्दिरसे कुछ दूरी पर है। दादा साहब श्रीजिनकुशलसूरिजी के चरणोंकी प्रतिष्ठा सं० १८९० मिती वैशाख सुदि १० को हुई थी। इसी मितीकी प्रतिष्ठित भाव विजयजी की पादुका है।

नई दादावाड़ी

यह स्टेशनके पास है। इसे पनाचंद सिंघी की पुत्री श्रीमती सूरजबाईने बनवाकर इसमें सं० १९९७ मिती आषाढ़ सुदि १० को गुरुदेवके चरण प्रतिष्ठापित कराए हैं।

सरदार शहर

रतनगढ जंकसन से सरदार शहर जाने वाली रेलवेका अंतिम स्टेशन है। यह रतनगढ़से ४४ मील है। बीकानेरके बाद ओसवालों के घरोंकी संख्या सबसे ज्यादा यहीं है। यहां ओसवालों के कुल १०३८ घर हैं। यहां २ जैन मंदिर और १ दादाबाड़ी है।

श्री पार्श्वनाथजी का मन्दिर

इसे सं० १८९७ मिती फागुण सुदि ५ को सुराणा माणकचंदजीने बनवाकर प्रतिष्ठित करवाया। इसका जीर्णोद्धार सं० १९४७ में बीकानेर के मुँहता मानमलजी कोचर के मारफत हुआ। अभी भी स्थानीय पंचायतीकी ओरसे जीर्णोद्धार चालू है।

श्री पार्श्वनाथजी का नया मन्दिर

यह मंदिर श्रीमान् वृद्धिचंदजी गधैयाकी हवेलीके पास है। इसका निर्माण काल अज्ञात है। यह मंदिर गोलछोंका बनवाया हुआ है।

दादावाड़ी

इसमें श्रीजिनकुशलसूरिजी और शांतिसमुद्रगणिके चरण सं० १९११ अषाढ़ वदि ५ के प्रतिष्ठित हैं। खरतर गच्छ पट्टावलीमें जिनकुशलसूरिजी के चरणक मंदिरकी प्रतिष्ठा सं० १९१० वैशाखमें बोथरा गुलाबचंदने श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी से करवाई, ऐसा उल्लेख है।

"Aho Shrut Gyanam"

चूरू

यह शहर बीकानेर से दिल्ली जानेवाली रेलवे लाइनका मुख्य स्टेशन है और रतनगढ़ से २६ मील है। यहां ओसवालोंके २६० घर हैं। यहां खरतरगच्छका बड़ा उपाश्रय, मंदिर और दादाबाड़ी है। इन सबकी व्यवस्था यतिवर्य श्री ऋद्धिकरणजी के स्टेट संरक्षक ट्रस्टी गण करते हैं।

श्री शांतिनाथजी का मन्दिर

यह मंदिर बाजारमें खरतरगच्छके उपाश्रयसे संलग्न है। इस मन्दिरका निर्माण समय अज्ञात है। जीर्णोद्धार यति ऋद्धिकरणजी ने बहुत सुन्दर (सं० १६८१ से १६६६ तक) प्रचुर द्रव्य व्ययसे करवाया है। मूलनायकजी की प्रतिमा सं० १६८७ में विजयदेवसूरि प्रतिष्ठित है।

दादावाड़ी

यह भगवानदास बागलाकी धर्मशाला के पास है। इसमें कुआं, बगीचा और कई इमारतें बनी हुई हैं। स्थान बड़ा सुन्दर और विशाल है। इसकी कई ईमारतें आदि भी यति ऋद्धिकरणजी ने बनवाई हैं। इस दादावाड़ीमें श्रीजिनदत्तसूरिजीके चरण सं० १८५१ और श्री जिनकुशलसूरिजीके चरण सं० १८५०, श्रीजिनचंद्रसूरिजी के सं० १६४० एवं अन्य भी बहुत से यतियोंके चरणपादुके स्थापित हैं।

राजगढ़

यह सार्दूलपुर स्टेशन नामसे प्रसिद्ध है जोकि चूरूसे ३६ मील है। यहां ओसवालोंके १५० घर हैं। उपाश्रय से संलग्न श्रीसुपार्श्वनाथजी का मन्दिर है।

श्री सुपार्श्वनाथजी का मन्दिर

यह मन्दिर कब प्रतिष्ठित हुआ इसका कोई उल्लेख नहीं है परदादा साहबके चरण सं० १८६७ मिती वैशाख सुदि ३ के दिन प्रतिष्ठित हैं।

रिणी (तारानगर)

राजगढ़से लगभग २२ मील है, प्रतिदिन मोटर-बस जाती है। यह नगर बहुत प्राचीन है। यहां ओसवालोंके१७५ घर हैं। खरतरगच्छका उपाश्रय, जैन मन्दिर और दादावाड़ी है।

श्री शीतलनाथजी का मन्दिर

इस मन्दिरके निर्माणका कोई शिलालेख नहीं मिला। बीकानेर के ज्ञान भंडारके १ पत्रमें इसके निर्माणके सम्बन्धमें इस प्रकार लिखा है :—सं० ६६६ मिती फागुण वदि १३ बुधवार पाछलै पुहर श्रीरिणीमें जैन रो देहरो तिण री नीव दीवी सेठ लखो खेतो लालावत रो करायो बहू गोष्ण बेटी देबै हेमावत री देहरै री सोंप भोजग जैतो देवै रे नुंथी जसै देदावत रो बेटोराज जसवंत डाहलियै रो गणेश नीवावत रो राज फोगे देहरै रो चेजारो भीखो लगावह अहमद वरस मा देहरो प्रमाण चढ्यो देहरो श्रीशीतलनाथजी रो तेहनी उत्पत्त जाणवी।

"Aho Shrut Gyanam"



गर्भगृहस्थित प्रतिमाएँ
शीतलनाथ जिनालय
रिणी तारानगर



श्री शीतलनाथ जिनालय
रिणी-तारानगर



सिंघीजी का देवसागर प्रासाद, सुजानगढ़



अभिलेख धातुमय पंचतीर्थी झज्झ लेखाङ्क २३१७

"Aho Shrut Gyanam"



श्री ज्ञानसार समाधिमंदिर
(प० प्र० पृ० ३७)



समाधिमंदिर का भीतरी दृश्य
(प० प्र० पृ० ३७)



श्री अभय जैन ग्रन्थालय बाहरी दृश्य



अभय जैन ग्रन्थालय भीतरी दृश्य



अभय जैन ग्रंथालय, ग्रन्थों से भरी आलमारियाँ



बौद्ध चित्रपट (नाहटा कलाभवन)

"Aho Shrut Gyanam"

मूलनायक श्री शीतलनाथजी सं० १०५८ में प्रतिष्ठित हैं। शासनदेवीकी मूर्त्तिपर सं० १०६५ का लेख है। मन्दिर बहुत सुदृढ़ विशाल, ऊँचे स्थानपर शिखरबद्ध बना हुआ है। बीकानेर राज्यके समस्त मंदिरोंमें यह प्राचीनतम है। हाल ही में यति पन्नालालजी की देखरेख में इसका जीर्णोद्धार हुआ है।

दादावाड़ी

यह गांव से करीब १ मील दूर है। यहां दादा श्रीजिनदत्तसूरिजीके चरण सं० १८६८ में प्रतिष्ठित है। यति माणिक्यमूर्त्तिजी के चरण सं० १८२५ और गुणनंदनके पादुके सं० १६१४ में प्रतिष्ठित हैं। सं० १६५२ में प्रतिष्ठित श्रीजिनकुशलसूरि पादुका, सं० १७८० की श्रीजिनसुख-सूरि पादुका, सं १७०६ की सुखलाभकी और सं० १६७२ हेमधर्मगणिकी पादुकाएं यहीं पर थीं जो अभी शीतलनाथजी के मन्दिर को भमती में रक्खी हुई हैं।

नौहर

यह सार्दूलपुर स्टेशनसे हनुमानगढ़ जानेवाली रेलवे लाइनका स्टेशन है। रिणीके बाद प्राचीन जैन मन्दिरोंमें इसकी गणनाकी जाती है। यहां श्रीपार्श्वनाथजीका मन्दिर है जिनके शिलापट्ट पर सं० १०८४का लेख है। श्रीरत्ननिधानकृत स्तवनमें सं० १६३१ में युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजीके यहांकी यात्रा करनेका उल्लेख है।

भादरा

यह भी नौहरसे २५ मील दूर है। सार्दूलपुरसे ४० मील है, यहां ओसवालोंके ३० घर हैं। जैन मन्दिर में पार्श्वनाथ और महावीर स्वामी की प्रतिमाएं विराजमान है। एक उपाश्रय और पुस्तकालय भी है।

लूणकरणसर

यह बीकानेरसे ४१ मील दूर भटिण्डा जानेवाली रेलवेका स्टेशन है। यहां ओसवालोंके ६० घर है। १ मन्दिर, उपाश्रय और दादावाड़ी है। दादावाड़ीके चरण इस समय मन्दिरमें रखे हुए हैं।

सुपार्श्वनाथजीका मन्दिर

साधुकीर्तिजीके स्तवनानुसार सं० १६२०—२५ के लगभग यहां श्रीआदिनाथजीका मन्दिर था, पर वर्तमान मन्दिरके शिलापट्ट पर लेखमें वा० दयाचन्दके सदुपदेशसे सावनसुखा सुजाणमल, बुचाठाकुरसी, बाफणा महीसिंह, गोलछा फूसाराम और बोथरा हीरानंदने सं० १६०१ के प्रथम श्रावण बदि १४ को यह मन्दिर करवाया लिखा है। संभव है यह जीर्णोद्धारका लेख हो। सं० १६३६के श्रीजिनदत्तसूरिजी और श्रीजिनकुशलसूरिजीके चरण व अन्य कई पादुकाएं

"Aho Shrut Gyanam"

मन्दिरमें रखी हुई हैं। इस समय यहां मूलनायक श्रीसुपार्श्वनाथजीकी प्रतिमा है, पता नहीं यह परिवर्तन कब हुआ।

कालू

यह गांव लूणकरणसरसे १२ मीलकी दूरी पर है बस व ऊंठों पर जाया जा सकता है। यहां पर ओसवालोंके ११० घर हैं। जैन मन्दिर और उपाश्रय भी है।

श्रीचन्द्रप्रभुजीका मन्दिर

इस मन्दिरका निर्माण काल अज्ञात है श्रीजिनदत्तसूरिजी और श्री जिनकुशलसूरिजीके चरण सं०१८६५ वैशाख बदि ७ को यहां पर श्री जिनहर्षसूरि प्रतिष्ठित हैं। गारबदेसरकी मूर्तियां भी एक चौबीसीको छोड़ कर यहां मंगवाई हुई हैं।

गारबदेसर

ये गांव कालूसे कुछ मील है। ओसवालोंके घर अब नहीं है इससे यहांके मन्दिरकी मूर्तियां कालूके मन्दिरमें ले आए। एक चतुर्विंशति पट्टक प्रतिमाकी पूजा वहांके श्रीमुरलीधरजीके मन्दिरमें होती है।

महाजन

यह भी भटिण्डा लाइन रेलवेका स्टेशन है। बीकानेरसे ७४ मील है गांवमें श्रीचन्द्रप्रभुजी का मन्दिर है। ओसवालोंके घर नहीं है। मन्दिर और उससे संलग्न जैन धर्मशाला है।

श्रीचन्द्रप्रभुजीका मंदिर—शिलापट्टके लेखानुसार उदयरंगजीके उपदेशसे श्री संघने सं० १८८१ मिती फागुन बदि २ शनिवारको बनवाकर इस मंदिरकी प्रतिष्ठा करवाई। मूलनायक जी पर कोई लेख नहीं है। दादा श्री जिनकुशलसूरिजीके चरणों पर १७७२ वैशाख सुदि ७ को महाजन संघके बनवाने और श्रीललितकीर्तिजीके प्रतिष्ठा करनेका उल्लेख है।

सुरतगढ़

यह भी भटिण्डा लाइनका स्टेशन है। और बीकानेर से ११३ मील है यहां ओसवालोंके २०—२२ घर हैं।

श्री पार्श्वनाथजीका मन्दिर

मूलनायकजीकी प्रतिमा सं० १६१५ मिती माघ शुक्ला २ को श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है। इस मंदिरको सं० १६१६ वैशाख बदि ७ को अष्टान्हिका महोत्सव पूर्वक श्रीजिनहंस-सूरिजीने प्रतिष्ठित किया ऐसा खरतरगच्छ पट्टावलीमें लिखा है। मन्दिरमें लकड़ीकी पटड़ी पर जो लेख है उसमें वैशाख सुदि ७ तिथि लिखी है जो विशेष ठीक मालूम होती है।

"Aho Shrut Gyanam"

हनुमानगढ़ (भटनेर)

यह भी उपर्युक्त रेलवेका स्टेशन है। बीकानेरसे सं० १४४ माइल है इसका पुराना नाम भटनेर (भट्टिनगर) है यहां बड़ गच्छकी एक शाखाकी गद्दी थी। यहां किलेके अन्दर एक प्राचीन मन्दिर है। यहांकी कई प्रतिमाएं बीकानेरके गंगा गोल्डन जुबिली म्यूजियममें रखी हुई हैं। कवि उदयहर्षके स्तवनानुसार सं० १७०७ में यहां श्री मुनिसुव्रत स्वामीका मन्दिर था। इस समय यहां श्री शान्तिनाथजीका मन्दिर है, मूलनायकजीकी सपरिकर प्रतिमा सं० १४८६ मि० मिगसर सुदि ११ को प्रतिष्ठित हैं, मन्दिरके पास ही उपाश्रय भग्न अवस्थामें पड़ा है। यहाँ ओसवालोंके केवल ७ ही घर है।

सतरहवीं शतीके वड़ गच्छीय सुकवि मालदेव के भटनेर आदिनाथादि ६ जिनस्तवन के अनुसार उस समय मूलनायक आदिनाथजी की सपरिकर मूर्त्ति थी। जिसमें दोनों ओर दो काउसग्गिया (कार्योत्सर्ग मुद्रा-खड़ी खड्गासन) मूर्त्ति थी। अन्य मूर्त्तियों में अजितनाथ, संभवनाथ, श्रेयांसनाथ, शान्तिनाथ एवं महावीर की थी। बीकानेर म्यूजियम में अजितनाथ, संभवनाथ व महावीर की प्रतिमाएँ सं० १५०१ में प्रतिष्ठित हैं। विशेष संभव है कि वे स्तवनोक्त ही हों। आदिनाथ की मूर्त्ति म्यूजियम में सं० १५०१ की व भटनेर में सं० १५६६ की है। संभवतः शान्तिनाथजी की मूर्त्ति भटनेर में अभी मूलनायक है वही हो पर श्रेयांसनाथजी की मूर्त्तिका पता नहीं चलता।

अब यहाँ इन स्थानों का परिचय दिया जा रहा है, जहां पूर्वकाल में जैन मन्दिर थे पर वर्त्तमान में नहीं रहे।

देसलसर

यह ग्राम देशनोक से १४ मील है। यहां मन्दिर अब भी विद्यमान है पर ओसवालों के घर न होनेसे यहां की प्रतिमाएँ और पादुकायें नौखामंडीके नव्य निर्मित जैन मन्दिर में प्रतिष्ठित की गई है।

सारूँडा

यह स्थान नोखामंडी से १०-१२ मील है। सं० १६१६ और १६४४ की शत्रुंजय चैत्य परिपाटी में श्री ऋषभदेव भगवान के मन्दिर होनेका उल्लेख पाया जाता है। पर वर्त्तमान में उसके कुछ भग्नावशेष ही रहे हैं।

पूगल

यह बहुत पुराना स्थान है। सं० १६६६ के लगभग कल्याणलाभके शिष्य कमलकीर्ति और सं० १७०७ में ज्ञानहर्ष विरचित स्तवनों से स्पष्ट है कि यहाँ श्री अजितनाथस्वामी का मन्दिर था। पर इस समय यहां कोई मन्दिर नहीं है।

"Aho Shrut Gyanam"

ददरेवा

यह गांव राजगढ़ से रिणी जाते हुये मार्गमें आता है। वाचक श्री गुणविनय कृतस्तवन के अनुसार सतरहवीं शताब्दी में यहाँ श्री शान्तिनाथ भगवान का मन्दिर था। इस समय यहाँ मन्दिर का नामोनिशान भी नहीं है।

बीकानेर के जैनमन्दिरों को राज्यकी ओर से सहायता

बीकानेर राज्यकी देवस्थान कमेटी से पूजनादि के लिये निम्नोक्त रकम मासिक सहायता मिलती है।

यह सूची पुरानी है, वर्तमान में सहायता की रकममें वृद्धि हो गयी है।

१—नापासर* शान्तिनाथजी	१)
१— रतनगढ़ जैनमन्दिर	।।।=)
दादाजी	१।।=)
३—चूरू शांतिनाथजी	१।।।)
दादाजी	१=)
४—राजगढ़ जैनमन्दिर	२।।।=)
५—रिणी× शीतलनाथजी	२।।=)
दादाजी	।।–)
६—सुजानगढ़ ऋषभदेवजी	२।।।=)
७—सरदारशहर पार्श्वनाथजी	२।।।=)
पार्श्वनाथजी नया मन्दिर	२।।=)
दादाजी	१=)
८—उदरामसर दादाजी	२)
९—देशनोक मन्दिर	१)
१०—लूणकरणसर पार्श्वनाथजी	३।।।=)
११—सूरतगढ़ पार्श्वनाथजी	२।–)
१२—ऋषभदेवजी	१=
१३—हनुमानगढ़	२।।।=)
१४—नोहर	२।–)
१५—भादरा	१।।।)

रजु दफ्तर छाप श्री रामजी

* श्री दीवान वचनात् गां० नापासर री जगात रा वा रुखवाली री भाछरा हुवालदारां जोग। तीथा श्री जी रोमन्दिर जैनरो गाँ० नापासरमें छै तैरी सेवा पूजा सेवग खड़गौ करै छै तै नै केसरचनण धूपरा मा०१ रु० २) अखरे रुपया दोय कर दिया है सुजगात रो हुवालदार हुवे सो १) वा रुखवालीरी भाछ रो हुवालदार हुवे सु १) चलू दिया जावजो दः अचारज ठाकरसी सं० १९०३ मी० फागण वदि ९।

× श्री बीकानेर रा मांडहिया लिखावतुं रिणी रा मांडहिया जोग तथा पूज श्री जिनसुखसूरिजी री छतड़ी पादकारे पूजा नु टका १५। अखरे पन्दरै चलु थितीया देजो म्हे थानु मुकाते मां मुजरे भरदेसां सं० १७८३ मगसर सुद ४ हुता चलु दे जाई उपासरे भटारकांरे देजो।

"Aho Shrut Gyanam"

जैन उपाश्रयों का इतिहास

श्रावक समाज के लिए जिस प्रकार देवरूप से जैन तीर्थंकर पूज्य हैं उसी प्रकार गुरुरूप जैन साधु भी तद्वत् उपास्य हैं। अतः बीकानेर बसने के साथ जैन श्रावकों की बीकानेर में बस्ती बढती गई तब उनके धार्मिक अनुष्ठानों को सम्पन्न कराने वाले और धर्मोपदेष्टा जैन मुनियों का आना जाना भी प्रचुरता से होने लगा। और उनके ठहरने व श्रावकों को धर्म ध्यान करने के लिए उचित स्थान की आवश्यकता ने ही पौषधशाला या उपाश्रयों को जन्म दिया। इन धर्मस्थानोंका मन्दिरों के निकटवर्त्ती होनेसे विशेष सुविधा रहती है इसलिये श्री चिन्तामणिजी और महावीरजी जो कि १३ और १४ गुवाड़ के प्रमुख मन्दिर हैं, उनके पार्श्ववर्त्ती पौषधशालाएँ बनवाई गईं। उस समय जैन साधुओंके आचार विचारोंमें कुछ शिथिलता प्रविष्ट हो चुकी थी। अतः सं० १६०६ में उ० कनकतिलक, भावहर्ष आदि खरतर गच्छीय मुनियों ने बीकानेरमें क्रियोद्धार किया और धर्मप्रेमी संग्रामसिंहजी बच्छावत की विज्ञप्ति से सं० १६१३ में श्रीजिनचन्द्र सूरिजी बीकानेर पधारे। आपश्री ने यहाँ आनेके अनन्तर क्रियोद्धार कर चारित्र पालन कर सकने वाले मुनियों को ही अपना साथी बनाया अवशेष यति लोग इनसे भिन्न महात्मा के नामसे प्रसिद्ध हो गए। पुराने उपाश्रय में वे लोग रहते थे इसलिए मंत्रीश्वर ने अपनी माताके पुण्य वृद्धिके लिए नवीन बड़ी पौषधशाला निर्माण करवायी जो अभी बड़े उपाश्रय के नामसे प्रसिद्ध है। वह पौषधशाला सुविहित साधुओं के धर्म ध्यान करने के लिए और इसके पास ही संघने साध्वियों के लिए उपाश्रय बनवाया * इसी प्रकार समय-समय पर कंवलागच्छ, पायचंदगच्छ, व लुंकागच्छ व तपागच्छ के उपाश्रय बनवाये। १६ वीं शतीमें फिर यतियों में शिथिलाचार बढ़ गया और विहार की मर्यादा भी शिथिल हो गई जो यति विशेष कर बीकानेर में रहने लगे उन्होंने अपने अपने उपाश्रय भी अलग बनवा लिये क्योंकि खरतर गच्छमें यतियों की संख्या उस समय सैकड़ों पर थी अतः पुराने उपाश्रय में इनकी भीड़ लगी रहती थी, अतः जिन्हें वहाँ रहने में असुविधा प्रतीत हुई या जिन के पास धन इकट्ठा हो गया अथवा राजदरबार में उनकी मान्यता होनेसे राजकी ओरसे जमीन मिल गई उन्होंने स्वतंत्र उपाश्रय बनवा लिए। उपाश्रयों के लेखोंसे प्रमाणित है कि इस शताब्दी में बहुत से नवीन उपाश्रय बनकर उनकी संख्या में वृद्धि हुई। अब समस्त उपाश्रयों का संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है।

बड़ा उपासरा

यह उपाश्रय रांगड़ीके चौकमें है। यह स्थान बहुत विशाल बना हुआ है। इसमें सैकड़ों यति साधु चातुर्मास करते थे। इस उपाश्रयके श्रीपूज्यजी बृहद् भट्टारक कहलाते हैं। उनके अनु-

* इस समय प्राचीन उपाश्रय भी सुविहित साधुओं के व्यवहार में आता था, क्योंकि समयसुन्दरजी ने सं १६७४ के लगभग जब बादशाह जहाँगीर का फरमान श्रीजिनसिंहसूरिजी को बुलाने के लिए आया तब आचार्यश्रीके उसी चिन्तामणिजी के मन्दिर से संलग्न उपाश्रय में विराजमान होनेका उल्लेख किया है।

"Aho Shrut Gyanam"

यात्रियों की संख्या बीकानेर और बीकानेरके गांवोंमें सबसे अधिक थी। बीकानेर रियासतके प्रायः सभी गांवोंमें यहांकी गद्दीके श्रीपूज्यजी के आज्ञानुयायी यति लोग विचरते रहते थे अर्थात् सब तरहसे यह स्थान अपनी महानता के कारण ही यह बड़ा उपासरा सबसे अधिक देश-देशान्तरोंमें प्रसिद्धि प्राप्त है। इस उपाश्रय के निर्माण के सम्बन्ध में हम आगे लिख चुके हैं कि यह सं० १६१३ के लगभग मंत्रीश्वर संग्रामसिंह ने अपनी माताके पुण्यार्थ बनवाया था*। इस उपाश्रयके सम्बन्धमें सं० १७०५ का परवाना हमारे संग्रहमें है, जिसकी नकल इस प्रकार है :—

सही—

स्वस्ति श्री महाराजाधिराजा महाराजा श्री करणसिंह जी वचनायते खवास गोपाला जोग सुपरसाद वांचजो तथा उपासरो बड़ो भटारकी महाजना रो छै सु भटारकिया—(नै) दीन छै० सु० खोलह देजो० महाजन भटारकी नु खग—य छै संवत् १७०५ वैसख वद ५ श्री अवरंगाबाद।

इस उपाश्रयमें यतिवर्य्य हितवल्लभ जी (हिमतू जी) की प्रेरणासे कई यतियोंके हस्तलिखित ग्रन्थोंके संग्रहरूप वृहद् ज्ञानभंडार स्थापित हुआ। यद्यपि इससे पहिले सतरहवीं शतीमें भी विक्रमपुर ज्ञानकोष का उल्लेख पाया जाता है पर अब वह नहीं है। इस भंडारके अतिरिक्त श्रीपूज्यजी का संग्रह भी महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय है जिसका परिचय ज्ञानभंडारके प्रकरणमें दिया गया है। इस उपाश्रय में वृहत्खरतर गच्छीय श्रीपूज्यों की गद्दी है वर्त्तमान में भट्टारक श्रीजिनविजयेन्द्रसूरिजी श्रीपूज्य हैं। इसमें १३ गुवाड़ की पंचायती व कई मन्दिरों की वस्तुएँ भी रहती हैं। श्री पूज्यजी का वर्त्तमान तख्त व उपाश्रय के सन्मुख का हिस्सा श्रीमद् ज्ञानसार जी के सदुपदेश से जैन-संघ ने बनवाया था।

साध्वियोंका उपासरा

यह बड़े उपाश्रय के पास की गलीमें साध्वियोंके ठहरने व श्राविकाओं के धर्म-ध्यान करने के लिये संघ ने बनवाया था अभी यहाँ कई खण हैं जिनमें भट्टारक और आचार्य खरतर शाखा की जतणियें रहती हैं।

खरतराचार्य गच्छका उपासरा

वि० सं० १६८६ में श्रीजिनसिंहसूरिजी के पट्टधर भट्टारक श्री जिनराजसूरि व आचार्य श्रीजिनसागरसूरि किसी कारणवश अलग अलग हो गए। तबसे श्री जिनसागरसूरिजी का समुदाय खरतराचार्य गच्छ कहलाने लगा। यह उपाश्रय बड़े उपाश्रय के ठीक पीछे नाहटों की गुवाड़ में है संभवतः उपर्युक्त गच्छ भेद होनेके कुछ समय बाद ही इसकी स्थापना हुई होगी पर इसमें लगे हुए शिलालेख में यति मलूकचन्द जी के उपदेश से आचार्य गच्छीय संघ द्वारा यह

---

* पौषधशाला विपुला विनिर्मिता येन भूरि भाग्येन।
मातुः पुन्यार्थं यन्माता मान्या सु धन्यानाम् ।। २५४ ।।

[कर्मचन्द मन्त्रिवंश प्रबन्ध]

"Aho Shrut Gyanam"

पौषधशाला सं० १८४५ भाद्रवा वदि ८ को बनवाने का लिखा है। जो कि उपाश्रय के वर्त्तमान रूपमें निर्माण होनेका सूचक होगा। खरतराचार्य शाखाके श्री पूज्य श्री जिनचन्द्रसूरिका देहान्त हो गया है। इस उपाश्रय में भी एक अच्छा ज्ञान भंडार है।

श्री जैनलक्ष्मी मोहनशाला

यह भी रांगड़ी के चौक में। सं० १८२२ में यति लक्ष्मीचन्द्र जी ने यह मकान बनवाया होगा। इस में श्री जिनरत्नसूरिजी के पट्टधर श्री जिनचन्द्रसूरिजी के शिष्य उ० उदयतिलकजी की परम्परा के उ० जयचन्द्रजी के शिष्य पालचन्द अभी रहते हैं। इनके प्रगुरु मोहनलाल जी ने सं० १९५१ विजयदशमी को श्री जैन लक्ष्मी मोहन शाला नाम से पुस्तकालय स्थापित किया। इनके ज्ञानभंडार में हस्तलिखित ग्रन्थों का अच्छा संग्रह है।

श्री जिनकृपाचन्द्रसूरि खरतरगच्छ धर्मशाला

यह भी रांगड़ी के चौकमें है। श्रीजिनकृपाचन्द्रसूरिजी कीर्तिरत्नसूरि शाखामें नामाङ्कित विद्वान हो गए हैं जिनके शिष्य शिष्याएं अब भी सर्वत्र विचर कर शासन सेवा कर रहे हैं। श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी के प्रगुरु सुमतिसोम जी के गुरू सुमतिविशाल जी ने सं० १९२४ ज्येष्ठ सुदि ५ को यह उपाश्रय बनवाया। श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी सं० १९४५ में क्रियोद्धार करके सं० १९५७ में पुनः बीकानेर आए और अपने इस उपाश्रय को मय अन्य दो उपासरों (जिनमेंसे एक इसके संलग्न और दूसरा इसके सामने है) ज्ञानभंडार, सेढूजी का मन्दिर, नाल की शाला इत्यादि अपनी समस्त जायदाद को "व्यवस्थापत्र" बनवा कर खरतर गच्छ संघ को सौंप दी। सं १९८४ में श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी के पुनः पधारने पर निकटवर्ती उपाश्रय का नवीन निर्माण और मूल उपाश्रय का जीर्णोद्धार सं० १९८६ में लगभग ६०००) रुपये खरच कर श्री संघने करवाया जिसके सारे कामकी देखरेख हमारे पूज्य स्व० श्री शंकरदान जी नाहटा ने बड़े लगनसे की थी। खेद है कि उपासरे का ज्ञानभंडार सूरिजी के यति-शिष्य तिलोकचन्द जी ने जिन्हें कि बड़े विश्वास के साथ सूरिजी ने व्यवस्थापक बनाया था, बेच डाला इस उपाश्रय से संलग्न एक सेवग के मकान को खरीद कर हमारी ओर से उपाश्रय में दिया गया है। पूज्य श्रीयुत शुभैराज जी नाहटा के सतत् परिश्रमसे एक विशाल व्याख्यान हाल का निर्माण हुआ है उ० श्री सुखसागर जी और साध्वीजी माहमाश्री जी के ग्रन्थों की अलमारियां यहाँ मंगवाकर ज्ञानभंडार की पुनर्स्थापना की गयी है।

श्री अनोपचन्द्रजी यति का उपासरा

यह उपर्युक्त श्री जिनकृपाचन्द्रसूरि खरतर गच्छ धर्मशाला के सामने है। इसका ½ हिस्सा उपर्युक्त धर्मशाला के तालुके हैं व ½ हिस्सा यति अनोपचन्द्रजी का था जिसमें उनके शिष्य प्यारेलाल यति रहते हैं। इस से संलग्न इसी शाखा के यति रामधनजी का उपासरा है।

"Aho Shrut Gyanam"

महो० रामलालजी का उपासरा

क्षेम शाखाके महो० रामलालजी इस जमाने के प्रसिद्ध वैद्यों में थे उन्होंने वैद्यक द्वारा अच्छी सम्पत्ति अर्जन कर यह उपाश्रय बनवाया। अभी उसमें उनके प्रशिष्य बालचन्द्रजी रहते हैं।

श्री सुगनजी का उपासरा

यह भी रांघड़ी के चौक के पास है। उपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी उन्नीसवीं शती के बड़े गीतार्थ एवं विद्वान थे, अपने गुरु अमृतधर्मजी के साथ इन्होंने क्रियोद्धार किया था। आपके उपदेश से श्री संघ ने सं० १८५८ में यह पौषधशाला बनवाई, इसमें उन्होंने अपना ज्ञान-भण्डार स्थापित किया जिसका लेख इस प्रकार है :—

"श्री सिद्धचक्राय नमः श्री पुण्डरीकादि गौतम स्वामी प्रमुख गणधरेभ्यो नमः श्री बृहत्खर-तरगणाधीश्वर भट्टारक श्री जिनभक्तिसूरि शिष्य प्रीतिसागर गणि शिष्य वाचनाचार्य संविग्न श्री मदमृतधर्म गणि शिष्योपाध्याय श्री क्षमाकल्याण गणिनामुपदेशात् श्री संघेन पुण्यार्थं श्री बीका-नेर नगरे इयं पौषधशाला कारिता सं० १८५८ इस पौषधशाला मांहें शुद्ध समाचारी धारक संवेगी साधु-साध्वी श्रावक-श्राविका धर्म ध्यान करे और कोई उजर करण पावै नहीं सही सही ॥ लिखितं उपाध्याय श्रीक्षमाकल्याण गणिभिः सं १८६१ मिती मार्गशीर्ष सुदि ३ दिने संघ समक्षम्।

उपाध्याय श्री क्षमाकल्याण गणि स्वनिश्रा को पुस्तक भण्डार स्थापन कियौ उसकी विगति लिखै है। भण्डार कौ पुस्तक कोई चोर लेवे अथवा बेचै सो देव गुरु धर्म कौ विराधक होय भवो भव महा दुखी होय"।

उ० श्री क्षमाकल्याणजी के प्रशिष्य श्री सुगनजी अच्छे कवि हुए हैं जिनके रचित बहुतसी पूजाएं प्रसिद्ध हैं उन्हीं के नामसे यह सुगनजी का उपासरा कहलाता है। पीछे से इससे संलग्न उपाश्रय को एक यति से खरीद कर शामिल कर लिया गया है। उपाश्रय के उपर अजितनाथजी का देहरासर और नीचे क्षमाकल्याण-गुरु-मन्दिर और ज्ञानभण्डार है। इस उपाश्रय का हाल ही में सुन्दर जीर्णोद्धार हुआ है।

बौरों की सेरी का उपासरा

रांगड़ीके चौक के निकटवर्त्ती बोहरों की सेरीमें होने से यह "बौरों सेरी का उपासरा" कहलाता है। यह उपाश्रय क्षमाकल्याणजी की शिष्याओं एवं श्राविकाओं के धर्मध्यान करनेके लिए बनवाया गया था।

छत्तीबाई का उपासरा

यह नाहटों की गुवाड़ में श्री सुपार्श्वनाथजी के मन्दिर से संलग्न है। इसे छत्तीबाई ने बनवाया इससे यह छत्तीबाई का उपासरा कहलाता है। यहां कभी कभी साध्वियों का चौमासा होता है और बाईयां धर्मध्यान करती हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

कल्पसूत्रके चित्र—सिद्धार्थ सभा



त्रिशला (कक्षमें) एवं स्वप्न पाठक



सिद्धार्थ की राजसभा



देव विमान



भगवान महावीर का समवशरण (कल्पसूत्र से)



उपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी गणि

Aho Shrut Gyanam

पन्नीबाई का उपासरा

यह आसानियों के चौक के पास गली में हैं। यह उपाश्रय तपा गच्छ की श्राविकाओं के हस्तगत है। इसमें श्री पद्मप्रभुजी का देहरासर भी है।

पायचन्द गच्छ का उपासरा

यह उपासरा आसानियों के चौक में हैं। इसमें नागपुरी तपा गच्छीय श्री पासचन्द्रसूरि जी की गद्दी है। इसके श्रीपूज्य श्री देवचन्द्रसूरिजी का कुछ वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया, इसका प्रबन्ध उस गच्छ के रामपुरिया आदि श्रावक लोग करते हैं।

रामपुरियों का उपासरा

यह रामपुरियों की गुवाड़ में हैं। इसमें श्री कुशलचन्द्र गणि पुस्तकालय स्थापित है। स्वर्गीय उदयचन्द्रजी रामपुरिया के प्रयत्न से यहां तीर्थपट्टादि का चित्रकाम बड़ा सुन्दर हुआ है। इस उपाश्रयमें सं० १९८३ में उन्होंने श्री पार्श्वचन्द्रसूरिजी और भावृचन्द्रसूरिजी की पादुकाएं स्थापितकी हैं।

कँवला गच्छ का उपासरा

यह उपासरा सुराणों की गुवाड़ में है। यहां कँवला गच्छ के श्रीपूज्यों की गद्दी थी। आगे इसमें देहरासर और ज्ञानभण्डार भी था। यति प्रेमसुन्दर ने इस उपाश्रय और इसके समस्त सामान को बेच डाला। अब इस उपाश्रय को खरीद कर यति मुकनसुन्दर रहते हैं।

लौंका गच्छ का उपासरा

यह उपासरा कँवलोंके उपासरे के पास सुराणों की गुवाड़ में है। इसमें नागौरी लुंका गच्छके श्रीपूज्यों की गद्दी थी। शिलालेखों के अनुसार इस पौषधशाला को (इस रूपमें) इस गच्छ के श्रीपूज्य लक्ष्मीचन्द्रसूरिजी ने सं० १८८७ और १८९५ में बनवाई। अभी इस उपाश्रय में यति लच्छीराम जी रहते हैं।

लौंका गच्छका छोटा उपासरा

यह उपर्युक्त उपासरे के पास ही है। लौंका गच्छका शाखा भेद होनेके बा[illegible] वाले इसमें रहने लगे। इसका निर्माण कब हुआ, कोई उल्लेख नहीं मिलता।

लौंका गच्छ की पट्टावली में लिखा है कि पूज्य जीवणदासजी के समय दोनों उपासरों पर अन्य लोगोंके कब्जा कर लेनेपर उन्होंने सं० १७७८ में बीकानेर नरेश से अर्जी कर सं० १७७८ प्रथम श्रावण बदि ८ को दोनों उपासरों का परवाना प्राप्त किया।

सीपानियों का उपासरा

यह सिंघीयों के चौक में है। इसे ऋद्धिविजय गणि के उपदेश से सीपानी संघ ने सं० १८४६ माघसुदी १५ को बनवाया था।

"Aho Shrut Gyanam"

कोचरों का उपासरा

कोचरों के मुहल्ले में दो उपाश्रय हैं। जिसमें एकमें श्री शांतिनाथ जी का देहरासर है।

पौषधशाला

यह रांगड़ी के चौक में है। इसकी व्यवस्था पन्नीबाईके उपाश्रय की बाइयों के आधीन है। तपा गच्छ के मुनिराजों का अधिकांश चातुर्मास यहीं होता है। यह पौषधशाला गुमान मल जी वरढिया ने बनवाई थी।

साधर्मीशाला

यह स्थान रांगड़ी के चौक में है। सं० १९५८ में उपाध्याय श्रीहितवल्लभजी गणिने यति श्रीचन्द्र जी से यह स्थान खरीद कर इसे जैन श्वेताम्बर साधर्मीशाला के नाम से स्थापित की। उ० जयचन्द्रजी की प्रेरणा से कलकत्ता और मुर्शिदाबादके संघने इसके खरीदने में सहायता दी थी। इसकी देखरेख बड़े उपाश्रय के ट्रष्टियों के आधीन है। जैन यात्रियों के ठहरने के लिए यह स्थान है। इसमें उ० श्री हितवल्लभजी के चरण सं० १९८१ प्रतिष्ठित है। सं० १९६१ में सावणसुखा सुगनचन्दजी भैरूंदानजी बंगले वालों ने इसकी तिबारी बनवाई।

बीकानेर शहरके उपाश्रयों व साधर्मीशाला का परिचय संक्षेप से ऊपर दिया गया है अब बीकानेर राज्यवर्त्ती उपाश्रयों की सूची नीचे दी जा रही है :—

(१) गंगाशहर—यहाँ मन्दिरजी के पास की जगहमें हाल बना हुआ है जिसमें साधु-साध्वी ठहरते हैं।

(२) भीनासर—यहाँ मन्दिरजी के पास खरतर गच्छ का उपाश्रय है। उ० श्री सुमेरमलजी के शिष्य यहाँ रहते हैं।

(३) उदरामसर—बोथरों के वास में खरतर गच्छ का उपाश्रय है जिसके उपर श्री कुंथुनाथ जी का देहरासर हैं।

(४) देशनोक—यहाँ तीनों मन्दिरोंसे संलग्न ३ उपाश्रय हैं जिनमें २ खरतर गच्छके और एक लुंके गच्छ का है।

(५) ऊदासर—यहाँ मन्दिर के पास ही धर्मशाला है।

(६) झञ्झू—यहाँ एक खरतर गच्छ और दूसरा लुंका गच्छका उपाश्रय है।

(७) राजलदेसर—यहाँ कंवला गच्छ का एक उपासरा है।

(८) रतनगढ़—मन्दिर के पास उपाश्रय है, जिसमें तेरापंथी-नाटक के रचयिता यति प्रेमचन्द्रजी बड़े प्रसिद्ध हुए हैं।

(९) बीदासर—यहाँ खरतर गच्छ के उपाश्रय में यतिजी रहते हैं।

"Aho Shrut Gyanam"

(१०) सुजानगढ़—यहाँ खरतर गच्छ और लुंका गच्छ के २ उपाश्रय हैं। खरतर गच्छ के उपाश्रयमें यति दूधेचन्दजी और लुंका गच्छके उपाश्रयमें वैद्यवर रामलालजी यति रहते हैं।

(११) चाहड़वास—कहा जाता है कि यहाँ के उपासरे में देहरासर भी है।

(१२) चूरू—यहाँ खरतर गच्छीय यति ऋद्धिकरणजी का सुप्रसिद्ध बड़ा उपासरा है। यह उपासरा बड़ा सुन्दर और विशाल है, इसमें यतिजी का ज्ञानभण्डार, लायब्रेरी और औषधालय है। इससे संलग्न श्री शांतिनाथजी का मन्दिर और कुआं है यहाँ लुंका गच्छके यतिजी का भी एक अन्य उपासरा है।

(१३) राजगढ़—यहाँ मंदिरसे संलग्न खरतर गच्छ का उपाश्रय है।

(१४) रिणी – यहाँ मन्दिर के सामने एक पुराना उपाश्रय है जिसमें खरतर गच्छ के यति पन्नालालजी रहते हैं।

(१५) लूणकरणसर—यहाँ मन्दिरके पास खैरतर गच्छ के दो उपाश्रय हैं जिनमें से एक की देखरेख रिणी के यति पन्नालालजीके व दूसरा पंचायती के हस्तगत है।

(१६) कालू—यहाँ भी मन्दिर के पास उपाश्रय है और वैद्यवर किसनलालजी यति यहाँ रहते हैं।

(१) महाजन—यहां मन्दिर से संलग्न उपाश्रय (धर्मशाला) है।

(२) सूरतगढ़—यहां खरतर गच्छीय उपाश्रय है।

(१६) हनुमानगढ़—यहां बड़ गच्छ की गद्दी प्राचीनकालसे रही है, दुर्गमें मन्दिरके निकट ही एक जीर्ण शीर्ण उपाश्रय अवस्थित है।

बीकानेर रियासत में खरतर गच्छ का बहुत जबरदस्त प्रभाव रहा है। बड़े उपासरे के आदेशी यति गण रियासत के प्रायः सभीगाँवोंमें, जहां ओसवालों की वस्ती थी, विचरते और चातुर्मास किया करते थे। हमारे संग्रह में ऐसे सैकड़ों आदेशपत्र हैं जिनमें श्रीपूज्यों ने भिन्न-भिन्न ग्रामों में यतियों को विचरने का आदेश दिया है। अतः उपर्युक्त स्थानों के अतिरिक्त और भी बहुतसे स्थानों में पहले उपाश्रय थे जिनमें कई भग्न हो गए और कई अन्य लोगोंके कब्जे में है हमारा सर्वत्र भ्रमण भी नहीं हुआ है अतः जिन उपाश्रयों का परिचय हमें ज्ञात हो सका, लिख दिया है।

हमारे संग्रह के एक हस्तलिखित पत्र में वा० हस्तरत्न गणि के उद्योग से गांव नाथूसर में सं० १८११ मिती मिगसर वदि १० को पौषधशाला कराने की प्रशस्ति की नकल मिली जिसे हमने उपाश्रयोंके लेखों के साथ दे दी है।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेर के जैन ज्ञानभंडार

जैन साहित्य में ज्ञान को आत्मा का विशेष गुण बताया है और इसीलिये ज्ञान को जैनागमोंमें अत्यधिक महत्व दिया गया है। नंदी सूत्र आगम ग्रंथ तो ज्ञान के विवेचन रूपमें ही बनाया गया है। स्वाध्याय-अध्ययन को आभ्यन्तर तप माना गया है। उसका फल परम्परा से मोक्ष है। अतः जैन मुनियों को स्वाध्याय करते रहने का दैनिक कर्त्तव्य बतलाया गया है। जैनागमों में प्रतिपादित ज्ञान के इस अपूर्व महत्व ने मुनियों की मेधा का खासा विकास किया। उन्होंने अपने अमूल्य समयको विशेषतः विविध ग्रंथोंके अध्ययन अध्यापन एवं प्रणयन में लगाया फलतः साहित्य (वाङ्मय) का कोई ऐसा अंग बच न सका जिसपर जैन विद्वानों की गौरव-शालिनी प्रतिभासम्पन्न लेखनी न चली हो। वीर-निर्वाण के ९८० वर्ष पश्चात् विशेष रूपसे जैन साहित्य पुस्तकारूढ़ हुआ। उससे पूर्व आगम कंठस्थ रहते थे। अतः अध्ययन अध्यापन ही जैन मुनियों का प्रमुख कार्य था। इसके पश्चात लेखन भी आवश्यक कार्यों में सम्मिलित कर लिया गया। और साधारण मुनियों का समय जो कि शास्त्रों का प्रणयन नहीं कर सकते थे लिखने में व्यतीत होता था। इसी कारण जैन मुनियोंके हस्तलिखित लाखों ग्रंथ यत्र तत्र बिखरे पड़े है। दूसरों की अपेक्षा जैनों की लिखी पुस्तकें शुद्ध पायी जाती हैं। साहित्य के प्रणयन एवं संरक्षणमें जैन विद्वान विशेषतः श्वेताम्बर विद्वान तो बड़े ही उदार रहे है, फलस्वरूप जैनेतर ग्रंथों पर सैकड़ों जैन टीकाएं उपलब्ध हैं, जैन भण्डारों में जैनेतर साहित्य प्रचुर परिमाण में सुरक्षित है उनमें कई ग्रंथों की प्रतियां तो ऐसी भी हैं जिनकी प्रतियां जैनेतर संग्रहालयों में भी नहीं पाई जाती हैं। अतः उनको बचाये रखने का श्रेय जैनोंको ही प्राप्त है।

जिस प्रकार जैन मुनियोंने लेखन एवं ग्रंथ निर्माण में अपने अपूर्व समय एवं बुद्धि का सदुपयोग किया उसी प्रकार जैन उपासकों (श्रावकों) ने भी लाखों करोड़ों रुपये का सद्व्यय प्रतियां लिखने में, विविध चित्रालेखन में, स्वर्ण व रौप्य की स्याही से लिखाने में किया। आज भी जैन भण्डारों में सुरिक्षत हजारों प्रतियां ऐसी हैं जिन्हें श्रावकों ने लाखों रुपये व्यय करके लिखायी थी। उनमें से कल्पसूत्रादि की कई प्रतियां तो लेखन चित्रकला, एवं नाना विविधताओं के कारण ऐसी अद्भुत है कि अपनी सानी नहीं रखती। अहमदाबाद के भण्डार में एक कल्पसूत्र की प्रति ऐसी है जिनका मूल्य लाख रुपयेसे अधिक आँका जाता है कई प्रतियां स्वर्णाक्षरी और कई रौप्याक्षरी लेखनकला में है। इस कला की सुन्दरता एवं विविधता जैसी जैन प्रतियों में है, अन्यत्र दुर्लभ है। त्रिपाठ, पंचपाठ, बीचमें स्थान छोड़कर बनाये हुए विविध चित्र प्रदर्शन नामादि लेखन आदि अनेकानेक विविधताऐं जैन भण्डारों की प्रतियों में हैं। लेखक एवं लिखाने वाले की प्रशस्तियां भी जैन प्रतियों में एतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व की है।

"Aho Shrut Gyanam"

जैन भण्डारों की प्रचुरता

जैन मुनियोंके लिये एक स्थान पर चातुर्मास (आषाढ़ से कार्तिक) के अतिरिक्त, एक स्थान पर एक माससे अधिक रहना निषिद्ध है। अतः निरंतर भ्रमणशील जैन मुनियोंने भारतके कोने कोने में पहुंच कर जैनधर्मका प्रचार किया। परिणाम स्वरूप भारतके सभी प्रान्तों में जैन ज्ञानभण्डार स्थापित हैं। नीचे प्रांत वार उन प्रमुख स्थानों के नामोंकी सूची दी जाती है, जहां ज्ञानभण्डार हैं।

श्वेताम्बर जैन ज्ञानभण्डार*

राजपूताना—जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, पीपाड़, आहोर, फलोधी, सरदारशहर, चूरू, जयपुर, झूँझणूँ, फतैपुर, लाडणू, सुजाणगढ, पाली, उज्जैन, कोटा, उदयपुर, इन्दौर, रतलाम, बालोतरा, किसनगढ़, नागौर, मंदसौर, ब्यावर, लोहावट, मेड़ता इत्यादि।

गुजरात – पाटण, खंभात, बड़ौदा, छाणी, पादरा, बीजापुर, लींबड़ी, अहमदाबाद, सूरत, पालनपुर, राधनपुर, डभोई, मांगरोल, ईडर, सीनोर, साणंद, वीशनगर, कपड़वंज, चाणस्मा, बीरमगांव, बीलीमोरा, झीझुवाड़ा, खेड़ा, बढ़वाण, धौलेरा, पाटड़ी, दशाड़ा, लींवण, पूना, बंम्बई, भरौंच।

काठियावाड़ – पालीताना, भावनगर, राजकोट, जामनगर

कच्छ – कच्छ कोडाय, मांडवी, मोरबी,

दक्षिण—मालेगांव, मैसूर, मद्रास

संयुक्तप्रांत—आगरा, बनारस, लखनऊ

बंगाल—कलकत्ता, अजीमगंज, जीयागंज, राजगृह (बिहार)

पंजाब—अम्बाला, जीरा, रोपड़, सामाना, मालेरकोटलु, लुधियाना, होशियारपुर, जालंधर, नकोदर, अमृतसर, पट्टी, जंड़ियाला, लाहोर, गुजरांवाला, स्यालकोट, रावलपिंडी, जम्मू

दिगम्बर जैन ज्ञानभण्डार

यों तो इनके जहां जहां मन्दिर हैं वहीं पुस्तक संग्रह हैं। पर प्रमुख स्थानोंके नाम इसप्रकार हैं।

१ आरा २ झालरापाटण, ३ बम्बई, ४ ब्यावर ५ दिल्ली ६ जयपुर, ७ नागौर, ८ कारंजा, ९ कलकत्ता, १० नागपुर, ११ ललितपुर, १२ बासौदा, १३ भेलसा, १४ ईडर, १५ करमसद १६ सोजित्रा १७ अजमेर १८ कामा १९ ग्वालियर २० लश्कर २१ सोनगिरि २२ सीकर २३ मूडविद्रि २४ जैनविद्री २५ इन्दौर २६ हूमसपद्मावती २७ प्रतापगढ़ २८ उदयपुर २९ सांगवाड़ा ३० आगरा ३१ लखनऊ ३२ दरियावाद ३३ चंदेरी ३४ सिरोज ३५ कोल्हापुर ३६ श्रवणवेलगोला ३७ कारकल ३८ अहम्बुचा ३९ वारंगा ४० आमेर ४१ कांची ४२ अलवर ४३ सम्मेतशिखर ४४ सागर ४५ शोलापुर ४६ अजमेर इत्यादि*।

इन स्थानों में कई कई स्थानों में तो एक ही नगर में ५।१० भण्डार तक हैं।

---

* "आपणी ज्ञान परबो" जैन सत्य प्रकाश वर्ष ४ अंक १०-११ वर्ष ५ अंक १ वर्ष ६ अंक ५ में देखना चाहिए।

* विशेष जानने के लिये देखें भारतवर्षीय दिगम्बर जैन डीरेक्टरी आदि ग्रन्थ।

"Aho Shrut Gyanam"

प्रकाशित सूचियाँ

उपर्युक्त भण्डारों में से कुछ भण्डारोंके सूचीपत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। कई भण्डारों के ग्रन्थोंका परिचय रिपोर्टों में प्रकाशित हुआ है। हजारों जैन प्रतियें भारतके बाहर एवं भारत के राजकीय संग्रहालयोंमें पहुंच चुकी है। जिनका विवरण संग्रहालयोंके सूचीपत्रोंमें प्रकाशित हो चुका है। यहां यथाज्ञात सूचियोंके नाम लिखे जा रहे हैं। जिससे साहित्यप्रेमी विद्वानों को विशेष लाभ हो।

१--जैन ग्रन्थावली—प्रकाशित—श्री जैन श्वेताम्बर कान्फरेंस बम्बई, सं० १९६५। इसमें पाटनके ६, अहमदाबादके २ जैसलमेर, लींबड़ी, भावनगर, बम्बई, कोड़ाय, खंभात और पूना डेक्कन कालेज एवं वृहत् टिप्पणिका (५०० वर्ष पूर्व लिखित सूचीपत्र) में आये हुए ग्रन्थों की सूची प्रकाशित है।

२—जैसलमेर भाण्डागारीय ग्रन्थानां सूची-प्रकाशित गायकवाड़ ओरिण्टीयल सिरीज बड़ौदा सन् १९२३

३—पत्तनस्थ प्राच्य-जैन-भांडागारीय-ग्रन्थसूची भाग १ ताड़पत्रीय प्र० गायकवाड़ औरिन्टीयल सिरीज, बड़ौदा सन् १९३७

४—लींबड़ी-भण्डार-सूची, सं० मुनि चतुरविजयजी प्र० आगमोदय-समिति बम्बई सं० १९८५

५- पंजाब के भण्डारों की सूची भा० १ सं० बनारसीदास जैन प्र० पंजाब युनिवर्सिटी लाहौर सन् १९३९

६—खंभात शांतिनाथ प्राचीन ताड़पत्रीय जैन भंडार सूचीपत्र प्र० यही भंडार, खंभात सन् १९४२

७—सूरत भण्डार सूची सं० केसरीचन्द जौहरी प्र० जैन साहित्य फंड सूरत० सन् १९३८

८—मोहनलालजी जैन भण्डार सूची प्र० जवेरचन्द रायचन्द गोपीपुरा (सूरत) सन् १९१८

९—यति प्रेमविजय भण्डार सूची उज्जैन० प्र० यही भंडार, उज्जैन

१०—रत्न प्रभाकर ज्ञानभण्डार सूची ओसियां प्र० वीर तीर्थ ओसियां वीर सं० २४४९

११—जैन धर्म प्रसारक सभा संग्रह सूची प्र० जैन धर्म प्रसारक सभा, भावनगर

१२—सुराणा लायब्रेरी चूरू, सूची प्रकाशित होने वाली है।

१३—जैन कैटलाग्स कैटलोग्राम सं० H. D. वेलणकर प्र० भण्डारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना से छप रहा है।

१४—जैन साहित्य नो संक्षिप्त इतिहास सं० मोहनलाल दलीचन्द देसाई प्र० जैन श्वे० कान्फ्रेन्स बम्बई।

१५-१६-१७ जैन गूर्जर कविओ भाग १-२-३ सं०मोहनलाल दलीचन्द देसाई प्र० जैन श्वे० कान्फ्रेंस बम्बई।

"Aho Shrut Gyanam"

दिगम्बर संग्रहालयों के सूचीपत्र

१८—जैन सिद्धान्त भवन, आरा का कैटलॉग प्र० जैन सिद्धान्त-भवन, आरा सन् १६१३

१६—प्रशस्ति संग्रह प्र० जैन सिद्धान्त भवन आरा०

२०—एलक पन्नालाल जैन दि० सरस्वती भवन बम्बई की प्रकाशित रिपोर्टों में।

२१—दिगम्बर जैन ग्रन्थकर्त्ता और उनके ग्रंथ० सं० नाथूराम प्रेमी प्र० जैन हितैषी व ट्रैक्ट रुपमें।

२२—देहली, मूड़बिद्री, इन्दौर, आंवेर, जयपुर, श्रवणवेलगोला, बम्बई, सोनीपथ नागौर आदि के दिगम्बर भंडारों की सूचियें अनेकान्त वर्ष ४-५ में प्रकाशित हैं।

२३—कारंजा आदिके दिगम्बर भण्डारों की सूची रा० ब० हीरालाल संपादित मध्य प्रान्त और बरारके सूचीपत्र में सन् १६२६ में प्रकाशित की गई है।

२४—दिगंबर जैन भाषा ग्रंथ नामावली, इसमें हिन्दी के ११० कवियोंकी ३०५ कृतियों की सूची है। प्र० ज्ञानचंद्र जैन, दिगम्बर जैन पुस्तकालय लाहौर सन् १६०१

२५—दिगम्बर जैन ग्रंथ सूची, वीर सेवा मंदिर सरसावा द्वारा तैयार हो रही है।

रिपोर्टों एवं गवर्नमैण्ट संग्रहालयों की सूचियां—जिनमें जैन ग्रंन्थों का विशेष परिचय प्रकाशित है, इस प्रकार हैं :—

१—भंडारकर ओरिण्टियल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना के जैन ग्रंथों का विवरण ३ भागोंमें प्रकाशित हैं। एवं काव्यादि के कैटलॉगों में भी उन उन विषयों के जैन ग्रथोंका विवरण है। ३ भागों के सपादक हीरालाल रसिकदास कापड़िया हैं। संभवतः और भी कई भाग छपेंगे।

२—कलकत्ता संस्कृत कॉलेज के संग्रह में जैन ग्रंथ हैं उनकी सूची भी ३ भागों में स्वतंत्र रूपसे प्रकाशित है अवशेष भागों भी उन-उन विषयों के जैन ग्रंथों की सूची होगी।

३—रायल एसियाटिक सोसायटी, कलकत्ता के संग्रह के जैन ग्रन्थों की एक छोटी सूची प्रकाशित है। अन्य विषय के जैन ग्रन्थोंकी सूची भी तद्विषयक सूचीपत्रों में है।

४—रॉयल एसियाटिक सोसायटी, बम्बई के कैटलॉग में जैनग्रन्थोंका विवरण प्रकाशित है।

५—ओरिन्टियल मैन्युस्क्रिप्ट लायब्रेरी, उज्जैनके संग्रह के दो भाग प्रकाशित हैं, जिनमें जैन ग्रन्थ भी बहुत से हैं।

६—इण्डिया आफिस, ७ बर्लिनके कैटलाग, ८ राजेन्द्र मित्रके कैटलाग, ६ तांजोर १० मद्रास, ११ काश्मीर १२ बनारस आदिके राजकीय संग्रहालयों के सूचीपत्रों में भी जैन-ग्रन्थोंका विवरण है। उसी प्रकार पीटर्सन की ६ रिपोर्ट भंडारकर की ६, किल्हार्न की ३, बुलहर के ८, काथवटे की २ रिपोर्टों में अनेक जैन भंडारों की प्रतियों का विवरण प्रकाशित हुआ है।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेरके जैन-ज्ञान-भण्डार

बीकानेरके जैन भण्डारों का भारतीय जैन ज्ञान भण्डारोंमें बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है पर अभी तक विद्वत् समाजका इन महत्त्वपूर्ण भण्डारोंकी ओर विशेष ध्यान नहीं गया इसलिए इनका संक्षिप्त परिचय यहां कराया जा रहा है। यद्यपि बीकानेर की कई प्रतियें पूना आदिके अनेक संग्रहालयोंमें एवं अनेक व्यक्तियोंके पास बाहर जा चुकी हैं और हजारों प्रतियें हमारी उपेक्षा एवं अज्ञानतावश दीमक आदि जन्तुओंका भक्ष्य बन चुकी हैं। बहुतसी प्रतियां वर्षात्की शरदीसे चिपक कर नष्ट हो गईं हजारों प्रतियें कूटेके काममें और पुड़िया बान्धनेमें लाई गयीं फिर भी यहांके विविध जैन संग्रहालयोंमें ५० हजारके लगभग प्रतियां विद्यमान है। जिनमेंसे सैकड़ों ग्रंथ दुर्लभ एवं अन्यत्र अप्राप्त हैं। इन संग्रहालयोंमें विविध विषयों एवं संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, अपभ्रंश, गुजराती, राजस्थानी, उर्दू, पारसी, महाराष्ट्री एवं बंगला भाषा के ग्रन्थ भी हैं। कई प्रतियें चित्र-कलाकी दृष्टिसे, कई सुन्दर लेखन, कई प्राचीनता एवं कई पाठ शुद्धिकी दृष्टिसे बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। स्वर्णाक्षरी, रौप्याक्षरी, सूक्ष्माक्षरी, प्रतियां भी यहांके संग्रहालयोंमें दर्शनीय हैं। बीकानेर एवं उदयपुरके २ सचित्र विज्ञप्तिलेख एवं अनेकों प्राचीन चित्रादि इन संग्रहालयोंकी शोभामें अभिवृद्धि कर रहे हैं। इन संग्रहालयोंका महत्त्व इनको बारीकीसे अवलोकन करने पर ही प्रकाशित किया जा सकता है जिसके लिए बहुत समय एवं श्रमकी आवश्यकता है। यहां तो विद्वद् समाजका ध्यान आकर्षित करनेके लिए ही अति संक्षिप्त परिचय देना अभीष्ट है।

वृहद् ज्ञान भण्डार—बड़ा उपाश्रय, रांगड़ीका चौकमें यह संग्रहालय अवस्थित है। संवत् १९५८ में यतिवर्य्य हिमतूजी (हितवल्लभ गणि) के विशेष प्रयत्न एवं प्रेरणासे इसकी स्थापना हुई है। ज्ञानकी असीम भक्ति एवं भावी समयमें होनेवाली दुर्दशाओंका विचार कर इस भण्डार में उन्होंने छोटे बड़े ६ व्यक्तियोंका संग्रह एकत्र कर दिया था। जो दाताओंके नामसे अलग अलग अलमारियोंमें रखा हुआ है।

इन ६ भण्डारोंके नाम इस प्रकार हैं :—

१ महिमाभक्ति भण्डार—खरतर गच्छके प्रसिद्ध विद्वान क्षमाकल्याणोपाध्यायके प्रशिष्य महिमाभक्तिजीका यह महत्त्वपूर्ण संग्रह है। इसमें बहुतसे दुर्लभ एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं। ८६ बंडलोंमें करीब ३००० प्रतियें इस संग्रहके अन्तर्गत है।

२ दानसागर भण्डार—वृहत ज्ञानभण्डारके संस्थापक हिमतूजीने अपने गुरुश्रीका संग्रह उनके नामसे दिया। इसमें भी बहुतसे महत्त्वपूर्ण ग्रंथ हैं। ६८ बंडलोंमें करीब ३००० प्रतियें इस संग्रहमें सुरक्षित हैं।

३ वर्द्धमान भण्डार—इसके अन्तर्गत ४३ बंडलोंमें १००० प्रतियां है।

४ अभयसिंह भण्डार—इस भण्डारमें २३ बंडलोंमें ५०० प्रतियां है।

"Aho Shrut Gyanam"

५ जिनहर्षसूरि भण्डार—२७ बंडलोंमें ३०० प्रतियां है।

६ अबीरजी भण्डार—१६ बंडलोंमें ५०० प्रतियां हैं।

७ भुवनभक्ति भण्डार—१४ बंडलोंमें ५०० प्रतियां हैं।

८ रामचन्द्र भण्डार—६ बंडलोंमें ३०० प्रतियां हैं।

६ महरचन्द्र भण्डार—८ बंडलोंमें ३०० प्रतियां हैं।

उपर्युक्त प्रतियां सभी पत्राकार हैं। इनके अतिरिक्त पुस्तकाकार गुटकोंकी संख्या भी १०० से अधिक होगी। जिनमें छोटी बड़ी बहुतसी रचनाएँ संग्रहित हैं। सब मिलाकर १०,००० प्रतियां इस वृहद् ज्ञानभण्डारमें सुरक्षित है। इनका पुराना सूचीपत्र ग्रन्थ नाम एवं पत्र संख्याका ही परिचायक है हमने करीब २० वर्ष पूर्व ६ महीने तक निरन्तर प्रतियोंका निरीक्षण करके विशेष विवरण युक्त सूचीपत्र तैयार किया था।

इस भण्डारका प्रबन्ध ट्रस्टियोंके हाथमें है। जिनमें १ श्रीपूज्यजी २ प्रेमकरणजी खजाञ्ची ३ शंकरदानजी नाहटा। इन तीनोंके यहां अलग अलग चाबियां रहती हैं और सबकी उपस्थितिमें भण्डार खोला जाता है।

२ श्रीपूज्यजीका भण्डार—यह बड़े उपाश्रयमें वृहत्खरतर गच्छीय भट्टारक शाखाके पट्टधर आचार्योंका संग्रह है। इसकी सूची नहीं थी व संग्रह अस्तव्यस्त था। श्री जिनचारित्रसूरिजीके समयमें विषय विभागसे भली भांति वर्गीकरण कर इसका सूचीपत्र भी आवश्यक विवरणसहमैंने तैयार किया है। इस भण्डार में श्रीपूज्यजी के परम्परागत संग्रह में ८५ बंडलों में २४०० पत्राकार प्रतियां एवं १०० के लगभग गुटकोंका संग्रह है। दूसरा संग्रह चतुर्भुजजी यतिका है जिसमें १४ बंडलोंमें ८०० प्रतियोंका संग्रह है। हस्तलिखित प्रतियोंके अतिरिक्त श्रीपूज्यजी महाराजके संग्रहमें २००० के लगभग मुद्रित ग्रन्थोंका भी उत्तम संग्रह है।

३—श्री जैनलक्ष्मी मोहनशाला ज्ञानभंडार—इसे संवत् १६५१ में उपाध्याय जयचन्दजी के गुरू मोहनलालजीने स्थापित किया था। यह संग्रह बड़े महत्त्वका है। इसकी पुरानी सूची बनी हुई है। मैंने आवश्यक विवरण सहित नई सूची तैयार की है। यह संग्रह भी रांगड़ी के चौकमें है। यहाँ १२१ बंडलों में लगभग २८०० पत्राकार व २०० गुटकाकार पुस्तकें हैं।

४—क्षमाकल्याणजी का ज्ञानभंडार—यह भंडार सुगनजी के उपाश्रय में है। इसकी सूची हरिसागरसूरिजी ने बनाई थी। जिसे प्रतिमों का भली-भांति निरीक्षण कर मैंने संशोधन कर विशेष ज्ञातव्य नोट कर दिया है। हस्तलिखित प्रतियों की संख्या ७०० के लगभग है जिन में खरतर गच्छ गुर्वावली की प्रति अन्यत्र अप्राप्त एवं महत्त्वपूर्ण है।

५—बोहरों की सेरीके उपाश्रय का भण्डार—यह संग्रह भी रांगड़ीके निकटवर्ती बोहरों की सेरीमें है। क्षमाकल्याणजी की आज्ञानुवर्त्ती परम्परा की साध्वियां इस उपाश्रय में रहती हैं।

६—छत्तीबाईके उपाश्रय का भंडार—नाहटों की गुवाड़ में अवस्थित छत्ती बाई के उपा-

"Aho Shrut Gyanam"

श्रय में यह भंडार है। कई वर्ष पूर्व हमने इसे अवलोकन किया था, सूची नहीं बनी है, प्रतियां लगभग ३०० होंगी।

७—पन्नी बाई के उपाश्रय का भंडार—उपर्युक्त उपाश्रयके पीछे की ओर पनी बाई के उपाश्रय में करीब ३०० प्रतियां है। इनकी सूची बनी हुई है। मैंने प्रतियों का अवलोकन कर सूची का आवश्यक संशोधन कर दिया है।

८—महोपाध्याय रामलालजी का संग्रह—रांगड़ी के पास ही वैद्यरत्न महो० रामलालजी यति के मकान में उनका निजी संग्रह है। सूची बनी हुई नहीं है। इसका मैंने एक बार अवलोकन कर आवश्यक नोट्स लिये थे, प्रतियां करीब ५०० है।

९ खरतराचार्य शाखा का भंडार—नाहटों की गुवाड़ में बड़े उपाश्रय के पीछे खरतर गच्छ की लघु आचार्य शाखा का भंडार है। इस भंडार की बहुतसी प्रतियों का अवलोकन हमने किया है। इसकी ग्रन्थ-नाममात्र की सूची बनी हुई है लगभग २००० ग्रन्थ होंगे।

१०—हेमचन्द्रसूरि पुस्तकालय—बांठियों की गुवाड़ में पायचन्द गच्छके उपाश्रय में उस गच्छके श्रीपूज्यों का यह संग्रह है, हस्तलिखित ग्रन्थोंकी संख्या १२०० है। इसकी सूची बनी हुई है।

११—कुशलचन्द्र गणि पुस्तकालय—रामपुरियों की गुवाड़ में अवस्थित इस पुस्तकालय में लगभग ४५० हस्तलिखित प्रतियां और मुद्रित ग्रन्थोंका अच्छा संग्रह है।

१२—यति मोहनलालजी का संग्रह—सुराणों की गुवाड़ में लौंका गच्छीय उपाश्रयमें यह संग्रह है। पर हम अभी तक इस संग्रह को नहीं देख सके।

१३—यति लच्छीरामजी का संग्रह—उपर्युक्त लुंका गच्छीय उपाश्रय के पास ही है। जिसमें यति लच्छीराम जी के पास कुछ हस्तलिखित प्रतियां है। सूची बनी हुई नहीं है। हमने इसका एकबार अवलोकन किया था।

१४—कोचरों का उपाश्रय—कोचरोंकी गुवाड़में अवस्थित इस उपाश्रय में करीब ३० बंडल हस्तलिखित ग्रन्थ हैं जिनमें अधिकांश त्रुटित है। इनकी साधारण सूची अभी बनी है। हमने भी कुछ प्रतियों का अवलोकन किया है।

१५—यति जयकरणजी का संग्रह—आप बड़े उपाश्रय में रहते हैं इनके पास करीब २००-२५० प्रतियां और कुछ गुटके हैं।

खेद है कि श्रीजिनकृपाचन्द्रसूरि ज्ञानभंडार जिसमें करीब ७००० महत्वपूर्ण हस्तलिखित प्रतियं एवं ८०० मुद्रित ग्रन्थ थे। उनके यति शिष्य तिलोकचन्द्र जी ने बेच डाला। अभी हाल ही में फिरसे ज्ञानभंडार स्थापित किया है जिसमें मुद्रित ग्रन्थों का संग्रह है इसीप्रकार यति चुन्नीलालजी का संग्रह भी हाल हीमें बिक्री हो गया है। कई वर्षों पहले यहांके कँवला गच्छका बड़ा भंडार एवं अन्य भंडारों में से भी बहुत से ग्रन्थ कौड़ीके मोलमें बिक गये हैं उपर्युक्त सभी

"Aho Shrut Gyanam"

संग्रहालय जैन उपाश्रयों में हैं। जिनमें से नं० १, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १४ जैन श्रावकों की देखरेख में हैं अवशेष संग्रह व्यक्तिगत हैं। जिनके सुरक्षित रहनेका प्रबन्ध अत्यावश्यक है।

उपाश्रयों के अतिरिक्त जैन श्रावकों के निम्नोक्त व्यक्तिगत संग्रह भी उल्लेखनीय हैं :—

(१) श्री अभय जैन पुस्तकालय - प्रस्तुत संग्रह पूज्यश्री शंकरदानजी नाहटाने अपने द्वितीय पुत्र स्वर्गीय अभयराजजी नाहटाकी स्मृति में स्थापित किया है। यह हमारे २७ वर्ष के निजी प्रयत्न एवं परिश्रम का सुफल है। इस संग्रहालय में अद्यावधि पत्राकार हस्तलिखित लगभग १५००० प्रतियां संग्रहित हो चुकी हैं। ५०० के लगभग गुटकाकार प्रतियों का संग्रह एवं १५००० मुद्रित ग्रन्थोंका संचय है। ऐतिहासिक सामग्रीके संग्रहका विशेष प्रयत्न किया गया है। ऐतिहासिक ग्रंथों के अतिरिक्त जैनाचार्यों एवं यतियों के पत्र, राजाओं के पत्र, खासरूक्के, सं० १७०१ से अब तक के प्रायः सभी वर्षों के पंचांग, ओसवालोंकी वंशावली आदि अनेकानेक महत्त्वपूर्ण सामग्री का विरल संग्रह है। ग्रंथ संग्रहालय के साथ साथ "शंकरदान नाहटा कला-भवन" भी सम्बन्धित है जिनमें विविध प्राचीन चित्र, सचित्र विज्ञप्तिपत्र, कपड़े पर आलेखित सचित्र पट, प्राचीन मुद्राएँ, कूटे के पूठे, कलमदान, डब्बियें, हाथी, सिंहासन, ताड़पत्रीय, सचित्र व स्वर्णाक्षरी-रौप्याक्षरी-प्रतियां, हाथी दांत व पीतल की विविध वस्तुओंका संग्रह किया गया है। इनमें से सचित्र विज्ञप्तिपत्र, बौद्ध पट आदि कतिपय कलापूर्ण वस्तुएं तो अनोखी हैं।

इस संग्रहालय में साहित्य संसार में अज्ञात विविध विषय एवं भाषाओं के सैकड़ों महत्त्वपूर्ण ग्रंथ हैं। बहुत से दुर्लभ ग्रंथोंकी प्रेसकापियां भी तैयार की गई हैं। अनेक सुकवियोंकी लघुकृतियों का संग्रह पाटण, जेसलमेर, कोटा, फलोदी, जयपुर, बीकानेर आदि अनेक ज्ञानभंडारोंकी सूचियें विशेष उल्लेखनीय हैं।

(२) सेठिया लाइब्रेरी—श्री अगरचन्दजी भैरूंदानजी सेठियाकी परमार्थिक संस्थाओं में यह भी एक है। इसमें १५०० हस्तलिखित प्रतिएं एवं १०००० मुद्रित ग्रंथों का सुन्दर संग्रह है।

(३) गोविन्द पुस्तकालय—इसे श्री गोविन्दरामजी भीखमचंदजी भणसालीने स्थापित किया है। यह पुस्तकालय नाहटों की गुवाड़ में हैं। इसमें लगभग १७०० हस्तलिखित एवं १२०० मुद्रित ग्रंथ हैं।

(४) मोतीचन्दजी खजाञ्चीका संग्रह—श्रीयुक्त जौहरी प्रेमकरणजी खजाञ्चीके सुपुत्र बाबू मोतीचन्दजी को कुछ वर्षोंसे हस्तलिखित ग्रंथों एवं चित्रादि के संग्रह करने का शौक लगा है। आपने थोड़े समयमें लगभग ६००० हस्तलिखित ग्रंथों एवं विशिष्ट चित्रादि का सुन्दर संग्रह कर लिया है।

(५) श्री० मानमलजी कोठारी का संग्रह - आपके यहां करीब ३०० हस्तलिखित प्रतिएं एवं २००० मुद्रित ग्रंथोंका संग्रह है। हस्तलिखित ग्रंथोंकी सूची अभी तक नहीं बनी। आपके यहां कुछ चित्र पत्थर और अस्त्र-शस्त्रादि का भी अच्छा संग्रह है।

"Aho Shrut Gyanam"

(६) मंगलचन्दजी मालूका संग्रह—आपके यहां भी जैनागमादि ग्रंथोंका संग्रह है पर अभी तक हम अवलोकन नहीं कर पाये।

(७) भँवरलालजी रामपुरिया का संग्रह—आपके संग्रह में भी कुछ हस्तलिखित ग्रंथ हैं।

(८) मंगलचन्दजी झाबकका संग्रह—आपके यहां भी कुछ हस्तलिखित ग्रंथोंका संग्रह है।

(९) श्रीराव गोपालसिंहजी बैदका संग्रह--आपके यहां भी हस्तलिखित गुटकों एवं चित्रों का अच्छा संग्रह है।

इन जैन संग्रहालयों के अतिरिक्त बीकानेर महाराजाकी अनूप-संस्कृत-लाइब्रेरी जो कि पुराने किले में अवस्थित है, बहुत ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थागार है। इसमें वेद, वेदान्तादि सभी विषयकी १२००० हस्तलिखित प्रतियें एवं ५०० के लगभग गुटके हैं। इन प्रतियों में जैन प्रतियों की संख्या भी १५०० के लगभग होगी। राजस्थानी साहित्य पीठमें स्वामी नरोत्तमदासजी प्रदत्त हस्तलिखित ग्रंथोंमें भी कुछ जैन ग्रंथ हैं।

प्रस्तुत लेखमें केवल हस्तलिखित प्रतियोंके ज्ञानभंडारों का ही परिचय देना अभीष्ट होने से मुद्रित ग्रंथोंके पुस्तकालयों—श्रीमहावीर जैन मण्डल, सुराणा लाइब्रेरी, प्रधान वाचनालय आदिका परिचय नहीं दिया गया है। ऊपर लिखे हस्तलिखित ग्रंथालयों में मुद्रित ग्रंथोंका संग्रह भी है, खोज करने पर यति यतिनियां और श्रावकोंके घरोंमें थोड़ी बहुत हस्तलिखित प्रतियां पाई जा सकती हैं।

उपर्युक्त सभी ज्ञानभण्डार बीकानेर में हैं। अब बीकानेर राज्यवर्त्ती जैन ज्ञानभण्डारों का संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है।

१ गंगाशहर- बीकानेर से २ मील पर है। यहां जैन श्वे० तेरापंथी सभामें लगभग ३०० हस्तलिखित ग्रंथ और मुद्रित ग्रंथोंका भी अच्छा संग्रह है।

२ भीनासर—बीकानेर से ३ मील है। यहां यतिवर्य्य सुमेरमलजी का अच्छा संग्रह है, जिनमें से कुछ प्रतियों का हमने दर्शन किया है। यहां श्रीयुक्त बहादूरमलजी बांठिया के संग्रह में भी चुनी हुई ७००-८०० अच्छी प्रतियां हैं कई वर्ष पूर्व हमने उनका अवलोकन किया था। श्री चम्पालालजी बैद के यहां भी अच्छा संग्रह सुना जाता है, हमने अभी तक देखा नहीं।

३ देसनोक—बीकानेरसे १६ मील दूर है। यहां स्वर्गीय तख्तमलजी डोसी एवं लौंकायति जीके संग्रह में कुछ हस्तलिखित ग्रंथोंका संग्रह है।

४ कालू—भटिण्डा रेलवे लाईन के लूणकरणसर स्टेशन से १२ मील पर यह गांव है। यहां यति किसनलालजीके संग्रहमें हस्तलिखित प्रतियां है पर हम उनका अवलोकन नहीं कर पाये।

५ नौहर—यहांके श्रावकों के पास यतिजी की कुछ हस्तलिखित प्रतियां हैं।

६ सूरतगढ़—यहां के जैन मन्दिरके पीछेके कमरे में एक पुस्तकालय है जिसमें कुछ हस्तलिखित प्रतियां भी हैं।

७ हनुमानगढ़—यहां ताराचन्दजी तातेड़ के मकान में अच्छा संग्रह है। एवं देवी जी

"Aho Shrut Gyanam"

के मन्दिर में बड़गच्छके यतिजी का भी अच्छा संग्रह बतलाते हैं। इनमें से पहला संग्रह हमने देखा हैं, दूसरा अभी तक नहीं देख सके।

(८) राजलदेसर—यहाँ उपकेश गच्छीय यति दौलतसुन्दरजी के पास थोड़ी प्रतियाँ थीं।

(९) रतनगढ—वैदोंकी लाइब्रेरी एवं सोहनलालजी वैद के पास कुछ हस्तलिखित ग्रन्थहैं।

(१०) बीदासर—यति श्री गणेशचन्दजी के पास १५-२० बंडल हस्तलिखित ग्रन्थ हैं।

(११) छापर—यहाँ श्री मोहनलालजी दुधेरिया के पास कई चुनी हुई प्रतियाँ एवं प्राचीन चित्रोंका अच्छा संग्रह है।

(१२) सुजानगढ़—१ यहाँ लोंका गच्छके प्रसिद्ध वैद्यवर रामलालजी यतिके, २ खरतर गच्छीय यति दूधेचन्दजी के, ३ दानचन्दजी चोपड़ा की लाइब्रेरी में, ४ पन्नाचन्द्रजी सिंघी के जैन मन्दिरमें हस्तलिखित प्रतियाँ सुरक्षित हैं।

(१३) चूरू—१ यतिवर्य्य ऋद्धिकरणजी के बड़े उपाश्रयमें २००० के लगभग हस्तलिखित प्रतियाँ हैं। उनकी सूची बनी हुई नहीं हैं, हमने अवलोकन किया है। (२) सुराणा लाइब्रेरी—बीकानेर स्टेट की प्रसिद्ध लाइब्रेरियों में हैं। लाइब्रेरी का भवन अलग बना हुआ है उसमें मुद्रित ग्रन्थोंके साथ करीब २५०० हस्तलिखित ग्रन्थ भी हैं जिनमें कुछ ताड़-पत्रीय प्रतियें, चित्रित ग्रन्थ, बौद्ध ग्रंथ और चित्रादि विशेष उल्लेखनीय है। सम्मेलनादि अधि-वेशनों के प्रसङ्ग पर इस संग्रहकी विशिष्ट वस्तुओंका प्रदर्शन भी कराया जाता है।

(१४) राजगढ़—यहाँ के ओसवाल पुस्तकालय में यतिजी के ६ बण्डल हस्तलिखित प्रतियाँ हैं। पर उनमें अधिकांश त्रुटित और फुटकर प्रतियाँ है।

(१५) रिणी—यति पन्नालालजी के पास थोड़ी प्रतियाँ है। इनके कुछ ग्रंथ लूणकरणसर में भी पड़े हैं।

(१६) सरदारशहर—१ यहाँ श्री वृद्धिचन्दजी गधैया के मकान में अच्छा संग्रह है। इनका बहुत वर्षोंसे संग्रह करनेका प्रयत्न रहा है, तेरापंथी सभामें भी आपके भेंटकी हुई बहुतसी प्रतियाँ हैं। २ तेरापंथी सभामें ७३ बण्डल हस्तलिखित ग्रंथ है जिनमें अच्छी प्रतियाँ है। सरदारशहर के ये दोनों संग्रह चूरू के दो संग्रहालयों की तरह बीकानेर स्टेट के संग्रहालयों में अपना महत्त्व-पूर्ण स्थान रखते हैं। श्री दूलीचन्दजी सेठिया के पास भी कई हस्तलिखित प्रतियाँ हैं जिनमें अधिकांश आधुनिक हैं।

बीकानेर डिवीजन के अन्य भी कई स्थानोंमें तेरापंथी श्रावकों आदि के पास व्यक्तिगत संग्रह सुनने में आया है, हमें उनका निश्चित पता न होने से यहां यथाज्ञात संग्रहों का परिचय दिया गया है। बीकानेर एवं डिवीजन के ज्ञानभंडारों में हजारों ग्रंथ अन्यत्र अप्राप्य हैं उनकी एक विशिष्ट सूची यथासमय प्रकाशित करने का विचार है, पर अभी थोड़े से दुर्लभ ग्रंथों की सूची दी जा रही है।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेर के जैन ज्ञानभंडारों में दुर्लभ ग्रंथ

ताड़पत्रीय प्रतियें

(१) पाशुपताचार्य वामेश्वरध्वज रचित प्रबोद्धसिद्धि[१] (न्याय ग्रंथ) हमारे संग्रह में

(२) महाकवि मूलक रचित प्रतिज्ञा गांगेय (सदुर्गटीक कातन्त्र द्वाश्रय) सुराणा लाइब्रेरी

कागज पर लिखित-ऐतिहासिक ग्रन्थ

(३) सिद्धिचन्द्र रचित	भानुचन्द्र चरित्र[२]	जयचन्दजी के भण्डारमें
(४) जिनपालोपाध्याय	खरतरगच्छ गुर्वावली[३]	क्षमाकल्याणजी भण्डार
(५)	वादिदेवसूरि चरित्र[४] (अपूर्ण)	हमारे संग्रह में
(६) अनेक कवियोंके रचित खरतर, लौंका, बड़ गच्छादि की विविध पट्टावलियें		”
(७)	जयतसी रासो[५] गा० ८७ राजस्थानी	”
(८)	रसविलास (अपूर्ण)[६] ”	”
(९)	वच्छावत वंशावली[७] ”	”
(१०)	जिनभद्रसूरि रास[८] ”	”

(११) जिनपतिसूरि रास, जिनकुशलसूरि रास, जिनपद्मसूरि रास, जिनराजसूरि रास, जिनरत्नसूरि रास, जिनसागरसूरि रास, विजयसिंहसूरि रास, जिनप्रभसूरिजि नदेवसूरि गीत आदि अनेकों ऐतिहासिक गीत एवं गुर्वावलिएँ जो कि अन्यत्र अप्राप्य हैं हमने अपने ऐतिहासिक

१—परिचयके लिए देखें राजस्थान भारती व २।

२—इसे हमने श्री० मोहनलाल दलीचंद देसाई को भेजकरसंपादित करवाया जो सिंघी जैन ग्रन्थमाला से प्रकाशित हुआ है।

३—इस अद्वितीय ग्रन्थको भी मुनि जिनविजयजीको भेजकर सिंघी जैन ग्रन्थमालासे मुद्रित करवाया है। इस ग्रन्थके महत्त्वके सम्बन्ध में मेरा लेख “खरतर गच्छ गुर्वावली और उसका महत्त्व” भारतीय विद्या वर्ष १ अंक ४ में देखना चाहिए।

४—इस काव्यका थोड़ा परिचय मैंने “एक नवीन ऐतिहासिक काव्य” लेखमें दिया है जो कि जैन सत्य प्रकाश वर्ष ५ अंक ८ में प्रकाशित हुआ है।

५—इसका विशेष परिचय राजस्थानी वर्ष ३ अंक १ में दिया गया है। यह छपा दिया गया है।

६—इसके सम्बन्धमें प्रजासेवक के ता० ३-१२-४१ के अंक में ‘एक अप्रसिद्ध राजस्थानी काव्य’ शीर्षक लेखमें प्रकाश डाला गया है।

७—इसका परिचय भी राजस्थानी वर्ष ३ अंक ३ में दिया गया है। उस समय प्रारंभके कुछ पत्र अप्राप्त थे वे पीछेसे उपाध्याय विनयसागरजी प्रेषित २ पत्रोंमें प्राप्त हो गये हैं।

८—इसका ऐतिहासिक सार जैन सत्य प्रकाश वर्ष ३ अंक ८ में प्रकाशित किया है।

"Aho Shrut Gyanam"

जैन काव्य संग्रहमें प्रकाशित किये हैं। अप्रकाशित ऐतिहासिक साहित्यमें और भी देवचन्द रास[1] जिनसिंहसूरि रास[2] आदि अनेक रास, गीत, नगरवर्णनात्मक गजलें[3] हमारे संग्रहमें हैं।

जैन तीर्थों के सम्बन्धी ऐतिहासिक साहित्यमें जयकीर्ति कृत सम्मेतशिखर रास[4] और अनेक तीर्थमालाएँ, चैत्य परिपाटियों की प्रेसकॉपियां हमारे संग्रहित है।

इसी प्रकार वंशावलियों में जैसलमेर वंशावली, वच्छावत वंशावलि, राठौड़ोंकी ख्यात एवं बातें, ओसवाल जाति के अनेक गोत्रों की वंशावलियें, इत्यादि महत्त्वपूर्ण विविध ऐतिहासिक साहित्य हमारे संग्रह में अप्रकाशित है।

गच्छों के सम्बन्ध में भी बड़गच्छ गुर्वावली[5], तपागच्छ गुर्वावली[6], उपकेश गच्छ गुर्वावली, पल्लीवालगच्छ पट्टावली, राजगच्छ कडवागच्छ आदिकी पट्टावलियोंकी नकलें ओसवाल वंशावलियां, विज्ञप्ति-लेख पत्र संग्रहादि विशेष उल्लेखनीय हैं।

संस्कृत जैन काव्य

(१) पद्मसुन्दर कृत	अकबर शाहि शृङ्गार दर्पण[7]		अपूर्ण हमारे संग्रह में पूर्ण अनूप-संस्कृत-लाइब्रेरीमें
(२) नंदिरत्न शिष्य "	सारस्वतोल्लास काव्य		"
(३) विमलकीर्त्ति "	चन्द्रदूत[8] काव्य		हमारे संग्रह में
(४) मुनीशसूरि "	हंसदूत	सं० १६०० लिखित	"
(५) श्रीवल्लभ "	विद्वद्प्रबोध[9]		"

१—इसका ऐतिहासिक सार भी सौभाग्यविजय रास सारके साथ जैन सत्यप्रकाश के वर्ष २ अंक १२ में प्रकाशित किया है।

२—इस रासका ऐतिहासिक सार जिनराजसूरि रास सारके साथ जैन सत्यप्रकाश वर्ष ३ अंक ४-५ में प्रकाशित हुआ है।

३ राजस्थानमें हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों की खोज ग्रन्थके दूसरे भागमें विवरण प्रकाशित है इनमें कुछ गजलें मुनि कांतिसागरजीने हिन्दी पद्य संग्रह ग्रन्थमें प्रकाशित हो चुकी हैं कुछ भारतीय विद्या जैन विद्यादि पत्रोंमें। कांतिसागरजीका एक लेख भी राष्ट्र-भारती नवम्बर १९५३ में प्रकाशित हुआ है।

४—इसका सार जैन सत्यप्रकाश वर्ष ७ अंक १०-१२ में प्रकाशित किया है। प्रति मोतीचन्दजी खजाञ्चीके संग्रह में हैं।

५—इसे जैन सत्यप्रकाश वर्ष ७ अंक ५ में प्रकाशित की है।

६—इसे श्री० मोहनलाल द० देसाईने भारतीय विद्या वर्ष १ में प्रकाशित की है।

७—यह ग्रन्थ गंगा ओरिण्टियल सीरीज बीकानेर से प्रकाशित हुआ है। इसके रचयिता पद्मसुन्दरजी के सम्बन्धमें "कवि पद्मसुन्दर और उनके ग्रन्थ" अनेकान्त वर्ष ४ अंक ८ में प्रकाशित किया है।

८—इसका कुछ परिचय मैंने "दूत काव्य संबन्धी कुछ ज्ञातव्य बातें" लेखमें जैन सिद्धान्त भास्कर भाग ३ किरण १ में प्रकाशित किया है। अभी उ० श्री सुखसागरजीने इस ग्रन्थको प्रकाशित कर दिया है।

९—इसका परिचय "श्रीवल्लभजीके तीन नवीन ग्रन्थ" शीर्षक लेखमें जैन सत्यप्रकाश वर्ष ५ अंक ७ में प्रकाशित है। यह भी उ० सुखसागरजीके द्वारा चन्द्रदूतके साथ प्रकाशित हो चुका है।

"Aho Shrut Gyanam"

(६) इन्द्रनन्दिसूरिशिष्यकृत	वैराग्य शतक	सं० १५६० लिखित हमारे संग्रहमें
(७) मुनिसोम कृत	रणसिंहचरित्र[1]	सं० १५४० रचित "
(८) सुमतिविजय "	प्रियविलास	श्रीपूज्यजी के संग्रह में
(९) सूरचन्द्रगणि "	पंचतीर्थी स्तव[2]	महिमाभक्तिभंडार
(१०) देवानंदसूरि "	अजितप्रभु चरित्र[3]	वृहद् ज्ञानभंडार
(११) प्रतिष्ठासोम "	धर्मदूत	"
(१२) राजवल्लभ "	सिंहासनद्वात्रिंशिका	गोविन्द पुस्तकालय
(१३) समयसुंदर "	जिनसिंह पदोत्सव काव्यादि	प्रतिलिपि हमारे संग्रहमें

संस्कृत टीकाएँ

(१) हर्षनन्दन	उत्तराध्ययन वृत्ति	महिमाभक्ति भण्डार
(२) अजितदेवसूरि	कल्पसूत्र[4] वृत्ति	जयचन्दजी भण्डार
(३) जयदयालजी	नन्दीसूत्र वृत्ति-सानुवाद	श्रीपूज्यजी संग्रह
(४) प्रद्युम्नसूरि	कातन्त्रवृत्ति सं० १३६६ लि०	वृहद्ज्ञानभण्डार
(५) समयसुन्दर	वाग्भटालंकार वृत्ति	"
(६) "	माघ काव्य वृत्ति (तृतीय सर्ग)	सुराणा लाइब्रेरी, चूरू
(७) गुणविनय	नेमिदूत वृत्ति[5]	रामलालजी संग्रह
(८) कविचक्रवर्ती श्रीपाल	शतार्थी[6]	वैदोंकी लाइब्रेरी, रतनगढ़
(९) श्रीसार	पृथ्वीराजवेलि टीका	गोविन्द पुस्तकालय
(१०) रूपचन्द्र	सिद्धान्तचन्द्रिका वृत्ति	वृहद्ज्ञानभण्डार
(११) समरथ	रसिकप्रियावृत्ति[7]	"
(१२) वीरचन्द्र शि०	विहारीशतसयीवृत्ति[8]	"
(१३) गुणरत्न	सारश्वतप्रक्रियावृत्ति	"
(१४) "	शशधर टिप्पण	अनूप सं० ला०
(१५) विनयरत्न	विदग्ध मुखमण्डनवृत्ति	हमारे संग्रह में

१—यह ग्रन्थ श्री जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फंड, सूरतसे प्रकाशित हो चुका है।

२—इसका परिचय 'जैन सिद्धान्त भास्कर' में प्रकाशित किया है।

३—इसका परिचय 'अनेकान्त' में प्रकाशित किया है।

४—इस ग्रन्थका कुछ परिचय मैंने अपने "पल्लीवाल गच्छ पट्टावली" लेखमें दिया है जो कि आत्मानंद शताब्दी स्मारक ग्रन्थ में प्रकाशित है।

५—उपाध्याय विनयसागरजीने इसे कोटासे प्रकाशित कर दिया है।

६—इसका उल्लेख मैंने "जैन अनेकार्थ साहित्य" लेखमें जैन-सिद्धान्त-भास्कर वर्ष ८ अंक १ में किया है।

७-८—इनका विवरण "राजस्थानमें हिन्दी ग्रन्थोंकी खोज" भाग २ और सम्मेलन-पत्रिका में प्रकाशित है।

"Aho Shrut Gyanam"

(१६) गुणरत्न काव्य प्रकाश वृत्ति वृहद् ज्ञानभण्डार

और भी पचासों जैनतर ग्रन्थों पर जैन टीकायें यहांके भण्डारों में अन्यत्र अप्राप्य है। जनका विवरण मैंने अपने "जैनेतर ग्रन्थों पर जैन टीकायें" (प्र० भारतीय विद्या वर्ष २ अं० ३।४) लेखमें दिया है।

हिन्दी ग्रन्थ

हमारे संग्रह में व अनूप-संस्कृत-लाइब्रेरी में हिन्दीके सैकड़ों ऐसे ग्रंथ हैं जिनकी दूसरी प्रति अभी तक कहीं भी जानने में नहीं आई। इनमें से कुछ ग्रंथोंका परिचय हमने अपने निम्नोक्त लेखों में प्रकाशित किया है :—

(१) जैनों द्वारा रचित हिन्दी पद्यमें वैद्यक ग्रंथ प्र० हिन्दुस्तानी भा० ११ अं० २
(२) कवि जटमल नाहर और उनके ग्रन्थ प्र० „ भा० ८ अं० २
(३) श्रीमद्ज्ञानसारजी और उनका साहित्य प्र० „ भा० ६ अं० २
(४) हिन्दीमें विविध विषयक जैन साहित्य प्र० सम्मेलन-पत्रिका भा० २८ अं० ११, १२
(५) हमारे संग्रहके कतिपय अप्रसिद्ध हिन्दी ग्रंथ प्र० „ „ भा० २६ अं० ६, ७
(६) छिताई वार्त्ता प्र० विशालभारत मई, सन् १६४५
(७) रत्नपरीक्षा विषयक हिन्दी साहित्य प्र० राजस्थान-साहित्य वर्ष १ अं० १
(८) विक्रमादित्य संबन्धी हिन्दी ग्रंथ प्र० „ „ वर्ष १ अं० ३
(६) संगीत विषयक हिन्दी ग्रन्थ प्र० „ „ वर्ष १ अ० २

और भी अनेकों लेख तैयार है एवं विवरण ग्रंथके दो भाग भी तैयार किये हैं जिनमें से एक हिन्दी विद्यापीठ उदयपुरसे प्रकाशित हो चुका हैं दूसरा छप रहा है।

इसी प्रकार राजस्थानी और गुजराती में सैकड़ों ग्रन्थ यहांके भण्डारों में हैं जिनका विवरण श्री० मोहनलाल द० देसाई संपादित जैन गुर्जर कविओ भा० ३ में दिया गया है। इसकी पूर्ति रूपमें हमने एक ग्रंथ तैयार किया है।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरीके संस्कृत (कुछ विषयोंको छोड़) एवं राजस्थानी ग्रन्थोंके केटलग तो प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें सैकड़ों अन्यत्र अप्राप्य ग्रन्थोंका पता चलता है। हिन्दी ग्रन्थोंकी सूची भी छपी तो पड़ी है अभी प्रकाशित नहीं हुई। इसकी भूमिका एवं सम्मेलन पत्रिका वर्ष ३६ अंक ४ में यहांके अलभ्य हिन्दी ग्रन्थोंकी सूची हमने प्रकाशित की है।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेर के जैन श्रावकों का धर्म-प्रेम

मध्यकाल के जैन समाज में श्रद्धा और भक्ति अत्यधिक मात्रा में थी, इसी कारण उन्होंने जैन मन्दिरोंके कलापूर्ण निर्माण में, जैन ग्रन्थोंके सुन्दर स्वर्णाक्षरों में सचित्र लेखन में एवं तीर्थ-यात्रा के विशाल संघ और गुरुभक्ति में असंख्य धन राशि का व्यय कर अपने उत्कट धर्म-प्रेमका परिचय दिया है। बीकानेर के जैन श्रावकोंने यहां के जैन मन्दिरोंके निर्माण में जो महत्त्वपूर्ण भाग लिया है वह तो इस लेख संग्रह से विदित ही है। यहां केवल उनके निकाले हुए संघ, अन्य स्थानों में कारित मन्दिर मूर्त्ति तालाब, एवं गुरुभक्ति आदि विविध धार्मिक कृत्योंका संक्षेप में निदर्शन कराया जा रहा है।

बीकानेर के तीर्थयात्री संघ

सं० १५५०-६० के लगभग मंत्रीश्वर वच्छराजने संघ सहित शत्रुंजय तीर्थकी यात्रा की जिसका वर्णन साधुचन्द्र कृत तीर्थराज चैत्य परिपाटी में मिलता है और उसके पश्चात् उनके सुपुत्र कर्मसिंहने शत्रुंजय का कर छुड़ाकर संघसह यात्रा करते हुए रैवताचल, अर्बुद और द्वारिका आदि तीर्थोंकी स्थान स्थान पर लंभनिका देते हुए यात्रा की। उनके पुत्र वरसिंहने चांपानेर में बादशाह मुजफ्फरशाह से ६ महीने का शत्रुंजय यात्रा का फरमान प्राप्त किया और शत्रुंजय, अर्बद, रैवत तीर्थोंकी संघ सहित यात्रा की और तीर्थोंको कर से मुक्त कर लंभनिका वितरण की। इसी प्रकार नगराज संग्रामसिंह आदि ने भी तीर्थाधिराज शत्रुंजय की यात्रा की, तीर्थको कर से मुक्त कर इन्द्रमाला ग्रहण की*।

सं० १६१६ मिती माघ शुदि ११ को बीकानेर से एक विशाल यात्री संघ शत्रुंजय यात्रा के लिए निकला। जिसने सारुंडइमें प्रथम जिन, खीमसर में ३ चैत्य, आसोप के २ मन्दिरोंके दर्शन कर रजलाणी होकर फलौदी पार्श्वनाथ की फाल्गुण वदि ८ को यात्रा की। वहां से वाहलपुरके जिनमन्दिर, पालीके ३, गुंदवच १, खउड़, वीझावइ १, वरकाणा-पार्श्व २, नाडुल २, नाडुलाई में ७, थणउर १ एवं कुंभलमेर फाल्गुण सुदि ५ को १८ मन्दिरोंकी यात्रा की। कहल-वाड़ा १, सादड़ी, राणकपुर में सुदि ६ को आदिनाथ प्रभुकी यात्रा की। फिर मंडाड़इ १ संडेरइ १, वाकुली १, कोरंटइ ३, वागसेण १, कोलरी १, कोलरइ २ व सीरोहीके ८ चैत्योंकी यात्रा की। आबूके निकटवर्त्ती ३ मन्दिर, हलोद्रे में १ मन्दिरके दर्शनकर चैत्र वदि ५ को आबू-तीर्थकी यात्रा की। देवलवाड़े के ५ मन्दिर व अचलगढ़के २ मन्दिर, तेरवाड़ के ३, राधनपुरके ३, गोस-नाद १, लोलाड़इमें संखेश्वर पार्श्वनाथको वंदन किया वहांसे मांडलि, लिगतिर २, चूड़इ २, राण-पुर २, लोलियाणा के मन्दिरोंके दर्शन करते हुए क्रमशः पालीताना पहुंचे, चैत्री-पूनम के दिन

* विशेष जानने के लिए कर्मचन्द्र मंत्रिवंश प्रबन्ध वृत्ति देखना चाहिए।

"Aho Shrut Gyanam"

तीर्थाधिराज शत्रुंजयकी यात्रा की। फिर गिरनार पर श्रीनेमिनाथ प्रभुकी यात्रा कर संघ वापस लौटा। वांसावाड़, बलदाणइ के २, वड़वाहण १, वड़ली के २ मन्दिरोंके दर्शन कर संघ पाटण पहुंचा। श्रीजिनचन्द्रसूरिजी उस समय पाटण में विराजते थे, गुरु वन्दना कर संघ अहमदावादके मन्दिरोंका दर्शन कर थिरादराके ५, साचोर में महावीर, राड़द्रह में २, वीरमपुर, कोटणइ में २, वछही, जोधपुर, तिमरी २, ओसियां में वीर प्रभु एवं बावड़ी ग्राम की चैत्य वन्दना कर वापस बीकानेर लौटा‡।

सं० १६४४ के माघ वदि १ को बीकानेर से शत्रुंजय यात्री संघ निकल कर अहमदावाद गया जिसका वर्णन गुणविनय गणिने शत्रुंजय चैत्य परिपाटी में इस प्रकार है—इस संघके साथ श्रेयांसनाथ कुंथुनाथ और पार्श्वनाथ प्रभु के देहरासर थे। संघने माह वदि ४ को सारुंड़इ में आदिनाथ जिनालयको वंदन किया फिर बावड़ी १, तिमरी २, जोधपुर में माह वदि ६ को ५ जिनालयों को वन्दन किया। स्वर्णगिरिके ५ मन्दिर, लासा ग्राममें २, गोवल में १, और सीरोही के १० जिनालयों में माघ सुदि ७ को चैत्यवंदनाकी। वहां से मांकरड़इ १, नीतोड़ा १, नानवाड़इ १, कथवाड़इ १, संघवाड़इ, खाखरवाड़इ १, कास्तरइ २, अंबथल १, मोड़थल १ रोहइ २, पउड़वायइ १, सीरोतर १, वड़गाम १, सिद्धपुर ४, लालपुर १, उन्हइ १, मइसाणइ १०, पनसरि १, कलवलि १, ऊनेऊ १, सेरिसइ लोडणपार्श्व, धवलकामें ७ चैत्योंके साथ सपरिवार युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिको वन्दन किया। वहां संघपति जोगी सोमजीका विशाल संघ अहमदावादसे आकर ७०० सिजवालों के साथ इस संघमें सम्मिलित हुआ। वहां से धंधका* में जिनालयका वन्दनकर शत्रुंजयका दूर से दर्शन किया। पालीताना पहुँचकर १ जिनालय की वन्दना कर चैत्र वदि ५ को गिरिराज शत्रुंजय की यात्रा की। चैत्र वदि ८ को संघने १७ भेदी पूजा कराई। बड़े उत्साह व भक्तिके साथ यात्रा कर संघ वापिस लौटा और अहमदाबाद आकर

‡ गुणरंग कृत चैत्य परिपाटी स्तवनके आधार से, जो कि परिशिष्ट में छपा है।

* कवि कुशललाभ कृत संघपति सोमजी संघ वर्णन तीर्थमालामें इस यात्राका विशेष वर्णन है उसमें लिखा है कि—धुन्धुकाके पश्चात् खमीधाणा पहुँचने पर आगे चलने पर युद्धसूचक शकुन हुए अतः संघपति सोमजीने २ दिन वहीं ठहरने का निश्चय किया। परन्तु बीकानेरके संघने इस निर्णयको अमान्यकर सीरोही संघके साथ वहां से प्रयाण कर दिया ३ कोश जाने पर मुगलोंने संघको चारों ओर से घेर लिया। संघके लोगोंमें बड़ी खलबली मच गई, नाथा संघवी एवं बीकानेरके अन्यलोग बड़ी वीरताके साथ लड़ने लगे। पर मुगलोंके भय से कई लोग भयभीत होकर दादा साहबको स्मरण करने लगे। संघ पर संकट आया हुआ जानकर युगप्रधान श्रीजिनदत्तसूरिजीने अपने दैवी प्रभावसे संघकी सुरक्षाकी मुगललोग परास्त होकर भाग गए। दादाजी के प्रत्यक्ष चमत्कारको अनुभवकर संघ बड़ा आनन्दित हुआ। शत्रुंजय महातीर्थकी यात्रा करने के पश्चात् जब यह संघ गिरनारजी की यात्राके लिए रवाना हुआ तो जूनागढ़के अधिकारी अमीखानने बहुतसी सेनाके साथ आकर संघको विपत्तिमें डाल दिया। परन्तु जैन संघके पुण्यप्रभावसे सारे विघ्न दूर हो गए।

इस तीर्थ मालाके अपूर्ण मिलने से आगेका वर्णन अज्ञात है।

"Aho Shrut Gyanam"

जिनालयों को वन्दन किया। वहां से आसाउलमें २, उसमापुर १, गोल १ जिनालय के दर्शन कर आबू तीर्थ व अचलगढकी यात्रा की। वहां से प्रयाणकर ज्येष्ठ सुदि ६ को ओसियां में महावीर भगवान, ज्येष्ठ सुदि १३ को रोह ग्राम में श्री जिनदत्तसूरि स्तूपके दर्शन किये एवं ज्येष्ठ सुदि १५ को स्वधर्मीवात्सल्य करके भींदासर होकर संघ बीकानेर पहुँचा।

इसी प्रकार सं० १६५७ में लिग गोत्रीय संघपति सतीदासने संघ निकाला ज्ञात होता है पर उसके संबन्ध में विशेष जानकारी के लिए हमारे पास कोई साधन नहीं हैं। संघपति सती दासने शत्रुंजय पर्वत पर मूलमन्दिरकी द्वितीय प्रदिक्षणा में जैन मन्दिर बनवाया था जिसका उल्लेख आध्यात्मज्ञानी श्रीमद् देवचन्द्रजीने अपनी शत्रुंजय चैत्य परिपाटीमें इस प्रकार किया है-

"दीजें बीजी वार प्रदिक्षणा संघवी चैत्य करो जिन वन्दना।
बीकानेरी सतीदास नौ चेइय अति उत्तंग सुवासनौ।
आसने चौत्ये पंच जिनवर मूलनायक सोहणा।
तेतीस मुद्रा सिद्धजीनी भविक मन पड़िबोहणा।"

इन सतीदासने गिरिराजकी तलहटी में यात्रियोंके आराम के लिए एक सुन्दर वापी बनवाई जो कि 'सतीवाव'† नामसे प्रसिद्ध है जिसका शिलालेख इस प्रकार है :—

"संवत् १६५७ वर्षे। सनि इलाही ४४॥ त्रमास पूर्णिमा दिने सूदन सिरकार सोराठपति साहे श्री अकबर दे विजयि राज्ये जागीरदार राष्ट्रकूट कुलकुमुद दिवाकर महाराजाधिराज महाराज श्री श्री श्रीराजसिंहजी नरमणि विजयमान तदधिकारि लदा (?) मुख्य खवास श्री तेजाजी तत्कृत्य धुराधरंधरा श्री जलालदीन श्री अकबरशाहि प्रदत्त युगप्रधान पदधारक आषाढाष्टाह्निका सकल सत्त्व निकर मारि निवारक संवत्सरावधि स्तंभ तीर्थीय जलनिधि जलचर जीव जाल मोचकः पंचनदी साधकः श्री बृहत्खरतर गच्छाधीश्वर श्रीजिनमाणिक्यसूरि पट्टप्रभाकर युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि चरणकमल सेवक विक्रमपुर वास्तव्य॥ लिग्गोत्रीय सा। खेतसी पुत्ररत्न संघपति सतीदास सुश्रावकेण भ्रातृ लक्ष्मीदास पु० सं० सूरदासादि परिवार सश्रीकेण श्री शत्रुंजय तीर्थ तलहट्टिकायां तीर्थ भक्ति निमित्तं यात्रा गतःसकलश्रीसदो (?) पकारायच। सतीवापीत्यभिधान वापीरत्नकारितः ऊपरठाहीमाला सोहल (?)

कविवर समयसुन्दरके शिष्य वादी हर्षनन्दनकृत शत्रुंजय संघयात्रा स्तवन से विदित होता है कि संवत् १६७१ फाल्गुण कृष्णा २ को भी बीकानेर से संघ निकाला था जिसने प्रथम प्रयाण में देसनोक फिर पारवइ, सालुंडइ, खीमसर जाकर वर्द्धमानस्तुंभ की यात्रा की। वहांसे वावड़ी में प्राचीन ऋषभमूर्त्ति को वन्दन कर घंघाणी, जोधपुर, होकर गुढा आया वहां

†शत्रुंजय तीर्थ सम्बन्धी ग्रन्थोंमें इसके निर्माता अहमदाबादके सुप्रसिद्ध सेठ शांतिदासको लिखा है पर हमने इस ऐतिहासिक भ्रमका निराकरण अपने "सतीवाव सम्बन्धी गम्भीर भूल" (प्रकाशित जैन वर्ष ३५) लेख में कर दिया है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्रीजिनसिंहसूरिजी को वन्दन किया। यहाँ मेड़ता के संघपति आसकरण के संघके साथ सामिल हो गए। वहाँसे दुगाड़इ, खांडप, भमराणी, सोवनगिरि, सीणोद्रह, साणइ, सीधोड़इ होकर संघ सिरोही पहुंचा फाल्गुन चौमासा कर हणादृह होकर आबू, अचलगढ़ तीर्थकी यात्रा की। वहाँसे मिलोड़इ, दांतीवाड़इ, सिद्धपुर के १० मन्दिर, लालपुर में शान्तिनाथ, महिसाणा, पानसर, कल्लोल, सेरिसा (लोडणपार्श्व), के जिनालयोंका वन्दन करते हुए अहमदावाद पहुंचा वहाँ १०१ जिनालयों में चैत्यवंदना कर वहाँके संघके साथ फतैबाग, चावलकइ, होकर शत्रुंजय पहुंचा। चैत सुदि १४ को तलहटी की यात्रा कर चैत्रीपूनम के दिन गिरिराज पर चढ़े। यात्राके अनन्तर श्रीजिनसिंहसूरिजी ने संघपति आसकरण को 'संघपति' पद देकर माला पहिनाई। वहाँसे संघ त्रंबावती में स्थंभन पार्श्वप्रभु की यात्रा कर मेड़ता लौटा।

बीकानेर के श्रावकों के बनवाए हुए मन्दिर

बीकानेर निवासी श्रावकों ने तीर्थों पर भी बहुत से मन्दिर बनवाये थे। मंत्रीश्वर संग्रामसिंह ने श्री शत्रुंजय महातीर्थ पर मन्दिर बनवाया, इसका उल्लेख कर्मचन्द्र-मंत्रि-वंश-प्रबन्ध के २५१ वें श्लोकमें है। इसी प्रकार मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र द्वारा शत्रुंजय और मथुरा में जीर्णोद्धार करवाने का श्लोक ३१३ में और श्लोक ३१७ में शत्रुंजय, गिरनार पर नये मंदिर बनवाने के लिए द्रव्य भेजने का उल्लेख है। फलौधी में श्रीजिनदत्तसूरिजी और श्रीजिनकुशलसूरिजी के स्तूप बनवाने का उल्लेख ३२७ वें श्लोकमें आता है। मंत्रीश्वर ने दादासाहब के चरण एवं स्तूप मंदिर कई स्थानोंमें बनवाए थे जिनमें अमरसर, सांगानेर, सधरनगर, तोसाम, गुरुमुकुट, राणीसर-फलौदी में दादासाहब के चरण स्थापित करने का और पाटण में मंत्रीश्वर की प्रेरणा से दादासाहब के चरण स्थापित करने का उल्लेख पाया जाता है। फलौदी, अमरसर, पाटण और सांगानेर के चरणों के लेख इस प्रकार हैं—

"सं० १६४४ वर्षे माघ सुदि ५ दिने सोमवासरे फलवर्द्धिनगर्यां श्रीजिनदत्तसूरीणां पादुका मन्त्री संग्राम पुत्रेण मन्त्री कर्मचन्द्रेण सपुत्र परिवारेण श्रेयोर्थं कारापितं"

"सं० १६५३ वर्षे वैशाखाद्य ५ दिने श्रीजिनदत्तसूरीश्वराणां चरणपादुके कारिते अमरसर वास्तव्य श्रीसंघेन ज्ञाता। मूल स्थूत प्रारेत कप्ता मंत्री कर्मचंद्रः श्री बोम्लः मेचः पंडि आंनियांश्च सोण सानं महद्य चेष्ठितम् युगे अक्षेः" *

"स्वस्ति श्री संवत् १६५३ मार्गशीर्ष सित नवमी दिने शुभवासरे। श्री मन्मंत्रिमुकुटोपमान मंत्रि कर्मचन्द्र प्रेरित श्री पत्तन सत्क समस्त श्रीसंघेन कारिता श्रीजिनकुशलसूरीश्वराणां स्तूप प्रतिष्ठितं विजयमान गुरु युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिभिः वंद्यमान पूज्यमान सदा कुशल उदय-कारी भवतु श्रीसंघाय ॥छ॥"

---

*यह लेख गौरीशङ्करसिंह चन्देल ने चांदके सितम्बर १९३५ के अङ्कमें प्रकाशित किया था। तदनुसार यहाँ उद्धृत किया गया है, लेख बहुत अशुद्ध है।

"Aho Shrut Gyanam"

"सं० १६५६ वर्षे ज्येष्ठ सुदी द्वादशी दिने शनिवारे श्री संग्रामपुरे श्रीमानिसिंह विजयराज्ये खरतर गच्छे युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि विजयराज्ये महामंत्रिणा कर्मचन्द्रेण श्रीसंघेनापि श्रीजिनकुशलसूरि पादुका कारितः प्रतिष्ठितं वाचनाचार्य श्रीयशकुशलैश्चसर्व संघस्य कल्याणम् भवतु शुभं"

इनके अतिरिक्त शत्रुंजय पर बोथरा मन्त्री समरथ ने आदीश्वर बिम्ब बनवा के नेमिनाथ चौंरीके उपर प्रतिष्ठित कराया। उसकी प्रतिष्ठा युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी ने की थी। एवं सं० १८८२ फागुन वदि १० को वैद मगनीराम ने श्री आदिनाथ पादुका बनवा कर श्रीजिनहर्षसूरिजी द्वारा खरतरवसहीमें प्रतिष्ठित की*। सं० १६०० में श्री सम्मेतशिखर तीर्थ पर बीकानेर संघ कारित जिन मन्दिर की प्रतिष्ठा श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी ने अष्टाह्निका-महोत्सव पूर्वक की, ऐसा खरतरगच्छ पट्टावली में उल्लेख है।

सं० १६७४ में शत्रुंजय महातीर्थ पर विमलवसही (मोटी टुंक) के बाह्य मण्डपमें दादासाहब श्रीजिनदत्तसूरिजी, श्रीजिनकुशलसूरिजी और श्रीरत्नप्रभसूरिजी की छतरियां बीकानेर के श्रेष्ठिगोत्रीय वैद मुंहता सं० सोना पुत्र मन्ना, जगदास पुत्र ठाकुरसी के पुत्र सं० सांवल ने बनवाई और ज्येष्ठ सुदि ११ रविवार को नं० १-२ खरतर गच्छनायक युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी से और नं० ३ उपकेश गच्छाचार्य श्रीसिद्धसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित करवाई। जिनमें से एक लेख हमारे "युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि" के वक्तव्य पृ० २६ में छपा है।

बीकानेर के जैन-संघ की तपस्विओं की भक्ति, तपाराधना, सूत्र भक्ति एवं पौषधादि धार्मिक अनुष्ठानों में कितना अधिक अनुराग था इसका परिचय तत्कालीन पर्यूषणा समाचार पत्रों से ज्ञात होता है। हमारे संग्रह के ऐसे पत्रों में से उदाहरणार्थ दो पत्रों में से १ की पूरी नकल दूसरेका आवश्यक अंश यहाँ उद्धृत किया जाता है। पाठकों को सहज ही इससे उस समय की जनसंख्या और उनकी धार्मिकता का अनुमान हो जायगा।

॥ श्री : ॥

स्वस्ति श्री आदिनाथो धृत चरण रथशशांति देवाधिदेवः। नेमि पार्श्वश्च वीरस्सकल भय हरो नष्ट क्रुष्ट प्रचारः। एतान्पंचापि देवान्भविक भयरान्भूरि भावेन नत्वा। श्रेयोलेखं खिल सकल समाचार दानाय दक्षं॥ १॥ श्रीमतो विक्रमपुरात् भट्टारक श्रीजिनचन्द्रसूरिवरा ड० श्री भावप्रमोद गणि ड० श्री विनयप्रमोद गणि वाचनाचार्य रूपहर्षगणि, वाचनाचार्य कल्याणहर्ष गणि पंडित साधुनिधान वाचनाचार्य क्षमालाभ गणि पं० विद्यालाभ पं० विनयलाभ पं० जयचन्द्र पं० कीर्तिसागर पं० उदयसागर पं० भावसागर पं० ज्ञानसागर पं० क्षमासमुद्र पं० भक्तिविमल पं० सुमतिविमल पं० दयासेन पं० मुनिसौभाग्य चिरं पद्मतिलक प्रमुख साधु २५ साध्वी २७ सत्परिकराः श्री नगर थट्टा नगरे श्री राजसभा शृंगारक श्री देवगुरु भक्तिकारक

* शत्रुंजय के इन दोनों लेखों की नकल हमारे पास है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री जिनाज्ञा प्रतिपालक श्रीदीन जनोद्धारक श्री जीवदया प्रतिपालक श्री जीवाजीवादि नवतत्त्व विचारक सम्यक्त्वमूल स्थूल द्वादशव्रत धारक श्री पंच (पर) मेष्टि महामंत्र स्मारक सुश्रावक पुण्य प्रभावक संघ मुख्य स श्री समस्त लघु वृद्ध श्री संघ योग्यं सदा धर्मलाभ पूर्वक समादिशंति अत्रोत्र धर्म्मोपदेशोयथा। धन्नाते जिय लोए गुरु वयणं जे करंति पच्चक्खं। धन्नाणविते धन्ना कुणंति देसंतर गयाणं ॥१॥ इत्यादि धर्म्मोपदेश जाणी चित्त नइ विषे विवेक आणी धर्म्मोद्यम करतां लाभ छै ॥ तथा प्रथम चौमास करी···मध्ये अत्र थी विहार करता हता परं श्री संघइ अनइ को० श्री जिणदासजी श्री नयणसी जी घणउ आदर करी बीजी चउमास राख्या ॥ हिवइ अत्र सुखइ रहता साधांनइ तप प्रमुख करावतां श्री जिनालय स्नात्र पूजा अनुमोदतां श्री भगवतीसूत्र वृत्ति खणइ वाचतां श्री संघनइ धर्म नइ विषइ प्रवर्त्तावतां सर्व पर्व राजाधिराज श्री पर्यूषणापर्व आया तत्रोपन्न विवेकातिरेक च्छेक गोलवच्छा साह नयणसी श्री संघ समक्ष क्षमाश्रमण पूर्वक श्री कल्प पुस्तक आपणइ घरे ले जाई रात्रि जागरण करावी प्रभातइ महामहोत्सवइ गजारूढ़ करी अम्हनइ आणी दीधउ। अम्हेपिण नव वाचनायइ स प्रभावनायइ वाच्यउ। तत्र दानाधिकारे आषाढ़ चौमासा ना पोसहता ८५१ नइ को० भगवानदास नालेर दीया श्रावण वदि १४ ना पोसहता २२५ नइ म० उत्तमचंद नालेर दिया। श्रावण सुदि १४ ना पोसहता ३४२ नइ फलवधिये रामचन्द नालेर दिया। भाद्रवावदि ८ पोसहता ४२५ नइ पा० कपूरचन्द नालेर दिया। अठाइना उपवासीता ५२५ नइ बो० नयणसी नालेर दिया। कल्पनापोसहता ११५१ नइ सा० रायमल नालेर दिया। पोसहीता उपवासीता १२१३ नइ मा० अमृत नालेर दिया वेलाइता ३२५ नइं पांचे श्रावके नालेर दीया तेलाइता २०५ नइ तीने श्रावके नालेर दिया। संवत्सरी ना पोसहता १५५१ नइ पुस्तकग्राही गो० नयणसी मोदके भक्ति कीधी। पाखी सर्व चालइ छइ बीजा ही दान पुण्य घणा थया शील पिण घणे पाल्यउ। तपोऽधिकारे साध्वी अमोलां छम्मासी तप १ कीधउ। मासक्षमण ७। पक्षक्षमण १५। अट्ठाइ ४२। छट्ठ अट्ठम घणाथया भावना पिण भावी। इत्यादि पर्वाराधन स्वरूपजाणी अनुमोदिज्यो आपणाजणावेज्यो तथा श्री संघ मोटा श्रावक छउ गुरु गच्छना अंतरंग रागी छउ श्री खरतर गच्छनी मर्यादा ना राखणहार छउ जेहवी धर्म सामग्री चलावउ छउ तिण थी विशेष पणइ चलावेज्यो प्रस्तावइ कागल समाचार देज्यो संवत् १७२८ वर्षे मगसिर सुदि १० शुक्रवासरे ॥ श्रीरस्तुः ॥ श्री

उपाध्यायाजी रो धर्मलाभ वाचज्यो श्री भावप्रमोद रो धर्म्मलाभ जाणेज्यो। तथा भोजिग शिवदास वाराइत छै सखर छइ आपणाइत इण सेती घणी राखेज्यो।

इसी प्रकार सं० १७७६ के भाद्रवा सुदि १४ को बीकानेर से श्री जिनसुखसूरिजीने फलौदी के संघ को पत्र दिया इसमें यहां के श्रावकोंके धर्म कृत्यका निम्नोक्त वर्णन है :—

"हिवै अत्र ठाणै २१ साधु साध्वी १६ सुखै रहतां श्री संघने धर्मकरणी नै विषै प्रवर्त्तावतां श्रीजिनालयै स्नात्रपूजा अनुमोदतां श्री पन्नवणा सटीक प्रभाते वखाणे वाचतां श्रीपर्यूषण पर्व आख्यातत्रोत्पन्न विवेकातिरेक च्छेक छाजहड़ साह कपूरचन्दै श्रीसंघ समक्षै क्षमाश्रमणपूर्वक

"Aho Shrut Gyanam"

श्रीकल्प पुस्तक आपणै घरे ले जाई रात्रि जागरणादि करी प्रभातै घणै आडम्बर करी अम्हनै आणी दीधौ। अम्हे पिणश्री संघ समक्षै १३ वाचनायै सप्रभावनायै वाच्यौ तत्र दानाधिकारं श्री आषाढ़ चौमासी थी मांडी सर्व पाखी तथा आठमि रा पोसीता उपवासीता १५१५२१५ थायै तिणां सर्व नै नालेर तथा चिणी खांडरी भक्ति कीधी श्री संवत्सरी रा पोसीहता १२५१ थया तिणांने पुस्तकग्राहीयै मोदके भक्ति कीधी। संवत्सरीदान पा० अर्जनजी गो० धर्मसीयै जूआ जूआ नालेर दीधा पड़िकमीता मनुष्य ४५१ थया बीजाही दान पुण्य विशेषै भला थया"

ये दोनों पत्र खरतर गच्छीय भट्टारक शाखाके श्रीपूज्यों के हैं अतः इसमें उल्लिखित धर्मानुष्ठान केवल उन्हींके आज्ञानुयायी संघका ही समझना चाहिये इनके अतिरिक्त बीकानेर में जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है खरतर-आचार्यशाखा, उपकेशगच्छ, लौंकागच्छ, पायचन्द गच्छ और तपागच्छके संघका धर्मानुष्ठान इससे अतिरिक्त समझना चाहिए। कमसे कम इस सभी गच्छोंका भट्टारक शाखाके समकक्ष मानें तो भी सं० १७२८ में पौषध करनेवालों की संख्या ३००० से ऊपर हो जाती है। इससे सांवत्सरिक प्रतिक्रमणादि करनेवालों की संख्या ५-७ गुनी तो अवश्य ही होगी अतः उससमय यहाँ जैनोंकी संख्या बहुत अधिक सिद्ध होती है।

आचार्य पदोत्सवादि

बीकानेर के धर्मानुरागी श्रावकोंने अवसर पाकर गुरुभक्ति में भी अपना सद् द्रव्य-व्यय करने में कसर नहीं रखी। उन्होंने आचार्यों के पदोत्सव, चातुर्मास कराने प्रवेशोत्सव आदि विविध प्रकारके गुरुओं की सेवा एवं बहुमानमें लाखों करोड़ों रुपये खर्च किये हैं जिन पर थोड़ी सी उड़ती नजर यहां डाली जा रही है।

कर्मचन्द्र वंश प्रबन्धमें लिखा है कि श्रीजिनसमुद्रसूरिजीके पट्टपर श्रीजिनहंससूरिजीको श्री शान्तिसागरसूरिजीके हाथसे आचार्यपद दिलाया। सं० १५५५ ज्येष्ठ शुक्ला ६ को यह उत्सव मन्त्रीश्वर कर्मसिंहने एक लाख रुपया व्यय करके किया। सं० १६१३ मिती चैत्र वदि ७ को मंत्रीश्वर संग्रामसिंह बच्छावतने युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजीका क्रियोद्धारोत्सव बड़े समारोहसे प्रचुर द्रव्य व्यय कर किया।

सं० १६४६ में युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजीका चातुर्मास लाहोरमें सम्राट अकबरके आमन्त्रण से हुआ। सम्राटने सूरिमहाराजको "युगप्रधान" पद और उनके प्रधान शिष्य वा० महिमराजजीको आचार्य पद देकर उनका नाम श्रीजिनसिंहसूरि रखनेका निर्देश किया और मन्त्रीश्वरको आज्ञा दी कि जैन विधिके अनुसार इस महोत्सवको बड़े समारोहसे संपन्न करो! सम्राटकी आज्ञा पाकर मन्त्रीश्वर बीकानेर नरेश महाराजा रायसिंहजीसे मिले। उनकी सम्मति और जैन संघकी आज्ञा लेकर महोत्सवकी तैयारियां करने लगे। मिती फाल्गुन वदि १० से अष्टान्हिका महोत्सव मनाया गया। रात्रि जागरणमें धार्मिक गीत गाये गए। मन्त्रीश्वर

"Aho Shrut Gyanam"

श्री जिनेश्वरसूरिजी (द्वितीय)

लेखाङ्क १४२–४५ के प्रतिष्ठापक



श्री जिनलाभसूरिजी

(प० प्र० पृ० ८५)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri



सं० १६८१ में शाही चित्रकार शालिवाहन चित्रित
श्री जिनराजसूरिजी
(श्री नरेन्द्रसिंहजी सिंघी के सौजन्य से)
(परिचय पृ० ८५ प्र०)

श्री जिनभक्तिसूरिजी
(परिचय पृ० ८५ प्र०)

"Aho Shrut Gyanam"

ने समस्त साधर्मियोंके घर पुंगीफल, १ सेर मिश्री और सुरंगी चुनड़िये भेजीं। मिति फाल्गुन शुक्ला २ को युगप्रधान पद और आचार्य पदोत्सवके साथ वा० जयसोम और रत्ननिधानको उपाध्यायपद, पं० गुणविनय व समयसुन्दरको वाचनाचार्य पदसे अलंकृत किया गया। इस समय संखवाल गोत्रीय साधुदेव कारित उपाश्रयको ध्वजा, पताका और मोतियोंसे जड़े हुए चन्द्रवे पूठियोंसे सजाया गया। जनताकी अपार भीड़ आनन्दके हिलोरे लेने लगी। इस उत्सवमें मन्त्रीश्वरने अपने द्रव्यका व्यय करने में कोई कसर न रखी। जिसने जो मांगा वही वस्तु देकर प्रसन्न किया गया। इस उत्सवमें मन्त्रीश्वरके ६ हाथी, ५०० घोड़े ६ ग्राम और सवाक्रोड़ रुपये का दान देनेका उल्लेख सं० १६५० में रचित कर्मचन्द्र मंत्रिवंश प्रबन्ध, सं० १६५४ में रचित भोजचरित्र चौपाई व जयसोम उपाध्याय कृत प्रश्नोत्तर ग्रन्थ में हैं, विशेष जाननेके लिए हमारी "युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि" पुस्तक देखना चाहिए।

सं० १६२३ मिगसर बदि ५ को श्री जिनसिंहसूरिजी की बीकानेर में दीक्षा हुई उस समय दीक्षा महोत्सव मुं० करमचन्द भांडाणी ने किया। सं० १८६२ मिगसर सुदि ७ गुरुवार को श्री जिनसौभाग्यसूरिजी का पदोत्सव खजाञ्ची साह लालचन्द सालिमसिंह ने किया। सं० १६१७ के फागुण बदि ५ को श्रीजिनहंससूरिजी का दीक्षा-महोत्सव चोपड़ा-कोठारी गेवरचन्द ने किया। सं० १६१७ में फागुण बदि ११ को बीकानेर में श्रीजिनहंससूरिजी का पदोत्सव वच्छावत अमरचन्द आदिने किया। इसी प्रकार सं० १६५६ कातो बदि ५ को श्री जिनकीर्तिसूरिजी का और सं० १६६७ माघ कृष्णा ५ को श्रीजिनचारित्रसूरिजी का नंदि-महोत्सव बीकानेर संघने किया था। वर्त्तमान श्रीपूज्य श्रीजिनविजयेन्द्रसूरिजी का पदोत्सव भी बीकानेर संघने किया।

ऊपर केवल खरतरगच्छ की भट्टारक शाखा के पदोत्सवादि का ही उल्लेख किया है। अब क्रमशः खरतराचार्य शाखा, कंवला गच्छ, पायचन्दगच्छ और लौंकागच्छ के कुछ उल्लेखनीय उत्सवोंका वर्णन दिया जा रहा है।

खरतराचार्यशाखा—सं० १६७६ के लगभग श्री जिनसागरसूरिजी के बीकानेर पधारने पर पासाणी ने प्रवेशोत्सव किया। श्री जिनधर्मसूरिजी का भट्टारक पद महोत्सव गोलछा अचलदास ने सं० १७२० में किया। इनके पट्टधर श्री जिनचन्द्रसूरिजी के पदोत्सव के समय बीकानेर संघने लूणकरणसर जाकर लाहण की और उन्हें आग्रहपूर्वक बीकानेर बुलाकर डागा परमानन्द ने प्रवेशोत्सव किया। गोलछा रहिदास ने समस्त खरतरगच्छ में साधर्मीवात्सल्य कर नारियल दिये। कचराणी गोलछाने खांड बांटी। सं० १७६४ में श्री जिनविजयसूरिजी का भट्टारक पदोत्सव पुंजाणी डागा ने किया और फूलांबाई ने प्रभावना की। श्री जिनयुक्तिसूरिजी का पदोत्सव सं० १८१६ में गोलछों ने किया। सं० १८६७ में श्री जिनहेमसूरिजी का भट्टारक पदोत्सव डागा सूरतरामजी ने किया।

कँवलागच्छ—इस गच्छके आचार्य श्री सिद्धसूरिजी का पदोत्सव श्रेष्ठि गोत्रीय मुंहताठाकुरसी ने सं० १६५५ चैत्र सुदि १३ को किया। इनके पट्टधर श्रीकक्कसूरिजी का पदोत्सव भी

"Aho Shrut Gyanam"

मं० ठाकुरसी के पुत्र मं० सांवल ने सं० १६८६ फागुण सुदि ३ को किया। इनके पट्टधर देवगुप्त-सूरि का पदोत्सव सं० १७२७ मिगसर सुदि ३ को मं० ईश्वरदास ने किया। श्री सिद्धसूरि का पदोत्सव सं० १७६७ मि० सु० १० को मं० सरूपसिंह ने किया। कक्कसूरिजी का पदोत्सव सं० १७८३ आषाढ़ बदि १३ मं० दौलतराम ने किया। देवगुप्तसूरिजी का भी उपर्युक्त मं० दौलतरामजी ने सं० १८०७ में किया। सिद्धसूरिजी का पदोत्सव मुं० खुशालचन्द्र ने सं० १८४७ माघ सुदि १० को, कक्कसूरिजी का मुं० ठाकुरसुत सरदारसिंह ने सं० १८६१ मिति चैत सुदि ८ को किया। एवं श्रीसिद्धसूरिजी का पदोत्सव महाराव हरिसिंहजी ने सं० १६३५ माघ बदि ११ को किया।

पायचन्दगच्छ—इस गच्छ के आचार्य मुनिचन्द्रसूरि का पदोत्सव सं० १७४४ में, श्री नेमि-चन्द्रसूरि की दीक्षा सं० १७४०, कनकचन्द्रसूरि का आचार्यपद सं० १७६६ माघ सुदि १४ और भट्टारकपद सं० १७६७ आषाढ सुदि २, शिवचन्द्रसूरि का आचार्यपद सं०१८१० माघ बदि ६, भट्टारकपद सं० १८११ माघ सुदि ५, भानुचन्द्रसूरि की दीक्षा सं० १८१५ माघ सुदि ७, हर्षचन्द्रसूरि का आचार्यपद सं० १८८३ काती बदि ७, श्री हेमचन्द्रसूरि का आचार्यपद सं० १६१५ में बीकानेर में हुआ था। पर इन पदोत्सव करने वाले श्रावकों के नाम उसकी पट्टावली में नहीं पाये जाते।

लौंकागच्छ—इनके आचार्य कल्याणदासजी की दीक्षा, नेमिदासजी की दीक्षा, और वर्द्ध-मानजी का प्रवेशोत्सव संवत् १७३० वैशाख सुदि १ को बीकानेर में बड़े धूमधाम से हुआ। संवत् १७६६ में सदारङ्गजी का प्रवेशोत्सव और जीवणदासजी व लक्ष्मीदासजी का प्रवेशोत्सव भी सूराणा और चोरड़ियों ने बड़े समारोहसे किया।

गुरुवंदनार्थगमन—सं० १६४८ में युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी सम्राट अकबर के आम-न्त्रण से लाहौर जाते हुए मार्ग में नागौर पधारे तब वहाँ बीकानेर का संघ आपको वंदन करने को निमित्त ३०० सिजवाले और ४०० प्रवहणों के साथ गया था। वहाँ साधर्मीवात्सल्यादि भक्ति करके वापस आनेका उल्लेख जिनचन्द्रसूरि अकबर प्रतिबोध रास में है।

श्रुतभक्ति

बीकानेर के श्रावकों की देव गुरुभक्ति का कुछ निदर्शन उपर किया जा चुका है, अब उनकी श्रुतभक्ति के संबन्ध में दो शब्द लिखे जा रहे हैं। श्रावकों के लिए गुरुओं के पास जाकर आगमादि ग्रन्थोंका श्रवण नित्य आवश्यक कर्तव्य है। सामान्यतया पर्यूषण के दिनोंमें प्रतिवर्ष कल्पसूत्रकेवाचन का महोत्सव यहाँ बड़ी भक्ति पूर्वक किया जाता है। बड़े उपाश्रय से गुरुके पास कल्पसूत्रजी को अपने घर लाकर रात्रिजागरण करके दूसरे दिन राज्य की ओरसे आये हुए हाथी पर सूत्रजी को विराजमान कर वाजित्र और हाथी, घोड़ा, पालकी आदिके साथ बड़े समारोह से उपाश्रय में लाकर सूत्र श्रवण करते हैं। इस उत्सव के लिए १३ गुवाड़ में क्रमशः प्रत्येक गुवाड़ की वारी निश्चित की हुई है।

"Aho Shrut Gyanam"

कल्पसूत्र के अतिरिक्त भगवतीसूत्र श्रवण का उत्सव भी जैन समाज में प्रसिद्ध है। मूल जैनागमों में यह सबसे बड़ा और गम्भीर आगम ग्रन्थ है। इसके सफल वाचक और रहस्य अवगाहक श्रोता थोड़े होनेके कारण इसकी वाचना का सुअवसर वर्षोंसे आता है। इस सूत्रको बहुमान के साथ सुना जाता है और इसकी भक्तिमें मोतियों का स्वस्तिक, प्रतिदिन रौप्य मुद्रा, मुक्ता आदिकी भेंट व धूप दीपादि किया जाता है। इस सूत्रमें ३६००० प्रश्न एवं उनके उत्तर आते हैं। प्रत्येक उत्तर-गोयमा! नामके सम्बोधन के साथ १-१ मोती चढ़ाते हुए मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र ने ३६००० मोतियोंकी भेंट पूर्वक युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी से भगवतीसूत्र श्रवण किया था। उन मोतियों में से १६७०० मोतियों का चन्द्रवा, ११६०० का पूठिया बनवाया गया अवशेष पूठा, ठवणी, साज, वीटांगणा इत्यादि में लगवाए गए पर अब वे पूठिया, चन्द्रवा आदि नहीं रहे।

मुद्रण युगसे पूर्व जैन श्रावकोंने कल्पसूत्रादि ग्रन्थोंको बड़े सुन्दर सुवाच्य अक्षरों में सुवर्णाक्षरी, रौप्याक्षरी एवं कलापूर्ण चित्रों सह लिखानेमें प्रचुर द्रव्य व्यय किया है। बीकानेरके श्रावकों ने भी इस श्रुत भक्तिके कार्यमें अपना सद् द्रव्य व्यय किया था जिनमें से मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र के लिखवाये हुए अत्यन्त मनोहर बेल बूटे एवं चित्रोंवाले कल्पसूत्र की प्रतिका थोड़े वर्ष पूर्व जयपुर में बिकने का सुना गया है। सुगनजी के उपाश्रय में स्वर्णाक्षरी कल्पसूत्र की प्रति बीकानेर के वैद करणीदान (गिरधर पुत्र) के धर्मविशालजी के उपदेश से लिखवाई हुई एवं सं० १८६२ में क्षमाकल्याण जी के उपदेश से पारख जीतमल ने माताके साथ लिखवाई सचित्र कल्पसूत्रकी प्रति विद्यमान है। खोज करने पर अन्य भी विशिष्ट प्रतिएँ बीकानेर के श्रावकों के लिखवाई हुई पाई जा सकती हैं।

वच्छावत वंशके विशेष धर्म-कृत्य

वच्छावत वंश बीकानेर के ओसवालों में धर्म कार्योंमें प्रारम्भ से ही सबसे आगे था। इस वंशके कतिपय धर्म कार्योंका उल्लेख आगे किया जा चुका है अवशेष कार्योंका कर्मचन्द्र मंत्रि वंश प्रबन्ध के अनुसार संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :—

बीकानेर राज्यके स्थापक रावबीकाजी के साथ मंत्री वत्सराज आए थे, उन्होंने देरावर में सपरिवार कुशलसूरिजी के स्तूपकी यात्रा की। योगाके पुत्र पंचानन आदि की ओरसे कर्मचन्द्र वंश प्रबन्ध के निर्माण तक चौवीसटाजी के मन्दिर के ऊपर ध्वजारोपण हुआ करता था। मन्त्री वरसिंह ने दुष्काल के समय दीन और अनाथों के लिए दानशाला खोली। मन्त्री संग्रामसिंह ने याचकों को अन्न, वस्त्र, स्वर्ण इत्यादि देकर कीर्त्ति प्राप्त की। विद्याभिलाषी मुनियोंको न्याय-शास्त्र वेत्ता विद्वानों से पढ़ाने में प्रचुर द्रव्य व्यय किया। इन्होंने दुर्भिक्ष के समय दानशाला भी खोली और माताकी पुण्य-वृद्धिके लिए २४ वार चांदीके रुपयों की लाहण की। हाजीखां और हसनकुलीखां से सन्धि कर अपने राज्यके जैनमन्दिर व साधर्मियोंके साथ जनसाधारण की रक्षा

"Aho Shrut Gyanam"

की। आपके पुत्ररत्न मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र अपने वंशमें मुकुटमणि हुए, इन्होंने शत्रुंजय, आबू, गिरनार व खंभात तीर्थोंकी सपरिवार यात्रा की। इन्होंने महाराजा कल्याणसिंहजी को विज्ञप्ति कर वर्षात के चार महीनों में तेली, कुंभार, हलवाई लोगोंसे आरंभ बंध करवाया। नगर के वैश्यों पर जो माल नामक कर था, छुड़वाया व भेड़, बकरी आदिका चतुर्थांश कर माफ करवाया। मुगल सेनाके आबू पर आक्रमण करने पर इन्होंने सम्राट की आज्ञासे जैन मन्दिरोंकी रक्षा की। बन्दियों को अन्न, वस्त्र आदि देकर जीवितदान दिया और अन्हें अपने घर पहुंचा दिया। समियाने (सिवाना) के युद्धमें लुटी हुई लोगोंकी औरतों को छुड़ाया, सं० १६३५ के महान् दुष्काल में १३ मास पर्य्यन्त दानशाला व औषधालय खुलवाकर जन साधारण का हित-साधन किया। स्वधर्मी बन्धुओं को उनकी आवश्यकतानुसार वार्षिक व्यय देकर सच्चा स्वधर्मी-वात्सल्य किया। इन्होंने ठेठ काबुल तक के प्रत्येक ग्राम नगर में लाहण वितीर्ण की। शास्त्र-वेत्ता गुरुओं से ग्यारह अंग श्रवण किये। महीने में ४ पर्वतिथियों में कारू लोगोंसे अगता रखवाया, वर्षात में तेली और कुंभारों से आरंभ छुड़वाया। मरुभूमि में सब वृक्षोंको काटना बंद करवाया। सतलज, डेक, रावी, आदि सिन्धुदेश की नदियों में मछली आदि जलचर जीवोंकी रक्षा की। शत्रुओं के देशसे लाए गए बन्दीजनों को अन्न-वस्त्र देकर अपने-अपने घर पहुंचाया समस्त जैन मन्दिरों में अपनी ओरसे प्रतिदिन स्नात्र-पूजा कराने का प्रबन्ध कर दिया। अजमेर में श्रीजिनदत्तसूरिजी के स्तूप की यात्रा की। एक समय द्वारिका के चैत्योंका विनाश सुनकर उन्होंने सम्राट अकबर से जैन तीर्थोंकी रक्षा की प्रार्थना की। सम्राट ने समस्त तीर्थोंको मंत्रीश्वर के आधीन करने का फरमान दे दिया। उन्होंने तुरसमखान के कैद किये हुए बन्दिओंको द्रव्य देकर छुड़वाया।

जैनोंके बनवाये हुए कुएं आदि सार्वजनिक कार्य

जैनोंने कुछ ऐसे भी सर्व-जन हितकारी कार्य किए है जिनका उल्लेख यहाँ आवश्यक है। बीकानेर नगर एवं रियासत के गांवोंमें बहुत से कुएं तालाव आदि बनवाये हैं जिनमें से बीकानेर शहर में व बाहर वैद मुंहता प्रतापमलजी का, रतनगढ़ में सुराणा अमरचंदजी का, सरदारशहर में बोथरा हरखचंदजी का, लूणकरणसर में मूलचंदजी बोथरा का, डूंगरगढ़ में पुगलियों व पारखोंका, फूलदेसर में भैरूँदानजी कोठारी का, भीनासर में चंपालालजी बांठिया का, गंगाशहर में सेठ चांदमलजी ढढ्ढाका, जलालसर में हमारे पूर्वजों का, चूरूमें कोठारियों के बनवाए हुए कुएं हमारी जानकारी में है इनके अतिरिक्त जहाँ कहीं भी ओसवालों की बस्ती थी या है, सभी जगह उनके द्वारा कुएं बनवाये गए थे।

औषधालय

बीकानेर नगरमें श्री० लक्ष्मीचन्दजी डागाका औषधालय वर्षों तक था। अभी श्री० भैरूंदानजी कोठारी व ज्ञानचन्दजी कोचर, मगनमलजी पारख की ओर से दो फ्री औषधालय

"Aho Shrut Gyanam"

चलते हैं। सरदारशहरमें नथमलजी कोठारी, सुजानगढ़ में दानचन्दजी चोपड़ा, आदिके औषधालय चलते हैं। भीनासरमें श्री बहादुरमलजी और चंपालालजी के दो औषधालय हैं।

विद्यालय

शिक्षण कार्य में भी जैनोंका सहयोग उल्लेखनीय है। बीकानेरमें श्रीयुक्त बहादुरमल जसकरण रामपुरियाका कालेज व बोर्डिंग हाउस, केशरीचन्दजी डागाकी धर्मपत्नी इन्द्रबाईके ट्रष्टसे कन्या पाठशाला, श्री० अगरचन्द भैरूंदान सेठियाकी पाठशाला, संस्कृत पाठशाला, रात्रि कालेज, कन्या पाठशाला, जैन श्वे० संघकी ओरसे जैन श्वे० हाईस्कूल व बोर्डिंग हाउस, श्री गोविन्दरामजी भणसाली की कन्या पाठशाला और पायचन्द गच्छकी रात्रि धार्मिक स्कूल चलती है। गंगाशहरमें श्री० भैरूंदानजी चोपड़ाकी हाई स्कूल, भीनासरमें श्रीयुक्त चम्पालालजी बांठिया की कन्या पाठशाला, चूरूमें कोठारियों का विद्यालय, श्री श्वे० साधुमार्गी जैन हितकारणी संस्थाकी ओरसे नोखामंडी, भड्डू, ऊदासर, सारूंडा, नोखामें प्रारम्भिक शिक्षण शालाएं चल रही हैं। और भी बीकानेर रियासतके कितने ही स्थानोंमें ओसवालोंकी स्कूलें व व्यायामशालाएं आदि संघ व व्यक्तिगत रूपसे चल रही हैं।

बीकानेर के दीक्षित महापुरुष

बीकानेरके श्रावकों एवं श्राविकाओंमें से सैकड़ों भव्यात्माओंने सर्वविरति एवं देशविरति चारित्रको स्वीकार कर अपने जीवनको सफल बनाया उनमें से कई मुनिगण बड़े ही प्रकाण्ड विद्वान, क्रियापात्र, योगी एवं धर्म प्रचारक हुए हैं। श्रीमद् देवचन्द्रजी जैसे अध्यात्म तत्त्वानुभवी, श्रीमद् ज्ञानसारजी जैसे मस्तयोगी, श्रीमद् क्षमाकल्याणजी जैसे आगम-विशारद श्री जिनराजसूरि जैसे समर्थ आचार्य कवि आदि इसी बीकानेरकी भूमिके उज्वल रत्न थे। यद्यपि बीकानेरके दीक्षित मुनियोंमें से बहुत ही थोड़े व्यक्तियोंका उल्लेख हमें प्राप्त हुआ है, फिर भी यह तो निश्चित है कि बीकानेर राज्यमें उत्पन्न सैकड़ों ही नहीं किन्तु हजारोंकी संख्यामें दीक्षित एवं देशविरति धर्माराधक व्यक्ति हुए हैं। हम यहां केवल उन्हीं व्यक्तियोंका निर्देश कर सकेंगे जिनके विषयमें हमें निश्चित रूपसे ज्ञात हो सका है।

सतरहवीं शताब्दीके शेषार्द्धके प्रतिभा संपन्न आचार्य श्रीजिनराजसूरिजी प्रथम उल्लेखनीय हैं। आपका जन्म बीकानेरके बोथरा धर्मसिंहकी पत्नी धारलदेवी की कूक्षिसे सं० १६४७ वैशाख सुदि ७ बुधवार को हुआ था और इन्होंने श्रीजिनसिंहसूरिजीसे सं० १६५६ मिगसर सुदि १३ को बीकानेर में दीक्षा ली थी। इनके पट्टधर श्रीजिनरत्नसूरिजी भी बीकानेर राज्यके सेरूणा ग्रामके लूणिया तिलोकसीकी पत्नी तारादेवीके पुत्र थे। आपके पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरि भी बीकानेरके चोपड़ा सहसमलकी पत्नी सुपियारदेके कुक्षिसे उत्पन्न थे। उनके पट्टधर श्रीजिनसुखसूरिजी फोगपत्तनके और श्रीजिनभक्तिसूरिजी इन्दपालसरके थे ये ग्राम भी बीकानेरके ही संभवित हैं। उनके पट्टधर श्रीजिनलाभसूरिजी बीकानेरके बोथरा पंचायण की भार्या पद्मादेवी

"Aho Shrut Gyanam"

के पुत्र थे, आपका जन्म बापेऊ में सं० १७८४ श्रावण सुदिमें हुआ था। आपके पट्टधर श्री जिनचन्द्रसूरिजी बीकानेरके बच्छावत रूपचन्दजीकी पत्नी केसरदेवी से सं० १८०६ में कल्याणसर में जन्मे थे। खरतरगच्छकी वेगड़ शाखामें श्रीजिनेश्वरसूरिजी के पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरिजी बीकानेरके बाफणा रूपजीकी पत्नी रूपादेवीके पुत्र थे।

इसी प्रकार खरतराचार्य शाखाके स्थापक श्रीजिनसागरसूरि बीकानेरके बोथरा बच्छराज की पत्नी मृगादेवी की कुक्षीसे सं० १६५२ काती सुदि १४ को जन्मे थे। उनके पट्टधर श्रीजिन-धर्मसूरिजी बीकानेरके भणशाली रिणमलकी भार्या रत्नादेवी के पुत्र थे, सं० १६६८ पोष सुदि २ को इनका जन्म हुआ था। इस शाखामें श्रीजिनयुक्तिसूरिजीके पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरिजी भग्गू के रीहड़ भागचंदजीकी पत्नी भक्तादेवीके पुत्र थे। वर्त्तमान श्रीपूज्य श्रीजिनचन्द्रसूरिजी भी बीकानेर रियासत के ही थे।

पायचन्दगच्छके आचार्य जयचन्द्रसूरि बीकानेरके रांका जैतासाहकी पत्नी जयतलदेवी के पुत्र थे, इनकी दीक्षा बीकानेरमें सं० १६६१ माघ सुदि ५ को हुई थी। इस गच्छके कनक-चन्द्रसूरि बीकानेर—दहीरवासके मुहणोत माईदासकी पत्नी महिमादेके पुत्र थे। भानुचन्द्रसूरि करमावासके भणसाली प्रेमराजकी पत्नी प्रेमादेवीकी कूक्षीसे सं० १८०३ में जन्में थे उनकी दीक्षा सं० १८१५ वैशाख सुदि ७ को बीकानेर में हुई थी। इसी प्रकार लब्धिचन्द्रसूरि भी बीकानेरके छाजेड़ गिरधरकी पत्नी गोरमदेवीके पुत्र थे, इनका जन्म सं० १८३५ श्रावण वदि में हुआ था। अंतिम आचार्यश्री देवचन्द्रसूरि भी बीकानेर राज्यके वैद गोत्रीय थे।

नगौरी लुंका गच्छके कल्याणदासजी राजलदेसरके सुराणा शिवदासजीकी पत्नी कुशलाजी के पुत्र थे और आप बीकानेरमें दीक्षित हुए। नेमिदासजी भी बीकानेरके सुराणा रायचन्दजी की पत्नी सजनांके पुत्र थे। पूज्य सदारंगजी कालूके सुराणा भागचन्दकी पत्नी यशोदाके और पूज्य जीवणदासजी पड़िहाराके चोरड़िया वीरपालकी पत्नी रतनादेवीके पुत्र थे। पूज्य भोज-राजजी राहसरके बोथरा जीवराजकी धर्मपत्नी कुशलाकी कूक्षीसे उत्पन्न हुए थे। पूज्य लक्ष्मी-चन्द्रजी नौहरके कोठारी जीवराजकी स्त्री जयरंगदेवी के पुत्र थे।

कंवलागच्छके कई आचार्य बीकानेरके निवासी थे पर उस गच्छकी पट्टावलीमें उनके जन्म स्थानादिक का पता न होने से यहां उल्लेख नहीं किया जा सका।

आचार्योंके अतिरिक्त सैकड़ों यति-मुनियोंकी दीक्षा यहां होनेका श्रीपूज्योंके दफ्तरों आदि से ज्ञात है पर उनके जन्म स्थानादिका निश्चित पता न होनेसे एवं विस्तार भयसे निश्चितरूपसे ज्ञात ४।५ प्रमुख महापुरुषोंका ही यहां निर्देश किया जा रहा है।

युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी के प्रथम शिष्य और महोपाध्याय समयसुन्दरजीके गुरु श्रीसकलचन्द्रजी गणि बीकानेरके रीहड़ गोत्रीय थे और उनकी दीक्षा भी सं० १६१३ में बीकानेर में श्रीजिनचन्द्रसूरिजीके क्रियोद्धारके समय हुई थी। इनके गोत्रवालोंके बनवाई हुई आपकी पादुका नालमें विद्यमान है। आत्मार्थी महापुरुष श्रीमद् देवचंद्रजी बीकानेरके निकटवर्त्ती ग्राम

"Aho Shrut Gyanam"

के निवासी लूणिया तुलसीदासजीकी पत्नी धनबाई के पुत्र थे, इनका जन्म सं० १७४६ और दीक्षा सं० १७५६ में हुई थी। उपाध्याय श्रीक्षमाकल्याणजी भी बीकानेर रियासतके केसरदेसर ग्राम के माल्हू गोत्रीय थे। इसी प्रकार मस्तयोगी ज्ञानसारजी जैंगलेवासके सांड उदयचन्द्रजीकी पत्नी जीवणदेवीके पुत्र थे। इनका जन्म संवत् १८०१ में हुआ था दीक्षा और स्वर्गवास भी यहीं हुआ था। आज भी बीकानेरके दीक्षित कई साधु एवं साध्वियां विद्यमान हैं जिनमें श्रीविजय-लक्ष्मणसूरिजी बीकानेरके पारख गोत्रीय है। ध्यान-योगी श्रीमोतीचन्द्रजी भी लूणकरणसरके थे जिनका कुछ वर्ष पूर्व ही स्वर्गवास हुआ है।

सचित्र विज्ञप्तिपत्र

चातुर्मास के निमित्त आचार्यों को आमन्त्रित करने के लिए संघकी ओर से जो वीनति-पत्र जाता वह भी विद्वतापूर्ण व इतिहास, कला, संस्कृति आदि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होता था। एक तो सांवत्सरिक पत्र होता जिसमें पर्वाराधन के समाचार होते दूसरा विज्ञप्ति-पत्र। प्रथम के निर्माता मुनिगण होते जो उसे संस्कृत व भाषा के नाना काव्यों में गुंफित कर एक खण्ड-काव्य का रूप दे देते और दूसरा चित्र-समृद्धि से परिपूर्ण होता था। बीकानेर से दिये गये ऐसे कई लेख मिलते हैं। चारसौ वर्ष पूर्व श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी को दिया हुआ पत्र प्राचीनता और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसके पश्चात् कतिपय पत्र धर्मवर्द्धन, ज्ञानतिलक आदि के काव्य व गद्यमय उपलब्ध हैं जो बीकानेर से भेजे गए थे उनमें बीकानेर नगर और तत्कालीन धर्मकृत्योंका सुन्दर वर्णन है जो श्रीजिनविजयजी ने सिंघी जैन ग्रंथमाला से प्रकाशित किये हैं।

सांवत्सरिक पत्रों में सर्वप्राचीन हमारे संग्रहस्थ श्रीजिनमाणिक्यसूरिजीको दिया हुआ पत्र है जो दयातिलकगणि, प्रमोदमाणिक्यगणि प्रभृति साधु संघने जैसलमेर भेजा था। इसका आदि भाग जिसमें विभिन्न विद्वत्ता पूर्ण छन्दों में चित्र काव्य द्वारा जिनस्तुति, गुरुस्तुति नगर वर्णनादि भाव रहे होंगे—४१ श्लोक सर्वथा नष्ट हो गये हैं। इसका चालीसवां श्लोक विजोरा चित्र एवं ४२ वां स्वस्तिक चित्र सा प्रतीत होता है। इन उभय श्लोकों के कुछ त्रुटित अक्षर अवशेष हैं। इसके पश्चात् गद्य में कादम्बरी की रचना छटा को स्मरण कराने वाली ७ पंक्तियां उल्लिखित हैं वे भी प्रायः नष्ट हो चुकी हैं।

इस पत्र से प्रतीत होता है कि उस समय जैसलमेर में श्री जिनमाणिक्यसूरि के साथ विजयराजोपाध्याय वा० अमरगिरि गणि, पं० सुखवर्द्धन गणि, पं० विनयसमुद्र गणि, पं० पद्म-मन्दिर गणि, पं० हेमरङ्ग मुनि, पं० कल्याणधीर पं० सुमतिधीर, पं० भुवनधीर मुनि प्रमुख साधु-मण्डल था। बीकानेर से दयातिलक गणि, प्रमोदमाणिक्य गणि, पं० वस्ताऋषि, पं० सत्यहंस गणि, पं० गुणरंग गणि, पं० दयारंग गणि, पं० हेमसोम गणि, पं० जयसोम (क्षुल्लक), ऋषि सीपा, भाऊ ऋषि, सहसू प्रमुख साधु संघने विनय संयुक्त वन्दना ज्ञापन करने व कुशल सम्वाद के पश्चात् लिखा है कि—

"Aho Shrut Gyanam"

प्रमोदमाणिक्य गणि ने संघ के आग्रह से मेड़ता में चातुर्मास बिताकर फलवर्द्धि पार्श्वनाथ की यात्रा करके जयतारण, बीलाड़ा, सूराइता, नारदपुरी, मादड़ी, राणपुर, जीरापल्लि, पार्श्वनाथ, कुंभमेरु प्रमुख नगरों में विचरते हुऐ गोगूदा नगर संघ के आग्रह से मासकल्प किया। फिर निकटवर्ती नवपल्लव, मजावद तीर्थों की यात्रा कर लौटते हुए कुंभमेरु में १५ दिन ठहरे। फिर बहुत से तीर्थों की यात्रा कर नारदपुरी में मासकल्प किया। तदनंतर वरकाणा, नदकूल, गुंदवच, प्रमुख स्थानों की यात्रा कर के पाली होकर जोधपुर आये। वहां मासकल्प कर विहार करते हुए अषाढ शुक्ला ११ के दिन बीकानेर आये। मंत्रिवर्ग आदि सभ्योंके समक्ष प्रातःकाल प्रमोदमाणिक्य गणिने रायप्रसेनी-सूत्र-वृत्ति व पाक्षिक-सूत्रवृत्ति का व्याख्यान, मध्यान्ह में सत्यहंसगणि को कर्मग्रंथ, गुणरंग, दयारंगगणि आदिको प्रवचनसारोद्धार बृहद्वृत्ति, तर्कशास्त्रादि एवं पं० हेमसोम, जयसोम मुनि को छन्द अलंकार पढ़ाते हुए स्वयं समयानुसार संयमाराधना करते हुए चातुर्मास बिताया। पर्वाधिराज पर्यूषण में बोहिथरा गोत्रीय सा० जांटा, सा० सहसा, सा० नींवा, सा० धन्ना, सा० कोडा, प्रमुख परिवार सह क्षमाश्रमण पूर्वक कल्पसूत्र अपने घर ले जाकर रात्रिजागरणादि कर उत्सवपूर्वक ला कर दिया। ७ वाचनाएं प्रमोदमाणिक्य गणि ने एक एक वाचना पं० सत्यहंस व पं० गुणरंग गणि ने एवं कथाव्याख्यान पं० दयारंग गणि ने किया। तपागच्छ के उपाश्रय में सं० धनराज मं० अमरा, सा० वरडा, सं० गिरू, सं० पोमदत्त, सा० जीवा आदि संघ के आग्रह से पं० गुणरंग गणि ने ६ वाचनाओं द्वारा कल्पसूत्र सुनाया। पं० सत्यहंस गणि ने गणि-योग तप किया, गुणरंग गणि ने उपधान तप, ऋषि सीपाने अठाई पारणे में एकांतरा, ऋषि सहसू ने पांच उपवास, साध्वी लालां ने अठाई व इतर साध्वियों ने उपधान किया। सा० साजण ने २१ उपवास, सा० मेघा सा० वीदा ने पक्षक्षमण, श्रे० जिनदास सा० हेमराज, सा० रूदा, प्रमुख ७—८ श्रावकों ने अठाई की। सारूंडा ग्राम से पारख नरबद, मा० रावण, गोलछा हेमराज ने आकर सा० मांडण, सं० धन्ना, आदि श्रावकों ने उपधान किया। श्रा० देवलदे आदि ११ श्राविकाओं ने पक्षक्षमण, श्राविका लालां, चन्द्रावलि आदि ११ श्राविकों ने २१ उपवास, श्रा० लालां आदि ११ श्राविकाओं ने अठाई की एवं तेले, पंचोले बहुसंख्यक हुए। साध्वी रत्नसिद्धि गणिनी, सा० पुण्यलक्ष्मी, सा० लाछां, सा० लाडां आदि की तरफसे वन्दना एवं जैसलमेरस्थ श्रावकों को अत्रस्थित साधुओं की तरफ से धर्मलाभ लिखा है। जैसलमेरी श्रावकों के नाम—श्रेष्ठि सा० श्रीचन्द, सा० सूदा, सा० छुट्टा, सा० रायमल्ल, सं० नरपति, सं० कुशला, स० सुवटा, सं० जइवंत, सं० भइरवदास, सं० वइरसी, सा० राजा, सा० सभू, सा० आपू, सा० राजा सा० पंचाइण, मं० लोला, सा० मेला, सा० सादा, धा० डूंगर, भ० सलखा, सा० आसू, मं० हांसा, श्राविका सीतादे आदि।

बीकानेर के मंत्री डूंगरसी, मं० सीपा, मं० राणा, मं० सांगा, मं० पित्था मं० माला, मं० वस्ता, मं० मांडण, मं० नूरा, मं० नरबद, मं० जोधा, मं० सीहा, मं० अमृत, मं० हेमराज, मं० अचला, मं० अर्जन, मं० सीमा, मं० श्रीचन्द, मं० जोगा, मं० खेतसी, मं० रायचन्द, मं० पदमसी,

"Aho Shrut Gyanam"



आगमों को लिखाते हुए, देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण
सं० १९०० बीकानेर में चित्रित कल्पसूत्र से



श्रीमद् ज्ञानसारजी और उनके शिष्यगण (परिचय प्र० पृ० ११)

"Aho Shrut Gyanam"



बीकानेर संघ द्वारा सं० १८९८ में श्री जिनसौभाग्यसूरिजी को अजीमगंज भेजे गये ९८ फीट लंबे सचित्र विज्ञप्तिपत्र के दृश्य

(परिचय प्र० पृ० ९१)



सती स्मारक

(लेखाङ्क २५८९)

"Aho Shrut Gyanam"

मं० सीहा, सं० रत्ता, सं० रामा, सं० हर्षा, सं० वइरा, सं० रावण, को० समरा, को० कउड़ा, को० रूपा, को० हरिचन्द, को० देवसी, को० नाथू, को० अमरसी, सा० चांपा, सा० जाटा, सा० धन्ना मं० नेता, मं० जगमाल, मं० घड़सी, सं० जोधा, सा० जेठा, सं० अमरा, सा० ताल्हा, सा० गुन्ना, सा० पासा, सा० सदारंग, भू० सा० रूपा, सा० अक्खा, सा० देढा, सा० मूला, सा० भांडा, भ० वर्द्धन, सा० रत्ता, ना० रामा, सा० कुंरा, सा० भल्ला, मा० वीसा, चो० नानिग, छा० वस्ता, सा० भुजबल, धा० पांचा, लू० रूपा, ग० सा० ऊदा, सा० भोजा, सा० राणा, सा० पद्दा, सा० कुंपा, सा० पासा, लू० रतना, को० सूजा, सा० पद्मा, सा० रतना, सा० धन्नू, सा० अमरू, सा० जगू, सा० हेमराज, सा० शिवराज, प० अमीपाल, सा० तेजसी, सा० मोढा, सा० देसल, श्रे० मन्ना, सा० धनराज, से० उदसिंघ, सा० अमीपाल, सा० सहसमल, प० नरवद, सा० हर्षा, सा० हर्षा, सं० धन्ना, सं० राजसी, सा० जगमाल, मं० अमीपाल, सा० हर्षा, सा० धन्ना, सा० डूंगर, सा० डीडा, सा० श्रीवंत प्रमुख श्रावकों की भक्तिपूर्वक वन्दना लिखी है। विशेषकर मं० देवा, मं० राणा, मं० सांगा, मं० सीपा, मं० अर्जुन, मं० अमृत, मं० अचला, मं० मेहाजल, मं० जोगा, मं० खेतसी, मं० रायचन्द, मं० पदमसी, मं० श्रीचन्द प्रमुख मंत्रि-वर्गों की तरफ से वन्दना अरज की है। वि० प्रमोदमाणिक्य गणि के तरफ से सहर्ष वन्दना लिखते हुए सुख समाचारों के पत्र देने का निवेदन करते हुए अन्त में सं० सारणदास व मं० जोगा की वंदना लिखी है। दूसरी तरफ सा० गुन्ना नीबाणी की वन्दना लिखी है।

पत्र में संवत मिती नहीं है। अतः इसका निश्चित समय नहीं कहा जा सकता फिर भी जिनमाणिक्यसूरिजी का स्वर्गवास सं० १६१२ में हुआ था। एवं इस पत्रमें मुनि सुमतिधीर (श्री जिनचन्द्रसूरि) का नाम है जिनकी दीक्षा सं० १६०४ में हो चुकी थी। अतः सं० १६०४ से सं० १६१२ के बीच में लिखा होना चाहिए।

इस पत्र में आये हुए कतिपय श्रावकों का परिचय कर्मचन्द्र मंत्रिवंश प्रबंध एवं रास में पाया जाता है।

इसके बाद के दो पत्रों का विवरण हम ऊपर दे चुके हैं। दूसरी प्रकार के विज्ञप्तिपत्र सचित्र हुआ करते थे, जो भारतीय चित्रकला में अपना वैशिष्ट्य रखते हैं। इस प्रकार के कई विज्ञप्तिपत्रों का परिचय गायकवाड़ ओरिण्टियल सिरीज से श्री हीरानन्द शास्त्री ने 'अनिसी-एण्ट विज्ञप्तिपत्राज' में दिया है। इनके अतिरिक्त और भी बहुत से विज्ञप्तिपत्र पाये जाते हैं। बीकानेर में भी कई विज्ञप्तिपत्र हैं जिनमें दो सीरोही के हैं जो बड़े उपाश्रय में है एक उदयपुर का ७२ फुट लंबा हमारे संग्रह में है। बीकानेर के दो सचित्र विज्ञप्तिपत्र हैं, जिनका परिचय यहां कराया जाता है।

प्रथम विज्ञप्ति-लेख ६ फीट ७॥ इञ्च लम्बा और ६ इञ्च चौड़ा है। ऊपर का ७॥ इञ्च का भाग बिलकुल खाली है, जिसमें मङ्गल-सूचक '॥ श्री ॥' लिखा हुआ है। अवशिष्ट ६ फुट में से

"Aho Shrut Gyanam"

५ फुट में चित्र है और ४ फुट में विज्ञप्ति-लेख लिखा हुआ है। प्रथम चित्रों का विवरण देकर फिर लेख का विवरण दिया जा रहा है—

सर्व प्रथम नवफण मंडित पार्श्वनाथ जिनालय का चित्र है। जिसके तीन शिखर हैं। ये उत्तुंग शिखर लंब-गोलाकृति हैं। मध्यवर्ती शिखर ध्वज-दंड मंडित है। परवर्ती दूसरे चित्र में सुख-शय्या में सुषुप्त तीर्थंकर माता और तद्दर्शित चतुर्दश महास्वप्न तथा उपरि भाग में अष्ट-मांगलिक चित्र बने हुए हैं। तत्पश्चात् महाराजा का चित्र है जो संभवतः बीकानेर नरेश जोरावरसिंहजी होंगे, जिनका वर्णन विज्ञप्तिपत्र में नीचे आता है। महाराज सिंहासन पर बैठे हुए हैं और हाथ में पुष्प धारण किया हुआ है। उनके पृष्ट भाग में अनुचर चँवर बींज रहा है और सन्मुख जाजम पर दो मुसाहिब ढाल लिये बैठे हैं। इसके बाद नगर के चौहटे का संक्षिप्त दृश्य दिखाया गया है। चौरस्ते के चारों ओर चार चार दुकानें हैं जिनमें से तीन रिक्त हैं। अवशेष में पुरानी बीकानेरी पगड़ीधारी व्यापारी बैठे हैं। जिन सबके लम्बी अंगरखी पहनी हुई है। दुकानदारों में लेखधारी, तराजूधारी, व गांधी आदि धन्धेवाले दिखाये गये हैं। इसके बाद का चित्र जिन्हें यह विज्ञप्ति-लेख भेजा गया है उन श्रीपूज्य "जिनभक्तिसूरिजी" का है, जो सिंहासन पर विराजमान हैं, पीछे चँवरधारी खड़ा है, श्रीपूज्यजी स्थूलकाय हैं। उनके सामने स्थापनाचार्य तथा हाथ में लिखित पत्र है। वे जरी की बूटियोंवाली चद्दर ओढ़े हुए व्याख्यान देते हुए दिखाये गये हैं। सामने तीन श्रावक दो साध्वियां व दो श्राविकाएँ स्थित हैं। पूठिये पर चित्रकार ने श्रीपूज्यजी का नाम व इस लेख को चित्रित करानेवाले नन्दलालजी का उल्लेख करते हुए अपना नामोल्लेख इन शब्दों में किया है :—

'सबी भट्टारकजी री पूज्य श्री श्री जिनभक्तिजी री छै। करावतं वणारसजी श्री श्री नन्दलालजी पठनार्थं। ॥ द० ॥ मथेन अखैराम जोगीदासोत श्री बीकानेर मध्ये चित्र संजुक्ते ॥ श्री श्री ॥'

उपर्युक्त लेख से चित्रकार जोगीदास का पुत्र अखैराम मथेन था और बीकानेर में ही विद्वद्वर्य नन्दलालजी की प्रेरणा से ये चित्र बनाये गये सिद्ध हैं। तदनन्तर लेख प्रारम्भ होता है:-

प्रारम्भ के संस्कृत श्लोकों में मंगलाचरण के रूप में आदिनाथ, शान्तिनाथ, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और महावीर भगवान की स्तुति एवं वंदना करके १४ श्लोकों में राधनपुर नगर का वर्णन है। फिर ८ श्लोकों में जिनभक्तिसूरिजी का वर्णन करके गद्य में उनके साथ पाठक नयमूर्त्ति पाठक राजसोम, वाचक पूर्णभक्ति, माणिक्यसागर, प्रीतिसागर, लक्ष्मीविलास, मतिविलास, ज्ञानविलास, और खेतसी आदि १८ मुनियों के होने का उल्लेख किया गया है, फिर बीकानेर का वर्णन कर महाराजा जोरावरसिंह का वर्णन गद्यमें करके दो पद्य दिये हैं। फिर नगर वर्णन के दो श्लोक देकर बीकानेर में स्थित नेमिरंगगणि, दानविशाल, हर्षकलश, हेमचन्द्र आदि की वंदना सूचित करते हुए उभय ओर के पर्वाधिराज के समाराधन पूर्व प्रदत्त व प्राप्त समाचार पत्रों का उल्लेख किया है। तदनन्तर विक्रमपुर के समस्त श्रावकों की वंदना निवेदित करते हुए वहां के प्रधान व्याख्यान में पञ्चमांग भगवतीसूत्र वृत्ति सहित व लघु व्याख्यान में शत्रुंजय महात्म्य के

"Aho Shrut Gyanam"

बांचे जाने का निर्देश है। सं० १८०१ के मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी को लेख तैयार हुआ व भेजा गया है। उपर्युक्त पूरा लेख संस्कृत भाषा में है। इसके बाद दो सवैये और दो दोहे हिंदी में हैं। जिसमें जिनभक्तिसूरिजी का गुण वर्णन करते हुए उनके प्रताप बढ़ने का आशीर्वाद दिया गया है। दूसरे सवैये में उनके नन्दलाल द्वारा कहे जाने का उल्लेख है। विज्ञप्ति लेख टिप्पणाकार है, उसके मुख पृष्ठ पर "वीनती श्रीजिनभक्तिसूरिजी महाराज ने चित्रों समेत" लिखा है।

दूसरा विज्ञप्तिपत्र बीकानेर से सं० १८६८ में आजीमगंज—विराजित खरतरगच्छ नायक श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी को आमन्त्रणार्थ भेजा गया था। प्रस्तुत विज्ञप्तिपत्र कला और इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और इसकी लम्बाई ६७ फुट है और चौड़ाई ११ इंच है। दूसरे सभी विज्ञप्तिपत्रों से इसकी लम्बाई अधिक और कला की दृष्टि से चित्रों का सौन्दर्य, रंग की ताजगी, भौगोलिक महत्व भी कम नहीं है। ११३ वर्ष प्राचीन होने पर भी आज का सा बना हुआ है एवं नीचे बढ़िया वस्त्रपट चिपका एवं ऊपर लाल वस्त्र लगा कर जन्म-पत्री की तरह गोल लपेटकर उसी समय की बनी सिल्क की थैली में डालकर जिसरूप में भेजा गया था उसी रूपमें विद्यमान है। इस समय यह विज्ञप्तिलेख बीकानेर के बड़े उपाश्रय के ज्ञानभण्डार में सुरक्षित है।

इस विज्ञप्तिपत्र में अंकित चित्रावली हमें १०० वर्ष पूर्व के बीकानेर की अवस्थिति पर अच्छी जानकारी देती है। बड़े उपाश्रय से लगाकर शीतला दरवाजे तक दिए गए गलियों, रास्तों, मंदिरों, दुकानों आदि के चित्रों से कुछ परिवर्तन हो जाने पर भी इसे आज काफी प्रामाणिक माना जाता है। श्रीपूज्यों के हृदबंधी आदि के मामलों में कई बार इसके निर्देश स्वीकृत हुए हैं। इस विज्ञप्तिपत्र में शीतला दरवाजे को लक्ष्मी-पोल लिखा है एवं राजमण्डी जहां निर्देश की है वहां जगातमण्डी लगलग ३५ वर्ष पूर्व थी एवं धानमण्डी, साग सब्जी इत्यादि कई स्थानों में भी पर्याप्त परिवर्त्तन हो गया है। विज्ञप्तिलेख में सम्मेतशिखर यात्रादि के उल्लेख महत्त्वपूर्ण हैं। सहियों में श्रावकों के नाम विशेष नहीं पर फिर भी गोत्रों के नाम खरतर गच्छ की व्यापकता के स्पष्ट उदाहरण हैं। इसकी चित्रकला अत्यन्त सुन्दर और चित्ताकर्षक है। बड़ा उपासरा, भांडासरजी, चिन्तामणिजी आदि के चित्र बड़े रमणीक हुए हैं। आचार्य श्री जिनसौभाग्यसूरिजी का चित्र दो बार आया है जो उनकी विद्यमानता में बना होने से ऐतिहासिक दृष्टि से मूल्यवान है।

सर्व प्रथम प्लेट की तरह चौडे गमले के ऊपर दोनों किनारे दो छोटे गमलों पर आमफल और मध्यवर्ती घटाकार गमले से निकली हुई फूलपत्तियां दिखायी हैं एवं इस के चारों ओर पुष्पलता है। दूसरा चित्र मंगल-कलश का है जिसके उभय पक्षमें पुष्पलता एवं मुख पर पुष्प वृक्ष चित्रित हैं। तीसरे चित्र में एक विशाल चित्र है जिसके ऊपरी भागमें दो पक्षी बैठे हुए हैं एवं नीचे दाहिनी ओर नृत्य व बायें तरफ ढोलक बजाती हुई स्त्रियां खड़ी हैं छत्र के नीचे चामर युगल शोभायमान है। इसी प्रकार के दो चित्र और हैं जिनमें छत्रों के ऊपरी भाग में मयूर एवं

"Aho Shrut Gyanam"

मैनाओं का जोड़ा एवं निम्नभाग में एक-एक डफ-वीणा धारिणी और एक-एक नर्तकी अवस्थित है। तदनन्तर चतुर्दश महास्वप्न प्रारंभ होते हैं। सप्तशुण्डधारी श्वेत गजराज, वृषभ, सिंह, गजशुण्डस्थित कलशाभिषिक्त कमलासनविराजित लक्ष्मी देवी, पुष्पमाला, चन्द्र, (हरिणसह) सूर्य, पंचवर्णी सिंह-चिह्नांकित ध्वज, कलश, हंस-कमल-वृक्ष पहाड़ादि एवं मध्य में संगमर्मर की छतरी युक्त सरोवर, सुन्दर घाट वाला क्षीरसमुद्र जिसके मध्य में तैरता हुआ वाहन, आकाश मण्डल में चलता हुआ विमान, रत्न राशि, निर्धूम अग्नि के चित्र हैं। ये चतुर्दश स्वप्न देखती हुई भगवान् महावीरकी माता सुख शय्या सुसुप्त चित्रित हैं जिनके सिरहाने चामरधारिणी, मध्यमें पंखा-धारिणी, पैरों के पास कलश-धारिणी परिचारिकात्रय खड़ी हैं। तदनन्तर अलग महल में राजा सिद्धार्थ को अपने छड़ी-धारी सेवक को स्वप्न-फल पाठकों के निमन्त्रण की आज्ञा देते हुए दिखाया है। यहां तक की लम्बाई २० फुट है। इसके पश्चात समवशरण में अशोक वृक्ष के नीचे सिंहासन पर विराजित तीर्थंकर भगवान का चित्र है जिन के उभय पक्षमें तीनगढ़ और तन्मध्यवर्त्ती द्वादश परिषदायें अत्यन्त सुन्दरता से चित्रित हैं इसके बाद अष्ट मंगलीक के आठ चित्र हैं:—स्वस्तिक, श्रीवत्स, नंद्यावर्त्त, मंगल-कलश, भद्रासन, मत्स्य-युगल, दर्पण। तदनतर हंसवाहिनी सरस्वती का चित्र है जिसके सन्मुख हाथ जोड़े पुरुष खड़ा है। दादासाहब श्री जिनदत्तसूरि और श्री जिनकुशलसूरजी के दो मन्दिरों के चित्र हैं जिन में दादासाहब के चरण-पादुके विराजमान हैं। समवशरण से यहां तक ११॥ फुट लम्बाई है। इस के पश्चात बीकानेरके चित्र प्रारम्भ होते हैं। उभय पक्ष में बेल पत्तियां की हुई हैं।

पहला चित्र बड़ा उपासरा का है जिसमें कतिपय यति एवं श्रावक श्राविकाएं खड़े हैं। यह आज जिस स्थिति में है सौ वर्ष पूर्व भी इसी अवस्था में था। श्रीमद् ज्ञानसारजी के समय में बना दीवानखाना-बारसाली, छत, चौक तीनों ओर शालाएं स्तंभादि युक्त एवं वस्त्र चंदोवे इत्यादि सुशोभित शालाएं तन्मध्यवर्ती सिंहासन भी वही है जो आजकल। ऊपर तल्ले में श्री पूज्यजी वाले कमरे एवं यति श्रावकादि खड़े दिखाए हैं पृष्ठ भागमें दृश्यमान शिखर संभवतः आचार्य शाखाके उपाश्रय या शान्तिनाथ जिनालय का दृश्य होगा। बड़े उपाश्रय के सन्मुख भाग में डुंगराणी बोथरों की प्रोल (जो सूरिजी के स्वागत में बनी) दाहिनी ओर "सेवक माधै रो घर" "रंगरेज कमाल री दुकान" बायें तरफ गाडिया लुहार, गोदे री चौकी, डोलर-हींडा, पं प्र० बखतमल जी री उपासरो, सेवक तारै रो घर, दोनों ओर मकानात हैं जिनमें पुरुष स्त्रियें खड़ी हैं तदनन्तर रास्ते के दाहिनी ओर "रताणी बोथरांरी तथा मालुवां री चौकी" है जिसके आगे वंशस्थित नटुए नृत्य दिखाते हैं, फिर कई मकानों की पंक्तियां है फिर श्री चिन्तामणिजी का मन्दिर बड़े ही सुन्दर ढंगसे चित्रित है। उभयपक्ष में हाथी, दीवानखाना, नौबतखाना, इत्यादि बड़ी साहशता से अंकृत किए हैं। मंदिर के शिखर-गुंबज मूल प्रतिमा इत्यादि एवं शान्तिनाथजी के मन्दिर का भी सुन्दर चित्र है जो इसी मन्दिर के गढ में अवस्थित है। इसके सन्मुख सूरिजीके स्वागतार्थ निर्मित प्रतोलीद्वार, बांये ओर "मथेरण की गली" तंबोली गिरधारीकी

"Aho Shrut Gyanam"

दुकान, "दौलो तंबोली" की दुकान एवं कन्दोइयों के बाजार की इतर सभी दुकानें चित्रित हैं। परन्तु नामोल्लेख नहीं। दाहिनी ओर "रेवगांरी (ग) ली" फिर दुकानों की पंक्तियां हैं। आगे जाने पर धानमंडी आती है जहां ऊटों पर आमदानी हुए धान्य की छाटियां भरी हुई हैं। ग्राहक-व्यापारी क्रय-विक्रय करते दिखाए हैं। यहां भी सूरिजीके स्वागत में निर्मित प्रतोली दिखायी है। उभय पक्ष में दुकान-मकानों की श्रेणी विद्यमान है। आगे चलकर रास्ते के बांयी ओर फल-साग आदि बेचती हुई मालिनें, रस्ता पसारी, दाहिने ओर बजाजों का रास्ता लिखा है। वहां भी आगे की तरह स्वागत दरवाजा बनाया है। कुछ दुकानों के बाद बांये तरफ "हमालों का रास्ता" फिर दोनों ओर दुकानें फिर "राजमंढी" आती है जहां विशाल मकान में जकात का दफ्तर बना हुआ है जिसमें राज्याधिकारी लोग कार्य व्यस्त बैठे हैं। ऊंटों पर आया हुआ माल पड़ा है, कहीं लदे ऊंट खड़े हैं, कांटे पर वजन हो रहा है, व्यापारी—ग्रामीण आदि खड़े हैं। मंढी के पहिले दाहिनी ओर व्यौपारियों का रास्ता एवं आगे चल कर बांये हाथ की ओर नाइयों की गली है। कुछ दुकानों के बाद दाहिनी ओर ऊन के कटले का रास्ता बांये ओर सिंघियोंके चौक का रास्ता एवं आगे जाने पर "कुंडियो मोदियों का" दाहिनी ओर एवं थोड़ा आगे बांयी ओर "घाटी का भैरू" आगे चल कर दाहिनी ओर मसालची नायारी मंडी फिर दरजियों की गली, खैरातियों की दुकानें, दरजियों की गली के पास "नागोर री गाड्यां रो अड्डु" बतलाया है। खैरातियों की दुकानों के बाद रास्ता बांई ओर से दाहिनी ओर मुड़ गया है। यहां तक दोनों ओर की दुकानें एवं रास्ते में चलते हुये आदमी घुड़सवार आदि चित्रित किये गये हैं। रास्ते के दाहिनी ओर मांडपुरा बांये रास्ते पर भांडासरजी, लक्ष्मीनाथजी का मन्दिर दिखाते हुए सूरिजी के स्वागतार्थ सवारी का प्रारंभ होता है। सवारी में हाथी, घोड़े छडीदार, बंदूकची, नगारा-निसाण, श्रावकवर्ग दिखाते हुए श्री जिनसौभाग्यसूरिजी बहुत से यति एवं श्राविका, साध्वियों के साथ बड़े ठाट से पधारते हुए अंकित किए हैं। इसके पश्चात तम्बू डेरा चित्रित कर सूरिजीके पडाव का विशाल दृश्य दिखाया है इसमें सूरि महाराज सिंहासनोपरि विराजमान हैं। आगे श्रावक, यतिनिएं श्राविकाएं पृष्ठ-भाग में यति लोग बैठे हैं, सन्मुख श्राविका गहूंली कर रही है। पड़ाव के बाहर सशस्त्र पहरेदार खड़े हैं। इसके बाद लक्ष्मीपोल दरवाजा जहां से होकर सूरि महाराज पधारे हैं—दिखाया गया है। आजकल इसे शीतला दरवाजा कहते हैं। यहां तक नगर के चित्र ५५ फुटकी लम्बाई में समाप्त हो गये हैं। इसके पश्चात विज्ञप्ति-लेखका प्रारंभ होता है।

विज्ञप्तिलेख संस्कृत भाषा में हैं प्रारंभ में ५, ११ श्लोक है फिर गद्य लेख है जिसमें सूरिजी के बंगदेशवर्त्ती मुर्शिदाबाद में विराजनेका उल्लेख करते हुए प्राकृत एवं राजस्थानी भाषामें लम्बी विशेषणावली दी गयी है। तदनन्तर संस्कृत गद्यमें पत्र लिखा गया है।

"Aho Shrut Gyanam"

सती-प्रथा और बीकानेर के जैन सती-स्मारक

सती-दाह की प्रथा भारतवर्षमें बहुत प्राचीन कालसे प्रचलित थी। वेद-पुराण और इतिहासके प्राचीन ग्रन्थोंमें इस विषयके पर्य्याप्त प्रमाण मिलते हैं। इसका कारण तो पतिप्रेम और स्त्रियोंका पारलौकिक विश्वास अर्थात् स्वर्गमें अपने पतिसे मिलनेकी आकांक्षा थी। आर्यावर्त्त ही क्या? चीन, जापान, सिथियन्स और द्वीपसमूहमें भी यह प्रथा लोकादर प्राप्त और प्रवृत्त थी।

मुसलमानोंके शासनकालमें जबकि विधवाओंका पतिके युद्धमें मर जाने पर उसकी अविद्यमानतामें शील-पालन महान् कठिन हो गया था, भद्र आर्य्य महिलाएं जबरदस्ती पकड़ कर बांदियां बना ली जाती, उनका ब्रह्मचर्य खण्डन कर दिया जाता था, नाना प्रकारसे त्रास पहुंचाये जाते थे, ऐसी स्थितिमें शील-रक्षाका साधन चिता-प्रवेश कर जाना आर्य्यमहिलाओंको बहुत ही प्रिय मालूम हुआ।

अपने पतिदेवके साथ सह-गमन, जौहर या अग्नि-प्रवेशको वीराङ्गनाएं महामाङ्गलिक और आवश्यक कर्त्तव्य समझती थी। वे लेश मात्र भी कायरता, भीरुता और मोह लाए बिना वस्त्राभूषणोंसे सुसज्जित होकर गाजे बाजेके साथ श्मशानको चिता-प्रवेशार्थ जुलूसके साथ जाते समय हाथके केसर-कुंकुमके छापे घरके प्रतोली-द्वार या स्तंभादि पर लगा कर जाती थी जिन्हें शिल्पकार द्वारा उत्कीर्ण करवाकर स्मारक* बना दिया जाता था। और श्मशानोंमें जहां अग्नि-संस्कार होता था वहां चौकी, थड़ा देवली छत्री आदि× स्थापित एवं प्रतिष्ठितकी जाती थी, जहां उनके गोत्रवाले सेवा-पूजा, जात दिया करते हैं।

मूर्त्ति बनानेकी पद्धति भिन्न-भिन्न स्थानोंमें कई प्रकारकी थी। कलकत्ताके म्यूजियममें सती देवलिएँ अन्य ही तरहकी हैं किन्तु बीकानेरमें जितने भी सती-स्मारक प्राप्त हैं, सबमें घुड़-सवार पति और उसके समक्ष हाथ जोड़े हुए सती खड़ी है। जिसका पति विदेशमें मरा हो वह अपने हाथमें उसकी पगड़ी या नारियल लेकर सती होती थी। मूर्ति (देवली) के ऊपर साक्षी स्वरूप चन्द्र और सूर्य्यका आकार भी उत्कीर्ण किया जाता था।

ओसवाल जाति वस्तुतः क्षत्रिय कौम है। उसके पूर्व-पुरुषोंने अपनी स्वामी-भक्ति और वीरता द्वारा गत शताब्दियोंमें राजपूतानाके राजनैतिक क्षेत्रका जिस कुशलताके साथ संचालन

---

* बीकानेरके पुराने किलेमें ऐसे बहुतसे छापे खुदे हुए हैं। पूज्य दानमलजी नाहटा की कोठड़ी में भी ऐसाएक स्मारक स्तंभ है जिसके सं० १६८८ और सं० १७१३ के दो लेख, सती लेखोंके साथ इसी ग्रन्थमें दिये गये हैं, इन दोनोंकी देवलिएं हमें नहीं मिलीं।

× सती स्मारकोंमें सबसे बड़ा स्मारक हमने झुँझणुमें देखा है जो बहुत विशाल स्थान पर कुआं, बगीचा, मंदिर व लाखोंकी इमारतें बनी हुई हैं। प्रतिदिन सैकड़ोंकी संख्यामें लोग एकत्र होते हैं और हजारों मील से यात्री लोग आया करते हैं। यह राणी सती अग्रवाल जातिकी है।

"Aho Shrut Gyanam"

किया है, कभी भुलाया नहीं जा सकता। इतिहासके पृष्ठोंमें इस जातिके ज्योतिर्धरोंके नाम और उनकी महान सेवाएँ स्वर्णाक्षरोंमें अङ्कित हैं और रहेगी। उनकी वीर महिलाएं देह-मूर्छाको त्यागकर यदि शील रक्षाके निमित्त जीवन-सर्वस्व पतिदेवके वियोगमें अपनी प्रेम भावनाको चिरस्मरणीय एवं चिरस्थायी रखनेके हेतु धधकते हुए वैश्वानरमें पतिदेहके साथ हँसते-हँसते प्राण निछावर करदें तो आश्चर्य ही क्या है ?

जैनधर्मकी दृष्टिसे तो सती-दाह मोह-ग्रथित एवं अज्ञान-जन्य आत्मघात* ही हैं, पर स्वयं क्षत्रिय होनेसे वीरोचित जातीय संस्कार वश, वीर राजपूत जातिके अभिन्न संपर्क एवं घनिष्ट सम्बन्धमें रहनेके कारण यह प्रथा ओसवाल जातिमें भी प्रचलित थी, जिसके प्रमाण स्वरूप यत्र-तत्र अनेक सती देवलिएँ इस जातिकी सतियोंकी पाई जाती हैं।

बीकानेरमें अन्वेषण करने पर हमें २८ ओसवाल सतियोंका पता चला है जिनमेंसे दोके लेख अस्पष्ट एवं नष्ट हो जानेसे नहीं दिये जा सके। दो स्मारकोंके लेख दिये है जिनकी देवलियां नहीं मिली इस प्रकार २४ देवलियोंके व २ स्मारकोंके कुल २६ लेख प्रकाशित किये हैं। इन लेखोंमें सर्व प्रथम† लेख सं० १५५७ का और सबसे अंतिम लेख सं० १८६६का है जिससे यह पता चलता है कि बीकानेरकी राज्यस्थापनासे प्रारंभ होकर जहां तक सती प्रथा थी, वह अविच्छिन्न रूप से जारी थी। ऐसी सती-देवलिएं सैकड़ोंकी संख्यामें रही होगी पर पीछेसे उनकी देखरेख न रहनेसे नष्ट और इतस्ततः हो गई।

ओसवाल जातिकी सती देवलियोंके अतिरिक्त संग्रह करते समय मोदी, माहेश्वरी, अग्रवाल, दरजी, सुनार प्रभृति इतर जातियोंके भी बहुतसे सती-देवल दृष्टिगोचर हुए। ओसवाल जातिके इन लेखोंमें कई-कई लेख बहुत विस्तृत और ऐतिहासिक दृष्टिसे महत्वशाली हैं। कतिपय ओसवाल जातिके गोत्रोंका जो अब नहीं रहे, गोत्रोंकी शाखाओं, वंशावलियों, राजाओंके राज्य-काल आदिका पता लगता है।

---

* युगप्रधान दादासाहब श्री जिनदत्तसूरिजीके समयमें भी सती-प्रथा प्रचलित थी। पट्टावलियोंमें उल्लेख मिलता है कि जब वे झुंझणु पधारे, श्रीमाल जातिकी एक बाल-विधवा सती होनेकी तैयारीमें थी जिसे गुरुदेवने उपदेश द्वारा बचा कर जैन साध्वी बनाई थी। सतरहवीं शताब्दीके सुप्रसिद्ध जैन योगिराज श्रीआनन्दघनजी अपने "श्रीऋषभदेवस्तवन" में लिखते हैं कि—

"केई कंत कारण काष्ट भक्षण करैं रे, मिलसुं कंत नै धाय।
ए मेलो नवि कइयइ संभवै रे, मेलो ठाम न ठाय।"

† श्रद्धेय ओझाजी लिखित बीकानेरके इतिहासमें कौड़मदेसरके सं० १५२९ माघ सुदि ५ के एक लेखका जिक्र है जिसमें साह रूदाके पुत्र सा० कपाकी मृत्यु होने और उसके साथ उसकी स्त्रीके सती होनेका उल्लेख है। संभवतः यह सती ओसवाल जातिकी ही होगी। वहां पारखोंकी सतीका स्मारक मंदिर भी है पर अब उस पर लेख नहीं है।

"Aho Shrut Gyanam"

पतिके पीछे सती होनेकी प्रथा तो प्रसिद्ध ही है पर पाठकोंको यह जानकर आश्चर्य होगा कि पुत्रके पीछे माता भी सती हुआ करती थी और लोक उसे भी वैसे ही आदरसे देखते और पूजा मान्यतादि करते हैं। बीकानेरके दो लेख इस आश्चर्यजनक और महत्वपूर्ण घटना पर अच्छा प्रकाश डालते हैं। जिस प्रकार पतिके पीछे सती होनेमें पति-प्रेमकी प्रधानता है उसी प्रकार मातृसती होनेमें पुत्र-वात्सल्यकी। मजेकी बात तो यह है बीकानेरमें प्राप्त सर्व प्रथम और अंतिम दोनों देवलिएं माता—सतियोंकी हैं, अर्थात् प्रारंभ और अंत दोनों माता-सतियोंसे है। ऐसी माता सती का एक लेख माहेश्वरी जाति का भी देखने में आया है।

बीकानेर की कई सती देवलिएँ बड़ी चमत्कारी और प्रभावशाली हैं। उनके सम्बन्ध में अनेकों चमत्कारी प्रवाद सुने जाते हैं। कई सतियों के चमत्कार आज भी प्रत्यक्ष हैं। ओसवाल सतियों की इतर जातिवाले भी श्रद्धापूर्वक मान्यता करते हैं। कई सतियों की जात, मान्यतादि उनके वंशज व गोत्र वाले अब तक करते हैं साधारणतया उनकी व्यवस्था ठीक ही है परन्तु कतिपय देवलियों की अवस्था इतनी सोचनीय है कि लोग उनके चारों तरफ कूड़ा कर्कट और मेहतर लोग विष्ठा तक डाल देते हैं, देवलियाँ अकूड़ियों में गड़ गई हैं और पैरों तले रौंदी जाती है। उनके गोत्रजों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

कई सती-देवलियोंके लेख घिस गए, खंडित हो गए, जमीनमें दब गए और जो अशुद्ध एवं अस्पष्ट हैं उन लेखों की नकल कर संग्रह करने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। किसी किसी लेख को पढ़ने में घण्टों समय लग गया है। मध्याह्न की कड़ी धूप में गड़ी हुई देवलियों के लेखों को खोद कर, धोकर रंगभर कर अविकल नकल करने में जो परिश्रम हुआ है, उसे भुक्तभोगी ही अनुभव कर सकते हैं। सभी देवलियाँ एक स्थान में तो हैं ही नहीं कि जिससे थोड़े समय में संग्रह-कार्य सम्पन्न हो जाय, अतः इन लेखों को बीकानेर के चारों ओर स्मशानों में, बगीचियों में और ऐसे स्थानों में जहाँ साधारण व्यक्ति जाने का साहस ही नहीं कर सकता, घूम फिर कर संग्रह किये गये हैं। लेखों को खोज कर संग्रह करने में श्रीयुक्त मेघराजजी नाहटा का सहयोग विशेष उल्लेखनीय है, उनके सहयोग के बिना यह कार्य होना अशक्य था।

प्रस्तुत लेखों को संग्रह करते समय दो ओसवाल भोमिया जूझारों की देवलियाँ दृष्टिगोचर हुईं जिनके लेख भी इसी संग्रह में दिये गये हैं।

सती-प्रथाका अवसान

पूर्वकाल में पतिके रणक्षेत्र में वीरगति प्राप्त कर जाने पर उनकी स्त्रियां पतिकी देह या मस्तक और उसकी अविद्यमानता में उसकी पगड़ी के साथ सच्चे प्रेमसे चिता प्रवेश करती थीं और पीछेसे विशेष कर यह एक रूढ़िमात्र रह गई थी। जीते हुए स्वेच्छा से धधकती अग्नि में प्रवेश कर जल मरना साधारण कार्य नहीं है और सती होनेवाले प्रत्येक स्त्रीका हृदय इतना सबल होना संभव नहीं है। पर लोगोंने इसे एक बड़ा महत्त्वपूर्ण आदर्श और आवश्यक कार्य मान

"Aho Shrut Gyanam"

लिया था, अतः जो इस तरह स्वेच्छा से सती नहीं होती थी उसे हीन दृष्टिसे देखते थे और जबरन सती होनेको बाध्य किया जाता था। यावत् बलपूर्वक शस्त्रादि अनेक प्रयोग द्वारा सह-मरण कराया जाने लगा था। एवं स्त्रियां भी यशाकांक्षा से युद्धमें न मरके स्वाभाविक मौतसे मरे हुए पतिके पीछे भी और कई अनिच्छा होते हुए भी लोक लाज वश सतियां होने लगीं। ऐसी स्थितिमें सती-दाह होनेका दृश्य बड़ा ही दारुण और नेत्रों से न देख सकने योग्य हुआ करता था। इस दशामें उस प्रथाको बंद करने का प्रयत्न होना स्वाभाविक ही था।

मुसलमान सम्राटोंमें सम्राट अकबर स्वभावतः दयालु था। सती प्रथाको रोकनेके लिए उसने पर्याप्त चेष्टाकी पर तत्कालीन वातावरण एवं कई कारण-वश उसे सफलता न मिली। इसके बाद सन् १७९० में ईष्ट इण्डिया कम्पनीके गवर्नर मार्किस कार्नवालिसने सर्व प्रथम इस प्रथाको रोकनेकी ओर ध्यान दिया। इसके बाद सन् १८१३ में गवर्नर लार्ड मिण्टोने सरक्यूलर जारी किया, किन्तु इससे इस प्रथाकी किञ्चित् भी कमी न होकर उस वर्ष केवल दक्षिण बंगालमें ६०० सतियां हुईं। राजा राममोहनराय और द्वारकानाथ ठाकुर जैसे देशके नेताओंने भी इस प्रथाको रोकनेका प्रयत्न किया। इसके बाद लार्ड विलियम बैंटिंकने इस प्रथाको बन्द करनेके लिए सन् १८२९ में ७ दिसम्बरका कलकत्ता गजटमें १७ रेग्यूलेसन (नियम) बनाकर प्रकाशित किये। इस तरह बंगालके बाद सन् १८३० में मद्रास और बम्बई प्रान्तमें भी यह नियम जारी कर दिया गया। गवर्नर जनरल ऑकलेण्डने सन १८३६ में उदयपुर राज्यमें भी यह नियम बनवा दिया, तत्कालीन गवर्नरोंमें न्यायाधीशों और सभ्य लोगोंसे भी इस कार्य्यके लिए पर्याप्त सहाय्य लिया। सन् १८०० में कोटमें भी सती प्रथा बंद करा दी गई किन्तु इस प्रथाको रोकनेमें बहुत परिश्रम उठाना पड़ा। कई सतियां जबरदस्ती कर, समझा-बुझाकर रोकी गईं। सन् १८४६ के २३ अगस्तको जयपुर राज्यने भी यह कानून पास कर दिया। बीकानेरमें भी अन्य स्थानोंकी तरह सती-प्रथा और जीवित समाधिका बहुत प्रचार था, वहां भी सन् १९०३ में बन्द करनेकी चेष्टाकी गई। गवर्नरोंके कानून जारी कर देनेपर भी राजालोग इस प्रथाको बन्द करनेमें अपने धर्मकी हानि समझते थे, अतः इस प्रथाको नष्ट करनेमें वे लोग असमर्थता प्रकट करते रहे। तब अंग्रेजी सरकारके पालिटीकल ऑफिसरोंने उनका विशेषरूपसे ध्यान आकर्षित किया, जिससे बीकानेर नरेश महाराजा सरदारसिंहजीने भी सं० १९११ (ईस्वी सन् १८५४) में निम्नोक्त इश्तिहार जारी किया और सती प्रथा एवं जीवित समाधिको बन्द कर दी।

" सती होनेको सरकार अंग्रेजी आत्मघात और हत्याका अपराध समझती है, इसलिए इस प्रथाको बन्द कर देनेके लिए सरकार अंग्रेजीकी बड़ी ताकीद है अस्तु, इसकी रोकके लिए इश्तहार जारी हुआ है किन्तु करनल सर हेनरी लेरेन्सने सती होनेपर उसको न रोकनेवाले व सहायता देने वालेको कठोर दण्ड देनेके लिए खरीता भेजा है अतः सब उमराव, सरदार, अहल-कार, तहसीलदारों, थानेदारों, कोतवालों, भोमियों, साहूकारों, चौधरियों और प्रजाको श्रीजी हजूर आज्ञा देते हैं कि सती होनेवाली स्त्रीको इस तरह समझाया करे कि वह सती न हो सके

"Aho Shrut Gyanam"

और उसके घरवालों व सम्बन्धियों आदिको कहा जावे कि वे इस कार्यमें उसके सहायक न हों। स्वामी आदि जीवित समाधि लेते हैं, उस रश्मको भी बन्दकी जाती है। अब कदाचित् सती होने व समाधि लेने वालोंको सरदार, जागीरदार, अहलकार, तहसीलदार, थानेदार, कोतवाल और राज्यके नौकर मना न करेंगे तो उनको नौकरीसे पृथक् कर जुर्माना किया जायगा, एवं सहायता देने वालोंको अपराधके अनुसार कैदका कठोर दण्ड दिया जायगा।"

उपर्युक्त बातोंसे स्पष्ट है कि भारतवर्षमें सती प्रथा इन प्रयत्नोंसे बिलकुल बन्द हो गई। जहां वर्षमें हजारों सतीदाह हुआ करते थे, वहां १०-२० वर्षमें दो चार सती हो भी जांय तो नगण्य है। मास्टर पारसचन्दके कथनानुसार‡ तो अब भी भारतवर्षमें १ लाख सती चौरे हैं। यह भारतीय महिलाओंके कठोर पातिव्रत धर्म एवं सतीव्रत पालनका ज्वलन्त उदाहरण है। इन लेखोंमें बहुतसे जैन जातियोंकी भी होंगे*। उन्हें संग्रह कर प्रकाशित करनेसे जातीय-इतिहास एवं सती-प्रथाके अनुमान आंकनेमें अच्छी सहायता मिल सकती है। हम आगे लिख चुके हैं कि सतियों की देवलियें स्थानभ्रष्ट होकर यत्र तत्र बिखरी हुई भी बहुत-सी पाई जाती हैं। बड़ा ही अच्छा हो यदि इन्हें संग्रहीत कर एक संग्रहालयमें सुरक्षित रखा जाय। यह कार्य इतिहासमें सहायक होनेके साथ साथ भारतकी एक अतीत संस्कृतिका चिरस्थायी स्मारक होगा।

लेखोंका वर्गीकरण

(संवतानुक्रम)

नं०	संवत् मिती	पतिनाम	गोत्र	सतीनाम	गोत्र पितृनाम	लेखाङ्क
१	सं० १५२१ मा० सु० ५	कपा	बहुरा	कउतिगदे		२८
२	सं० १५५७ ज्येष्ठ सु० ६		वैद	माणकदे मातासती		१
३	सं० १६६४ आ० व० ७	भूणा	लूंकड़	जेठी वाफणा	खीवा	२६
४	सं० १६६६ वै० सु० १४	सं० सचियावदास	"	सुजाणदे		२
५	सं० १६८७ आ० प्र० सु० १३	दीपचन्द	बहुरा	दुरगादे	पारख मेहाकुल	२०
६	सं० १६८८ श्रा० व० १४	पदमसी				२५
७	सं० १६६६ चै० सु० ५	देवीदास		दाड़िमदे		४
८	सं० १७०५ ज्ये० व० ७	नारायणदास	पुगलिया (राखेचा)	नवलादे	बुचा रूपसी	७
६	सं० १७०५ मि० व० ७	उत्तमचन्द	बोथरा	कान्हा	रांका	१७

‡ सती प्रथा के सम्बन्ध में आपका एक लेख 'माधुरी' जुलाई सन् १९३७ के अंक में प्रकाशित हुआ था। इस विषय में विशेष जानने के इच्छुकों को वह अंक देखना चाहिए।

* श्री नाहरजी के जैन लेख संग्रह लेखांक ७१९ में सादड़ी का एक लेख प्रकाशित है जिसमें मेवाड़ोद्धारक त्यागमूर्त्ति भामाशाह के भ्राता कावेड़िया ताराचन्द के स्वर्गवासी होनेपर उनकी ४ स्त्रियों के सती होने का उल्लेख है। इसी प्रकार "गुजरात नो पाटनगर, अहमदाबाद" के पृ० ६६८ में सम्राट जहांगीर के आमात्य लोढ़ा कुंअरपाल सोनपाल के पुत्र रूपचन्द्र के पीछे ३ स्त्रियों के सती होने का लेख छपा है जो वहां दूधेश्वर की टांकी के पास कुएं पर विद्यमान है।

"Aho Shrut Gyanam"

१० सं० १७०७ चै० सु० १३	मानसिंह	चोरवेड़िया	महिमादे	बोथरा दुर्जनमल	५
११ सं० १७१३ आसो० व० ४	देवकरण				२६
१२ सं० १७२३	लखजी	बच्छावत	लखमादे	चोरवेड़िया पदम	३०
१३ सं० १७२४ मि० व० ६	पासदत्त	नाहटा	वीरादेवी	राजावल लूंदा	२३
१४ सं० १७२५ व० व० १३	सुखमल बोहरा (अभोरा)		सोभागदे	सुराणा दस्सू	१८
१५ सं० १७२७ ज्ये० व० ६	उत्तमचन्द कूकड़चोपड़ा		ऊमादे		१६
१६ सं० १७३१ आ० सु० ११	पारस बहुरा कोचर		पाटमदे	संघवी दुर्जनमल	११
१७ सं० १७३७ फा० व० ६	केसरीचन्द	नाहटा	केसरदे		२२
१८ सं० १७४० वै० सु० १२	ईसरदास	बोथरा	अमोलखदे		१२
१६ सं० १७४२ फा० सु० ६	दुलीचन्द	मालू	जगीशादे		१६
२० सं० १७५१ आ० व० १२	विजयमल	संघवी	पीवसुखदे	गोलछा	१३
२१ सं० १७५२ फा० सु० ६	गिरधरदास	वैद	मृगा	बोथरा गोपालदास	३
२२ सं० १७६४ ज्ये० व० १३	हणूतमल	सिंघवी	सोभागदे	घोड़ावत	१४
२३ सं० १७६४ मि० व० ७	आसकरण	सिंघवी	महिम		८
२४ सं० १७७७ मा० सु० २	मु० भारमल	वैद (?)	विमलादे		६
२५ सं० १७८३ आ० सु० १५	मुकनदास	भंडारी	महासुखदे		२७
२६ सं० १८१० श्रा० व० ११	श्रीचन्द	राखेचा	जगीसादे		१५
२७ सं० १८५१ आ० व० १५	कानजी	सुराणा	धाई	मुहणोत गंगाराम	६
२८ सं० १८५१ चै० व० १०	गिरधारीलाल दसाणी		चतरो	कावड़त बच्छराज	२४
२६ सं० १८६० श्रा० सु० ८	सरूपचन्द छाजेड़		गंगा	बेगाणी किनीराम	२१
३० सं० १८६६ ज्ये० सु० १५	चैनरूप (पुत्र) सुराणा		सबलादेवी		१०

विशेष ज्ञातव्य

१—लेखाङ्क २१ में सती होने के १५ वर्ष बाद सं० १८७५ में छत्री-देवली प्रतिष्ठित हुई।

२—लेख नं० १ और नं०२६ में माता सतियों के लेख हैं।

३—लेखाङ्क १३, १४ और २१ की सतियों के पति क्रमशः नारायणा, आउवा और हैदराबाद में स्वर्गस्थ हुए जिनकी पत्नियां यहां सती हुईं। अंतिम तीन लेख कोडमदेसर, मोटावतो और मोरखाणाके हैं।

४—इन लेखों में वैदों के ४, बहुरा कोचर १, बहुरा अभोरा १, सुराणा २, चोरड़िया १, पुगलिया राखेचा १, सिंघवी ३, कोठारी १, छाजेड़ १, बोथरा २, राखेचा १, मालू १, नाहटा २, दसाणी १, भंडारी १, बहुरा १, बच्छावत१, लूंकड़ १, जाति के हैं। लेखाङ्क २५, २६ के स्मारक भी चोपड़ा कोठारियों के कहे जाते हैं।

५—लेखाङ्क १८ के पूर्वज पहले मेवाड़ देश के जावर ग्राम निवासी थे।

६—इन लेखों में ३ कर्णसिंहजी (नं० ४, ५, १७), १ कर्णसिंहजी अनूपसिंहजी (नं० २३) और २ सूरतसिंहजी (नं० १०, २१) के राज्यकाल के हैं।

७—यहां जिन लेखाङ्कों का निर्देश किया गया है वे इस ग्रंथ के सीरियल नम्बर न होकर केवल सतियों के क्रमिक नम्बर है और उनका स्थान भी वहीं फुटनोट में लिख दिया गया है।

"Aho Shrut Gyanam"

श्री सुसाणी माताका मन्दिर, मोरखाणा

बीकानेर से लगभग १२ कोश व देशनोक से १२ मील दक्षिण-पूर्वकी ओर मोरखाणा नामक प्राचीन स्थान है। यहाँ सुराणोंकी कुलदेवी सुसाणी माताका मन्दिर पर्याप्त प्रसिद्ध है। यहांके अभिलेखों से विदित होता है कि विक्रम की बारहवीं शतीमें सुसाणी माताका मन्दिर विद्यमान था और दूर-दूरसे यात्री लोग यहाँ आकर मान्यता करते थे। सं० १५७३ में संघपति शिवराज द्वारा अपनी सम्यग्दृष्टि गोत्र देवीके उत्तुंग शिखरी देव विमान सदृश मन्दिर बनवाने का उल्लेख मन्दिर में लगे हुए श्याम पाषाण की पट्टिका पर उत्कीर्णित लेखमें पाया जाता है। किन्तु मन्दिर का दूसरा लेख सं० १२२६ का है जो सेहलाकोट से आई हुई भोईलाहिणी के यावज्जीव सुसाणीदेवीको आराधन करने का उल्लेख है। अतः उपर्युक्त उल्लेख मन्दिरके जीर्णोद्धार या पुनर्निर्माण का होना सम्भव है। इसकी प्रतिष्ठा (धर्मघोष गच्छनायक) जैनाचार्य श्री पद्मानन्दसूरिके पट्टधर भ० श्री नंदिवर्द्धनसूरिके करकमलों से हुई थी। सन् १९१६ में डा० एल० पी० टैसीटरी साहब ने मोरखाणा स्थान का निरीक्षण किया और वहांके प्राचीन शिलालेखों की छापें संग्रहीत की थीं। उन्होंने सन् १९१७ के एसियाटिक सोसाइटी के जर्नल में यहांके कतिपय अभिलेख तथा सुसाणी माताके मन्दिरका परिचय प्रकाशित किया था जिससे तत्सम्बन्धी कई बातोंकी जानकारी प्राप्त होती है। टैसीटरी साहब की मोरखाणा की फाइल में हमने एक लेख कुटिललिपि का भी देखा था संभवतः वह गोवर्द्धन का लेख होगा। मोरखाणा में मन्दिर व कुएं के आस-पास बीसों सती जूझारादि की देवलिए विद्यमान हैं जिनके लेख सिन्दूरादि की तह जम जानेसे अस्पष्ट हो चुके। यहाँकी एक बच्छावतों की सतीका लेख हमने लेखांक २६०१ में प्रकाशित किया है, जिसके अतिरिक्त सभी देवलिएँ जैनेतर-राजपूत जातिकी होनी चाहिए।

माताजी का मन्दिर ऊंचा, सुन्दर और जेसलमेरी पत्थर द्वारा निर्मित है। इसके घट-पल्लव तथा श्रीधर शैलीके स्तंभ एवं प्रवेशद्वारकी कोरणी चूना पुताई होनेसे अवरुद्ध हो गई है। यही हाल मन्दिर की दीवाल पर उत्कीर्णित नर्त्तकियों और देवी देवताओं की मूर्त्तियों का है।

सुसाणी माताके सम्बन्ध में एक प्रचलित प्रवाद को डा० टैसीटरी साहब ने भी प्रकाशित किया है—कि सुसाणी नागौर के सुराणों की लड़की थी जिसके सौन्दर्य से मुग्ध नवाब द्वारा पितासे याचना करने पर वंश व शील रक्षार्थ सुसाणी घरसे निकल भागी और मोरखाणा पहुंचने पर पीछा करते हुए नवाब के सेना सहित बिलकुल निकट पहुंच जाने पर उसने पृथ्वी माताकी शरण ली। हम नहीं कह सकते कि यह बात कहां तक ठीक है, क्योंकि पृथ्वीराज चौहानके समय के तो सुसाणी माताके अभिलेख प्राप्त होते हैं, इससे पूर्व यहां मुसलमानों का राज्य कतई नहीं था। हां! सिन्धमें मुसलमानों का शासन इस समय कहीं-कहीं हो गया था। कहा जाता है कि सुसाणी की सगाई दूगड़ों के यहाँ हो चुकी थी अतः सुराणा और दूगड़ दोनों गोत्रों वाले सुसाणी माताको सविशेष मानते हैं। सुसाणी माताके चमत्कार प्रत्यक्ष हैं। उनके वंशज गोत्रवाले आसोज और चैत्रकी नवरात्रि में वहाँ जाते हैं और मेला सा लग जाता है। बीकानेर शहर के बाहर सुराणों की बगीचीमें भी सुसाणी देवीका मन्दिर है जिसका लेख इसी ग्रन्थमें प्रकाशित है।

लौंका गच्छकी पट्टावली से ज्ञात होता है कि धर्मघोषसूरिने धारानगरी के पमारों को प्रतिबोध देकर सूरवंश की स्थापना की थी। उन्हींके वंशज नागौर आकर बसे, जहाँ उनके वंश का खूब विस्तार हुआ। सं० १२१२ में संघपति सतीदास के यहाँ सुसाणी माता हुई। सं० १२२६ में नागोर से मोरखाणा जाकर अन्तर्हित हो सं० १२३२ में माताजी के रूपमें प्रकट हुई। माताजी ने सूरवंशी मोलाको स्वप्न में दर्शन दिया उसने देवालय का निर्माण करवाया।

"Aho Shrut Gyanam"

बीकानेर की कला-समृद्धि

भारत के शिल्प-स्थापत्य और चित्रकला के उन्नयन में राजस्थान का प्रमुख भाग रहा है। राजस्थान के प्रधान नगरों में बीकानेर का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है और उसके कलाकारों ने राजस्थान की कला-समृद्धि में स्तुत्यप्रयास किया है। शिल्प-स्थापत्य एवं चित्रकला में बीकानेर की अपनी विशेषता है जिसमें जैन समाज भी अग्रगामी रहा है। बीकानेर बसने के पूर्वकी भी राज्यवर्ती भिन्न-भिन्न नगरों से प्राप्त सामग्री इस विषय का ज्वलंत उदाहरण है। पल्लू की जैन सरस्वती मूर्तियां कला-सौन्दर्य्य की दृष्टि से विश्वविश्रुत और अद्वितीय हैं। हनुमानगढ़ (भटनेर), जांगलू, रिणी, नौहर आदि स्थानों में भी प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। मन्दिरों में बीकानेर के अतिरिक्त मोरखाना, रीणी आदि प्राचीन एवं चूरू, सुजानगढ़ व बीकानेर के कई मन्दिर आधुनिक शिल्प एवं चित्रकला के सुन्दर प्रतीक हैं।

